- पूर्व में पुनर्रचित किए गए छोटे व्यवसायों और एमएसएमई के संबंध में, कार्यशील पूंजी चक्र, मार्जिन आदि के पुनर्मूल्यांकन के आधार पर, स्वीकृत कार्यशील पूंजी सीमाओं की समीक्षा करने के लिए ऋण देने वाली संस्थाओं को भी एकबारगी उपाय के रूप में अनुमति दी जा रही है।

- एमएसएमई को नए ऋण देने के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) से समान छूट की अनुमति दी गई थी।

- लघु वित्त बैंकों (एसएफबी), सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) – एनबीएफसी–एमएफआई और अन्य द्वारा ऋण – मार्च 2021 के अंत तक 25 करोड़ रुपये तक के सकल ऋण पोर्टफोलियो के साथ – प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के रूप में गणना के लिए पात्र बनाया गया था और इस तरह के ऋणों को दिसंबर 2021 के अंत तक नकद आरक्षित अनुपात अपेक्षाओं के लिए निवल मांग और मीयादी देयताएं (एनडीटीएल) से घटाया जा सकता है।

- बैंकों को एनपीए के लिए विशिष्ट प्रावधान करने के लिए 2020 के अंत तक उनके द्वारा धारित फ्लोटिंग / काउंटरसाइक्लिकल प्रावधान बफर के 100 प्रतिशत का उपयोग करने की भी अनुमति दी गई थी।

- देश में कोविड से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे और सेवाओं में तेजी लाने के लिए तत्काल तरलता के प्रावधान को बढ़ावा देने के प्रयास में, 2020–21 के अंत तक रेपो दर पर तीन साल तक की अवधि के साथ 50,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता आधरित तरलता विंडो शुरु की गई थी। इसके साथ ही कुछ गहन–संपर्क क्षेत्रों के लिए 31 मार्च 22 तक रेपो दर पर तीन साल तक की अवधि के साथ 15,000 करोड़ रुपये की एक अलग तरलता विंडो भी पेश की गई है।

- यह भी निर्णय लिया गया है कि प्रति उधारकर्ता 10 लाख रुपये तक के नए ऋण देने के लिए नियुक्त किए जाने वाले एसएफबी के लिए रेपो दर पर 10,000 करोड़ रुपये का विशेष तीन–वर्षीय दीर्घकालिक रेपो संचालन (एसएलटीआरओ) आयोजित किया जाए।

- सिस्टम–स्तरीय चलनिधि का और विस्तार करने तथा आय में क्रमिक वृद्धि को सक्षम करने के लिए आरबीआई ने जी–एसएपी 1.0 के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की घोषणा की। इसके अलावा,आरबीआई ने बाजार को समर्थन देने के लिए वित्तीय वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही में 1.20 लाख करोड़ रुपये के जी–एसएपी 2.0 की घोषणा की।

प्रमुख आर्थिक और मौद्रिक विकास

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को सीआरआर की गणना के लिए नए एमएसएमई उधारकर्ताओं की निवल मांग और मीयादी देयताएं (एनडीटीएल) से ऋण संवितरण में प्रति उधारकर्ता ₹ 25 लाख रुपए तक कटौती करने की अनुमति होगी (जिन्होंने 1 जनवरी 21 को बैंकिंग प्रणाली से कोई ऋण सुविधा नहीं ली है)। यह बैंकों को एमएसएमई क्षेत्र को और अधिक उधार देने के लिए प्रोत्साहित करेगा, जिससे एमएसएमई क्षेत्र को और बढ़ावा मिलेगा।

- आरबीआई ने 0.625 प्रतिशत के पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) की अंतिम किश्त के कार्यान्वयन को 1 अप्रैल 21 से 1 अक्टूबर 21 तक अन्य छह महीनों के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है, जिससे बैंकों को विनियामक पूंजी आवश्यकता लक्ष्य को पूरा करने के लिए कुछ अतिरिक्त समय मिल सके।

- आरबीआई ने सितंबर 2021 तक सभी शाखाओं को सीटीएस समाशोधन तंत्र के तहत लाने का प्रस्ताव दिया है, जिससे कागज आधारित समाशोधन में परिचालन दक्षता लायी जा सके और चेकों के संग्रह और निपटान की प्रक्रिया को तेज किया जा सके जिसके परिणामस्वरूप बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान की जा सके।

- आरबीआई ने सरकार के ईसीएलजीएस 2.0 के तहत उपलब्ध क्रेडिट गारंटी से टीएलटीआरओ योजना के दायरे को 26 दबावग्रस्त क्षेत्रों तक बढ़ाने का प्रस्ताव किया है। इससे बैंकों को दबावग्रस्त क्षेत्रों को ऋण सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी।

- आरबीआई वित्तीय क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र में एआरसी के कामकाज की व्यापक समीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन करेगा और वित्तीय क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऐसी संस्थाओं को सक्षम करने हेतु उपयुक्त उपायों की सिफारिश करेगा।

- डिजिटल भुगतान के माध्यम से ग्राहकों की सुविधा को बढ़ाने के लिए, कार्ड (और यूपीआई) के माध्यम से आवर्ती लेनदेन के लिए कॉन्टेक्ट रहित कार्ड लेनदेन और ई–मैनडेट्स की सीमा को 1 जनवरी, 21 से ₹2000 से बढ़ाकर ₹5000 कर दिया गया है।

- आरबीआई ने पूर्ण–केवाईसी पीपीआई और सभी स्वीकृति बुनियादी ढांचे के लिए इंटरऑपरेबिलिटी को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव किया है। इसने ऐसे पीपीआई में बकाया राशि की सीमा ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹2 लाख करने का भी प्रस्ताव किया है। इससे अलग–अलग वॉलेट में पैसे ट्रांसफर हो सकेंगे।

3. बैंकिंग क्षेत्र 2020–21

- मार्च,21 में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की जमा वृद्धि वर्ष–दर–वर्ष 12.3 प्रतिशत रही, जो इसी अवधि में 5.6 प्रतिशत की ऋण वृद्धि से अधिक रही।

- वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही के अंत में कुल बचत जमा में वृद्धि के कारण अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए कासा अनुपात 44.1 प्रतिशत रहा। कुल जमा में बचत जमा का हिस्सा 34.1 प्रतिशत है जबकि चालू जमा खाता 9.9 प्रतिशत है।

भविष्य की राह

- वित्तीय वर्ष 2022 की शुरुआत से महामारी की अधिक व्यापकता और तीव्र दूसरी लहर, देश के आर्थिक सुधार के लिए एक झटका है। वित्तीय वर्ष 22 में आर्थिक वृद्धि पहले के अनुमान से कम रहने की उम्मीद है।

- प्रतिबंधों में धीरे–धीरे ढील दिए जाने की उम्मीद है साथ ही यह आशा है कि जनसंख्या के उच्च अनुपात के टीकाकरण के साथ, आर्थिक गतिविधियों में बदलाव हो सकता है जैसा कि अन्य देशों में देखा गया है।

- अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के आधार पर बैंक व्यवसाय का विकास, डिजिटल परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करने और महामारी द्वारा संचालित नए मानदंडों को अपनाने पर भी निर्भर करेगा।

4. विस्तृत कारोबार समीक्षा

- वैश्विक कारोबार 928388 करोड़ रुपए (मार्च 2020 में 466116 करोड़ रुपए) हो गया। घरेलू कारोबार 908801 करोड़ रुपए (मार्च 2020* में 450273 करोड़ रुपए) था।

- जमाएं 538071 करोड़ रुपए (31 मार्च 2020* को 260226 करोड़ रुपए) पर पहुँच गईं। घरेलू जमाएं 529264 करोड़ रुपए (मार्च 2020* में 252792 करोड़ रुपए) पर पहुँच गईं।

- कासा जमाएं 227595 करोड़ रुपए (31 मार्च 2020* को 90158 करोड़) पर पहुँच गईं।

- सकल अग्रिम 390317 करोड़ रुपए (31 मार्च 2020* को 205890 करोड़ रुपए) रहा। घरेलू ऋण 379537 करोड़ रुपए (31 मार्च 2020* को 197481 करोड़ रुपए)पर पहुँच गए।

- घरेलू गैर खाद्य ऋण बढ़कर 376954 करोड़ रुपए (31 मार्च 2020* को 196397 करोड़ रुपए) हो गए ।

- वैश्विक ऋण–जमा अनुपात 72.54 प्रतिशत (31 मार्च 2020* को 79.12 प्रतिशत) रहा।

* आंकड़े समामेलन पूर्व अवधि के लिए स्टैंडअलोन इंडियन बैंक के वित्तीय परिणामों से संबंधित हैं, इसलिए 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए समामेलन पश्चात वित्तीय परिणामों के साथ इसकी तुलना नहीं किया जाए।

5. शाखा नेटवर्क एवं विस्तार

- बैंक ने वर्ष के दौरान 12 ग्राहक इंटरफेस शाखाओं, 7 प्रशासनिक कार्यालयों और 1 सीएपीसी (प्रसंस्करण केंद्र) द्वारा अपने बैंकिंग आउटलेट का विस्तार किया है। इसके अलावा बैंकिंग आउटलेट के समेकन की दिशा में, वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान 203शाखाओं का विलय/बंद कर दिया गया था।

- 31.03.2021 को 6004 शाखाओं का शाखा नेटवर्क था, जिसमें 1938 ग्रामीण, 1588 अर्ध शहरी, 1259 शहरी और 1219 महानगरीय शाखाएँ शामिल थीं। उपरोक्त के अलावा, सिंगापुर, कोलंबो, जाफना में बैंक की 3 विघरेलू शाखाएँ हैं और गिफ्ट सिटी गांधी नगर, अहमदाबाद में एक आईएफएससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) है।

- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पहचाने गए 64 एलडब्ल्यूई जिलों में बैंक की 528 शाखाएं हैं और कम बैंकिंग सुविधा वाले राज्यों (यूबीडीयूबीएस) के 290 कम बैंकिंग सुविधा वाले जिलों में 2253 शाखाएं हैं। बैंक रहित ग्रामीण केंद्रों में 644 शाखाएं हैं।

6. बैंक के भविष्य की कारोबारी योजनाएं

बैंक ने 14 फरवरी, 2021 को एक बार में इंडियन बैंक और पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक की दो कोर बैंकिंग प्रणालियों के बीच अंतिम ''बिग बैंग'' सीबीएस एकीकरण के साथ "प्रोजेक्ट संगम" समामेलन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। आने वाले वर्ष के दौरान व्यापार और उत्पादकता दोनों के संदर्भ में इस समामेलन प्रक्रिया से प्राप्त तालमेल को अधिकतम करने पर ध्यान दिया जाएगा।

व्यवसाय में सुधार के लिए लागत अनुकूलन और शुल्क आय में वृद्धि फोकस क्षेत्र होंगे। बैंक बेहतर ग्राहक सुविधा और पहुंच लाने के लिए डिजिटल क्षमता में सुधार, डिजिटल उत्पादों को विकसित करने और ऋण देने के लिए एंड टू एंड डिजिटल समाधान के लिए भी प्रयास करेगा।

बैंक बचत खाते की वृद्धि पर जोर देते हुए कासा की हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान देना जारी रखेगा। गृह ऋण, बंधक ऋण, वाहन और वेतनभोगी वर्ग को व्यक्तिगत ऋण द्वारा संचालित रैम सेक्टर के साथ ऋण बही में विविध विकास का लक्ष्य होगा और उच्च रेटेड खातों में कॉर्पोरेट सेक्टर के विकास पर ध्यान केंद्रित करना होगा। संग्रह बढ़ाने के लिए बैंक दबावग्रस्त आस्तियों की निगरानी को मजबूत करने के लिए कदम उठाएगा और आस्ति गुणवत्ता को नियोजित स्तर पर रखने के लिए एनपीए की वसूली में सुधार लाएगा।

कुशल और त्वरित ग्राहक सेवा बैंक का मुख्य फोकस रहेगा।

7. परिवर्तन

अगले 2–3 वर्षों में बैंक के लिए एक "परिवर्तन रोडमैप" की पहचान की गई है। यह विभिन्न कार्यों में विभिन्न उच्च स्तरीय पहलों और अन्य पहलों को लागू करने की योजना है।

परिवर्तन यात्रा के भाग के रूप में फोकस क्षेत्र डिजिटल परिवर्तन, ऑपरेटिंग मॉडल में परिवर्तन, नेतृत्व विकास योजना और प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली हैं।

1. डिजिटल परिवर्तन:

डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के तहत चरणबद्ध तरीके से खुदरा, एमएसएमई और कृषि उत्पादों में डिजिटल लेंडिंग (स्ट्रेट थ्रू प्रोसेस) पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

- लेन–देन और प्रौद्योगिकी लागत को कम करने के लिए क्लाउड प्लेटफॉर्म का प्रभावी ढंग से उपयोग करने पर ध्यान देने के साथ अंतराल विश्लेषण करने के बाद जहां कहीं भी आवश्यक हो आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार।

- नए चौनलों और अनुप्रयोगों का विकास करना और ग्राहकों को आसान ऑन–बोर्डिंग प्रक्रिया और विभिन्न चौनलों के माध्यम से आसानी से डिजिटल लेनदेन करने के लिए मौजूदा चौनलों का उन्नयन करना।

2. ऑपरेटिंग मॉडल में परिवर्तन:

- बैंक काम करने के नए तरीकों, नई प्रक्रियाओं के विकास की संभावना तलाश रहा है। आगे सुधार के लिए नकद प्रबंधन सेवाओं, विपणन रणनीतियों, धन प्रबंधन और तीसरे पक्ष के उत्पाद व्यवसाय का विश्लेषण किया जाएगा।

- नियंत्रण तंत्र को प्रभावी ढंग से बढ़ाकर और मौजूदा प्रक्रियाओं में सुधार करके नियंत्रण और अभिशासन मॉडल को नया रूप दिया जाएगा। (ऑफलाइन लेखापरीक्षा, निगरानी)।

3. नेतृत्व विकास योजना:

एक ऐसा कार्यक्रम जो उच्च प्रभाववाली भूमिकाएँ निभाने के लिए कार्यपालकों के विकास पर केंद्रित है।

- उप महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक/ मुख्य प्रबंधक संवर्ग के अधिकारियों के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम।

- नेतृत्व के आकलन के परिणाम के आधार पर अधिकारियों के लिए व्यक्तिगत विकास योजना।
- पीयर कोचिंग, लाइव स्ट्रेटेजिक प्रोजेक्ट्स, इमर्सिव क्लासरूम लर्निंग वर्कशॉप आदि जैसे अनुकूलित शिक्षण और विकास सुविधाओं की श्रृंखला मुहैया करना।
- नेतृत्व विकास यात्रा को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी और आभासी शिक्षण प्लेटफार्मों का लाभ उठाना।

4. प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली:

- सामान्य केपीआई की पहचान करना और सामान्य/साझा केपीआई में व्यक्तिगत कर्मी की भूमिका को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना।
- व्यापार आसूचना संचालित लक्ष्य निर्धारण जिसमें बाजार का अध्ययन, भौगोलिक स्थिति, सहकर्मी प्रदर्शन और भविष्य का पूर्वानुमान शामिल है।
- प्रदर्शन प्रतिक्रिया देने के लिए रीयल टाइम डैशबोर्ड का निर्माण।
- अन्य मानव संसाधन प्रक्रियाओं (लाभ, पुरस्कार, रेटिंग, प्रशिक्षण, स्थानान्तरण) के लिए परिणामों का प्रभावी जुड़ाव।

8. जमा

वित्त वर्ष 2021 में घरेलू जमाओं के तहत कार्यनिष्पादन

₹ करोड़ में

जमा	मार्च–20*	वास्तविक मार्च–21
चालू खाता	12850	31573
बचत बैंक	76525	195166
कासा	89375	226739
कुल जमा में कासा का प्रतिशत	35.35	42.84
टर्म कोर	151984	301049
कुल कोर जमा	241359	527788
अन्य जमा (आईबीडी, पीडी और सीडी)	11433	1476
घरेलू जमा	252792	529264

* आंकड़े समामेलन पूर्व अवधि के लिए स्टैंडअलोन इंडियन बैंक के वित्तीय परिणामों से संबंधित हैं, इसलिए 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए समामेलन पश्चात वित्तीय परिणामों के साथ इसकी तुलना नहीं किया जाए।

01.04.2020 से 31.03.2021 के दौरान जोड़े गए नए ग्राहक

जमा	खातों की संख्या	₹ करोड़ में
चालू खाता	93626	1666.93
बचत बैंक	3858637	3098.37
कुल	**3952263**	**4765.30**
जिसमें से		
सरकारी खाते कासा	138925	1024.83

मार्च 21 तक कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएं :

- बचत बैंक जमा में निरंतर वृद्धि हुई और मार्च 2021 में ₹195166 करोड़ तक पहुंच गया।
- बैंक ने सभी तिमाहियों में चालू खाता लक्ष्य हासिल किया और मार्च 2021 के बजट को ₹4573 करोड़ से पीछे छोड़ते हुए ₹ 27000 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले ₹31573 करोड़ का आँकड़ा हासिल किया।
- कासा से कुल जमा बढ़कर मार्च 2021 में 42.84 प्रतिशत रहा जो 42 प्रतिशत के आवंटित बजट की तुलना में अधिक है।
- सावधि जमा में वित्तीय वर्ष में तिमाही के लक्ष्य से आगे बढ़ते हुए निरंतर वृद्धि हुई यहाँ यह महत्वपूर्ण है कि सावधि जमा पर ब्याज दरों के कम रहने से ब्याज भुगतान लागत में कमी आई जिससे लाभ में वृद्धि हुई है।
- बैंक ने पीडी / सीडी को मार्च 2021 में ₹945 करोड़ कर दिया जिससे उच्च लागत जमा में कमी आई है।
- बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए, बैंक ने आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के साथ पीएम–स्वनिधि योजना के तहत प्रोत्साहन राशि और सब्सिडी के वितरण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- बैंक ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के साथ पीएफएमएस सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किया, जिसमें वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान ₹30 करोड़ की आय हुई और ₹1200 करोड़ की चालू जमा राशि भी जुटाई गई।

भविष्य की योजनाएं

कासा और सावधि जमा

- लायबिलिटी वर्टिकल के मूलभूत और औसत विकास पर ध्यान देना।
- नए उत्पादों / उत्पाद संशोधन पर ध्यान देना बीमा आदि सहित मूल्यवर्धित सेवाओं की पेश्कश करके विशिष्ट ग्राहक खंडों को लक्षित करना। वर्तमान में विभाग फ्री बीमा के साथ कॉर्पोरेट वेतन खाता धारकों के लिए विशेष एसबी उत्पाद डिजाइन करने की प्रक्रिया में है।
- वीडियो केवाईसी का लाभ उठाते हुए एक विशेष अभियान के माध्यम से डिजिटल खाता खोलने पर ध्यान केंद्रित करना ।
- दिल्ली, मुंबई, चेन्नै के रणनीतिक स्थानों पर अंचलों हेतु उच्च मूल्य के लीड के लिए आर एंड जीआर सेल की सेवाओं का उपयोग करना और बैंक के लिए

सरकारी तथा संस्थागत कासा खातों को लक्षित करने के लिए शाखाओं और अंचलों हेतु पीएफएमएस, सीपीएमएस, ऑनलाइन भुगतान गेटवे आदि जैसे विभिन्न डिजिटल माध्यमों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना ।

- पीयर बैंकों के साथ बाजार हिस्सेदारी का निरंतर अध्ययन, बैंक के लिए सूक्ष्म स्तरीय देयता वर्टिकल रणनीतियां तैयार करने के लिए जिलेवार विश्लेषण

- बैंक के डिजिटल हैंडल – सोशल मीडिया – फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, इंड ओएसिस, नेट बैंकिंग, वेबसाइट पर बैंक के आस्ति एवं देयता उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाना।

- विशेष रूप से अस्पताल इंडस्ट्री, शैक्षिक, धार्मिक, सरकारी विभागों के लिए कॉर्पोरेट कार्यालय / एफजीएमओ / अंचल स्तर से लीड जनरेशन पर विशेष जोर।

- एलसीबी, एमसीबी को अपने कॉर्पोरेट ग्राहकों, एनबीएफसीएस की देयता व्यवसाय लीड को जुटाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

9. कृषि

- 31.03.2021 को कृषि ऋण के तहत कुल बकाया 78775 करोड़ रुपए था।

कृषि संवितरण:

- ग्राउंड लेवल क्रेडिट फ़्लो फ़ॉर एग्रीकल्चर (जीएलएफ) के अंतर्गत, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान 35000 करोड़ रुपए के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले 67507 करोड़ रुपए के कृषि ऋणों का संवितरण किया।

- वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, बैंक ने 25 लाख लघु / सीमांत किसानों को 33054 करोड़ रुपए वितरित किए ।

प्राथमिकता–प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम हेतु आरबीआई द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अंतर्गत कार्यनिष्पादन –

- 31.03.2020 को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम ₹ 130274 करोड़ रुपए थे। वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लिए तिमाही औसत समायोजित नेट बैंक ऋण (एएनबीसी) का 40 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 43.38 प्रतिशत था।

- 31.03.2021 को कृषि ऋण 60869 करोड़ रुपए था और 2020–21 के लिए त्रैमासिक औसत एएनबीसी का 18 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 19. 84 प्रतिशत था।

- 31.03.2021 को एसएफ / एमएफ को ऋण 31174 करोड़ रुपए रहा और वर्ष 2020–21 के लिए तिमाही औसत आधार पर समायोजित औसत बैंक ऋण (एएनबीसी) के अनिवार्य लक्ष्य 8 प्रतिशत के मुकाबले 9.76 प्रतिशत था ।

- 31.03.2021 को कमजोर वर्गों को उधार 43898 करोड़ था और 2020–21 के लिए तिमाही औसत आधार पर समायोजित नेट बैंक ऋण (एएनबीसी) के 10 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 12.94 प्रतिशत रहा।

- 31.03.2021 को एमएसई – माइक्रो उद्यमों को उधार 28304 करोड़ रुपए था और वर्ष 2020–21 के लिए तिमाही औसत आधार पर समायोजित नेट बैंक ऋण(एएनबीसी) के 7.50 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 8.96 प्रतिशत रहा।

- 31.03.2021 को गैर–कॉरपोरेट किसानों को ऋण रु. 54454 करोड़ था और वर्ष 2020–21 के लिए तिमाही औसत आधार पर समायोजित नेट बैंक ऋण (एएनबीसी) के 12.11 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 17.11 प्रतिशत था।

पीएम किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों को कवर करने के लिए केसीसी अभियान :

फसल उत्पादन, पशुपालन और मत्स्य पालन से संबंधित गतिविधियों में लगे किसानों की ऋण आवश्यकता को पूरा करने के लिए, उनकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए केसीसी प्रदान करने हेतु भारत सरकार ने 01.06.2020 से केसीसी सेचुरेशन अभियान चरण II शुरू किया था। इंडियन बैंक ने फसल उत्पादन के साथ–साथ मत्स्य पालन, डेयरी और संबंधित गतिविधियों में लगे किसानों को केसीसी जारी करने के लिए द्वितीय चरण केसीसी सेचुरेशन अभियान के तहत विशेष अभियान शुरू किया है।

बैंक ने इस अभियान अवधि के दौरान 31.03.2021 तक कुल 1608 करोड़ की राशि के 1.84 लाख केसीसी को मंजूरी दी।

जेवर ऋण (कृषि) :

मार्च 2020 में 3084 शाखाओं के मुकाबले मार्च 2021 तक 3436 शाखाओं में जेवर ऋण लागू किया गया है। 31.03.2021 को कृषि के तहत जेवर ऋण में बकाया राशि 39776 करोड़ रुपए था।

स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रवाह:

स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव का वाहक बन गए हैं, मुख्य रूप से ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में हाशिए के समुदाय के जीवन को बदल रहे हैं और महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों के क्षितिज का विस्तार कर रहे हैं। तेज, अधिक समावेशी और सतत विकास के नियोजित लक्ष्य को प्राप्त करने में इन समूहों का समर्थन करने के दृष्टिकोण के साथ–साथ, इंडियन बैंक ने सक्रिय रूप से एसएचजी बैंक लिंकेज को बढ़ावा दिया है।

एसएचजी को बकाया ऋण मार्च 2021 तक 3.39 लाख एसएचजी को कवर करते हुए 7785 करोड़ रुपए था। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने 2.32 लाख स्व–सहायता समूहों को 5442 करोड़ रुपए का वितरण किया।

कोविड सहायता उपाय –

एसएचजी कोविड सहाय – इंडियन बैंक ने चुनौतीपूर्ण समय में कोविड से उत्पन्न वित्तीय दबाव से निपटने के लिए एक विशेष ऋण उत्पाद, सएचजी कोविड सहाय लॉन्च किया है। इस योजना के तहत 0.40 लाख स्वयं सहायता समूहों को रियायती दरों पर ₹ 257 करोड़ की ऋण सहायता प्रदान की गई है।

नए एसएचजी उत्पाद लॉन्च किए गए –

एसएचजी निर्मल – वर्तमान में जारी कोविड –19 महामारी के समय में स्वच्छ पानी, स्वच्छता और स्वस्थ स्थिति तक पहुंचने के महत्व पर विचार करते हुए, बैंक ने शौचालय निर्माण के लिए प्रति एसएचजी ₹ 3 लाख तक के अतिरिक्त ऋण के साथ

नई योजना, एसएचजी निर्मल शुरू की है। जल भंडारण– ओवरहेड टैंक, पेयजल सुविधाओं में सुधार, वाटर फिल्टर/प्यूरिफायर की स्थापना और सैनिटरी नैपकिन निर्माण इकाइयों की स्थापना हेतु।

एसएचजी शक्ति – सफल उद्यम निर्माण में ग्रामीण महिलाओं की क्षमता का उपयोग करने के उद्देश्य से, बैंक ने एक समर्पित एसएचजी उत्पाद, एसएचजी शक्ति लॉन्च किया है, जिसके अंतर्गत ₹ 10 लाख से अधिक से ₹ 20 लाख तक के संपार्श्विक जमानत मुक्त ऋण प्रदान किए जाते हैं।

अन्य नवीन पहल :

माइक्रोसेट शाखाएं – शहरी स्थानों में एसएचजी के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें 39 विशिष्ट एसएचजी फाइनेंसिंग शाखाएं "वन स्टॉप शॉप" के रूप में कार्यरत हैं – वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान क्रेडिट के साथ–साथ क्रेडिट प्लस सेवाएं प्रदान करते हुए, माइक्रोसेट शाखाओं के माध्यम से ₹1076 करोड़ की क्रेडिट राशि 31567 एसएचजी में विस्तारित की गयी है। मार्च 2021 तक इन माइक्रोसेट शाखाओं की कुल बकाया राशि ₹1410 करोड़ थी जिसमें 45369 एसएचजी शामिल थे।

संयुक्त ऋण समूह – बैंक संयुक्त देयता समूहों के माध्यम से वित्त पोषण को प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि उन श्रेणी के किसानों को ऋण सहायता प्रदान की जा सके जिनके पास उचित भूमि रिकॉर्ड नहीं है / जिनके पास अपनी भूमि नहीं है। 31.03.2021 तक जेएलजी को बकाया क्रेडिट 12045 जेएलजी को कवर करते हुए ₹209 करोड़ था।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान एसएचजी सुविधा की झलकियां

कमजोर वर्ग को अग्रिम:

बैंक कमजोर वर्गों के लिए अनिवार्य अग्रिम लक्ष्य को पार कर रहा है जिसमें लघु और सीमांत किसान, कारीगर, ग्राम और कुटीर उद्योग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, स्वयं सहायता समूह आदि शामिल हैं।

- मार्च 2021 की समाप्ति पर कमजोर वर्गों के लिए बकाया राशि 43898 करोड़ रुपए थी, जोकि तिमाही औसत एएनबीसी के लिए निर्धारित 10% मानदंड के मुक़ाबले 12.94% है।
- 31.03.2021 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को बकाया ऋण 5484 करोड़ रुपए था।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक क्रेडिट अभियानों का अवलोकन

- अल्पसंख्यक, अजा/अजजा को ऋण देने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। मार्च 2021 तक अल्पसंख्यकों के लिए अग्रिम 15703 करोड़ रुपए थे, जो मार्च 2021 तक बैंक के कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम का 12.05 प्रतिशत है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

बैंक के तीन प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं, यथा तमिलनाडु ग्राम बैंक (टीएनजीबी) का मुख्यालय सेलम (तमिलनाडु), सप्तगिरी ग्रामीण बैंक का मुख्यालय चित्तूर (आंध्र प्रदेश) में है, और पुदुवई भारथियार ग्राम बैंक का मुख्यालय पुदुचेरी (केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी) में है।

तीनों आरआरबी के संबंध में, शाखा नेटवर्क 898(मार्च 2020) से 11 बढ़कर 909 शाखाएँ(मार्च 2021) हो गया है। मार्च 2021 तक तीन आरआरबी का कुल कारोबार ₹ 47754 करोड़ था, जबकि मार्च 2020 तक यह ₹ 38917 करोड़ था (वर्ष–दर–वर्ष 22.71 प्रतिशत की वृद्धि)। तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लाभ अर्जित करने वाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं।

(₹ करोड़ में)

31.03.2021 को विवरण	शाखाओं की संख्या	जमाएँ	अग्रिम	कारोबार
तमिलनाडु ग्रामा बैंक	640	14859	15728	30587
सप्तगिरि ग्रामीण बैंक	225	8028	7408	15436
पुदुवै भारतियार ग्रामा बैंक	44	895	836	1731
कुल	**909**	**23782**	**23972**	**47754**

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भारत सरकार के पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पीएमजेडीवाई के तहत 1210 एसएसए गांवों को कवर कर रहे हैं और इस योजना के तहत 9.72 लाख खाते खोले गए हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने वर्ष 2020–21 के दौरान पीएमएसबीवाई के तहत 8.14 लाख लाभार्थियों, पीएमजेजेबीवाई के तहत 3.78 लाख लाभार्थियों और एपीवाई के तहत 0.23 लाख लाभार्थियों को कवर किया है।

पुरस्कार एवं प्रशस्तियां:

- नाबार्ड द्वारा वर्ष 2019–20 के दौरान तमिलनाडु में स्व–सहायता समूह – बैंक लिंकेज कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मध्य उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए इंडियन बैंक को "प्रथम पुरस्कार" प्रदान किया गया।.

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सुश्री पद्मजा चुन्डूरू ने दिनांक 23.12.2020 को माननीय मुख्य सचिव श्री के षण्मुगम से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

- पश्चिम बंगाल राज्य में वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए एसएचजी ऋण देने में इंडियन बैंक के कार्यनिष्पादन को पश्चिम बंगाल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 23 दिसंबर 2020 को आयोजित 16वें सरस मेले के उद्घाटन समारोह के दौरान मान्यता दी गई थी।

यह पुरस्कार श्री एच.एस. अहलूवालिया, क्षेत्र महाप्रबंधक, कोलकाता–I द्वारा प्राप्त किया गया

10. वित्तीय समावेशन

प्रधान मंत्री जन–धन योजना (पीएमजेडीवाई)

समाज के वंचित वर्गों तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और समय पर तथा पर्याप्त ऋण सुनिश्चित करने के लिए इस योजना को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्रीय मिशन के रूप में 28.08.2014 को नई दिल्ली में शुरू किया गया था। इस योजना को 28.08.2018 से ओपन एंडेड योजना के रूप में घोषित किया गया है।

बीएसबीडी के तहत पीएमजेडीवाई खाते खोलने में प्रगति

शाखाएं और बीसी चैनल डीएफएस के निर्देश के अनुसार 16.08.2014 से बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट्स (बीएसबीडीए) श्रेणी के तहत पीएमजेडीवाई खाते खोल रहे हैं। 28.08.2018 से पीएमजेडीवाई श्रेणी का नाम बदलकर नया पीएमजेडीवाई कर दिया गया है। मार्च 2021 तक, बैंक ने 179.26 लाख पीएमजेडीवाई खाते खोले हैं, जिनका बकाया ₹ 6778.74 करोड़ है। पीएमजेडीवाई के तहत 105.98 लाख (60 प्रतिशत से अधिक) खाताधारकों को रुपे कार्ड जारी किए गए हैं। खाते के मामले में बैंक की बाजार हिस्सेदारी 4.24 प्रतिशत है, जबकि बकाया राशि के मामले में 4.65 प्रतिशत है।

पीएमजेडीवाई एसबी खाते में ओवरड्राफ्ट की स्वीकृति

पीएमजेडीवाई के तहत, बैंक ने 7.14 लाख पात्र खाताधारकों को ओवरड्राफ्ट स्वीकृत किया है, जिनमें से 2.42 लाख बीएसबीडी / पीएमजेडीवाई खाता धारकों ने ₹ 31.58 करोड़ की सीमा का लाभ उठाया है। बैंक ने ओवरड्राफ्ट सुविधा को स्वचालित कर दिया है और एटीएम के माध्यम से पात्र पीएमजेडीवाई खाताधारकों को उपलब्ध कराया है।

वित्तीय समावेशन के तहत हमारे कार्यनिष्पादन पर विहंगम दृष्टि

- पीएमजेडीवाई में बैंकिंग जगत के ₹3499 की तुलना में प्रति खाता शेष ₹ 3786 है।
- पीएमजेडीवाई के क्षेत्र में हमारे बैंक की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है। (खातों की संख्या में 4.24 प्रतिशत और जमा शेष के रूप में 4.65 प्रतिशत)
- डीएफएस / एसएलबीसी द्वारा आवंटित विभिन्न राज्यों के ग्रामों, वामपंथी उग्रवाद वाले क्षेत्रों, चाय बागानों/पूर्वोत्तर क्षेत्रों में ब्रिक और मोर्टार शाखाओं के माध्यम से या कारोबार प्रतिनिधियों के माध्यम से बैंकिंग पहुंच प्राप्त करने की समय सीमा को पूरा करने वाले पीएसबी में बैंक पहले स्थान पर था।
- बीसी आउटलेट कुल बैंकिंग आउटलेट (शाखा बीसी एटीएम) का लगभग 46 प्रतिशत कवर करते हैं। 24 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में बीसी नेटवर्क की मौजूदगी है।
- सभी बैंक मित्रों को आईबीए मानक (1.5.1) के अनुसार इंटर–ऑपरेटेबल माइक्रो एटीएम / कियोस्क एग्रीगेटेड सॉल्यूशन (केएएस) उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।
- प्रति माह बीसी द्वारा किया गया औसत सफल वित्तीय लेनदेन 103.51 लाख तक पहुंच गया है।
- बैंक ने 60 एएपीबी (प्रति शाखा औसत एपीवाई) के लक्ष्य के मुकाबले 85 एएपीबी हासिल किया है और अटल पेंशन योजना में गेम चेंजर्स अवार्ड के लिए अर्हता प्राप्त की है। बैंक ने 55,000 के लक्ष्य के मुकाबले 83,698 एपीवाई भी प्राप्त किए हैं और एमडी और सीईओ महोदया को एक्सएम्पलरी गोल्ड अवॉर्ड(152.17 प्रतिशत) प्राप्त हुआ है। बैंक पीएफआरडीए के 'राइज एवव रेस्ट' अभियान के तहत एक्सएम्पलरी अवॉर्ड श्रेणी में भी विजेता बन गया है (लक्ष्य 8 एएबीबी, उपलब्धि 8.4 एएबीबी)। एपीवाई के तहत, बैंक का दृढ़ता अनुपात 60 प्रतिशत है, जो बैंकिंग जगत में सर्वश्रेष्ठ में से एक है।
- 31.03.2021 की स्थिति के अनुसार विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत बैंक का संचयी कार्यनिष्पादन नीचे दिया गया है।

योजना का नाम	कवर किए गए ग्राहकों की संख्या (लाख में)
एपीवाई	19.23
पीएमजेजेबीवाई	26.58
पीएमएसबीवाई	72.97

- पीएमजेजेबीवाई के तहत, 11794 दावों को बीमाधारक के नामितियों के लिए ₹ 235.88 करोड़ और पीएमएसबीवाई के तहत 2241 दावों का निपटान बीमाधारक के नामितों को ₹ 44.40 करोड़ के लिए किया गया था।
- **तमिलनाडु में सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन का भुगतान :**

  जुलाई 2012 से सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित स्मार्ट कार्ड सक्षम व्यापार संपर्की (बीसी) मॉडल का उपयोग करते हुए बैंक खातों के माध्यम से तमिलनाडु राज्य में, सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत, वित्तीय समावेश के तहत कवर गांवों में, वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान लाभार्थियों को किया जा रहा है। तमिलनाडु में बैंक मित्रों के माध्यम से वित्तीय वर्ष 21 के दौरान 75.24 लाख लाभार्थियों को पेंशन संवितरित की गई है।

11. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए ऋण प्रवाह

- विशेष ध्यान देने के लिए पृथक एमएसएमई विभाग है जो एमएसएमई क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करके विकास में तेजी लाने के लिए पूरे एमएसएमई पोर्टफोलियो की देखरेख करता है। बैंक के पास 79 एमएसएमई प्रसंस्करण केंद्र हैं, जो टीएटी और मूल्यांकन प्रणाली को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।
- 31.03.2021 को सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों में बैंक का एक्सपोजर रु. 70180 करोड़ हो गया है।
- बैंक ने सूक्ष्म उद्यमों को ऋण देने के उप लक्ष्य को पार कर लिया है। प्रधान मंत्री टास्क फोर्स समिति की सिफारिशों के तहत, बैंक ने सूक्ष्म उद्यम खातों में वार्षिक वृद्धि के लक्ष्य को पार कर लिया है।
- बैंक सक्रिय रूप से सभी तीन TReDS प्लेटफ़ॉर्म (आरएक्सआईएल, इन्वाइस मार्ट एवं मिक्सचेंज) में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान, ₹1221 करोड़ के 8813 बिलों में छूट दी गई और 31 03 2021 तक अतिदेय शून्य है। 31 03 2021 तक बकाया राशि ₹361 करोड़ है, चालू वित्त वर्ष के दौरान अर्जित आय रू 19.38 करोड़ है।
- आंतरिक / बाह्य कारणों से एमएसएमई उधारकर्ताओं को ऋण ब्याज / किस्त चुकाने में आने वाले दबाव को कम करने के लिए, एमएसएमई के लिए एक उदार पुनः संरचना नीति लागू की गई है। आरबीआई की दिनांक 01.01.2019, 11.02.2020 और 06.08.2020 की अधिसूचना के अनुसार, ₹ 5411 करोड़ की

राशि के 99829 एमएसएमई खातों का पुनः संरचना किया गया है, जो दबावग्रस्त थे।

प्रधानमंत्री के आत्म निर्भर पैकेज का कार्यान्वयन

बैंक ने कोविड राहत उपायों के रूप में घोषित सभी प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर पैकेजों को लागू किया है।

विभिन्न योजनाओं के तहत हमारे कार्यनिष्पादन के कुछ मुख्य अंश –

आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना 1.0 (31.03.2021 तक)

(₹करोड़ में)

पात्र उधारकर्ता	पात्र राशि	स्वीकृत		संवितरित	
		संख्या	राशि	संख्या	राशि
305385	6033	288297 (94%)	5894 (98%)	187134	5203 (88%)

- यह योजना एमएसएमई, मुद्रा उधारकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक उद्यमों के लिए 29.02.2020 तक ₹ 50 करोड़ तक की बकाया राशि के लिए लागू है।
- यह योजना 30.09.2021 तक मान्य है।
- इस योजना के लिए 100 % गारंटी कवरेज उपलब्ध है।

आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना 2.0 (31.03.2021 तक)

(₹करोड़ में)

पात्र उधारकर्ता	पात्र राशि	स्वीकृत		संवितरित	
		संख्या	राशि	संख्या	राशि
112	1059	87 (77%)	926 (87%)	53	561 (60%)

- समाधान योजना 1.0 के लिए कामथ समिति द्वारा पहचाने गए 26 दबावग्रस्त क्षेत्रों में सभी व्यावसायिक उद्यमों के लिए लागू और 29.02.2020 को ₹ 50 करोड़ से ऊपर और ₹ 500 करोड़ तक का कुल फंड–आधारित एक्सपोजर हो और जो दिनांक 29.02.2020 तक एसएमए 1 या एसएमए 2 या एनपीए में नहीं हो।
- यह योजना 30.09.2021 तक मान्य है।
- इस योजना के लिए 100 % गारंटी कवरेज उपलब्ध है।

दबावग्रस्त एमएसएमई के लिए गौण ऋण

(₹करोड़ में)

पात्र उधारकर्ता		स्वीकृत		संवितरित	
संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
422	43	88	12.74	79	11.72

- दबावग्रस्त व्यावसायिक इकाइयों में प्रमोटर की हिस्सेदारी का 15% (भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन) प्रमोटर को पूंजी प्रदान करने के लिए ऋण के रूप में दिया जाता है।
- सीजीएसएसडी योजना के तहत 90% गारंटी कवरेज उपलब्ध है और शेष 10% सावधि जमा के रूप में रखी गई मार्जिन मनी द्वारा कवर किया जाता है।
- यह योजना 30.09.2021 तक मान्य है।
- व्यवहार्य इकाइयों को उन पात्र उधारकर्ताओं में से वित्तपोषित किया जाता है जिन्होंने विकल्प चुना है।

पीएम स्वानिधि योजना – स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण

(₹करोड़ में)

प्राप्त आवेदनों की संख्या	स्वीकृत		संवितरित	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि
174765	150835 (प्राप्त आवेदनों का 86%)	151	122664 (संस्वीकृत आवेदनों का 81%)	124

- 100 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी कवरेज (सीजीटीएमएसई) उपलब्ध है ।
- भारत सरकार शीघ्र पुनर्भुगतान के लिए 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान कर रही है।
- बैंक शाखाओं में उधारकर्ता को दस्तावेजीकरण/संवितरण के लिए सशरीर उपस्थिति को दूर करने के लिए दस्तावेजीकरण को डिजिटल करने (एनईएसएल के माध्यम से) की प्रक्रिया में है।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान एनबीएफसी को ऋण प्रवाह

एमएसएमई को सीधे ऋण देने के अलावा, बैंक एमएसएमई को मध्यस्थ एजेंसियों (एनबीएफसी / एमएफआई) के माध्यम से सहायता प्रदान करने के लिए सीधे असाइनमेंट के माध्यम से एनबीएफसी को उधार दे रहा है जो एमएसएमई आदि को उधार देता है।

(₹ करोड़ में)

श्रेणी	स्वीकृत		संवितरित	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि
एमएसएमई को उधार देने के लिए एनबीएफसी को उधार	24	3865	24	3665
डायरेक्ट असाइनमेंट	12	4115	13	3953
भारत सरकार द्वारा घोषित आंशिक ऋण योजना	1	1000	2	710

एमएसएमई ऋण उत्पाद

इंडियन बैंक विशेष रूप से एमएसएमई के लिए ग्राहक केंद्रित ऋण उत्पादों को पेश करने में अग्रणी है। इनमें से कुछ नाम हैं

- **इंड एसएमई सीक्युर** – एमएसएमई के लिए कार्यशील पूंजी और सावधि ऋण उत्पाद।

- **आईबी ट्रेडवेल** – व्यापारियों के लिए एक विशेष ऋण उत्पाद।
- **आईबी डॉक्टर प्लस** – क्लीनिक/हॉस्पीट्ल स्थापित करने, चिकित्सा उपकरणों की खरीद आदि के लिए डॉक्टरों हेतु ऋण उत्पाद
- **आईबी माय ऑन शॉप** – एमएसएमई को दुकान/फैक्ट्री खरीदने/निर्माण करने के लिए ऋण उत्पाद।
- **आईबी शुद्ध जलधारा** – सूक्ष्म और लघु उद्यमों द्वारा आरओ कियोस्क की स्थापना के लिए ऋण उत्पाद
- **आईबी ठेकेदार** – ठेकेदारों के लिए विशेष ऋण उत्पाद।
- **इंड सूर्य शक्ति** – एमएसएमई द्वारा कैप्टिव उपयोग के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए ऋण उत्पाद
- **इंड एसएमई ईज**– जिसमें मूल्यांकन एमएसएमई द्वारा जीएसटीएन साइट में रिपोर्ट किए गए टर्नओवर पर आधारित है और वित्तीय अनुमानों के लिए जोर दिए बिना एमएसएमई को ऋण
- **इंड एसएमई ई–वाहन** – व्यावसायिक उद्देश्य के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए एमएसएमई को ऋण।
- **इंड एमएसएमई वाहन** – व्यावसायिक उद्देश्य के लिए एमएसएमई को एलएमवी / एचएमवी क्रय करने के लिए ऋण उत्पाद

श्री नितिन गडकरी, माननीय केंद्रीय एमएसएमई मंत्री द्वारा नागपुर में सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति हेतु आरओ संयंत्र के निर्माण के लिए संपार्श्विक जमानत मुक्त एमएसएमई उत्पाद ऋण आईबी शुद्ध जलधारा का शुभारंभ

इंड–एसएमई–वाहन ऋण उत्पाद का शुभारंभ – पर्यावरण संरक्षण के हित में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को प्रोत्साहन

एमएसएमई क्लस्टर

बैंक ने इन क्लस्टरों में इकाइयों को उधार देने में पर ध्यान केंद्रित करने के दृष्टिकोण से पूरे भारत में विभिन्न एमएसएमई समूहों को मंजूरी दी है। आकर्षक शर्तों के साथ क्लस्टर विशिष्ट योजनाएं तैयार की गई हैं। 31.03.2021 तक, 34 एमएसएमई क्लस्टर कमाध्यम से एमएसएमई को ₹ 2740 करोड़ का वित्त पोषण किया गया है। इन क्लस्टरों में अदत्त बहुत कम लगभग 1 प्रतिशत है।

बैंक ने 30 और क्लस्टरों की पहचान की है और उनके लिए योजनाएँ तैयार करने की प्रक्रिया में है।

मुद्रा योजना

- 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (टीएन ग्राम बैंक, पुदुवई भारतियार ग्राम बैंक और सप्तगिरी ग्रामीण बैंक) के साथ बैंक ने भारत सरकार द्वारा मुद्रा योजना के तहत आवंटित ₹ 6800 करोड़ के लक्ष्य को पार कर लिया है। बैंक ने 104.57% की उपलब्धि दर्ज करते हुए ₹ 7111 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।
- मुद्रा योजना के तहत, बैंक ने विभिन्न विनिर्माण, बुनाई, परिवहन, खुदरा व्यापार, लघु व्यवसाय और कृषि संबंधी गतिविधियों जैसे मछली पालन, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, पशुधन, पालन, डेयरी, मत्स्य पालन, कृषि क्लीनिक, कृषि व्यापार केंद्र, खाद्य और कृषि प्रसंस्करण आदि के लिए ऋण सीमा को बढ़ाकर ₹ 10 लाख कर दिया है।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान अन्य प्रमुख पहलें

एमएसएमई प्रेरणा

- मैसर्स पूर्णता एंड कंपनी के साथ मिलकर व्यापार सलाह कार्यक्रम – अखिल भारतीय कार्यक्रम (सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में)
- माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा 06.10.2020 को लॉन्च किया गया
- एमएसएमई के लिए स्थानीय भाषाओं में ऑनलाइन कार्यशाला
- बुनियादी लेखा पर वित्तीय साक्षरता प्रदान करना और / एमएसएमई के लिए सरकारी / बैंक की योजनाओं की जानकारी प्रदान करना

माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा 06.10.2020को एमएसएमई प्रेरणा का शुभारंभ

महिला/ एससी/ एसटी उद्यमियों पर विशेष फोकस

उत्तर प्रदेश में 30 जनवरी 2021 को एमएसएमई प्रेरणा का उद्घाटन

श्री राजेंद्र कुमार तिवारी, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ एमडी एवं सीईओ, कार्यपालक निदेशक, श्री वी वी शेणॉय एवं श्री के रामचंद्रन, महाप्रबंधकों, अन्य कार्यपालकों और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया।

इंड स्प्रिंग बोर्ड

- स्टार्ट–अप के लिए वित्तपोषण
- डोमेन विशेषज्ञों, आईआईटी के प्रोफेसरों आदि से इनपुट लेने के बाद उत्पाद विकसित किया गया है।
- श्री के अनंत कृष्णन, एक्सीक्युटिव वीपी एवं सीटीओ, टीसीएस द्वारा 20.10.2020 को श्री देबाशीष पांडा सचिव (एफएस), भारत सरकार की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।
- बैंक वित्त प्रदान करने के लिए पात्र स्टार्ट–अप की पहचान करने हेतु आईआईटी मद्रास की इनक्यूबेशन सेल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- बैंक ने मैसर्स चेन्नै एन्जिल्स और मैसर्स सोसाइटी फॉर इनोवेशन एंड डेवलपमेंट, भारतीय विज्ञान संस्थान की एक पहल, बेंगलुरु के साथ भी इसी तरह के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

आईआईटीएम–आईसी के साथ टाई–अप



पात्र स्टार्ट–अप को वित्तपोषण के लिए मेसर्स द चेन्नै एंजल्स के साथ टाई–अप

ग्राहकों को वित्तपोषण

आईआईएससी–बैंगलोर के साथ टाई–अप

"पैसा पोर्टल" – ब्याज सब्सिडी वितरण

- सभी ऋणदाताओं को "पैसा पोर्टल" (इंडियन बैंक द्वारा प्रबंधित) के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ब्याज सब्सिडी के वितरण के लिए आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) और सिडबी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

माननीय केंद्रीय एमएसएमई मंत्री की उपस्थिति में सीएलसीएसएस योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल बैंक के रूप में एमएसएमई मंत्रालय के साथ दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए महाप्रबंधक (एमएसएमई)

12. कॉर्पोरेट ऋण

बैंक का कॉर्पोरेट ऋण ₹160595 करोड़ (मार्च'21) रहा जो बैंक के समग्र ऋण का 42% है। वित्तीय वर्ष 21 के दौरान, बैंक ने कई नए ग्राहकों को जोड़ा, जैसे पंजाब शहरी योजना और विकास प्राधिकरण, टोरेंट गैस लिमिटेड आदि, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, कैनफिन होम्स लिमिटेड आदि।

मेसर्स लक्ष्मी मशीन वर्क्स लिमिटेड, कोयंबटूर भारत के अग्रणी कपड़ा मशीनरी निर्माताओं में से एक है और वैश्विक तीन में से एक है जो 'दक्षिण भारत के मैनचेस्टर' – कोयंबटूर में कताई मशीनरी की पूरी श्रृंखला का उत्पादन करता है।

मिड कॉर्पोरेट ऋण वर्टिकल (एमसीवी)

₹25 करोड़ से ₹150 करोड़ के व्यक्तिगत एक्सपोजरवाले उधारकर्ताओं से व्यापार के लिए वित्तीय वर्ष 21 के दौरान मिड कॉर्पोरेट ऋण वर्टिकल का गठन किया गया था। कार्यक्षेत्र की शुरुआत 17 चिह्नित शाखाओं के साथ हुई, जिनका नाम मिड कॉर्पोरेट शाखा (एमसीबी) है और ये उच्च व्यावसायिक संभावनाओं वाले केंद्रों पर स्थित हैं। एमसीबी किसी भी क्षेत्र (कॉर्पोरेट/रैम) के मध्य कॉर्पोरेट ऋण प्रस्तावों पर विचार करने के लिए विशिष्ट ऋण शाखाएं हैं।

बैंक ने मिड कॉर्पोरेट वर्टिकल के तहत कई नए कॉर्पोरेट क्लाइंट जोड़े हैं।

13. खुदरा संपत्ति

कोविड–19 के लिए बीमा कवरेज के साथ जेएल ओडी की शुरुआत

जेवर ऋण क्षेत्र में अधिकाधिक संभावनाओं पर पकड़ बनाने के लिए, बैंक ने बाजार के अनुकूल और आकर्षक लाभों के साथ एक नया उत्पाद – **"सोने के जेवर के सापेक्ष ओडी ऋण"** प्रस्तुत किया गया है।

उत्पाद को निम्न विशेषताओं के साथ लॉन्च किया गया है:

- महिलाओं और कोविड योद्धाओं के लिए 7.50% का आकर्षक ब्याज दर
- सरल दस्तावेजीकरण
- वैयक्तिकृत चेकबुक
- रु.2 लाख का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा
- रुपे कार्ड के माध्यम से भी निकासी की अनुमति है

ऋण ओरजिनेटिंग सिस्टम –एलओएस

- एक समान मूल्यांकन करने के लिए, हमारे टीएटी को बेहतर बनाने के लिए और हमारे बैंक द्वारा जारी किए गए मौजूदा दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए मेसर्स साईसार्क इन्फोर्मेटिक्स लिमिटेड के सहयोग से एंड–टु–एंड ऑटोमेशन–लोन ओरिजिनेशन सिस्टम का विकास और परीक्षण किया जा रहा है।

कारोबार इनेबलर्स

3023 खातों में 362.66 करोड़ रुपए की पुनः रचना की गई है जिसका विवरण नीचे दिया गया है।

स्कीम	खातों की संख्या	राशि (रु. करोड़ में)
गृह ऋण	1563	302.60
शिक्षा ऋण	1124	46.20
वाहन ऋण	336	13.86
कुल	**3023**	**362.66**

खुदरा क्षेत्र में ऋण प्रवाह

वित्त वर्ष 20–21 के दौरान 370526 खातों में कुल ₹18910 करोड़ संस्वीकृत किए गए हैं। मुख्य वृद्धि गृह ऋण, बंधक ऋण, पेंशन ऋण और लिक्विड कोलैटरल के सापेक्ष ऋण से हुई है।

(घरेलू)	मार्च'21
आईबीपीसी को छोड़कर गृह ऋण	41834
बंधक ऋण (अन्य)	5848
पेंशन ऋण	801
एलओडी/जेएल (एनपी) अन्य	21504
कुल खुदरा ऋण	**69987**

वित्तीय वर्ष 21 के दौरान नये संस्वीकृत ऋण का विवरण:

(राशि रु. करोड़ में)

	वित्त वर्ष 2020–21		
	नये संस्वीकृत		संवितरण
क्षेत्र	खाता	राशि	राशि
गृह ऋण	22100	7345	6073
बंधक ऋण	5047	1111	1024
वाहन ऋण	20776	1141	1049
पेंशन ऋण	32796	1163	1067
वेतन ऋण	25132	614	506
शिक्षा ऋण	3640	427	172
एलएडी/ जेएल अन्य	261035	7110	6641
कुल खुदरा ऋण	**370526**	**18910**	**16531**

बैंक ने एनबीएफसी/एचएफसी को वित्त वर्ष 21 के दौरान सोना और गृह क्षेत्र के तहत जमा संपत्ति की खरीद के लिए 2950 करोड़ रुपये का ऋण दिया है।

(रु. करोड़ में)

क्षेत्र	सीमा	बकाया राशि
जेवर	1200	988
गृह	1750	1395
कुल	**2950**	**2383**

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी)

भारत सरकार ने अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक वर्ष 2020–21 के लिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड सीरीज के 12 इश्यू की घोषणा की।

वर्ष के दौरान संयुक्त इकाई द्वारा सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के तहत की गई बिक्री की राशि निम्नानुसार है:

(रु. करोड़ में)

अवधि	मात्रा (किलोग्राम में)	राशि	कमीशन
वित्त वर्ष 2020–21	330.88	164.92	1.64

सुकन्या समृद्धि :

वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान 17677 नये खाते खोले गए, संयुक्त इकाई के लिए उसकी कुल संख्या 81368 है। वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान संचित राशि रुपए 181.11 करोड़ थी तथा कुल संचित राशि रुपए 477.93 करोड़ थी।

लोक भविष्य निधि :

संयुक्त इकाई के लिए 237559 खातों से पीपीएफ खाते में शेष रुपए 6400.27 करोड़ रही।

वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस)

वित्त वर्ष 2020–21 के लिए एससीएसएस खातों के तहत 26956 नए खातों से किया गया कुल संग्रह 1759.60 करोड़ रुपये है और यथास्थिति 31.03.2021 को एससीएसएस के तहत कुल 97552 खातों में संचयी शेष 5324.04 करोड़ रुपये है।

बैंकाश्योरेंस और म्युचुअल फंड वितरण व्यवसाय

बैंकश्योरेंस व्यवसाय के लिए बैंक ने कॉर्पोरेट एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए 7 बीमा भागीदारों के साथ सामंजस्य स्थापित किया है जो निम्नानुसार है

वर्टिकल	क्र.	भागीदार
जीवन बीमा	1	एलआईसी ऑफ इंडिया
	2	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
	3	आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
सामान्य बीमा	1	यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (UIIC)*
	2	चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
	3	युनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड*
स्वास्थ्य बीमा*	1	मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

(*मैक्स बूपा के स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के अलावा, बैंक 2 अन्य सामान्य बीमा भागीदारों यथा मेसर्स यूनाइटेड इंडिया और मेसर्स युनिवर्सल सोम्पो के स्वास्थ्य बीमा उत्पादों का वितरण भी करता है)

उधारकर्ताओं को **ऋण जीवन बीमा** कवरेज प्रदान करने के लिए बैंक ने निम्नलिखित व्यवस्था की है:

भागीदार	क्रेडिट लाइफ कवरेज के लिए पोर्टफोलियो
कोटक महिंद्रा लाइफ	गृह ऋण और शिक्षा ऋण
पीएनबी मेटलाइफ	शिक्षा ऋण
आदित्य बिड़ला सन लाइफ	गृह ऋण और क्लीन ऋण

म्युचुअल फंड वितरण के लिए बैंक ने 9 आस्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) के साथ स्वतंत्र रूप से टाई–अप किया है जो निम्नानुसार है:

मेसर्स यूटीआई एएमसी कंपनी लिमिटेड	रिलायंस निप्पॉन एएमसी	एसबीआई म्यूचुअल फंड
डीएसपी म्यूचुअल फंड	टाटा म्यूचुअल फंड	प्रिंसिपल पीएनबी एएमसी
कोटक महिंद्रा एएमसी	फ्रैंकलिन टेम्पलटन एएमसी	एस्सेल फाइनेंस एएमसी

मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से म्यूचुअल फंड वितरण के लिए बैंक ने **फिनटेक पार्टनर, मेसर्स फिजडम** के साथ टाई–अप किया है।

वित्त वर्ष 2021 की कार्यनिष्पादन – मुख्य विशिष्टताएं

- बैंक ने बैंकश्योरेंस और म्युचुअल फंड कारोबार में मार्च'21 को ₹63.97 करोड़ तक पहुंच गई।
- बैंक अपने ग्राहकों के लिए मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग के वैकल्पिक डिजिटल चैनलों के माध्यम से बीमा और म्यूचुअल फंड उत्पादों को उपलब्ध करने की प्रक्रिया में है। इस प्रक्रिया में म्युचुअल फंड पहले ही मोबाइल बैंकिंग ऐप इंडओएसिस के माध्यम से उपलब्ध किया जा चुका है।
- बैंक बीमा कारोबार करने के लिए लाइसेंस प्राप्त विनिर्दिष्ट व्यक्तियों की संख्या में लगातार वृद्धि कर रहा है। वर्तमान में, बैंक 500 नए भर्ती किए गए परिवीक्षाधीन अधिकारियों को आईआरडीए से लाइसेंस उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया में है।
    - वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान, बैंकश्योरेंस के तहत प्रस्तुत किए गए प्रमुख उत्पाद निम्नानुसार हैं:
    - **"आईबी रक्षक"**, मेसर्स युनिवर्सल सोम्पो से समूह व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी।
    - विशेष रूप से कोविड–19 के लिए मेसर्स चोलामंडलम का **"चोला एमएस कोविड–19"** और मेसर्स युनिवर्सल सोम्पो का **"गो–कोविड"**।
    - **"मैक्स हेल्थ सुपर टॉप अप"**, बैंक के सभी वेतन खाताधारकों और मौजूदा स्वास्थ्य बीमा ग्राहकों के लिए मैक्स बूपा के साथ रु.15.00 लाख की एक किफायती टॉप अप स्वास्थ्य बीमा योजना।
    - मेसर्स आदित्य बिड़ला सनलाइफ से **"आवास ऋण और क्लीन ऋण उधारकर्ताओं के लिए ऋण जीवन बीमा"**।
    - बैंक के मोबाइल बैंकिंग ऐप, **"इंडओएसिस"** में **"म्यूचुअल फंड निवेश"** प्रस्तुत किया गया था।
    - सभी आवास और शिक्षा ऋण उधारकर्ताओं को **"आईबी कोटक गृह सुरक्षा"** और **"आईबी कोटक शिक्षा सुरक्षा"** उपलब्ध कराया गया है।

14. ऋण निगरानी कक्ष

आस्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए की गई पहल

आस्ति की गुणवत्ता बनाए रखना लाभप्रदता की कुंजी है। बैंक ने आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निम्नलिखित निगरानी उपकरण लागू किए हैं। उन्हें मुख्य रूप से मंजूरी की संवीक्षा, खातों की सावधिक समीक्षा, ईडब्ल्यूएस (अर्ली वार्निंग सिग्नल) सॉफ्टवेयर से दैनिक सिग्नल के माध्यम से निगरानी, मासिक सीआरएम (क्रेडिट रिलेशनशिप मैनेजर) रिपोर्ट, एसएमए का अनुवर्तन (विशेष उल्लेखित खाता) में वर्गीकृत किया जा सकता है।

मंजूरियों की जांच

- उच्च मूल्य वाले मंजूरियों की जांच की प्रणाली । किसी भी त्रुटि या चूक को ऋण के प्रारंभिक चरण में ठीक किया जा सकता है। इसी प्रकार अन्य ऋणों की मंजूरी की जाँच अंचल / क्षे.म.प्र. कार्यालयों में की जाती है और उन पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। प्रारंभिक अवस्था में ही परिसंपत्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहायता करता है।

नियमित अंतराल पर खातों की समीक्षा

- ऋण समीक्षा प्रणाली के जरिए समीक्षा की जाती है।
- वित्तीय अनुपात के अलावा, खाते के संचालन, उद्योग स्तर पर बराबरी की तुलना, प्रबंधन में बदलाव, रेटिंग का संचार, शेयर की कीमत में उतार–चढ़ाव, बाजार की जानकारी आदि जैसे मापदंडों की भी समीक्षा की जाती है।
- ऐसे ऋण जो ऋण के दोषों को विकसित करते हैं, उनकी पहचान करने के लिए और आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुझाए जाते हैं।

ईडब्ल्यूएस सॉफ्टवेयर से प्राप्त दैनिक संकेतों के माध्यम से निगरानी

- एक मजबूत दैनिक निगरानी तंत्र
- उत्पन्न सभी अलर्ट का विश्लेषण बिना किसी विलंब के किया जाता है।
- सुधार / पुनर्प्राप्ति / बाहर निकलने के विकल्पों के तत्काल उपाय सुझाए गए हैं ।
- जो गंभीर प्रकृति के अलर्ट हैं उनका विश्लेषण रेड फ्लैगिंग और धोखाधड़ी परीक्षा के लिए किया जाता है।

सीआरएम रेपोर्ट

- सीआरएम रिपोर्ट ईडब्ल्यूएस अलर्ट के लिए संकेतों का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।
- दबाव का जल्द पता लगाने में मदद करता है।
- मासिक सीआरएम रिपोर्ट का उपयोग मंजूरी की शर्तों के अनुपालन, वित्तीय मापदंडों का अध्ययन करने और परिसंपत्ति की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए एक प्रभावी निगरानी उपकरण के रूप में किया जाता है।

एसएमए खातों का फॉलो–अप

नये एनपीए स्लिपेज को कम करने के लिए निम्नलिखित निगरानी उपायों को कार्यान्वित किया गया है।

- शाखा स्तर पर एसएमए–0 खातों का फॉलो–अप के लिए नोडल अधिकारी।
- सीओ/एफजीएमओ/जेडओ में फॉलो–अप के लिए गार्जियन अधिकारी
- सीआईएफ आधारित खातों और समूह खातों का फॉलो–अप
- क्षेत्र कार्याधिकारियों को सुलभ संदर्भ के लिए डेटा एनेबलर उपलब्ध करना
- एसएमए वसूली के लिए बीसी/एसएचजी/एनजीओ/स्थानीय नेताओं/सरकारी अधिकारियों आदि की सेवाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करना
- क्लस्टर स्तर पर एसएमए खातों के लिए विशेष वसूली शिविर आयोजित करना।
- संभावित एनपीए स्लिपेज प्रतिशत की आवधिक समीक्षा (वार्षिक गिरावट को 2% से कम करने के लिए)
- 30.06.2021 से एनपीए के दैनिक फ्लैगिंग को ध्यान में रखते हुए एसएमए खातों का फॉलो–अप के लिए शाखा प्रबंधकों हेतु आवधिक जागरूकता कार्यक्रम।
- एसआई, ईसीएस, ईएससीआरओडब्ल्यू खाता आदि के माध्यम से एसएमए–0 खातों में समय पर वसूली के लिए क्षेत्र कार्याधिकारियों को एसओपी उपलब्ध करना।

उधारकर्ताओं के एबीसी विश्लेषण और विशिष्ट रणनीतियों को लागू कर तिमाही/वर्ष के अंत से पहले नए एनपीए को अपग्रेड किया जाना।

15. आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन

- बैंक ने जून 2011 से एनपीए (गैर निष्पादक आस्ति) की सिस्टम द्वारा पहचान प्रणाली के सफलतापूर्वक अनुवर्तन के साथ आस्ति गुणवत्ता पर निरंतर ध्यान केन्द्रित करते हुए प्रभावी तरीके से कई विवेकी ऋण निगरानी टूलों का इस्तेमाल किया है। फरवरी 2016 से गैर निष्पादक आस्तियों की मासिक फ्लेगिंग की शुरुआत की गई थी।
- नए एनपीए खातों की वसूली/ उन्नयन के लिए समय पर कार्रवाई की जाती है और विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) का पता लगाकर उन्हें मॉनिटर करने के जरिए दबावग्रस्त खातों का नियमित अनुवर्तन किया जाता है ताकि गिरावट को न्यूनतम स्तर पर बनाए रखा जा सके।
- बैंक ने नए एनपीए की वसूली और नए एनपीए को कम करने में वर्ष 2020–21 के दौरान अच्छा निष्पादन दर्ज किया है। विभिन्न वसूली व्यवस्थाओं जैसे लोक अदालत, एकबारगी निपटान (ओटीएस) के जरिए बातचीत द्वारा समझौते तथा डीआरटी/सरफेसी अधिनियम आदि के जरिए वसूली के उपायों से नए एनपीए में घटौती संभव हुई है। अंचल/शाखाएँ स्वैछिक चूककर्ता/असहयोगी उधारकर्ता की पहचान कर उनपर व्यक्तिगत गारंटी लागू करना, समापन याचिका दायर करना, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) से पहले दिवालिएपन और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के तहत याचिका दाखिल करने, बंधक शेयरों के हस्तांतरण आदि समस्त वसूली मापदण्डों का सक्रियता से कार्यान्वयन कर रही हैं।
- सरफेसी अधिनियम के तहत, वर्ष के दौरान, रु.1915.50 करोड़ की आरक्षित मूल्य पर 3145 संपत्तियों को विक्रय के लिए लाया गया तथा 499 संपत्तियों को रु.196.65 करोड़ के विक्रय मूल्य पर बेचा गया। निजी संधि प्रणाली के माध्यम से 11 संपत्तियों को रु.6.28 करोड़ के विक्रय मूल्य पर बेचा गया ।
- बैंक ने नालसा द्वारा आयोजित सभी राष्ट्रीय लोक अदालतों में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा मंडल स्तर पर विभिन्न लोक अदालतों का आयोजन किया गया। रु.4536.34 करोड़ की राशि के कुल 283526 प्री लिटिगेशन खातों को लोक अदालत में पेश किया गया था। रु.166.36 करोड़ के 8198 खातों का निपटान किया गया। रु.24.41 करोड़ की स्पॉट वसूली की गई।
- बट्टे खातों एवं अशोध्य ऋणों (तकनीकी रूप से लिखा हुआ) के संबंध में, वर्ष के दौरान रु.603.66 करोड़ की वसूली की गई।
- बदलते आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप, बैंक की वसूली पॉलिसी को बेहतर बनाया गया है तथा वसूली निष्पादन में सुधार हेतु फ्रंटलाइन अधिकारियों को संवेदीकृत किया गया है। संपूर्ण ट्रैकिंग का पता लगाने तथा ओटीएस प्रक्रिया को सरलीकृत बनाने की दृष्टि से, रु.1 करोड़ तक के प्रस्तावों को निपटाने के लिए आनलाइन ओटीएस साफ्टवेयर ऐप्लीकेशन का प्रवर्तन किया गया। इसके अलावा, वसूली विभाग से अंचलों को दौरा करते समय अधिकारियों द्वारा वसूली में बढ़ोत्तरी लाने की दृष्टि से प्रावधान पर घटौती लाने के लिए जोर दिया जाता है तथा नये एनपीए/संदिग्ध खातों में उन्नयन लाने के लिए जोर दिया जाता है।

16. जोखिम प्रबंधन :

बैंक का जोखिम प्रबंधन तंत्र विभिन्न जोखिमों की स्पष्ट समझ, अनुशासित जोखिम मूल्यांकन एवं मापन प्रक्रियाओं तथा सतत जाँच पर आधारित है। संपूर्ण उद्यम में प्रभावोत्पादक जोखिम प्रबंधन के लिए एक स्वतंत्र जोखिम प्रबंधन विभाग कार्यरत है एवं यह पूरे बैंक के, मूल्यांकन, मॉनिटरिंग तथा जोखिम निवेश की रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है। निम्नलिखित तीन शीर्ष स्तरीय समितियों के जरिए बैंक की सभी जोखिमों का प्रबंधन किया जाता है :

- आस्ति एवं देयता प्रबंधन समिति (अल्को)
- जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी)
- परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी)

यह समितियां बोर्ड और बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित नीतियों और समग्र दिशानिर्देशों के अंतर्गत काम करती हैं।

जोखिमों के प्रबन्धन के लिए बैंक ने विभिन्न नीतियाँ निर्धारित की हैं। उद्यम–स्तर जोखिम का विश्लेषण करने तथा सभी जोखिमों को एकीकृत करने की दृष्टि से, एक एकीकृत जोखिम प्रबन्धन नीति बनायी गयी है। एक एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति (प्रकटीकरण नीति, प्रतिष्ठा जोखिम प्रबंधन नीति और रणनीतिक जोखिम प्रबंधन नीति सहित) भी बनायी गयी है। महत्वपूर्ण जोखिम नीतियों में ऋण जोखिम प्रबंधन नीति, चलनिधि प्रबंधन नीति, ऋण नीति, बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति (दबाव परीक्षण नीति सहित), संपार्श्विक प्रबन्धन नीति शामिल हैं।

जोखिम प्रबन्धन समिति (आरएमसी)/बोर्ड द्वारा सभी नीतियां वार्षिक आधार पर पुनरीक्षित की जाती हैं। जोखिम प्रबंधन संकल्पनाओं की जानकारी देने और क्षेत्र स्तर के कार्यकर्ताओं को इनके प्रति जागरुक बनाने के उद्देश्य से सभी संबंधित नीतियां शाखाओं के बीच परिचालित की गई हैं तथा इसके अलावा बैंक के प्रशिक्षण संस्थानों में इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

ऋण जोखिम, चलनिधि जोखिम, बाजार जोखिम तथा परिचालन जोखिम प्रोफाइलों को संकलित करके तथा प्रत्येक जोखिम के लिए निर्धारित पैरामीटर की दिशा और मात्रा में भिन्नता का आकलन करके त्रैमासिक आधार पर नियमित रूप से जोखिम का प्रबंधन किया जाता है।

ऋण जोखिम :

जोखिम प्रबंधन प्रणाली प्रारंभिक चरण में जोखिमों की पहचान करने और उनका विश्लेषण करने के लिए होती है और ऋण जोखिम प्रबंधन ढांचे के माध्यम से बदलते जोखिम वाले वातावरण का सामना करने के लिए अन्य सुधारात्मक उपाय करने के अलावा विवेकपूर्ण सीमाओं का निर्धारण एवं निगरानी करके उन्हें प्रबंधित करती है, जिससे ऋण जोखिम को एक ही समय पर ट्रैक, प्रबंधित और कुशल तरीके से देखरेख किया जा सकता है ।

ऋण समीक्षा फ्रेमवर्क

पीएसबी सुधार एजेंडा के तहत – ईएएसई – बैंक को ऋण जोखिम मूल्यांकन और हामीदारी पहलू में सुधार के लिए परिभाषित कार्रवाई बिंदुओं को निश्चित करना अनिवार्य है, जिससे अंततः सुधार सूचकांक स्कोर बेहतर हो सके।

तदनुसार, बैंक ने ऋण समीक्षा फ्रेमवर्क को अपनाया है, जिसमें ऋण प्रस्तावों (पहले चरण में 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक के एक्सपोजरवाले कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं और दूसरे चरण में 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक के एक्सपोजरवाले एमएसएमई उधारकर्ताओं का नया और वर्धित प्रस्ताव) का ऋण जोखिम मूल्यांकन और उसका कम जोखिम/ मध्यम जोखिम/ उच्च जोखिम/ नो–गो के रूप में जोखिम वर्गीकरण शामिल है, जिसका आधार सात व्यापक मापदंड यथा उधारकर्ता, प्रमोटर और समूह संस्थाएं, गतिविधि/ उद्योग, सुरक्षा कवरेज, सुविधाओं का संचालन, रेटिंग और अनुपालन की स्थिति के साथ–साथ व्यक्तिपरक जोखिम मापदंडों में अंतर्निहित जोखिम कारकों के विश्लेषण पर मात्रात्मक जोखिम स्कोरिंग मैट्रिक्स है।

जोखिम स्कोर और जोखिम वर्गीकरण के आधार पर ऋण वर्टिकल को जोखिम परामर्श जारी किया जाता है और इसे विभिन्न ऋण समितियों में जोखिम आधारित/सूचित ऋण निर्णय लेने के लिए मूल्यांकन नोट में कमियों के रूप में उल्लिखित किया जाता है।

आस्ति देयता प्रबंधन :

आस्ति देयता प्रबंधन बैंक को जोखिम एक्सपोजर, जोकि चलनिधि जोखिम और ब्याज दर जोखिम से बैंक के तुलन पत्र पर उभर सकते हैं, को मापने व जाँचने हेतु सहायता करता है। यह बैंक को आस्ति देयता प्रबंधन हेतु उपयुक्त रणनीतियां उपलब्ध कराने में मदद करता है।

बाजार जोखिम प्रबंधन :

बाजार में होने वाले विविध परिवर्तनों के परिणामस्वरूप संभावित नुकसान, बाजार जोखिम है। अंतर्राष्ट्रीय निपटान हेतु बैंक (बीआईएस) ने बाज़ार जोखिम की परिभाषा इस रूप में दी है कि बाजार जोखिम 'ऑन' अथवा 'ऑफ' तुलन पत्र की स्थिति का मूल्य इक्विटी एवं बाजार के ब्याज दर, मुद्रा विनिमय दर तथा कमोडिटी की कीमतों में उतार–चढ़ाव से प्रतिकूल रूप में प्रभावित होगी। इस प्रकार, बाजार जोखिम ब्याज दरों या प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और शेयर की कीमतों के बाजार के स्तर में परिवर्तन, साथ ही उन परिवर्तनों की अस्थिरता के कारण बैंक की आय और पूंजी के लिए खतरा है। बाजार जोखिम प्रबंधन का लक्ष्य है, बाजार जोखिम एक्सपोजर से संबन्धित वैश्लेषिकी संचालित आदानों, पोर्टफोलियो निष्पादन की तुलना में जोखिम एक्सपोजर और तुलनात्मक मापदण्डों को उपलब्ध कराकर जोखिम समायोजित प्रतिलाभ दर को अधिकतम बढ़ाने में व्यापार इकाइयों की सहायता करना।

परिचालन जोखिम :

वर्तमान में परिचालन जोखिम उद्योग प्रतिभागियों, विनियामकों एवं अन्य स्टेकधारकों के बीच गहन रुचि का विषय बन गया है। प्रभावी संचालन, जोखिम पर पकड़ और परिचालन जोखिम के एक्सपोजर के मूल्यांकन व मात्रा निर्धारण को सुनिश्चित करने हेतु बैंक में परिचालन जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क (ओआरएमएफ) व परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली (ओआरएमएस) विद्यमान है। दैनिक प्रबंधन प्रक्रियाओं में गुणात्मक व मात्रात्मक उपायों के प्रयोग व आंतरिक नियंत्रण प्रणाली स्थापन के द्वारा तथा विविध जोखिम न्यूनीकरण रणनीति को अंगीकार कर परिचालन जोखिम का सुप्रबंधन किया जाता है। विविध उत्पादों/प्रक्रियाओं में जोखिम बोध का आलोचनात्मक विश्लेषण एवं सुधारात्मक कदम, यदि आवश्यक हों तो, उठाए जाते हैं।

परिचालन जोखिम की भी क्रेडिट स्पर्ट के विश्लेषण और परिचालन हानि की आवृत्ति और गंभीरता के विश्लेषण के माध्यम से निगरानी की जाती है।

बैंक ने जोखिम नियंत्रण और स्व मूल्यांकन (आरसीएस) तथा मुख्य जोखिम सूचकांक (के आर आई) के लिए वांछित फ्रेमवर्क तैयार किया है। जोखिम एवं नियंत्रण स्वमूल्यांकन को मुख्य परिचालनात्मक जोखिमों का पता लगाने और आंतरिक नियंत्रण की प्रभावात्मकता की तीव्रता का मूल्यांकन करने हेतु प्रयोग किया जाता है। बैंक आरसीएसए तथा केआरआई को सुदृढ़ करने के लिए परिचालनात्मक जोखिम के प्रबन्धन हेतु कवरेज क्षेत्र की समीक्षा और सुधार के जरिए कदम उठा रहा है।

बेसल III पूंजी विनियमन :

बैंक का सामान्य ईक्विटी टियर 1 पूँजी स्तर काफी अच्छा है और बैंक आवश्यकतानुसार सभी प्रकार की पूँजी बढाने की पर्याप्त क्षमता भी रखता है। बैंक ने 01 अप्रैल, 2013 से प्रस्तावित बेसल III पूँजी विनियमन को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों को अपनाया है। सम्पूर्ण बेसल III की ओर निर्बाध पारगमन सुनिश्चित करने हेतु 01 अक्टूबर, 2021 तक पूर्ण कार्यान्वयन के लिए उचित पारगमन प्रबंध की तैयारी कर ली गई है।

बेसल III पूंजी नियमों को पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के घटकों पर प्रकटीकरणों के वर्धित सेट की आवश्यकता भी है जिन्हें त्रैमासिक आधार पर बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है। बैंक लीवरेज अनुपात एवं चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) भी दर्शा रहा है।

17. मानव संसाधन प्रबंधन (मा.सं.प्र.)

श्रमशक्ति की स्थिति

31.03.2021 को बैंक की श्रमशक्ति स्थिति निम्नानुसार है :

संवर्ग	कुल	अन्य पिछड़ा वर्ग	अजा	अजजा	पुरुष	महिला
अधिकारी	25203	6768	4965	2063	18366	6837
लिपिक	13222	3738	2877	664	8602	4620
सब स्टाफ	2816	565	1367	153	2421	395
पूर्णकालिक सफाई कर्मचारी	316	34	242	15	236	80
कुल*	**41557**	**11105**	**9451**	**2895**	**29625**	**11932**

(अंशकालिक सफ़ाई कर्मचारी को छोड़कर – घरेलू)

भर्ती अभियान

वर्ष के दौरान, बैंक में भर्ती इस प्रकार है:

वेतनमान	संख्या
अधिकारी विशेषज्ञ वेतनमान 2	20
अधिकारी विशेषज्ञ वेतनमान 1	70
अधिकारी सामान्य वेतनमान 1	1042
लिपिक	1358
अधीनस्थ कर्मचारी	143

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडे वर्गों / शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपाय :

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा), अन्य पिछडे वर्गों (ओबीसी) और शारीरिक रूप से विकलांग (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवारों को आरक्षण प्रदान किए जाते हैं। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति (अजा)/अनुसूचित जनजाति (अजजा)/शारीरिक रूप से विकलांग (पीडब्ल्यूडी) को पदोन्नतियों में आरक्षण दिए जाते हैं।

कॉका/मासंप्र में अ.जा/अ ज.जा कल्याण कक्ष/ आरक्षण कक्ष, अ.जा/अ.जजा कर्मचारियों से प्राप्त शिकायतों/अभ्यावेदनों (अगर कुछ हों तो) उसके तुरन्त निपटान को सुनिश्चित करता है। अ.जा/अ.ज.जा वर्ग के कर्मचारियों के हितों की देखभाल हेतु एक महाप्रबन्धक, मुख्य समन्वय अधिकारी (सीएलओ) के रूप में तथा दूसरे महाप्रबन्धक अ.पि.व कर्मचारियों के हितार्थ सीएलओ के रूप में कार्यरत हैं।

कर्मचारियों के लाभ के लिए निम्नलिखित नीतियों / योजनाओं की समीक्षा / प्रतिपादित की गई :

- कुल 14 नीतियों की समीक्षा ।
- कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर नीति की समीक्षा ।
- समामेलित इकाई के लिए 19 कर्मचारी लाभ योजनाओं की समीक्षा ।
- समामेलित इकाई के लिए पदोन्नति नीति का संशोधन ।

कर्मचारियों के कल्याण हेतु पहल

बैंक की केंद्रीय कल्याण समिति कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं की लगातार समीक्षा करती है तथा उनकी सिफारिशों के आधार पर सुधार किया जा रहा है।

विकलांग व्यक्तियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस, 2019 - इंडियन बैंक, मानव संसाधन प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै में कार्यरत सुश्री सुधा श्रीनिवासन को तमिलनाडु सरकार द्वारा वर्ष 2019 के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला कर्मचारी के रूप में सम्मानित किया गया है।

मानव संसाधन विकास

मानव संसाधन विकास विभाग इमेज, बैंक के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान और 9 अन्य प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से कर्मचारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण का कार्य करता है।

- बैंक के लिए प्रशिक्षण नीति को नियमित आधार पर, व्यक्तिगत स्टाफ के साथ–साथ बैंक दोनों की प्रशिक्षण आवश्यकता का आकलन करने, अंतर की पहचान करने तथा ज्ञान एवं कौशल विकास के लिए कर्मचारियों को आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

- कर्मचारियों के क्षमता निर्माण पर नीति को संशोधित किया गया है ताकि स्टाफ सदस्यों को विभिन्न प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा सके और निरंतर आधार पर बेहतर कार्य–निष्पादन करने की उनकी क्षमता में सुधार किया जा सके।

- अप्रैल 2020 से मार्च 2021 की अवधि के दौरान आयोजित आंतरिक प्रशिक्षण का विवरण :

क्र. सं.	प्रशिक्षण का प्रकार	प्रतिभागियों की सं.
1.	ई–पाठशाला के माध्यम से प्रशिक्षण	9490
2.	घर से ऑनलाइन प्रशिक्षण	10822
3.	कार्यस्थल से ऑनलाइन प्रशिक्षण	1991
	कुल	**22303**

- वर्ष 2020–21 के दौरान नए विषयों जैसे सीबीएस इंटीग्रेशन, प्रिवेंटिव विजिलेंस, ज्वेल लोन क्या करें और क्या न करें, केवाईसी और एएमएल दिशानिर्देश आदि पर विश्लेषण और क्षेत्र की आवश्यकताओं के आधार पर कुल 222 प्रशिक्षण वेबिनार के माध्यम से आयोजित किए गए तथा कुल 4691कर्मचारियों ने आयोजित वेबिनार में भाग लिया एवं लाभान्वित हुए।

- अप्रैल 2020 से मार्च 2021 की अवधि के दौरान, 564 कार्यपालकों / अधिकारियों ने सीएबी, आईडीआरबीटी, सीएएफआरएएल, एनआईबीएम, फेडाई, आईएसएसीए, आईआईएम और एसबीआईएल जैसे बाहरी संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण / वेबिनार में भाग लिया है।

- हमारा बैंक, सीवीसी के निर्देश के अनुपालन में सभी पीएसबी के लिए यूनिफ़ॉर्म इंडक्शन ट्रेनिंग स्ट्रक्चर पर 803 नए भर्ती किए गए परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए यूनिफ़ॉर्म इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम लागू करने वाला पहला बैंक रहा ।

- मैसर्स डेलॉइट के सहयोग से साइकोमेट्रिक परीक्षणों, समूह चर्चा और मूल्यांकन मैट्रिक्स के एक सेट के माध्यम से 275 स्केल V और 98 स्केल VI के अधिकारियों का नेतृत्व मूल्यांकन किया गया ।

- नॉलेज पार्टनर के रूप में मैसर्स पूर्णता एंड कंपनी के सहयोग से उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए एक विशेष और नवोन्मेषी ऑनलाइन व्यापार परामर्श कार्यक्रम, **एमएसएमई प्रेरणा** की शुरूआत की गई तथा 486 एमएसएमई उद्यमियों को कवर करते हुए उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों में 10 आभासी कार्यक्रमों की एक श्रृंखला सफलतापूर्वक आयोजित की गई है।

18. ग्राहक सेवा

ग्राहक सेवा किसी भी सेवा उद्योग का आधार है, खासकर बैंकिंग क्षेत्र में । छोटे भुगतान बैंकों और विभिन्न स्थानीय क्षेत्र के बैंकों के प्रवेश के कारण बैंकिंग उद्योग में प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक बढ़ गई है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर अपने बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने एवं बाजार हिस्सेदारी में सुधार के लिए काफी दबाव है। ग्राहक सेवा में सुधार से निश्चित रूप से बैंकों को अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने और उद्योग में अपने लिए एक जगह बनाने में सहायता मिलेगी।

शिकायत निवारण का माध्यम

- समस्त शाखाओं में शिकायत रजिस्टर रखा जाता है।

- सभी शाखाओं के बैंकिंग हॉल में शिकायत सह सुझाव बॉक्स रखा गया है।

- टोल फ्री नंबर **180042500000** के साथ 24X7 एकीकृत कॉल सेंटर उपलब्ध किया गया है।

- ग्राहक अपनी शिकायत नीचे दिये गए किसी भी ई–मेल के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं –

  nodalofficer@indianbank.co.in;
  customercomplaints@indianbank.co.in

- समस्त माध्यमों से शाखाओं/अंचलों/कॉर्पोरेट कार्यालय को प्राप्त सभी शिकायतों का समाधान यदि 24 घंटे के भीतर नहीं किया जाता तो यह ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) में पंजीकृत किया जाता है, यह कई विशेष सुविधाओं के साथ विकसित एक इन–हाउस सॉफ्टवेयर है।

आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति

- भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार, 17.02.2016 से आंतरिक शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने एवं ग्राहक के विश्वास को सशक्त करने के क्रम में यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनके शिकायतों का निपटान किया जा रहा है, एक आंतरिक लोकपाल को नियुक्त किया गया है ।

- सभी शिकायत जहॉ समाधान नगण्य है या आंशिक है, उसे योजना के अनुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु बैंक के आंतरिक लोकपाल तक आंतरिक रूप से पेश किया जाएगा ।

ग्राहक सेवा में सुधार हेतु की गई पहलें

- पासबुक कियोस्क / बीएनए के अलावा शाखाओं में लेन–देन के समय / फुट फॉल को कम करने के लिए विभिन्न केंद्रों पर ई लाउंज खोला गया जहां लेनदेन की मात्रा बहुत अधिक है।

- जहां पेंशन खातों की संख्या अधिक है, उन शाखाओं में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष काउंटर खोला गया है।

- शाखाओं में आए बिना लेनदेन करने के लिए कई नए प्रौद्योगिकी उत्पादों की शुरुआत की गयी और ग्राहकों को शिक्षित करने के लिए चयनित केंद्रों पर प्रौद्योगिकी जागरूकता अभियान चलाये गए।.

- ग्राहकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने हेतु सभी शाखाओं में व्यापक नोटिस बोर्ड प्रदर्शित किया गया है।

- ग्राहकों से प्राप्त सभी प्रकार के शिकायतों को दूर करने के लिए हर महीने स्टाफ बैठकें एवं संयुक्त ग्राहक सेवा समिति की बैठकें आयोजित की गई हैं।

- ग्राहक सेवा में सुधार और ग्राहकों की शिकायतों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए हमारे प्रशिक्षण केंद्रों में सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों / कार्यशालाओं में एक विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है।

- जिन अंचलों में शिकायतों की संख्या अधिक थी उनके साथ निरंतर समीक्षा की गई।

- 17-12-2020 से एकल बिंदु ऑनलाइन शिकायत पोर्टल सीजीआरएस (ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली) की शुरुआत की गयी ।

- शाखाओं में आयोजित मासिक ग्राहक सेवा बैठक के कार्यवृत्त को अपलोड करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गयी ।

- ग्राहकों को उनके खाते में धोखाधड़ी से बचने के लिए व्यक्तिगत खाता विवरणों का खुलासा न करने के संबंध में जागरूक करने के लिए एसएमएस अलर्ट भेजा गया है ।

- चेन्नै में 150 एजेंटों की क्षमता के साथ एकीकृत कॉल सेंटर की शुरुआत की गयी।

विनियामक बैठकें / नोट्स:

- ग्राहक सेवा से संबन्धित विनियामक / अनिवार्य बैठकों का समय–सारणी के अनुसार आयोजन किया गया।

- कैलेंडर समीक्षा के अनुसार बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति की समीक्षाओं को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विनियामक प्राधिकारियों की टिप्पणियाँ

- कुछ दिशानिर्देश जारी करने के अलावा बैंकिंग लोकपाल द्वारा कोई अधिनिर्णय पारित नहीं किया गया है।

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005

- सूचना अधिकार अधिनियम के तहत बैंक द्वारा प्राप्त आवेदनों / प्रथम अपीलों / द्वितीय अपीलों पर ग्राहक सेवा कक्ष में एक स्वतंत्र डेस्क कार्य करता है। सूचना अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन पर संसदीय समिति द्वारा दी गई सलाह के अनुसार बैंक ने शुरू से ही एकल खिडकी दृष्टिकोण अपनाया है। आरटीआई आवेदन दायर करने के लिए ऑन–लाइन सुविधा भी उपलब्ध है (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में इस सुविधा का प्रवर्तन करनेवाला प्रथम बैंक इंडियन बैंक रहा।)

- सभी आवेदन निर्धारित समयावधि के भीतर निपटाए जाते हैं ।

- वर्ष 2020-21 में बैंक के खिलाफ कोई अधिनिर्णय पारित नहीं किया गया ।

19. विदेशी मुद्रा कारोबार:

- वर्ष 2021 के दौरान बैंक ने रु. 40980.45 करोड़ के विदेशी मुद्रा व्यापार का संचालन किया है। इसमें निर्यात और अन्य आंतरिक विप्रेषण रु.17184.33 करोड़ के थे तथा आयात और अन्य बाहरी विप्रेषण रु. 23796.12 करोड़ के थे।

- वर्ष 2021 के दौरान बैंक का कुल अंतर बैंक फोरेक्स बाजार टर्नओवर रु. 1823026.30 करोड़ रहा।

- बैंक की 128 शाखाओं को विदेशी मुद्रा कारोबार का संचालन करने के लिए प्राधिकृत हैं। बैंक को दुनिया भर में संपर्की व्यवस्थाएँ उपलब्ध है।

- **एफसीएनआर / एनआरई जमाएँ** : 31.03.2021 को अनिवासी भारतीय (एनआरआई) जमाएं रु.12086.20 करोड़ रहा।

विप्रेषण

- सिंगापुर से बैंक की उद्यम विप्रेषण योजना के तहत सिंगापुर में निधि की प्राप्ति के बाद मिनटों में विदेशी प्रेषणों के बराबर रुपए भारत में ग्राहक के खातों में क्रेडिट किए जाते हैं और क्रेडिट की सूचना देते हुए सिंगापुर में प्रेषणकर्ता को एक एसएमएस संदेश अग्रेषित किया जाता है। यह सुविधा सप्ताह के सभी दिन उपलब्ध है।

- स्विफ्ट आधारित सामान्य धन अंतरण के अलावा बैंक द्वारा एनआरआई को दी जानेवाली अन्य प्रेषण सुविधाओं में ''एक्सप्रेस मनी'', ''मनीग्राम'', ''वेस्टर्न यूनियन मनी ट्रान्सफर'', ''रिया मनी ट्रान्सफर'' सुविधाएं हैं।

- एक्सचेंज गृह, यथा मेसर्स यूएई एक्सचेंज सेंटर एलएलसी – अबू धाबी, यूएई एक्सचेंज सेंटर डब्ल्युएलएल – कुवैत, अल जमन एक्सचेंज डब्ल्युएलएल – कतर, जीसीसी एक्सचेंज – दुबई, बेलहासा ग्लोबल एक्सचेंज – दुबई, अल दार फॉर एक्सचेंज – कतर के साथ इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण व्यवस्था प्रवर्तित की गई है। मेसर्स अल रजही बैंक, साउदी अरेबिया के साथ प्रेषण व्यवस्था पहले से ही प्रवर्तित की जा चुकी है।

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

- विदेश में बैंक की तीन शाखाएं सिंगापुर, कोलंबो एवं जाफना में स्थित है। दिसंबर, 2019 में, बैंक ने गुजरात के गांधी नगर में आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) में अपना परिचालन शुरू किया था। 31 मार्च 2021 तक विदेशी शाखाओं का कुल जमा और अग्रिम (आईबीयू सहित) क्रमशः रु. 8807 करोड़ एवं रु. 10780 करोड़ था ।

- वर्ष 1941 में स्थापित की गई सिंगापुर शाखा ने अद्यतन प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए विविध बैंकिंग सेवाएं प्रदान करके पहचान बनाई है और अपनी साख बढाकर ग्राहक विश्वास प्राप्त किया है। शाखा अब अपना कारोबार दो लेखा इकाइयों – सिंगापुर डॉलर कारोबार के लिए डोमेस्टिक बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) और सिंगापुर डॉलर के अलावा अन्य मुद्राओं में कारोबार हेतु ऐशियन करेन्सी यूनिट (एसीयू) में कर रही है ।

- कोलंबो शाखा, जो वर्ष 1932 में स्थापित की गई, व्यापार वित्त प्रदान करने में सक्रिय रूप से भागीदार है। विदेशी मुद्रा बैंकिंग इकाई (एफसीबीयू) कोलंबो, ऑफशोर बैंकिंग परिचालन में लगी है।

- जाफना शाखा, जिसे वर्ष 2011 में पुनर्स्थापित किया गया, जाफना क्षेत्र के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

- गिफ्ट सिटी, गांधी नगर, गुजरात में स्थित आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) ने दिसंबर 2019 में अपना परिचालन शुरू किया।

20. प्रौद्योगिकी और डिजिटल पहल

एटीएम एवं डेबिट कार्ड :

- नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से डेबिट कार्ड एक्टिवेशन और पिन परिवर्तन सक्षम किया गया।
- 500 कैश रिसाईकलर्स (बीएनए) और 250 पासबुक कियोस्क (पीबीके) अतिरिक्त रूप से खोले किए गए ।
- रुपे डेबिट सेलेक्ट कार्ड, रुपे आर्थिया कार्ड और एनसीएमसी के अनुरूप रुपे कॉन्टैक्टलेस कार्ड की शुरुआत की गयी।
- जारीकर्ता द्वारा निरवर्तित लेन–देन के अस्वीकरण को सक्षम किया गया ।
- 2000 रुपए के नोटों का वितरण बंद कर दिया गया जबकि एटीएम/बीएनए से 200 रुपए के नोटों के वितरण की व्यवस्था की ।
- कार्ड द्वारा लेन–देन की सुरक्षा बढ़ाने पर आरबीआई के दिशानिर्देश अर्थात लेन–देन को चालू / बंद करने और डीसीएमएस, नेट बैंकिंग और इंडओएसिस के माध्यम से सीमा निर्धारित करने की सुविधा लागू की गई।
- सिंगल लेंथ पिन को डबल लेंथ ट्रिपल डीईएस पिन में बदला गया।
- एटीएम / बीएनए में टर्मिनल सुरक्षा समाधान और वॉयस गाइडेंस लागू किया गया।
- डेबिट कार्ड टोकनाइजेशन और ईएफटी स्विच में कैश@पीओएस सीमा में प्रतिबंध को लागू किया गया । बेस 24 एटीएम ईएफ़टी स्विच एप्लिकेशन को अपग्रेड किया गया ।
- एटीएम और पीओएस लेन–देन पर एनपीसीआई लेन–देन के लिए प्रमाणीकरण कोड (मैकिंग) लागू किया गया।
- डेबिट कार्ड के ऑनलाइन लेन–देन को एनपीसीआई के भारत ईकामर्स पेमेंट गेटवे में माइग्रेट किया गया।
- एटीएम/बीएनए टर्मिनलों और डीसीएमएस/एसीएस सेवाओं को पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक से इंडियन बैंक में स्थानांतरित किया गया।
- डीआर सर्वर को हैदराबाद से मुंबई स्थानांतरित किया गया ।
- न्यू थेल्स 10 के एचएसएम (होस्ट सिक्योरिटी मॉड्यूल) खरीदा और स्थापित किया गया ।

ई–बैंकिंग

- इंडपे, आईबी स्मार्ट रिमोट, आईबी ग्राहक ऐप की कार्यक्षमता वाले एकीकृत मोबाइल ऐप (इंडओएसिस) की शुरुआत की गयी जो बायोमेट्रिक / फेस आईडी लॉगइन के साथ उपलब्ध है ।
- मोबाइल ऐप (इंडओएसिस) और एमपी साइबर ट्रेजरी में यूपीआई कार्यक्षमता का इंटरनेट बैंकिंग के साथ एकीकरण पूरा हो गया है।
- संयुक्त इकाई के लिए इंटरनेट बैंकिंग में डेटाबेस / मल्टी–ऐप सिस्टम के लिए आरएसी और मोबाइल ऐप के माध्यम से एनपीए ट्रैकर का कार्यान्वयन ।
- ऑनलाइन भुगतान और रिचार्ज के लिए नए मर्चेंट एग्रीगेटर सबपैसा की शुरुआत की गयी ।
- समामेलन के भाग के रूप में, पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के सभी ई–बैंकिंग चैनलों (नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, आईएमपीएस और यूपीआई) को सफलतापूर्वक इंडियन बैंक में स्थानांतरित कर दिया गया ।

वित्त वर्ष 21 के दौरान शुरू की गई नई कार्यप्रणालियां / विशेषताएं :

मोबाइल बैंकिंग	नेट बैंकिंग
• नए लाभार्थी को सक्रिय करने के लिए 24 घंटे की विराम अवधि • नॉमिनेशन के तहत नॉमिनी को व्यू– ऐड–डिलीट करना • पीपीएफ खाता खोलना • कार्ड प्रबंधन जैसे लिमिट सेटिंग, लॉक/अनलॉक, पिन सेटिंग, कार्ड एक्टिवेशन/पेमेंट चैनल सेटिंग • म्यूचुअल फंड, बीमा, ई–एनपीएस सबस्क्राइब करने की सुविधा	• 24*7 आरटीजीएस • पॉज़िटिव पे सिस्टम का कार्यान्वयन। • मोबाइल नंबर का अद्यतनीकरण। • अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एंटी–बॉट कैप्चा। • जमा कैलकुलेटर–सावधि जमा के परिपक्वता अवधि को सत्यापित करने के लिए • ई– अधिदेश पंजीकरण एवं सत्यापन • प्रत्येक लेन–देन के लिए तदनुकूल लेन–देन सीमा। • खाते का स्थानांतरण– होम ब्रांच को बदलने की सुविधा ।

क्रेडिट कार्ड

- बीएनए में क्रेडिट कार्ड के लिए ग्रीन पिन समर्थित किया गया ।
- रुपे क्रेडिट कार्ड की शुरुआत की गयी । ग्राहक क्रेडिट कार्ड पोर्टल में कार्ड की सीमा में संशोधन और दैनिक सीमा तय करने का प्रावधान किया गया ।
- पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक की शाखाओं में क्रेडिट कार्ड पोर्टल की उपलब्धता ।
- एमआईएस टीम ने एनपीए मॉड्यूल विकसित करने में सहयोग किया है ।
- ईएफ़आरएमएस – एनआरटी दृष्टिकोण के माध्यम से एफ़आईएस सेवा प्रदाता द्वारा धोखाधड़ी का पता लगाने वाला उपकरण ।

प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस)

- आईबीएबी एमआईएस डैशबोर्ड पोर्टल को समामेलित संस्था के लिए उपलब्ध कराया गया । संयुक्त इकाई के लिए एमआईएस पोर्टल / एडवांस शीट को नया रूप दिया गया । इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न डैशबोर्ड विकसित किए गए ।
- संयुक्त इकाई के एनपीए खातों की निगरानी के लिए अनुकूलित पार्थ पोर्टल तथा असाधारण लेन–देन पोर्टल की शुरुआत की गयी ।
- डेटा कैनवास परियोजना को प्रभावी रूप से कॉन्फ़िगर किए गए कॉलम के साथ सक्रिय रिपोर्ट निर्माण के लिए लागू किया गया । संयुक्त इकाई के लिए लागू 25 रिटर्न में से 11 रिटर्न (यूएटी के तहत 10) के लिए सीआईएमएस कार्यान्वयन पूरा किया गया ।
- डिजिटल दस्तावेज़ निष्पादन के लिए एनईएसएल को समामेलित किया गया ।

डेटा विश्लेषण / पावर बीआई

- डेटा विश्लेषण (डीए) मॉडल विकसित किए गए और कई चरणों में उपयोग में लाए गए । चरण I, II और III में क्रमशः 6, 13 और 9 मॉडल पूरे किए गए और उपयोगकर्ता विभाग को प्रदान किए गए। किराए की वसूली, लागत अनुकूलन के लिए शाखा/अंका/एफजीएमओ को स्वचालित ईमेल प्रतिक्रिया भेजे जाने हेतु डीए मॉडल को लागू किया गया ।
- पावर बीआई प्रीमियम सॉफ्टवेयर लाइसेंस खरीदा गया एवं इन्स्टाल किया गया । एफ़जीएमओ / अंका / शाखाओं द्वारा पावर बीआई का उपयोग करने हेतु डैशबोर्ड हमारे आईबीएबी संगम मिड कॉरपोरेट, ब्रांच की लाभप्रदत्ता, वर्टिकल बिजनेस, एनपीए मूवमेंट, सिंगल व्यू– एफ़जीएम प्रोफाइल के साथ बिजनेस ट्रेंड में विकसित और शामिल किए गए हैं। समामेलित कार्यकारी डैशबोर्ड प्रीमियम स्पेस में प्रदर्शित होता है। कैश ऑप्टिमाइजेशन और एटीएम लाभप्रदत्ता के संबंध में नया बीआई डैशबोर्ड विकसित किया गया।
- ईज 3.0 (एपी2)– खुदरा आस्ति विभाग के लिए पावर बीआई का उपयोग करते हुए 4 मॉडल क्रियान्वित किया गया

मर्चेन्ट अधिग्रहण और फास्टैग

- भारत सरकार द्वारा दिनांक 15.08.2020 से 31.12.2020 तक आयोजित डिजिटल अपनाएं अभियान के तहत प्रत्येक शाखा द्वारा कम से कम 100 अतिरिक्त ग्राहकों के ऑन–बोर्डिंग के लिए डिजिटल भुगतान मोड पर 100% का लक्ष्य हासिल किया गया ।
- बाजार विस्तार के लिए पीओएस में एकमुश्त लागत मॉडल और घटाए गए प्रभार का मॉडल प्रस्तुत किया गया।
- पीओएस टर्मिनलों पर सोडेक्सो कार्ड और अमेज़न–पे की सुविधा सक्रिय की गयी ।
- पीएम स्वानिधि के ग्राहकों के लिए यूपीआईक्यूआर (UPIQR) और वसई विरार नगर निगम सहित विभिन्न सरकारी संगठनों के लिए एकीकृत पीओएस टर्मिनल बनाए गए / प्रदान किए गए।
- पीओएस आवेदन करने की प्रक्रिया को सक्रिय और छोटे / कॉर्पोरेट व्यापारियों के लिए यूपीआई क्यूआर कोड जनरेट करने के लिए तथा इसे शाखा / अंचल स्तर पर आसानी से उपलब्ध कराने के लिए एडमिन पोर्टल की शुरुआत की गयी । अतिदेय पीओएस प्रभार की निगरानी / वसूली के लिए पोर्टल शुरू किया गया ।
- एनएफसी / एनसीएमसी स्वीकृति को लागू किया गया ।
- यूपीआई (क्यूआर) द्वारा जुड़ने वाले छोटे / कॉर्पोरेट व्यापारियों के लिए मोबाइल एप्लिकेशन ।
- शाखा मॉड्यूल के माध्यम से ऑफलाइन फास्टैग (FASTag) को जारी करना / नवीनीकरण करना सक्रिय किया गया ।
- जीएमआर हैदराबाद एयरपोर्ट पार्किंग में भारत का पहला 'फास्टैग कार पार्क' के साथ टाइ–अप किया गया।

अन्य

- पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के संबंध में डोरस्टेप बैंकिंग और व्यवसाय प्रतिनिधियों को वेब सेवा प्रदान के लिए वेब पोर्टल की शुरुआत की गयी ।
- संयुक्त संस्था के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से एकीकृत जीईएम (सरकारी ई–मार्केट प्लेस) चालान संग्रह, ऑनलाइन ओटीएस और एनपीए ट्रैकर की शुरुआत की गयी ।

21. सूचना प्रणाली सुरक्षा

- बैंक की सूचना प्रणाली व सुरक्षा प्रक्रियाओं को आईएसओ 27001:2013 मानक से प्रमाणित किया गया है। यह प्रमाणीकरण बैंक की विश्वसनीयता, सूचना सुरक्षा प्रणाली की मजबूती हेतु प्रशंसा पत्र को सम्मिलित करता है तथा ग्राहकों को आश्वस्त करता है कि बैंक की सूचना सुरक्षा उच्च कोटि की है। मानक सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईआसएमएस) के निष्पादन को मापने व मूल्यांकन पर भी ज़ोर डालता है। प्रमाणित सुरक्षा मानक के पास कूट–लेखन, सुरक्षित विकास, सुरक्षा परीक्षण, आपूर्तिकर्ता संबंध इत्यादि में अतिरिक्त नियंत्रण है। सूचना सुरक्षा पॉलीसियां आईएसओ 27001–2013 के अनुसार तैयार की गईं तथा हमारे बैंक की सूचना प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए लागू किया गया।
- आईएसओ 27001 प्रमाणन के लिए पुनर्मूल्यांकन लेखा परीक्षा फरवरी 2018 के दौरान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया । इसमें प्रमाणित सुरक्षा संबंधी परिस्थितियों की जांच की गई एवं इसे फरवरी 2021 तक के लिए पुनर्प्रमाणीकृत किया गया । इसके अलावा, आईएसओ 27001 मानकों के साथ बैंक के आईएसएमएस के निरंतर अनुपालन का पता लगाने के लिए वर्ष 2020 तक निगरानी ऑडिट भी पूरा कर लिया गया है।

बैंकों में साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश

- बैंकों में साइबर सुरक्षा कार्य पद्धति से संबंधित आरबीआई द्वारा दिनांक 2 जून 2016 को जारी परिपत्र के अनुसार बैंक ने बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित साइबर सुरक्षा नीति बनाई है जिसमें व्यापार की जटिलता के स्तर और जोखिम के स्वीकार्य स्तरों को देखते हुए साइबर खतरों से निपटने के लिए एक उपयुक्त दृष्टिकोण वाली रणनीति को स्पष्ट करना है।

- नीति का मुख्य उद्देश्य साइबर जोखिमों को संबोधित करने में मौजूदा सुरक्षा में सुधार करके बैंक का विकास करना और निरंतर आधार पर पर्याप्त साइबर सुरक्षा तैयारी सुनिश्चित करना, साइबर खतरों से निपटने के लिए बैंक को मार्गदर्शन और दिशा प्रदान करना है तथा व्यवसाय की जटिलता और जोखिमों के स्वीकार्य स्तर और कर्मचारियों, विक्रेताओं, ठेकेदारों और अन्य हितधारकों को जागरूक बनाना और सूचना संपत्तियों की रक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में सक्षम बनाना है।

- एक साइबर संकट प्रबंधन योजना (सीसीएमपी) भी तैयार की गई है और मुख्य रूप से साइबर संबंधी घटनाओं से निपटने की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसे लागू किया गया है। सर्वोत्तम कार्य पद्धतियों को शामिल करने के बाद साइबर सुरक्षा नीति और सीसीएमपी दोनों की समीक्षा और नवीनीकरण किया गया है।

ग्राहक सूचना को सुरक्षित रखने के लिए सूचना सुरक्षा समाधान

- बैंक ने एक साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (सी–एसओसी) स्थापित किया है जिसमें विभिन्न प्रमुख सुरक्षा समाधान शामिल हैं और सी–एसओसी की 24*7 निगरानी की जाती है।

- पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न समाधानों को एकीकृत करके पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के साथ समामेलन के भाग के रूप में साइबर सुरक्षा समाधानों को और अधिक मजबूत किया गया है।

- बैंक के पास मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) के अधीन एक समर्पित टीम है जो सुरक्षा कार्यों की 24/7 निगरानी करती है।

- विभिन्न साइबर सुरक्षा समाधानों के कार्यान्वयन से संबंधित मामले की निगरानी के लिए सूचना प्रबंधन विभाग के तहत एक समर्पित आईटी टीम भी बनाई गई है। समाधान एक सक्रिय तरीके से डेटा, नेटवर्क और सर्वर की सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

- बैंक नेटवर्क में किसी भी अनधिकृत पहुंच/प्रवेश को रोकने के लिए सुरक्षा संरचना में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न सुरक्षा व्यवस्थाओं को अपनाने के लिए बैंक ने कुछ उन्नत समाधान / प्रौद्योगिकियां लागू की हैं।

- कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि उन्हें हाल ही में हुई साइबर हमले की रणनीतियों से अवगत कराया जा सके और ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

- बैंक ने कोविड–19 महामारी के दौरान एक व्यवसाय निरंतरता योजना विकसित की है । योजना के भाग के रूप में, बैंक ने अपने कर्मचारियों / विक्रेताओं को अपने घर से काम करने में सक्षम करने के लिए एक सुरक्षित दूरस्थ संयोजकता (कनेक्टिविटी) प्रदान की है।

22. परिसर

- बैंक की भारत में 254 और सिंगापुर में 2 संपत्तियां हैं।

- बैंक ने परिसर–व्यय, खरीद अनुबंध, प्रिंटिंग और स्टेशनरी, एयर कंडीशनिंग के लिए एक समान नीतियां बनाई हैं और सभी शाखाओं/अंचलों ने इसे अपनाया है।

- हरित पहल के एक भाग के रूप में, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं आदि को सभी भुगतान इलेक्ट्रॉनिक चैनलों अर्थात प्रत्यक्ष क्रेडिट / एनईएफटी / आरटीजीएस (केवल असाधारण परिस्थितियों में, चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता है) के माध्यम से किए जाते हैं ।

हरित पहल :

सौर ऊर्जा और एलईडी लाइटिंग :

- कार्पोरेट कार्यालय में सौर ऊर्जा का उपयोग, यह पहले से ही ग्रीन बिल्डिंग (स्वर्ण रेटिंग स्तर) के तहत उपलब्ध है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक होने के नाते ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाकर, बैंक ने ग्रीन इंडिया बनाने के लिए अन्य उपक्रमों के साथ मिलकर सहयोग दिया है। बैंक ने इमेज ऑडिटोरियम के लिए 55 KWP सोलर पावर प्लांट, प्रधान कार्यालय / क्रेस्ट बिल्डिंग / कॉर्पोरेट कार्यालय के लिए 106 KWP सोलर पावर प्लांट और चेन्नै शहर में 11 शाखाओं के लिए 115 KWP सोलर पावर प्लांट भी स्थापित किया है।

- बैंक के अपने निजी मकानों में सौर्य ऊर्जा प्लांट संस्थापन नेटवर्क को बढ़ाते हुए जहां कहीं तकनीक रूप से व्यवहार्य हो, वहाँ सम्पूर्ण वार्षिक व्यय में ऊर्जा खपत में 4–5 प्रतिशत तक कम करने की अपेक्षा है।

- आंतरिक प्रकाश व्यवस्था में एलईडी लैंप का उपयोग करके लाइटिंग प्रणालियों में नए तकनीकी उत्पादों को अपनाया गया है।

- नई शाखाओं में केवल एलईडी लाइट का प्रयोग किया जाता है। मौजूदा शाखाओं में प्रकाश व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से बदला जा रहा है।

अन्य पहलें

- शाखाओं और कार्यालयों के लिए समय–समय पर ऊर्जा लेखा परीक्षा आयोजित की जाती है।

- शाखाओं और कार्यालयों में स्थापित एयर कंडीशनर के ऑटो कट–ऑफ के लिए टाइमर का प्रावधान, हार्मोनिक फिल्टर की स्थापना और स्टार रेट वाले बिजली के उपकरणों के उपयोग से बिजली की खपत में काफी कमी आई है।

23. इंड एएस कार्यान्वयन की स्थिति:

- इंड एएस के सुचारु कार्यान्वयन के लिए बैंक ने सलाहकार के रूप में मैसर्स डेलाइट हास्किंस एंड सेल एलएलपी नियुक्त किया है। बैंक ईसीएल/ईआईआर कम्प्यूटेशंस इत्यादि के लिए इंड एएस के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में है।

- भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, दिनांक 11.02.2016 के पत्र डीबीआर.बीपी.76/21.07.001/2015–16 के जरिए, बैंक 1 अप्रैल 2018 से शुरु होनेवाली लेखा अवधि के लिए स्टेंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण के लिए 31 मार्च 2018 को समाप्त होनेवाली पूर्ववर्ती अवधि के तुलनात्मक आंकड़े के साथ इंड एएस का अनुपालन करेगा।

- पूर्व में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 30.09.2016 को समाप्त अर्ध वर्ष के लिए इंड एएस के अनुसार वित्तीय विवरणियों का प्रोफार्मा, 01.04.2016 को परिवर्तन तारीख हेतु तैयार करने के लिए सूचित किया है तथा उसे तैयार कर भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार 30.06.2017 को समाप्त तिमाही के लिए इंड एस के वित्तीय विवरण का प्रोफार्मा भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया गया।

- जैसा कि आरबीआई द्वारा सलाह दी गई है, बैंक ने 30 जून 2018 को समाप्त तिमाही से शुरू होने वाले प्रत्येक तिमाही के लिए प्रोफार्मा इंड एएस वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया हैं। बैंक उपरोक्त का अनुपालन कर रहा है।

- दिनांक 22.03.2019 को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र संख्या डीबीआर.बीपी. बीसी सं.29 / 21.07.001 / 2018–19 के जरिये जारी किए गए नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार, इंड एएस कार्यान्वयन को आगामी सूचना तक टाल दिया गया है।

24. निरीक्षण (आंतरिक नियंत्रण) :

- जोखिम आधारित समवर्ती लेखापरीक्षा 01.04.2013 से प्रचलन में है।

- वित्तीय वर्ष 20–21 के लिए 4224 शाखाओं में जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरबीआईए) की गई।

- 970 शाखाओं को समवर्ती लेखा परीक्षा के तहत कवर किया गया है जिसमें 31.03.2021 को कुल घरेलू जमा का 41.25 प्रतिशत और घरेलू अग्रिम का 70. 01 प्रतिशत शामिल है।

- आरबीआईए और समवर्ती लेखा परीक्षा के अलावा, आय क्षरण, यदि कोई हो, की पहचान करने के लिए 5940 शाखाओं में राजस्व लेखा परीक्षा की गई थी, जिसमें रुपए10 करोड़ और उससे अधिक का व्यापार जोखिम था।

- वित्तीय वर्ष 21 के दौरान समीक्षा के अधीन 47 अंचल कार्यालयों में प्रबंधन लेखापरीक्षा की गई और अनुपालन हेतु उन पर अनुवर्ती कार्रवाई की गई।

- हार्डवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम, डेटाबेस, एप्लिकेशन (एस), नेटवर्क, सुरक्षा उपकरण, सहित बैंक के संपूर्ण सीबीएस और संबद्ध बुनियादी ढांचे की सूचना प्रणाली ऑडिट, भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण तथा प्रक्रिया समीक्षा की अवधि के दौरान एक बाहरी ऑडिट फर्म द्वारा किया गया ।

- निर्धारित निषेधों के आधार पर शाखाओं को चेतावनी देने के लिए ऑफसाइट मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर क्रियान्वित किया गया है। ये चेतावनियां पोर्टल के माध्यम से शाखाओं को विधिवत रूप से प्राप्त हुईं तथा इन्हें संबंधित अंचल कार्यालयों को प्रस्तुत किया गया । प्रत्यायोजित शक्तियों के अनुसार, इन चेतावनियों का निपटान संबंधित अंचल कार्यालयों / क्षेत्र महाप्रबंधक के कार्यालयों / कॉर्पोरेट कार्यालय के अंतर्गत कार्यात्मक विभागों में होता है ।

- निरीक्षकों को नवीनतम घटनाओं से परिचित कराने और उनके रिपोर्टिंग कौशल में सुधार करने के लिए, वित्तीय वर्ष 21 के दौरान एक अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

25. अनुपालन

बैंक की अनुपालन नीति बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित की गई है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक में उप महाप्रबंधक के नेतृत्व में एक स्वतंत्र अनुपालन विभाग स्थापित किया गया है। यह विभाग बैंक के कार्यों को अधिशासित करनेवाले विभिन्न सांविधिक एवं विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी करता है, यथा:

- विधानों जैसे बैंकिंग विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, धन–शोधन निवारण अधिनियम आदि।

- भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक एवं विकास एजेंसी आदि द्वारा जारी विनियामक दिशानिर्देश।

- भारतीय बैंक संघ, भारतीय विदेशी मुद्रा डीलर संघ, फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट डीलर्स एसोसिएशन आदि जैसी उद्योग संघों द्वारा निर्धारित स्वैच्छिक मानक एवं कोड और,

- परिपत्रों, मैनुअलों के जरिए जारी बैंक की आंतरिक नीतियां, आचरण कोड, दिशानिर्देश आदि।

26. सतर्कता

बैंक के सतर्कता प्रशासन हेतु सतर्कता विभाग उत्तरदायी है। सतर्कता प्रशासन पर, विभाग केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी)/डीएफ़एस एवं आरबीआई द्वारा निदेशित किया जाता है। यह सीवीसी के साथ परामर्श करने के लिए संपर्क के एकल स्थान की भूमिका निभाता है। विभाग के प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं जिन्हें इस पद हेतु केंद्रीय सतर्कता आयोग की सिफारिशों पर भारत सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है। धोखाधड़ी और सतर्कता से संबंधित मामलों के संबंध में आरबीआई/सीबीआई/सीवीसी/सरकार के साथ संबंध स्थापित करने के लिए सीवीओ नोडल अधिकारी है।

अनुशासनात्मक कार्रवाई के मामले में सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) और इससे ऊपर के सभी अधिकारी सीवीसी के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। सभी अवार्ड – स्टाफ कर्मचारिया तथा सहायक महाप्रबंधकों के पद से नीचे के अधिकारियों को शामिल कर सतर्कता अनुशासनात्मक कार्रवाई के संबंध में सीवीओ सलाह प्रस्तुत करता है।

सीवीसी स्केल V एवं उसके ऊपर के अधिकारियों के तथा ऐसे समग्र मामलों में चरणबद्ध सलाह (सतर्कता मामलों) देता है। सीवीओ सतर्कता मामलों के संबंध में आयोग के दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करता है। सीवीओ, स्केल IV तक के अधिकारियों से संबन्धित सतर्कता मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही के बारे में सलाह देता है।

बैंक में सतर्कता विभाग निम्नलिखित मुख्य बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित कर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है–

- सुरक्षात्मक सतर्कता पहल,
- बैंक के प्रशासन में प्रणालीगत सुधार हेतु सुझाव देना,
- संबंधित अनुशासनिक प्राधिकारियों के साथ मिलकर सीवीसी दिशानिर्देशों के अनुरूप सतर्कता संबंधी अनुशासनात्मक मामलों के संचालन और निपटान को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी करना,
- वित्तीय वर्ष के लिए चयनित शाखाओं का सतर्कता निरीक्षण करना और
- जोनल सतर्कता अधिकारियों के माध्यम से सतर्कता संबंधी मामलों के अधिकता और धोखाधड़ी वाली शिकायतों की जांच का संचालन करना।

वर्ष के दौरान सुरक्षात्मक सतर्कता पहल

- बैंक ने देश भर में केवल चुनिंदा शाखाओं द्वारा थोक सरकारी / संस्थागत जमाओं की स्वीकृति की प्रणाली शुरू की थी और बड़े मूल्य की जमाराशियों में धोखाधड़ी को रोकने के लिए आवश्यक एसओपी जारी किया गया था।
- क्रेडिट प्रशासन में अनुशासन लागू करने के लिए बैंक द्वारा कार्यशील पूंजी खातों और अस्थायी ओवरड्राफ्ट में बढ़ाए जाने की अनुमति के लिए शाखाओं द्वारा प्राधिकृत अधिकारियों से पूर्व अनुमोदन लेने हेतु ऑनलाइन प्रणाली शुरू की गई है।

इंडियन बैंक में पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के समामेलन के पश्चात सतर्कता तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाना

01-04-2020 से समामेलित संस्था के अस्तित्व में आने के पश्चात, सतर्कता कार्यों में और अधिक मजबूती लाने के उद्देश्य से दोनों बैंकों की सर्वोत्तम प्रणालियों को अपनाया गया और मैनुअल में शामिल किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020

सीवीसी द्वारा निर्धारित थीम **"सतर्क भारत, समृद्ध भारत"** के आधार पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू 2020) 27/10/2019 से 02/11/2020 तक मनाया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 के अनुपालन के भाग के रूप में, सीवीसी वेबपेज को खोलने के लिए इंटरनेट और इंट्रानेट पर बैंक के होम पेज में हाइपरलिंक प्रदान किया गया था ताकि नागरिकों को ईमानदारी की ई–प्रतिज्ञा लेने में सक्षम बनाया जा सके।

'अखंडता और सत्यनिष्ठा' के मूल्यों को उजागर करने के लिए, एफएम स्टेशनों पर हिंदी और अंग्रेजी में 3 केंद्रों यथा चेन्नै, कोलकाता और दिल्ली में 'जिंगल्स' प्रसारित किए गए।

जीवन के सभी क्षेत्रों में अखंडता और सत्यनिष्ठा के गुणों को अपनाने पर बल देते हुए लगभग 40000 कर्मचारियों और लगभग 1.50 लाख ग्राहकों को एसएमएस भेजा गया था।

सप्ताह के दौरान बैंक के वेबसाइट के होमपेज पर एक सतर्कता जागरूकता संदेश प्रदर्शित किया गया।

बैंक ने सभी एफ़जीएम केंद्रों और कॉर्पोरेट कार्यालय में कर्मचारियों के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 की थीम पर निबंध लेखन, स्लोगन और कार्टून प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 के पहले दिन, यानी 27 अक्टूबर 2020 को, सुरक्षात्मक सतर्कता उपायों पर विभिन्न इनपुट / अंतर्दृष्टि को कवर करते हुए बैंक के न्यूज़लेटर 'इंडविजिल' का एक विशेष संस्करण जारी किया गया। इसे सभी कर्मचारियों के लाभ के लिए बैंक के हेल्पडेस्क पर पोर्ट किया गया था।

ऑनलाइन सतर्कता निरीक्षण पोर्टल को श्री सुरेश एन. पटेल, सतर्कता आयुक्त, सीवीसी द्वारा आभासी रूप से लॉन्च किया गया । इसकी शुरूआत के बाद से अब तक 527 शाखाओं का सतर्कता निरीक्षण किया जा चुका है।

कॉर्पोरेट कार्यालय में एमडी और सीईओ द्वारा और विभिन्न एफजीएमओ, अंचल कार्यालयों और निरीक्षण केंद्रों पर संबंधित प्रमुखों द्वारा अखंडता की शपथ दिलाई गई ।

बैंक ने ई–लर्निंग पोर्टल (ई–पाठशाला) के माध्यम से "निवारक सतर्कता" पर कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें लगभग 300 शाखा प्रबंधक/क्रेडिट अधिकारियों ने भाग लिया।

27. सुरक्षा

नकदी समृद्ध उद्योग होने के नाते बैंकिंग हमेशा उन हमलावरों के लिए एक आकर्षक लक्ष्य रहा है जो अपने घातक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए नई और जटिल तकनीकों को अपनाते हैं। उनकी हरकतें मध्यरात्रि में किए गए प्रयासों से भिन्न और भी अधिक प्रबल होती है जैसे ट्रेन डकैती, दिन के उजाले में की गई सशस्त्र डकैती आदि। यह निष्क्रिय सुरक्षा उपायों के बदले एक गतिशील सक्रिय सुरक्षा समाधान की मांग करता है ।

- सुरक्षा प्रबंधन का उद्देश्य कर्मचारियों और ग्राहकों को एक समान रूप से सुरक्षा एवं कार्य करने हेतु सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है तथा संगठन की संपत्ति को अन्य बाह्य आक्रमण से सुरक्षित रखना है। उन्नत सुरक्षा नेटवर्क सुनिश्चित करने के लिए इस उद्देश्य को मानव विश्लेषिकी के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण द्वारा संवर्धित किया गया है । भौतिक सुरक्षा के क्षेत्र में तकनीकी

प्रगति का समावेश सुरक्षा के पारंपरिक साधनों की तुलना में अधिक विश्वसनीय, कुशल और कम लागत का साबित हुआ है।

- हमारी आस्तियों को सुरक्षित रखने जैसा महत्वपूर्ण कार्य सभी हितधारकों की एक सामूहिक जिम्मेदारी है । यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं कि हमारी शाखा सुरक्षा प्रणालियों को बाजार में उपलब्ध नवीनतम प्रौद्योगिकी के साथ लगातार उन्नत किया जाए । हमारी शाखाओं में अब स्टेट ऑफ द आर्ट बर्गलर एंड फायर अलार्म सिस्टम, एचडी डीवीआर / एनवीआर आधारित सीसीटीवी संसाधनों के साथ त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नामित अधिकारियों से आपातकालीन संचार लिंकेज की व्यवस्था उपलब्ध है ।

- बैंकिंग उद्योग में तेजी से तकनीकी प्रगति के साथ, आग अब हमारी शाखाओं/कार्यालयों के लिए अंतर्निहित और शक्तिशाली खतरा में से एक बन गई है । आग के खतरों को रोकने / कम करने के लिए सर्वर जैसे महत्वपूर्ण इंस्टॉलेशन को स्वचालित (मॉड्यूलर) क्लीन एजेंट आधारित अग्नि रोधक के साथ उपलब्ध कराया जाता है । अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, बैंक के स्वामित्व वाली सभी ऊंची इमारतों में वर्ष में एक बार तथा आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी मुद्रा तिजीरियों में दो वर्ष में एक बार अग्निशमन अभ्यास और मॉक निकासी ड्रिल (Fire fighting practice and Mock evacuation drill) का आयोजन किया जा रहा है।

- मार्गस्थ नकदी सबसे अधिक असुरक्षित है क्योंकि यह बैंक परिसर के सुरक्षित आश्रय के बाहर है । इसलिए, भौतिक सुरक्षा के अलावा, हमारे सभी कैश वैन में जीपीएस आधारित ट्रैकिंग उपकरण लगाए गए हैं। कैश वैन की आवाजाही को संबन्धित मुद्रा तिजोरी, शाखा तथा अंचल कार्यालय से कई स्तरों पर वास्तविक समय में ट्रैक किया जाता है।

- एटीएम केंद्रों की भिन्नता को ध्यान में रखते हुए, देश भर में हमारे बैंक के स्वामित्व वाले एटीएम में 24x7 इलेक्ट्रॉनिक निगरानी (ई–निगरानी) की व्यवस्था की गयी है।

- यद्यपि इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा विश्वसनीय और प्रभावी है, फिर भी यह आवश्यक है कि इसकी समय–समय पर समीक्षा की जाए ताकि इसकी सेवा क्षमता और कार्य क्षमता सुनिश्चित की जा सके। अनावश्यक घटनाओं को बढ़ावा देने वाले सुरक्षा उपकरणों के अतिरेक एवं अप्रचलन को दूर करने के लिए समय–समय पर कॉर्पोरेट ऑफिस में मुख्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विभाग द्वारा मौजूदा सुरक्षा प्रणालियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की जाती है। बाजार में उपलब्ध नवीनतम सुरक्षा प्रणालियों, उपकरणों और तंत्रों का बड़े पैमाने पर अध्ययन किया जाता है, कार्यनिष्पादन के लिए मूल्यांकन किया जाता है तथा शीर्ष प्रबंधन की मंजूरी से व्यवहार्यता के अनुसार उन्नत / प्रतिस्थापित / स्थापित किया जाता है । इसके अतिरिक्त, बैंकों / एटीएम / मुद्रा तिजोरियों में सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जब कभी भी आईबीए और आरबीआई द्वारा सिफारिशें एवं दिशानिर्देश निर्धारित किए जाते हैं, इन्हें लागू किया जाता है।

- सुरक्षा प्रबंधन, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन का एक हिस्सा है। 'वित्तीय जोखिमों' के विपरीत, बैंक की आस्तियों के भौतिक जोखिम को प्रभावी सुरक्षा प्रणालियों द्वारा संरक्षित किया जा सकता है। सुरक्षा प्रबंधन को लागू करने के लिए गतिशील होना आवश्यक है और उभरती हुई चुनौतियों के साथ विकसित होना चाहिए । जोखिम मूल्यांकन की आवश्यकता है और इसका संशोधन असंभावी है। इसलिए, खतरे की अवधारणा और प्रचलित सुरक्षा परिदृश्य के आधार पर, तीन वर्ष में एक बार व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन के आधार पर अपनाए गए सुरक्षा जोखिम और अतिरिक्त सुरक्षा उपायों के आधार पर शाखाओं को वर्गीकृत किया गया है।

- संबंधित अंचलों में क्षेत्र स्तर पर कार्यरत सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभाग को विधिवत समर्थन दिया जाता है, जो यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हैं कि बैंक के दिशानिर्देशों / निर्देशों / नीतियों को शाखाओं, एटीएम एवं मुद्रा तिजोरियों में कार्यान्वित किए जाते हैं । अप्रत्याशित घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों / खामियों की जांच शाखा / एटीएम के सुरक्षा पहलुओं को मजबूत करने एवं सुधार करने के लिए की जाती है ।

- यह सुनिश्चित करने के लिए कि सुरक्षा व्यवस्था ठीक है तथा कर्मचारी, सुरक्षा सावधानियों के बारे में जानते हैं, अंचल कार्यालय में कार्यरत सुरक्षा अधिकारी वर्ष में एक बार सभी शाखाओं / एटीएम का सुरक्षा निरीक्षण करते हैं और रिपोर्ट को ऑनलाइन – इन हाउस मॉड्यूल में विभिन्न स्तरों – शाखा, अंचल कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालय पर अपलोड करते हैं। मुद्रा तिजोरी एक उच्च जोखिम वाली इकाई है, इसका निरीक्षण तिमाही आधार पर किया जाता है और समय–समय पर किए गए निरीक्षण में पाई गयी कमियों में सुधार को सुनिश्चित किया जाता है।

- सभी शाखाओं / प्रशासनिक कार्यालयों की विद्युत लेखापरीक्षा और ऊर्जा लेखापरीक्षा तीन वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। रिपोर्ट में टिप्पणियों को संबंधित अंचल कार्यालयों की सहमति के साथ शाखा स्तर पर सुधारा जाता है। इन हाउस मॉड्यूल डिज़ाइन किया गया है जिससे अनुपालन के स्तर को समझने के लिए सभी स्तरों से संपर्क किया जा सकता है ।

- सुरक्षा अधिकारियों को नवीनतम तकनीकी की प्रगति से अवगत कराने के उद्देश्य से, सुरक्षा संबंधी जनकारियों एवं पूर्ववर्ती अवधि के दौरान निष्पादन की समीक्षा करने के लिए, सुरक्षा अधिकारियों को वर्ष में एक बार वार्षिक प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान कराये गए सर्वोत्तम अभ्यासों से संबंधित अंचलों में कार्यान्वयन में सहायता मिलती है। प्रति वर्ष सशस्त्र गार्ड के लिए लाइव फायरिंग अभ्यास आयोजित किया जाता है।

- राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय सुरक्षा समिति एवं स्थायी सुरक्षा समिति के बैठकों के दौरान मुख्य रूप से चर्चा किए गए सुरक्षा पहलुओं को संबन्धित अंचल कार्यालयों को उपलब्ध कराए जाते हैं।

- **निर्मिति, एहतियात एवं रोकथाम** – वह पहलू है जिसके चारों ओर हमारा सुरक्षा विभाग स्थापित है। बैंक ने परिसंपत्ति संरक्षण के उपायों का पालन किया है और बैंक की संपत्ति की सुरक्षा के लिए नकद प्रेषण के दौरान प्रक्रियात्मक सुरक्षा सावधानियों का पालन किया गया है।

- बैंक यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि उसकी आस्ति – कर्मियों और संपत्ति दोनों को अंतर्निहित जोखिमों और खतरों से सर्वोत्तम संभव सुरक्षा दी जाए। इस कार्य को उन अधिकारियों द्वारा संभाला जाता है जो उत्कृष्ट भारतीय सशस्त्र बलों के दिग्गज हैं, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा की रक्षा करने के बाद बैंक की सुरक्षा के लिए खुद को फिर से समर्पित किया है ।

28. इंडियन बैंक में इलाहाबाद बैंक का समामेलन

1. प्रथम दिन के प्रमुख परिचालन

दिनांक 1 अप्रैल, 2020 से इंडियन बैंक में इलाहाबाद बैंक के समामेलन के बाद कोषागार परिचालन पूरी तरह से एकीकृत किया गया था और प्रथम दिन से समेकित रिपोर्टिंग अपेक्षाएं लागू की गई थीं। सुसंगत उत्पादों को देश भर में समामेलित इकाई के ग्राहकों को सुसंगत सेवा शुल्क और ब्याज दरों के साथ उपलब्ध कराया गया है।

2. सीबीएस एकीकरण :

समामेलन प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण अंतिम चरणों में से एक, दोनों बैंकों के सीबीएस प्रणालियों का एकीकरण दिनांक 14.02.2021 को पूरा किया गया था और दिनांक 15.02.2021 को बैंकिंग कारोबार समय प्रारंभ होने तक शाखाओं द्वारा उपयोग के लिए सिस्टम तैयार था। पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक की सभी 3000 + शाखाओं को "बिग बैंग" दृष्टिकोण का उपयोग करके एक बार में इंडियन बैंक के सीबीएस प्लेटफॉर्म पर मूल रूप से एकीकृत किया गया था।



सुचारू रूप से परिवर्तन प्रक्रिया और न्यूनतम ग्राहक व्यवधान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए थे।

- बड्डी शाखाओं की अवधारणा शुरू की गई थी। सीबीएस कार्यप्रणाली पर मार्गदर्शन देने के लिए सभी अंचलों में इंडियन बैंक शाखाओं (बड्डी शाखाओं) को पूर्ववर्ती–इलाहाबाद बैंक शाखाओं से मैप किया गया था ।
- ग्राहकों को 13 और 14 फरवरी, 2021 को सीबीएस एकीकरण और बैंकिंग सेवाओं के व्यवधान और परिचालन में परिवर्तन के बारे में सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से पहले से सूचित किया गया था। इंडियन बैंक और पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के ग्राहकों को एसएमएस भेजे गए।

प्रिंट मीडिया में ग्राहकों को संचार

- अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न अंग्रेजी, हिंदी और बंगाली में ग्राहकों के लिए बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध किया गया था। साथ ही ग्राहकों को प्रश्नों के लिए पोर्टल भी उपलब्ध किया गया जिसका उत्तर संबंधित विभाग द्वारा दिया गया। ग्राहकों के प्रश्नों के समाधान के लिए कॉल सेंटर में अलग सेल की स्थापना की गई थी।



- आईएफएससी कोड, इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन में बदलाव पर एनिमेटेड वीडियो ग्राहकों और कर्मचारियों के फायदे के लिए बैंक के सोशल मीडिया पर हिंदी, अंग्रेजी और बंगाली में पोर्ट किए गए थे । ग्राहकों को अपना नया आईएफएससी कोड जानने के लिए एसएमएस की सुविधा दी गई।

- 1 फरवरी और 10 फरवरी 2021 को वीसी के माध्यम से सभी जोनल मैनेजरों, एफजीएमएस को एकीकरण के प्रति जागरूक किया गया और 11 फरवरी 2021 को वेबकास्ट के माध्यम से बैंक के सभी कर्मचारियों को सीबीएस माइग्रेशन के बाद सुचारू रूप में ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने के लिए एकीकरण के प्रति जागरूक किया गया।

- शाखाओं का मार्गदर्शन करने के लिए प्रत्येक अंचल में नियंत्रण केंद्र और प्रधान कार्यालय में कमांड सेंटर स्थापित किए गए थे। सीबीएस एकीकरण से संबंधित उनके प्रश्नों के समाधान के लिए कर्मचारियों के लिए एक पोर्टल (ऑनलाइन सहायता और निवारण प्रणाली) स्थापित किया गया था।

इस प्रौद्योगिकी एकीकरण के साथ, समामेलन से संबंधित प्रमुख गतिविधियां पूरी हो गई हैं।

3. पुनर्गठन:

- सेवा शाखाओं, एसएएम शाखाओं, कॉर्पोरेट शाखाओं और सामान्य शाखाओं के अलावा एफजीएम, अंचल कार्यालयों, निरीक्षण केंद्रों जैसे प्रशासनिक कार्यालयों के पुनर्गठन के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया था ।
- पहले वर्ष में 100 शाखाओं के नियोजित पुनर्गठन की तुलना में बैंक ने 31 मार्च 2021 तक 203 शाखाओं का पुनर्गठन पूरा किया गया है।
- 25 अंचल कार्यालयों का पुनर्गठन पूरा किया गया है।
- चेन्नै, नई दिल्ली, मुंबई, भुवनेश्वर और लखनऊ में सेवा शाखाओं का पुनर्गठन पूरा किया गया है।
- 12 मुद्रा तिजोरियों का विलय पूरा हो चुका है और 4 मुद्रा तिजोरियों का विलय प्रगति पर है।
- दिसम्बर 2020 को पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के कोलकाता मुख्य कार्यालय को बंद किया गया।
- कोलकाता, चंडीगढ़, तिरुवनंतपुरम, भुवनेश्वर, चेन्नै और हैदराबाद में 6 एसटीसी को पुनर्गठित /बंद किया गया है।
- चेन्नै, मुंबई और नई दिल्ली में बड़े कॉर्पोरेट शाखाओं को पुनर्गठित किया गया।
- अहमदाबाद, हैदराबाद, चेन्नै, मुंबई, दिल्ली और कोलकाता में 6 एसएएम शाखाओं का विलय पूरा हो चुका है।
- बैंक ने समामेलन के कारण सहक्रियात्मक लाभ प्राप्त करना शुरू कर दिया है और हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में इसका पूरा प्रभाव दिखाई देगा।

समामेलित इकाई की सेवा शाखा, मुंबई के नए परिसर का एमडी एवं सीईओ द्वारा उद्घाटन

पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक की अड्यार शाखा का इंडियन बैंक की अड्यार शाखा में विलय

पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक की गोधरा शाखा का इंडियन बैंक की गोधरा शाखा में विलय

पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक की तिरुवानमियूर शाखा का इंडियन बैंक की एलबी रोड शाखा में विलय

साथ ही साथ, बैंक ने समामेलन से उत्पन्न सहक्रियात्मक लाभों का लाभ उठाने के लिए विभिन्न रणनीतिक / डिजिटल पहल और ब्रांड निर्माण पर भी काम करना शुरू कर दिया है।

4. विजन और मिशन वक्तव्यों का शुभारंभ

बैंक का नया विजन, मिशन, टैगलाइन और एचआर विजन स्टेटमेंट 1 अप्रैल 2021 को लॉन्च किया गया था।

5. डिजिटल पहल:

ए. आईबी स्मार्ट ऑफिस

- बीपीआर और हरित पहल के हिस्से के रूप में, भौतिक नोट के स्थान पर डिजिटल मॉड्यूल द्वारा नोट प्रस्तुत करने **(आईबी ई–नोट)** की व्यवस्था शुरू की गई है।



- **आईबी ई–डाक**, एक ऑनलाइन पत्र प्रबंधन प्रणाली शुरू की गई है जो लागत में बचत के अलावा संचार प्रक्रिया, बेहतर नियंत्रण, अनुपालन, डेटा की पुनर्प्राप्ति, समय और श्रमशक्ति की बचत में मदद करेगी।

बी. चैटबॉट:

ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के एक हिस्से के रूप में, बैंक ने "आद्या" (आपकी सहायता के लिए स्वचालित दोस्त) चैटबॉट लॉन्च किया है। आद्या निम्न संबंधित प्रश्नों का उत्तर दे सकती है

1. बैंक के उत्पाद और सेवाएं
2. बैंक का संगठन – प्रबंधन, संरचना, कार्यालय और शाखाएं
3. बैंक से संबंधित समाचार और सूचना



6. परिवर्तन प्रबंधन कार्यालय का गठन:

नवंबर 2020 में आयोजित रणनीति बैठक में बोर्ड द्वारा अगले 2–3 वर्षों के लिए ''रूपान्तरण रोडमैप'' को मंजूरी दी गई थी। रूपान्तरण रोडमैप को पूरा करने के लिए 24 उच्च स्तरीय पहलों और 150 अन्य पहलों की पहचान की गई है। इन सभी पहलों को आगे बढ़ाने के लिए, 1 अप्रैल 2021 से एक विशेष विभाग परिवर्तन प्रबंधन कार्यालय का गठन किया गया है।

बैंक ने विभिन्न परिवर्तनकारी पहलों को लागू करना शुरू कर दिया है जैसे कि डिजिटल परिवर्तन, ऑपरेटिंग मॉडल में परिवर्तन, नेतृत्व विकास योजना और कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली।

इन पहलों के माध्यम से एंड टू एंड डिजिटल माध्यम से ऋण प्रक्रिया, आईटी और डिजिटल ऑपरेटिंग मॉडल में सुधार, मौजूदा चैनला की कार्यक्षमता को बढ़ाने और नए एप्लिकेशन / चैनल विकसित करने, काम करने के नए तरीके, प्रभावशीलता में वृद्धि कर नियंत्रण और अभिशासन में सुधार को प्रस्तुत करना प्रस्तावित है।

नेतृत्व विकास कार्यक्रम के तहत बैंक कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली के भाग के रूप में कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रक्रिया के निर्माण, अनुकूलन और कार्यान्वयन के अलावा स्केल IV और उससे ऊपर के ग्रेड के कार्यपालकों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि वे उच्च प्रभाव वाली भूमिका निभा सकें।

29. विपणन

सोशल मीडिया पर ब्रांड निर्माण गतिविधियां

- इंडियन बैंक के आधिकारिक फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और लिंक्डइन चैनलों का प्रबंधन किया गया तथा सोशल मीडीया चैनलों पर उत्पाद का प्रचार और सूचना प्रसार किया गया। क्षेत्र स्तर की गतिविधियों, बैंक के स्मारक दिवसों, अवसरों और उपलब्धियों से संबंधित विशिष्ट गतिविधियों को हमारे सामाजिक मीडिया चैनलों पर प्रसारित किया गया । इंस्टाग्राम/फेसबुक स्टोरी पोस्ट और त्योहारों के अवसर पर बधाइयाँ देने के लिए संवादात्मक जीआईएफ़ (Gif) और वीडियो पोस्ट तैयार किए गए ।
- वित्त वर्ष 21 के दौरान बैंक के आधिकारिक फेसबुक पेज, जिसका नाम '@MyIndianBank' है, पर 1773 से अधिक पोस्ट किए गए तथा 3.80 लाख से अधिक लाइक्स प्राप्त हुए ।
- बैंक के आधिकारिक ट्विटर चैनल '@MyIndianBank' पर वित्त वर्ष 21 के दौरान 1632 से अधिक ट्वीट किए गए ।
- बैंक का आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'इंडियन बैंक' पर इस वर्ष 74 वीडियो अपलोड किए गए । इसके कुल 38,787 सब्सक्राइबर हैं और 64 लाख बार देखे गए हैं।
- बैंक के आधिकारिक इंस्टाग्राम चैनल '@MyIndianBank' पर 2080 पोस्ट अपलोड किए गए तथा लगभग 44,100 उपयोगकर्ता हमारे बैंक का अनुसरण करते हैं ।
- बैंक के आधिकारिक लिंक्डइन चैनल "इंडियन बैंक" पर 312 पोस्ट अपलोड किए गए एवं 18,251 उपयोगकर्ता इसका अनुसरण करते हैं ।

फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर पेजों पर एंगेजमेंट प्रतियोगिताएं

इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य इंडियन बैंक के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना एवं इसका प्रसार करना तथा हमारे सोशल मीडिया पेजों पर अधिक लोगों को शामिल करना है। बड़े पैमाने पर फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पेज इस्तेमाल किए गए थे । विश्व पुस्तक दिवस, मातृ दिवस, इंड एडवांटेज, दीवाली, क्रिसमस, इंड ओएसिस फेस्टिवल बोनांजा आदि लॉच करने के दौरान 10 अभियान / प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इन प्रचारों के दौरान 35 लाख से अधिक इंप्रेशन देखे गए।

वेबसाइट पर सूचना और प्रचार

कॉरपोरेट कार्यालय के संबंधित विभागों के समन्वय से, इंडियन बैंक की आधिकारिक वेबसाइट को लगातार नई रचनात्मक सामग्री के साथ अद्यतन किया गया। वर्ष के दौरान, अंग्रेजी और हिंदी में 100 से अधिक क्रिएटिव तैयार किए गए।

इंडियन बैंक के आधिकारिक न्यूज़लेटर की शुरुआत– "इंड नव्या"

इंड नव्या एक मासिक ई–न्यूज़लेटर है, जिसे हमारी वेबसाइट पर अंग्रेजी और हिंदी में पोर्ट किया जाता है और हर महीने के पहले सप्ताह में लगभग 25 लाख ग्राहक जिनके ईमेल आईडी पंजीकृत है, उनको ईमेल के माध्यम से भेजा जाता है। यह बैंक के ग्राहक–केंद्रित पहलों और नए उत्पादों और सेवाओं, सुविधाओं, उपलब्ध ऑफर, अभियानों की शुरुआत, उपलब्धियों, नेटवर्क विस्तार, घटनाओं, सरकार के निर्देश, आदि जैसे घटनाक्रमों की जानकारी प्रदान करता है।

आईबी ब्रांड मैनुअल का शुभारंभ

ब्रांड मैनुअल, एक ऐसा दस्तावेज जो पूरा संगठन में समान रूप से ब्रांड बनाने में मदद करता है, का अनावरण दिनांक 03.06.2020 को किया गया। लोगो, रंग पैलेट, छवि शैली, प्लेसमेंट और अन्य टाइपोग्राफ़िकल सौंदर्यशास्त्र के तत्वों का डिज़ाइन किया गया, मैनुअल बताता है कि हमारे ब्रांड को आंतरिक और बाहरी रूप से कैसे उपयोग किया जाना चाहिए।

प्रतिष्ठा, प्रचार और दृश्यता में सुधार

शाखाओं, अंचल कार्यालयों और अन्य कार्यालयों में कार्यरत क्षेत्र स्तर के पदाधिकारियों के लिए डैग्लर, बैनर, पोस्टर आदि की सॉफ्ट कॉपी तैयार की गयी और अपलोड की गयी ।

हमारे उत्पादों, ऑफर और अन्य विकास जैसे आर्क, बैनर, डैंगलर्स और स्टैंडीज़ आदि के लिए रचनात्मक सामग्री की सॉफ्ट कॉपी तैयार की गई और शाखाओं और अंचल कार्यालयों द्वारा मुद्रण और उपयोग के लिए मार्केटिंग साइट पर अपलोड किया गया। वित्तीय वर्ष के दौरान बनाए गए क्रिएटिव की एक सांकेतिक सूची –

- वरिष्ठ नागरिक: अतिरिक्त ब्याज, मीयादी जमा, आईबी गोल्डन एजर (सुपर सीनियर सिटीजन के लिए मीयादी जमा)
- खुदरा ऋण: गृह ऋण/वाहन ऋण और ओवरड्राफ्ट जेवर ऋण के लिए फेस्टिवल बोनांजा
- कृषि: नई कृषि अवसंरचना योजनाएं
- एमएसएमई: एसएमई ईज और आईबी स्टैंडबाय सुविधा, एमएसएमई खुदरा ऋण का पुनर्गठन और एमएसएमई प्रेरणा ब्रोशर
- सामान्य: कोविड आपातकालीन ऋण, पॉजिटिव पे सिस्टम और समामेलन
- डिजिटल: डिजिटल अपनाएं अभियान, डिजिटल कार्निवल अभियान

टीवी और डिजिटल चैनलों में उपयोग के लिए वीडियो सामग्री का उत्पादन

वित्तीय वर्ष के दौरान 53 वीडियो (संबंधित विभागों की मांग पर 34 और विपणन विभाग द्वारा किए गए शेष 19) तैयार किए गए थे जिसमें ट्यूटोरियल (सेवा का उपयोग कैसे करें), प्रचार (उत्पादों और सेवाओं का परिचय और प्रचार) और सूचनात्मक (बैंक में विकास जैसे परिणाम, साक्षात्कार, सीएसआर, आदि) को कवर किया गया।

बैंक का लोयल्टी कार्यक्रम – " इंड एडवांटेज" :

बैंक के लोयल्टी प्रोग्राम ने ग्राहकों के लिए पॉइंट्स और ब्राउज़िंग कैटलॉग को बेहतर ढंग से देखने/रिडीम करने के लिए मोबाइल ऐप लॉन्च किया। समर्पित वेब पोर्टल की तुलना में ऐप अधिक सुविधा और बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करेगा। फिलहाल यह ऐप एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। बैंक हमारे मोबाइल ऐप (इंड ओएसिस) के माध्यम से सिंगल साइन–ऑन (एसएसओ) सत्र लाने के लिए लाइव आईओएस प्लेटफॉर्म प्रदान करने की प्रक्रिया में है ताकि उपयोगकर्ता पोर्टल में लॉगइन करने के लिए लॉगइन क्रेडेंशियल के एक सेट का उपयोग कर सके।

डिजिटल साइनेज का कार्यान्वयन

बैंक ने कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा पहचानी गई शाखाओं में ग्राहकों को बैंक के उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल साइनेज सलूशन अपनाया गया है। डिस्प्ले बैंक नेटवर्क से जुड़ा होगा और केंद्रीय स्थान कॉर्पोरेट कार्यालय से बैंकों के उत्पादों और उपलब्ध प्रस्तावों आदि पर सामग्री प्राप्त करेगा। डिजिटल साइनेज का लाभ बैंक में हो रहे परिवर्तनों की अद्यतन जानकारी प्राप्त करना है। स्केल IV और उससे ऊपर की शाखाओं और एफ़जीएमओ / अंचल कार्यालयों /प्रशासनिक कार्यालयों में पूरे भारत में 1000 साइनेज स्थापित किया गया है।

एआई– चैटबॉट

आद्या (ADYA) एक वेब आधारित चैटबॉट है जो बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध सामग्री पर ग्राहकों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक अतिरिक्त मोबाइल–अनुकूल ग्राहक इंटरफ़ेस के रूप में इंडियन बैंक की वेबसाइट में एकीकृत है। अब ग्राहकों को आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट खोजने और ब्राउज़ करने में समय नहीं लगाना पड़ेगा, क्योंकि वे सीधे आद्या (ADYA) को क्वेरी कर सकते हैं। चैटबॉट को आधिकारिक तौर पर दिनांक 01.04.2021 को लॉन्च किया गया था।

आद्या (ADYA) ग्राहक द्वारा सामान्य संवाद की भाषा (वर्तमान में अंग्रेजी) में पूछे गए प्रश्नों को समझने में सक्षम है।

यह बैंक के उत्पादों और सेवाओं, बैंक के संगठन – प्रबंधन, संरचना, कार्यालयों, शाखाओं और बैंक से संबंधित समाचार/सूचना से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम है।

ग्राहक/ वेबसाइट विज़िटर और बैंक की सेल्स / एडमिन टीम आद्या (ADYA) के उपयोगकर्ता हैं।

कार्यक्रमों का प्रबंधन

114 वां स्थापना दिवस: पहली बार 14 अगस्त 2020 को 114वां स्थापना दिवस समारोह ऑनलाइन आयोजित किया गया। बैंक की विरासत और समामेलन पर एवी फिल्में, सीएसआर गतिविधियां, कोविड से जान गंवाने वाले सहयोगियों के लिए एकजुटता, इंड ओएसिस मोबाइल ऐप का शुभारंभ, देश भर के कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। सोशल मीडिया चैनलों पर, एक स्मारक विज्ञापन भी तैयार किया गया और जनता के लिए पोस्ट किया गया।

आईबी ई–नोट सिस्टम का शुभारंभ: 28 सितंबर 2020 को, 'आईबी–ई–नोट', एक ऐसा उपकरण जो आंतरिक नोटों के प्रसंस्करण का डिजिटलीकरण करता है, का शुभारंभ किया गया।

कार ऋण मेला: 24 और 25 सितंबर, 2020 को 4 अंचलों यथा चेन्नै उत्तर, चेन्नै दक्षिण, पूनमल्ली और कांचीपुरम की 7 शाखाओं द्वारा कार ऋण मेला आयोजित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ₹6.84 करोड़ की 88 लीड तैयार हुई।

एसएमएस अभियान: प्रचार अभियान के भाग के रूप में, वित्त वर्ष 21 की दूसरी तिमाही के दौरान, उन ग्राहकों को 7 लाख एसएमएस भेजे गए जिन्होंने अभी तक हमारे बैंक से कोई उत्पाद नहीं लिया है। तीसरी तिमाही के दौरान, रुपे डेबिट कार्डधारक लगभग 15 लाख ग्राहकों को एसएमएस भेजे गए जो पीओएस में सक्रिय थे, लेकिन ई–कॉम में निष्क्रिय थे।

ई–मेल अभियान: वित्त वर्ष 21 की दूसरी तिमाही के दौरान, नए लॉन्च किए गए मोबाइल ऐप 'इंड ओएसिस' को बढ़ावा देने के लिए, लगभग 17.85 लाख संदेश ग्राहकों को ऐप डाउनलोड करने के अनुरोध के साथ भेजे गए थे।

30. कॉर्पोरेट संचार पहलें:

बाहरी संचार

- वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, बैंक ने ग्राहक केंद्रित उत्पादों के साथ ग्राहकों तक पहुंचने, सरकार की विभिन्न योजनाओं, बैंक की उपलब्धियों और आम जनता के कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया।
- बैंक ने विभिन्न अवसरों पर वर्चुअल मोड के माध्यम से 60 से अधिक प्रेस कॉन्फ्रेंस, कई बैठकें और शीर्ष प्रबंधन के विशेष साक्षात्कार आयोजित किए गए, जिसमें नई प्रौद्योगिकी उत्पादों का शुभारंभ, वित्तीय परिणाम जारी करना, मेला और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम जैसे सतर्कता जागरूकता सप्ताह, स्वच्छ भारत ड्राइव आदि शामिल हैं।
- बैंक का ईटी नाऊ, सीएनबीसी टीवी 18 ग्रूप, थांथी टीवी, सन टीवी, पुथियाथलाईमुरई टीवी, न्यूज 7, न्यूज 18, द हिंदू, द टाइम्स ऑफ इंडिया, बिजनेस लाइन, द इकोनॉमिक टाइम्स, बिजनेस स्टैंडर्ड, द फाइनेंशियल एक्सप्रेस, हिंदुस्तान टाइम्स, द न्यू इंडियन एक्सप्रेस, डेली थांथी, दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, दीनमणि, आदि द्वारा विभिन्न अवसरों जैसे वित्तीय परिणामों की घोषणा, प्रेस मीट, प्रौद्योगिकी उत्पादों का शुभारंभ, ऋण मेला, स्वच्छ भारत पखवाड़ा, अखिल– भारतीय रक्त/अंगदान शिविर, 114वां स्थापना दिवस समारोह आदि अवसरों पर व्यापक रूप से कवरेज किया गया।
- होर्डिंग्स और बस शेल्टर विज्ञापनों के माध्यम से चेन्नै और पुडुचेरी में आऊट–ऑफ–होम (ओओएच) अभियानों को आगे बढाया गया। चेन्नै और बैंगलोर के बीच चलनेवाली 'लालबाग एक्सप्रेस' ट्रेन में पूर्ण प्रदर्शित विज्ञापन (फूल ट्रेन रैप एडवटाइजमेंट), लखनऊ हवाई अड्डे और केजीएमयू, लखनऊ में भी शुरूआत की गई।
- चेन्नै में हमारे बैंक की 8 शाखाओं में ट्राइ–विजन विज्ञापन अभियान चलाए जा रहे हैं।
- हमारे बैंक के समामेलन के अलावा, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और त्योहारों यथा होली, दीपावली, पोंगल आदि के अवसर पर अखिल भारत के प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी किए गए ।
- तिरुमाला, तिरुपति देवस्थानम के एसवीबीसी चैनल और अन्य स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर विभिन्न अवसरों के दौरान बैंक के विज्ञापन कई भाषाओं में जारी किए गए थे।

आंतरिक संवाद

- बैंक के विभिन्न कार्यक्रमों यथा सीएसआर कार्यक्रम, संसदीय समिति के दौरे आदि को हेल्पडेस्क के माध्यम से कर्मचारियों के बीच प्रचारित किया गया।
- विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवसों जैसे महिला दिवस, मई दिवस, मातृ दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, रक्तदाता दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आदि के बारे में कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए बैनर भी प्रदर्शित किए गए।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):

- बैंकिंग से परे बैंक ने सीएसआर पहल की और नैतिक मूल्यों का सम्मान करने और लोगों, समुदायों और प्राकृतिक पर्यावरण का सम्मान करने के लिए आगे बढी।
- एक मजबूत जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में बैंक, भारत के लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता के साथ समाज के लाभ के लिए विभिन्न प्रयास कर रहा है और सीएसआर के अपने स्तंभों के माध्यम से जरूरतमंद और वंचित वर्ग की आबादी तक पहुंचने के लिए निम्नानुसार कार्य कर रहा है:
- लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण
- समावेशी विकास
- हरित पहल और पर्यावरणीय स्थिरता
- वित्तीय साक्षरता और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि
- वरिष्ठ नागरिकों की विशिष्ट आवश्यकताएं
- अपनी मानवीय सेवाओं पर गर्व करते हुए, बैंक ने हाल ही के दिनों में कई लोगों के जीवन तक पहुंचने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कई पुरस्कार हासिल किए हैं।

सीएसआर हाइलाइट्स:

कोविड–19 राहत उपायों और अन्य महत्वपूर्ण सीएसआर प्रयासों का उद्देश्य कोविड–19 से होने वाले नुकसान को कम करना है।

(ए) कोविड–19 से संबंधित सीएसआर गतिविधियां

मुख्यमंत्री राहत कोष : एमडी और सीईओ सुश्री पद्मजा चुन्डूरू ने श्री के. षणमुगम, आईएएस, मुख्य सचिव, तमिलनाडु सरकार को एक चेक सौंपा।

एमडी और सीईओ सुश्री पद्मजा चुन्डूरू ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर 26.01.2021 को तिरुवल्लूर जिले के गरीब जनजातियों को तिरपाल की चादरें सौंपीं।

श्री के. रामचंद्रन, कार्यपालक निदेशक ने डॉ. गिरीश शिवा राव, चिकित्सा निदेशक (प्रशासन), शंकरा नेत्रालय अस्पताल, चेन्नई को कोविड–19 सुरक्षा संबंधी आवश्यक वस्तुएं सौंपीं।

चेन्नई के किलपौक मेडिकल कॉलेज को सेनेटाइजर और मास्क प्रदान किये गए।

बैंक ने अडयार कैंसर संस्थान, चेन्नई को फेस मास्क और पीपीई प्रदान किए – सुश्री शांता, अध्यक्ष, अड्यार कैंसर संस्थान द्वारा प्राप्त किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बैंक ने विश्रांती ओल्ड एज होम, चेन्नई को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण वितरित किए।

बैंक ने गिल्ड ऑफ सर्विसेज, बाला विहार, चेन्नई में विशेष बच्चों को ऑडियो–विजुअल उपकरण, कलर–पुस्तकें और क्रेयॉन प्रदान किए।

श्री भक्तुला सूरीबाबू क्षेत्र महाप्रबंधक, भुवनेश्वर ने स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, ओलटपुर, कटक में दिव्यांगजनों को कंबल वितरित किए।

श्री रोहित ऋषि, एफजीएम, बेंगलुरू द्वारा बोरिंग एंड लेडी कर्ज़न हॉस्पिटल मैनेजमेंट के प्रतिनिधियों को कोविड सुरक्षा किट का विवरण

एफजीएम कार्यालय, दिल्ली ने राष्ट्रीय वृज नंद अंध कन्या विद्यालय, राजेन्द्र नगर में कंबल वितरित किया

श्री बी के सारंगी, क्षेत्र महाप्रबंधक, पटना ने वेद आश्रम को कंबल वितरित किए

श्री संदीप कुमार गुप्ता, क्षेत्र महाप्रबंधक, मुंबई के साथ श्री श्याम शंकर, अंचल प्रबंधक, नागपुर ने स्नेहंगन अपंग मुलाची, नागपुर के दिव्यांग बच्चों को कंबल वितरित किए

श्री शशि भूषण दास, क्षेत्र महाप्रबंधक, कोलकाता II के साथ श्री एफ आर बोखारी, अंचल प्रबंधक, सिलीगुड़ी ''अपना घर'' ओल्ड एज केयर होम में वृक्षारोपण करते हुए।

श्रीमती ज़फिया फरीद, क्षेत्र महाप्रबंधक, कोयंबत्तूर द्वारा श्री के राजामणि, आईएएस – जिला कलेक्टर, कोयंबत्तूर को 225 पीपीई किट का दान।

श्री एम.बी. सुरेश कुमार, अंचल प्रबंधक ने दिनांक 17.04.20 को चौतुप्पल गांव में अम्मा नन्ना आनंदा आश्रम के 400 मानसिक रूप से मंद / निराश्रित अनाथों को भोजन वितरित किया।

अंचल कार्यालय, नागपुर ने कोविड–19 के दौरान विभिन्न स्थानों पर गरीबों को भोजन के पैकेट वितरित किए।

अंचल कार्यालय, विजयवाड़ा ने विजया मैरी इंटीग्रेटेड स्कूल के दिव्यांग छात्रों को कंबल और खाद्य सामग्री वितरित किए।

अंचल कार्यालय पटना ने बिहार कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी, पटना में दिव्यांगजनों को वॉकर वितरित किए।

अंचल कार्यालय, सूरत ने सूरत शहर में विभिन्न स्थानों पर गरीब लोगों को दैनिक राशन वितरित किया।

अंचल कार्यालय, बंगलौर ने कोविड–19 के कारण असहाय प्रवासी कामगारों को आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित किया।

अंचल कार्यालय, रांची ने कोविड –19 महामारी के दौरान झारखंड राज्य के गरीब ग्रामीणों को भोजन के पैकेट और मास्क वितरित किए।

अंचल कार्यालय, गुवाहाटी ने मिशन ऑफ चैरिटी, शांति दान में रहने वाले दिव्यांगों को कंबल वितरित किए।

राजकीय राजाजी अस्पताल, मदुरै में अंचल कार्यालय, मदुरै द्वारा प्रायोजित इन्सिनरेटर मशीन का उद्घाटन।

कोविड लॉकडाउन के दौरान भीषण गर्मी से बचने के लिए बैंक द्वारा चेन्नई में पुलिस कर्मियों को छतरियां वितरित की गई।

अंचल कार्यालय हैदराबाद ने दिव्यांग गृह, बंसीलालपेट, सिकंदराबाद में, 120 लोगों को उपयोगिता वस्तुएं वितरित करके अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया।

कोरोना प्रकोप के दौरान अंचल कार्यालय, सेलम ने सेलम नगर निगम को स्वचालित थर्मल स्कैनर प्रदान किया।

अंचल कार्यालय, कांचीपुरम ने लॉकडाउन के दौरान 100 पुलिस कर्मियों और स्वयंसेवकों को तीन सप्ताह तक नाश्ता वितरित किया।

श्री के.जी.एम. फैज़ानी, अंचल प्रबंधक, करीम नगर अंचल, कोविड –19 के दौरान आवश्यक वस्तुओं का वितरण करते हुए।

तिरुवल्लूर बाजार शाखा ने तिरुवल्लूर जिला कलेक्टर को मास्क और सैनिटाइज़र टैंक सौंपे

लुधियाना अंचल के अंतर्गत शाखाओं द्वारा मास्क वितरण

अंचल कार्यालय, वेल्लोर ने वेल्लोर कलेक्ट्रेट को एन–95 मास्क प्रदान किए।

बैंक ने अपने सीएसआर के तहत लिटिल ड्रॉप्स ओल्ड एज होम को 4 फूड सर्विंग ट्रॉलियां दान में दीं।

31. खेल

वित्त वर्ष 21 में बैंक के स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने कोविड–19 महामारी के कारण सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए सीमित खेल गतिविधियां / टूर्नामेंट आयोजित किए।

एक्सिक्युटिव क्रिकेट मैचः 29.11.2020 को चेन्नै में आयोजित एमकेबी कप के लिए इंडियन बैंक के एक्सिक्युटिव क्रिकेट मैच के दौरान बैंक की एमडी और सीईओ सुश्री पद्मजा चुन्डूरू, श्री एम के भट्टाचार्य, कार्यपालक निदेशक को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए।

वॉलीबॉलः इंडियन बैंक की वॉलीबॉल टीम ने 13 और 14 फरवरी, 2021 को तिरुनलवेली जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा तिरुनेलवेली में आयोजित राज्य स्तरीय इन्विटेशन वॉलीबॉल टूर्नामेंट जीता। इंडियन बैंक ने फाइनल में तमिलनाडु राज्य की पुलिस टीम को हराया

पैरा शूटिंगः सुश्री पूजा अग्रवाल, (सहायक प्रबंधक, पंजाबी बाग शाखा) ने भारतीय पैरा शूटिंग दस्ते का प्रतिनिधित्व किया। हाल ही में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक समिति द्वारा दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में 15 से 26 मार्च 2021 तक आयोजित विश्व कप में भाग लिया। वह 25 मीटर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं की प्रतियोगिता में विश्व रैंकिंग में क्रमशः 15वें और 14वें स्थान पर रही।

क्रिकेटः इंडियन बैंक की क्रिकेट टीम ने कडप्पा जिला क्रिकेट संघ, आंध्र प्रदेश द्वारा 16 से 19 मार्च 2021 तक कडप्पा में आयोजित डॉ. वाईएसआर कप–टी 20 इन्विटेशन क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में जीत हासिल की।

32. राजभाषा कार्यान्वयन

- बैंक द्वारा प्रतिवर्ष भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के आधार पर राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित कार्यक्रम तैयार किया जाता है तथा अंचल कार्यालयों को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित किया जाता है। राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित एक मास्टर परिपत्र प्रति वर्ष जारी किया जाता है।
- बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा हिन्दी पत्रिका 'इंड–छवि' का प्रकाशन किया जा रहा है। लगभग सभी अंचल कार्यालयों से भी त्रै–मासिक/छमाही हिन्दी पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन सुनिश्चित किया गया है। हमारी सभी पत्रिकाओं में अन्य आवश्यक विषयों के साथ बैंकिंग विषयों पर विशेष जोर दिया जाता रहा है। स्टाफ सदस्यों को लेखन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी लेखकों को पुस्तकें भेंट की गईं।
- यह वर्ष राजभाषा के लिए अत्यंत गौरवशाली रहा है। इस वर्ष के दौरान इंडियन बैंक की गृह पत्रिका 'इंड छवि' को भारत सरकार द्वारा 'राजभाषा कीर्ति' पुरस्कार से सम्मानित किया गया और पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा 'राजभाषा कीर्ति' पुरस्कार के लिए चुना गया। इस प्रकार समामेलित संस्था को दो राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हुए।
- हिन्दी माह 2020 के अवसर पर कोविड–19 महामारी के कारण भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार हमारे कॉर्पोरेट कार्यालय ने दिनांक 18.08.2020 से 24.08.2020 तक स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन किया जिनमें स्टाफ सदस्यों एवं उनके बच्चों द्वारा सोत्साह प्रतिभागिता की गई। अंचल कार्यालयों द्वारा भी हिन्दी दिवस, हिन्दी सप्ताह इत्यादि का आयोजन किया गया।

- हिन्दी दिवस – 14 सितंबर 2020 के शुभ अवसर पर, बैंक द्वारा मनाए जा रहे "हिंदी माह 2020" के समापन समारोह के दौरान, हमारी एमडी एवं सीईओ महोदया द्वारा 'राजभाषा – एक परिचय' वीडियो का डिजिटल उद्घाटन किया गया। बैंक के राजभाषा विभाग द्वारा इसे स्टाफ सदस्यों के सहायतार्थ द्विभाषी रूप में बनाया गया है। इसे बैंक के प्रशिक्षण पोर्टल 'ई–पाठशाला' पर उपलब्ध कराया गया है।

- नववर्ष 2021 के अवसर पर बैंक के अधिकारियों एवं कार्यपालकों के सहायतार्थ राजभाषा विभाग ने "दैनिक कार्यों में प्रयुक्त होने वाले सरल हिंदी टिप्पण" पत्रक का प्रकाशन किया।

- वैश्विक महामारी कोविड–19 के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से राजभाषा विभाग द्वारा 'कोविड–19 जागरूकता स्टिकर' बनवाए गए हैं जिन्हें विभाग से प्रेषित पत्रों–परिपत्रों पर लगाया जाता है।

- हेल्पडेस्क पर हिन्दी शब्द प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जो कर्मचारियों को हिन्दी सीखने में उपयोगी हैं।

- स्टाफ सदस्यों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 04 फरवरी 2021 से हेल्पडेस्क>इंट्रानेट पर महापुरुषों के प्रेरणादायक वचन हिंदी में प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

- बैंक की वेबसाइट द्विभाषी है। समय–समय पर इसे अद्यतित किया जा रहा है। बैंक की मोबाइल एप्प इंड–ओएसिस 13 भाषाओं (हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, पंजाबी, बांग्ला, कोंकड़ी और असमिया) में उपलब्ध है।

- बैंक में राजभाषा के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए 'वार्षिक योजना' के अनुसार विभिन्न अंचल कार्यालयों का ऑनलाइन राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन को प्रभावी बनाने के लिए अंचल कार्यालयों का सहयोग किया गया।

- हिंदी माह समापन समारोह के दौरान एमडी एवं सीईओ महोदया द्वारा हिंदी माह–2020 के दौरान आयोजित विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

- समामेलन से संबंधित विभिन्न प्रकार की सूचनाएं, निविदाएं, बैनर, प्रचार सामग्रियां इत्यादि हिंदी में भी जारी किए गए।
- ग्राहकों के लिए उपयोगी सभी आवश्यक प्रपत्र व प्रारूप द्विभाषी/त्रिभाषी रूप में उपलब्ध कराए जाते हैं। बैनर, पोस्टर एवं पैम्फलेट इत्यादि द्विभाषी/त्रिभाषी बनाए जाते हैं।
- बैंक के मासिक ई–समाचार पत्र 'इंड नव्या' को द्विभाषी रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।
- बैंक के इंटरनेट बैंकिंग एवं मोबाइल बैंकिंग संबंधी 'बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू)' को द्विभाषी रूप में उपलब्ध कराया गया है।
- राजभाषा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से शाखाओं के राजभाषा विषयक निरीक्षण किए जा रहे हैं, जिनमें राजभाषा कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्टाफ सदस्यों को डेस्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।
- बैंक में कॉर्पोरेट कार्यालय एवं अंचल कार्यालयों में नियमित रूप से राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।
- बैंक, स्टाफ सदस्यों को हिन्दी कार्यशालाओं के जरिए प्रशिक्षण देने पर विशेष जोर दे रहा है। कोविड–19 महामारी के कारण कॉर्पोरेट कार्यालय:राजभाषा विभाग एवं विभिन्न अंचल कार्यालयों ने हिन्दी कार्यशालाओं का ऑनलाइन आयोजन किया है जिनमें स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया।
- बैंक अनेक स्थानों पर 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति' के समन्वयक की भूमिका निभा रहा है। कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा समय पर 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति' (बैंक एवं वित्तीय संगठन) चेन्नै की छमाही बैठकों एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।
- राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वमयन के लिए विजयवाड़ा, कोलकाता–1 एवं हैदराबाद अंचल कार्यालयों को संबंधित नराकासों द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट –2020–21

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 का विनियमन 34

खण्ड ए: कंपनी का सामान्य परिचय

1. कंपनी की कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	लागू नहीं
2. कंपनी का नाम	**इंडियन बैंक**
3. पंजीकृत पता	66, राजाजी सालै, चेन्नै– 600 001
4. वेबसाइट	www.indianbank.in
5. ई–मेल	ibinvestorrelations@indianbank.co.in
6. रिपोर्ट का वित्तीय वर्ष	2020-21
7. कंपनी के व्यावसायिक क्षेत्र (औद्योगिक गतिविधि कोड–वार)	बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं
8. 3 प्रमुख उत्पाद/सेवाएँ जो निर्माता देता है (तुलन पत्र के अनुसार)	जमा उत्पाद, ऋण उत्पाद एवं प्रेषण आदि
9. स्थानों की कुल संख्या जहां कंपनी द्वारा व्यापार गतिविधियां की जाती है। **स्थानों की कुल संख्या** I. राष्ट्रीय II. अंतर्राष्ट्रीय	 31.03.2021 तक 6004 शाखाएँ 3 (सिंगापुर, कोलंबो और जाफना)
10. कंपनी द्वारा जिन बाज़ारों में सेवा प्रदान की जाती है – स्थानीय/राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय	29 राज्यों एवं 6 संघ राज्य क्षेत्रों में बैंक की शाखाएँ है और सिंगापुर एवं श्रीलंका में बैंक की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति है।

खंड बीरू कंपनी के वित्तीय ब्यौरे

1) प्रदत्त पूंजी (भारतीय रुपये)	₹ 1129 करोड़
2) कुल कारोबार (भारतीय रुपये)/राजस्व	₹ 45,185 करोड़
3) कर चुकौती के बाद कुल लाभ (भारतीय रुपये)	₹ 3005 करोड़
4) कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर कर चुकाने के बाद लाभ के प्रतिशत के रूप में कुल व्यय	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए सीएसआर पर व्यय अनिवार्य नहीं है। तथापि बैंक ने रुपए 202.54/–लाख खर्च किया है।

5) गतिविधियों की सूची जिसमें उक्त (4) पर व्यय हुआ है।

क्रम सं	सीएसआर गतिविधियाँ	राशि (रुपए लाख में)
1.	समावेशी प्रगति	188.43
2.	यावसायिक कौशल और वित्तीय कौशल बढाना	4.76
3.	हरित पहल और पर्यावरण धारणीयता	7.61
4.	लिंग समानता और महिलाओं का सशक्तिकरण	1.56
5.	वरिष्ठ नागरिकों की विशिष्ट आवश्यकताएं	0.18
	कुल	**202.54**

खंड सी : अन्य विवरण

1. क्या कंपनी की कोई अनुषंगी कंपनी/कंपनियां है	हाँ **1. इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड** **2. इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड।**
2. क्या अनुषंगियां: मूल कंपनी की बीआर पहल को कार्यान्वित करती है, यदि हाँ, तो ऐसी अनुषंगियों की संख्या प्रस्तुत करें।	**नहीं,** **बैंक की दोनों अनुषंगियां सूचीबद्ध संस्थाएं हैं।**
3. क्या कोई अन्य संस्था/संस्थाएं जिनके साथ कंपनी कारोबार करती है, (जैसे प्रदायक, वितरक आदि) कंपनी की बीआर पहलों में भागीदारी निभाते हैं? यदि हाँ, तो यह दर्षाएँ कि ऐसी संस्था/संस्थाओं का प्रतिशत कितना है (30 प्रतिशत से कम, 30 से 60 प्रतिशत, 60 प्रतिशत से अधिक)	**नहीं**

खंड डी: बीआर जानकारी

1. निदेशकों के विवरण/बीआर के प्रति उत्तरदायी निदेशक

I. बीआर नीति/नीतियों के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी निदेशक/निदेशकों के विवरण।

डीआईएन संख्या	07561455
नाम	**श्री वी वी शेणॉय**
पदनाम	कार्यपालक निदेशक

II. बीआर प्रमुख का विवरण निम्न प्रकार है

क्रम सं	विवरण	ब्यौरा
1	डीआईएन सं (अगर लागू हो तो)	लागू नहीं
2	नाम	**श्री सुधाकर राव के एस**
3	पदनाम	महाप्रबंधक
4	टेलीफोन संख्या	044 – 28134566
5	ईमेल आईडी	sudhakar.rao@indianbank.co.in

2. सिद्धांत–वार (एनवीजी के अनुसार) बीआर नीति /नीतियाँ (हाँ/नहीं में जवाब दें)

क्रम सं	प्रश्न	कारोबारी आचार	उत्पाद जिम्मेदारी	कर्मचारियों का कल्याण	स्टेक धारक की नियुक्ति	मानव अधिकार	पर्यावरण	जन नीति	समावेशी विकास	ग्राहक संबंध
1	क्या आपके पास इनके लिए नीति / नीतियाँ हैं	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
2	क्या यह नीति संबन्धित स्टेकधारकों से परामर्श के बाद बनाई गई हैं?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
3	क्या यह नीति किसी भी राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप है ? यदि हाँ ,तो (50 शब्दों में) बताएं	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
4	क्या नीति बोर्ड द्वारा अनुमोदित है ? यदि हाँ, तो क्या वह सक्षम प्रनि / स्वामी / मुकाअ / उपयुक्त बोर्ड के निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित है ।	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
5	क्या कंपनी की नीति के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए बोर्ड / निदेशक/ अधिकारी की एक निर्दिष्ट समिति है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
6	नीति को ऑनलाइन देखे जाने के लिए लिंक दें ?	**www.indianbank.in**								
7	क्या नीति के बारे में औपचारिक रूप से सभी प्रासंगिक आंतरिक और बाहरी स्टेक धारकों को सूचित किया गया है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
8	क्या कंपनी की नीति / नीतियों को लागू करने के लिए आंतरिक संरचना है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
9	क्या कंपनी की नीति/ नीतियों से संबंधित, संबंधित हितधारकों के पते "शिकायत निवारण" पते उपलब्ध हैं ?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
10	क्या आंतरिक या बाहरी एजेंसियों द्वारा कंपनी की इस नीति की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र लेखा परीक्षा/मूल्यांकन किया गया है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ

2ए. यदि क्र.सं. 1 से किसी भी सिद्धांत के आगे जवाब 'नहीं' है, तो ऐसा क्यों है कृपया समझाएं (2 विकल्पों पर टिक लगाएँ)

क्रम सं	प्रश्न	पृ1	पृ2	पृ3	पृ4	पृ5	पृ6	पृ7	पृ8	पृ9
1	कंपनी ने सिद्धांतों को नहीं समझा है।									
2	कंपनी ऐसी स्थितियों में निर्दिष्ट सिद्धांतों पर नीतियां तैयार करने और लागू करने की स्थिति में नहीं है ।									
3	कंपनी के पास कार्य के लिए वित्तीय या मानव शक्ति संसाधन उपलब्ध नहीं हैं ।						लागू नहीं			
4	इसे अगले 6 महीनों के भीतर किए जाने की योजना बनाई गई है।									
5	इसे अगले 1 साल के भीतर किए जाने की योजना बनाई गई है ।									
6	कोई अन्य कारण (कृपया बताएं)									

3. बीआर से संबन्धित अभिशासन

▪ उस बारंबारता को दर्शाएं जिसके साथ निदेशक मण्डल, मण्डल की समिति या सीईओ, कंपनी के बीआर निष्पादन का मूल्यांकन करते है।	▪ **चूँकि कारोबार का दायित्व सम्पूर्ण बैंकिंग को शामिल करता है, अतः विभाग की संबन्धित नीतियां पृथक रूप से तैयार/नवीकृत की जाती है और बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त किया जाता है।**
▪ क्या कंपनी बीआर या धारणीयता रिपोर्ट प्रकाशित करती है? इस रिपोर्ट को देखने के लिए कौनसी हायपरलिंक है ? कितनी बारंबारता से इसे प्रकाशित किया गया है।	▪ **कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट का एक हिस्सा है और इसे बैंक की www.indianbank.in पर उपलब्ध कराया गया है।** ▪ **यह वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में वार्षिक रूप से प्रकाशित की जाती है।**

खंड ई : सिद्धांत–वार निष्पादन

सिद्धांत 1: कारोबार को आचार नीति, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ अपना व्यवहार एवं संचालन करना चाहिए।

1. क्या आचार नीति, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार से संबन्धित नीति केवल कंपनी को कवर करती है? क्या यह समूह/ संयुक्त उद्यम/ संपूर्तिकर्ता/ ठेकेदारों/ एनजीओ/ अन्य को भी कवर करती है?	● **ग्राहकों को बैंक के साथ किए जाने वाले अपने लेनदेनों में संतोषजनक सेवा की प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी 2006 में भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) की एक स्वतंत्र स्वायिक पर्यवेक्षक के रूप में स्थापना की।** ● **बीसीएसबीआई ने ''ग्राहकों के प्रति बैंक प्रतिबद्धता संहिता – जनवरी 2018'' में तथा ''सूक्ष्म और लघु उद्यमों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता–अगस्त 2015'' में प्रकाशित किया है, जो बैंकों के लिए अनुकरण हेतु बैंकिंग कार्य–प्रणाली के न्यूनतम मानकों और ग्राहक सेवा के बेंचमार्क को निर्दिष्ट करता है ।** ● **बैंक बीसीएसबीआई का सदस्य है और इसलिए इसने उपर्युक्त संहिताओं को अपने ग्राहकों के साथ लेनदेन करने में न्यायोचित व्यवहार कोड के रूप में स्वेच्छा से अपनाया है।** ● **बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति के समक्ष ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता को अंगिकृत किए जाने हेतु रखा गया है।** ● **संहिता की पूर्ण प्रति www.indianbank.in पर उपलब्ध है।**

	• **"इंडियन बैंक का सिटिजन्स चार्टर" बैंक की शाखाओ में ग्राहकों हेतु उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं / सेवाओं पर महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता हैं।** • **सिटिजन्स चार्टर के साथ संहिता, बैंक में ग्राहकों के साथ किए जाने वाले लेन–देनों में उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के उच्च मानकों को सुनिश्चित करेगा।**

2. पिछले वित्तीय वर्ष में स्टेकधारकों से कितनी शिकायतें प्राप्त की गईं और कितने प्रतिशत शिकायतों का प्रबंधन द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया?

   यदि ऐसा हुआ है तो लगभग 50 शब्दों में उनका विवरण उपलब्ध कराएं।

विवरण	**ग्राहक**	**शेयरधारक**
वर्ष के प्रारम्भ में लंबित शिकायतों की संख्या	16804	शून्य
वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	321876	55
वर्ष के दौरान निपटायी गई शिकायतों की संख्या	326846	55
वर्ष के दौरान लंबित शिकायतों की संख्या	11834	शून्य
निपटायी गई शिकायतों का प्रतिशत	96.5%	100 %

सिद्धांत–2 : कारोबार को ऐसी वस्तुएँ और सेवाएँ प्रदान करनी चाहिए जो सुरक्षित हों और अपने पूर्ण जीवन–काल तक धारणीयता बनाए रखने में योगदान दें।

1. अपने तीन उत्पादों या सेवाओं को सूचीबद्ध करें जिसकी रूपरेखा ने सामाजिक या पर्यावरण संबंधी व्यवसाय, जोखिम/ और/या सुअवसर को शामिल किया है।	इंडियन बैंक निम्नलिखित वित्तीय सेवाएँ प्रस्तुत करता है जो सामाजिक कारोबारों और सुअवसरों को सम्मलित करती है। ➢ स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ➢ वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) ➢ इंडियन बैंक स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (इंडसेटी) **बैंक का मानना है कि सतत विकास में पर्यावरण संरक्षण शामिल है। इस दिशा में, बैंक ने हमेशा उन पहलों पर जोर दिया है जो पर्यावरण की प्रदूषण मुक्त बनाने में योगदान करती हैं जैसे :** **I एनर्जी एफिशियंट कुशल एलईडी फिक्चर्स का प्रावधान** **ii. बैंक के अपने निजी भवन के छत पर सौर पैनलों का प्रावधान** **iii. कॉर्पोरेट कार्यालय में सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट गंदा पानी प्रक्रिया संयंत्र**

2. प्रत्येक ऐसे उत्पाद के संबंध में प्रति इकाई (वैकल्पिक) संसाधन (ऊर्जा, जल, कच्चा माल) के प्रयोग के संबंध में ब्यौरे दें। i) क्या पिछले वर्ष के प्रारम्भ से अंत तक मूल्य श्रृंखला के दरमियान स्रोत / उत्पाद / वितरण में कटौती प्राप्त की गई है? ii) क्या पिछले वर्ष से उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग में (ऊर्जा, जल) कटौती हुई है?	• कार्पोरेट कार्यालय में सौर ऊर्जा का उपयोग, यह पहले से ही ग्रीन बिल्डिंग (स्वर्ण रेटिंग स्तर) के तहत उपलब्ध है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक होने के नाते ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाकर, बैंक ने ग्रीन इंडिया बनाने के लिए अन्य उपक्रमों के साथ मिलकर सहयोग दिया है। • ऊर्जा खपत पर वार्षिक कुल व्यय को लगभग 4 से 5 प्रतिशत तक कम करने के लिए, बैंक अपने भवन में जहां कहीं तकनीकी रूप से व्यवहार्य हो, सौर ऊर्जा संयंत्र को स्थापित करने हेतु नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। • आंतरिक प्रकाश व्यवस्था में एलईडी लैंप का उपयोग करके लाइटिंग प्रणालियों में नए तकनीकी उत्पादों को अपनाना • नई शाखाएं केवल एलईडी लाइटिंग से प्रकाशित हैं। • मौजूदा शाखाओं में प्रकाश व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से बदला जा रहा है। वर्तमान में 1317 शाखाओं / 24 कार्यालयों में एलईडी लाइटिंग की व्यवस्था है। • एसटीपी के माध्यम से, गंदे पानी को सर्कुलेट किया गया तथा प्रतिदिन लगभग 17,000 लीटर पानी को रीसाईकिल किया जाता है, इस प्रकार पानी पर होने वाले खर्च से रु. 5. 60 लाख की बचत हुई।
3. क्या कंपनी धारणीय सोर्सिंग (परिवहन को मिलाकर) के लिए कोई प्रक्रिया विधि अपना रही है? i) यदि हाँ, तो आपके इनपुट स्रोत का क्या प्रतिशत धारणीय रूप से प्राप्त किया गया था? लगभग 50 शब्दों में इसका ब्यौरा प्रस्तुत करें।	लागू नहीं लागू नहीं सभी वित्तीय उत्पाद हैं जिनका लक्ष्य पूरे परिचालन क्षेत्र तक पहुंच बनाना है।
4. क्या कंपनी ने अपने कार्य स्थल के आसपास के समाज सहित सूक्ष्म एवं लघु उत्पादकों से वस्तुएँ और सेवाएँ प्राप्त करने के लिए कोई कदम उठाया है? यदि हाँ, तो स्थानीय और लघु विक्रेताओं की क्षमता और योग्यता को उन्नत करने के लिए कौन से कदम उठाए गए हैं?	हाँ ▪ परिवहन कीमत और समय अंतराल को कम करने के उद्देश्य से नजदीकी विक्रेताओं से अधिमान्य रूप से वस्तुएं प्राप्त की जाती हैं।
5. क्या कंपनी के पास उत्पादों और बेकार वस्तुओं को रीसाइकिल करने की व्यवस्था है? यदि हाँ, तो उत्पादों और बेकार वस्तुओं के पुनर्चक्रण का प्रतिशत क्या है? (पृथक रूप से, जैसे 5% से कम, 5% से 10% आदि)। लगभग 50 शब्दों में इसका ब्यौरा प्रस्तुत करें।	हाँ, कार्पोरेट कार्यालय रायपेट्टा में <5% से कम • कॉर्पोरेट कार्यालय रायपेट्टा में गन्दे पानी के शुद्धिकरण हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट संयत्र उपलब्ध कराया गया है जोकि प्रतिदिन 17,000 लीटर पानी का आऊटपुट देता है।

सिद्धांत–3 : कारोबार से सभी कर्मचारियों की सुख समृद्धि में वृद्धि होनी चाहिए।

1. कृपया कर्मचारियों की कुल संख्या दें	42601(41557*)
2. कृपया अस्थायी संविदात्मक / अनौपचारिक आधार पर काम परलगाये गए कर्मचारियों की पूर्ण संख्या दें :	-
3. कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या दर्शाएं	12131 (11932*)
4. कृपया स्थायी विकलांगता वाले स्थायी कर्मचारियों की संख्या दर्शाएँ:	1058
5. क्या आपका कोई कर्मचारी संगठन है जो प्रबंधन द्वारा मान्यता प्राप्त है ?	हाँ
6. आपके कर्मचारियों में से कितने प्रतिशत इस मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन के सदस्य हैं?	अधिकारी : 77.40 % अवार्ड स्टाफ : 70.22 %

7. कृपया पिछले वित्तीय वर्ष में और वित्तीय वर्ष के अंत में बाल मज़दूरी, बंधुआ मज़दूरी, अनिच्छा मज़दूरी, यौन उत्पीडन से संबंधित शिकायतों एवं वित्तीय वर्ष के समापन पर लंबित शिकायतों की संख्या दर्शाएँ।	

शिकायतें	बाल मज़दूर	बंधुआ मज़दूर	अनिच्छा मज़दूर	यौन उत्पीडन
प्राप्त शिकायतों की संख्या	शून्य	शून्य	शून्य	1
लंबित शिकायतों	शून्य	शून्य	शून्य	0

8. अधोलिखित आपके कर्मचारियों को पिछले वर्ष में दी गई सुरक्षा और कुशलता उन्नयन प्रशिक्षण का प्रतिशत क्या है ?

क्रं. सं.	प्रशिक्षण के प्रकार	प्रतिभागियों की सं.
1.	ई–पाठशाला के माध्यम से दिया जा रहा प्रशिक्षण	9490
2.	घर से ऑनलाइन प्रशिक्षण	10822
3.	कार्यस्थल से ऑनलाइन प्रशिक्षण	1991
	कुल	**22303**

* –31.03.2021 को अल्पकालिक घरेलू सफाई कर्मियों से भिन्न

सिद्धांत 4 : कारोबारों को सभी स्टेकधारकों, खासकर वंचित, पिछड़े हुए, मामूली स्टेकधारकों के हितों का सम्मान और रक्षा करनी चाहिए।

1. क्या कंपनी ने अपने आंतरिक एवं बाह्य स्टेकधारकों का वर्गीकरण किया है ? हाँ / नहीं	**हाँ** ● शेयरधारकों को विविध वर्गों में वर्गीकृत किया गया है अर्थातः सरकारी, विदेशी संस्थागत निवेशक, वित्तीय संस्थाएं, बीमा कंपनियां, म्यूचुअल फंड्स, बैंक और वैयक्तिक।
2. उपरोक्त में से, क्या कंपनी ने वंचित, पिछड़े हुए और मामूली स्टेकधारकों की पहचान की है?	**हाँ** ● इंडियन बैंक ने वंचित, पिछड़े और मामूली स्टेकधारकों की पहचान की है, जिनमें छोटे और मामूली किसान, किरायेदार व पट्टेदार किसान, भूमिरहित मजदूर एवं ग्रामीण महिलाओं को शामिल किया गया है। उनको किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि जेवर ऋण, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, मुद्रा ऋण आदि विशेष ऋण सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।
3. क्या कंपनी द्वारा वंचित, पिछड़े हुए और मामूली स्टेकधारकों के हित में विशेष पहल की गई है? यदि ऐसा है तो उसका विवरण 50 शब्दों में दें।	● **बैंक ने पीएमजेडीवाई के तहत वित्तीय सहायता से वंचित लोगों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए कदम उठाए हैं।** ● **बैंक ने मार्च 2021 तक 6.49 लाख व्यक्तियों को 42 वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) के माध्यम से वित्तीय परामर्श प्रदान किया है।** ● **बैंक ने इंडियन बैंक स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान" (इंडसेटी) के नाम पर 37 केन्द्रों में आरसेटी की स्थापना की है और शुरुआत से मार्च 2021 तक 2997 बैचों के माध्यम से 82781 व्यक्तियों को स्व–रोजगार प्रशिक्षण प्रदान किया है।**

सिद्धांत 5 : कारोबार को मानव अधिकार का सम्मान करना और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए।

1. क्या मानव अधिकार पर कंपनी की नीति सिर्फ कंपनी को कवर करती है या समूह / संयुक्त उपक्रम / आपूर्तिकर्ता / संविदाकार / एनजीओ / अन्य तक भी विस्तारित है ?	**हाँ** ● बैंक के पास कोई अलग मानव अधिकार नीति नहीं हैं। तथापि ये पहलू बैंक की मानव संसाधन नीति और व्यवहार के तहत कवर किए गए हैं।

2. पिछले वित्तीय वर्ष में कितनी स्टेकधारक शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषजनक हल किया गया था?

विवरण	ग्राहक	शेयरधारक
वर्ष के प्रारम्भ में लंबित शिकायतों की संख्या	16804	शून्य
वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	321876	55
वर्ष के दौरान निपटायी गई शिकायतों की संख्या	326846	55
वर्ष के दौरान लंबित शिकायतों की संख्या	11834	शून्य
निपटायी गई शिकायतों का प्रतिशत	96.5%	100 %

सिद्धांत 6 : कारोबार को पर्यावरण का सम्मान, सुरक्षा और उसे पुनः स्थापित करने की कोशिश करनी चाहिए

1. क्या सिद्धांत 6 सिर्फ कंपनी को कवर करती है या समूह / संयुक्त उपक्रम / आपूर्तिकर्ता/ संविदाकार / एनजीओ / अन्य तक भी विस्तारित है।	**हाँ**
2. क्या कंपनी के पास वैश्विक पर्यावरण मुद्दों जैसे मौसम परिवर्तन, वैश्विक ताप इत्यादि के विषय में रणनीतियां/पहल हैं? हाँ/नहीं। यदि हाँ तो वेबपेज के लिए हायपरलिंक दें।	• प्रमुख क्षेत्रों में बगीचे/ग्रीन स्पोट्स बनाए गए हैं। • बैंक ने हरियाली और ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखकर पूरे भारत में पौधा रोपण किया है।
3. क्या कंपनी संभाव्य पर्यावरणीय जोखिम की पहचान और आकलन करती है ? हाँ / नहीं	**हाँ**
4. क्या कंपनी के पास स्वच्छ विकास प्रणाली से संबंधित कोई परियोजना है? यदि हाँ तो इसका ब्यौरा लगभग 50 शब्दों में दें। यदि हाँ तो क्या कोई पर्यावरणीय अनुपालन दर्ज किया गया है?	जैसा कि कारोबार की प्रकृति के बारे में बताया जा चुका है, बैंक के पास कोई स्वच्छ विकास प्रणाली नहीं है।
5. क्या कंपनी ने स्वच्छ तकनीकी, उर्जा दक्षता, नवीकरणीय उर्जा इत्यादि पर कोई अन्य कदम उठाया है, हाँ / नहीं, यदि हाँ, तो कृपया वेबपेज के लिए हायपरलिंक दें।	**हाँ** **परिसर** • हरित पहल के रूप में, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं आदि के सभी भुगतान इलेक्ट्रॉनिक चैनलों के माध्यम से किए जाते हैं जैसे कि प्रत्यक्ष क्रेडिट / एनईएफटी / आरटीजीएस (केवल असाधारण परिस्थितियों में चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता है) • बैंक के अपने निजी परिसर में सौर ऊर्जा और एलईडी लाइटों का उपयोग • बैंक, भारत में 252 संपत्तियों और सिंगापुर में 2 संपत्तियों का मालिक है। • बैंक ने परिसर के व्यय, खरीद अनुबंध, मुद्रण एवं स्टेशनरी, एयर कंडीशनिंग, दूरभाष/सेल फोन के लिए एक रूप ऑटोमोबाइल्स नीतियों को अपनाया है और सभी शाखाओं/अंचलों में भी इसे समान रूप से अपनाया गया है। **हरित पहल :** **ए. सौर ऊर्जा और एलईडी लाइटिंग** • कार्पोरेट कार्यालय में सौर ऊर्जा का उपयोग, यह पहले से ही ग्रीन बिल्डिंग (स्वर्ण रेटिंग स्तर) के तहत उपलब्ध है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक होने के नाते ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाकर, बैंक ने ग्रीन इंडिया बनाने के लिए अन्य उपक्रमों के साथ मिलकर सहयोग दिया है। • ऊर्जा की खपत में, वार्षिक समग्र व्यय को लगभग 4 से 5 प्रतिशत कम करने हेतु बैंक के अपने निजी भवनों में, जहाँ भी तकनीकी रूप से संभव हो, वहाँ सौर ऊर्जा का विस्तार किया जा रहा है। • आंतरिक लाइटिंग प्रणालियों में एलईडी लैंप का उपयोग करके लाइटिंग प्रणालियों में नए तकनीकी उत्पादों को अपनाना • नई शाखाओं में केवल एलईडी लाइट का प्रयोग किया जाता है। • मौजूदा शाखाओं में प्रकाश व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से बदला जा रहा है। वर्तमान में 1317 शाखाओं / 24 कार्यालयों में एलईडी लाइटिंग की व्यवस्था है। **अन्य हरित पहल** • शाखाओं और कार्यालयों में समय–समय पर ऊर्जा लेखापरीक्षा करना । • शाखाओं एवं कार्यालयों में स्थापित एयर कंडीशनर के ऑटो कट–ऑफ के लिए टाइमर का प्रावधान, हार्मोनिक फिल्टरों को लगाने और स्टार रेटेड विद्युत उपकरणों के उपयोग से बिजली की खपत में काफी कमी आयी है।
6. वित्तीय वर्ष हेतु सीपीसीबी / एसपीसीबी द्वारा अनुमत की गई सीमा के अंतर्गत कंपनी ने जितना भी उत्सर्जन / कचरा उत्पादित किया हैं, क्या उनकी रिपोर्ट की जा रही है?	**लागू नहीं**
7. वित्तीय वर्ष के अंत में सीपीसीबी / एसपीसीबी से प्राप्त (जैसे संतुष्टि होने तक हल नहीं की गई) कारण बताओ/विधिक नोटिसें जो लंबित हैं, की संख्या कितनी है?	**शून्य**

सिद्धांत 7 : जब कारोबार जनता और नियामक नीति को प्रभावित करते हैं वे इन्हें जिम्मेदारीपूर्वक निभाएँ।

1. क्या आपकी कंपनी किसी ट्रेड और चैंबर या संघ की सदस्य है? यदि हाँ, तो उनमें से प्रमुख के नाम बताए जिनके साथ आपका व्यापार होता है।	**हाँ** **आईबीए, एनआईबीएम, आईआईबीएफ, आईबीपीएस**
2. क्या आपने जनहित की प्रगति या सुधार हेतु उपरोक्त संघों का समर्थन किया है? हाँ/नहीं : यदि हाँ तो व्यापक क्षेत्र का विवरण दें। (ड्रॉप बाक्सः शासन और प्रशासन, आर्थिक सुधार, समावेशी विकास नीति, ऊर्जा सुरक्षा, पानी, खाद्य सुरक्षा संधारणीय व्यवसाय सिद्धांत अन्य)	**बैंक ने समय–समय पर बैंकिंग उद्योग के सतत विकास हेतु नीति निर्माताओं और नीति निर्धारण संघों की नीतियों का समर्थन किया है।**

सिद्धांत 8 : कारोबार को समावेशी विकास और न्यायोचित विकास का समर्थन करना चाहिए

1. क्या कंपनी ने सिद्धांत 8 से संबंधित नीति के अनुसरण में कार्यक्रम / पहल / परियोजनाएं निर्दिष्ट की है? यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा दीजिए	इंडियन बैंक ने देश भर में फैले कुल 42 केंद्रों यथा – तमिलनाडु (15 केंद्र), उत्तर प्रदेश (13 केंद्र), केरल (3 केंद्र), हरियाणा (3 केंद्र), आंध्र प्रदेश (2 केंद्र) झारखंड (2 केंद्र), मध्य प्रदेश (1 केंद्र), पुदुच्चेरी (1 केंद्र), महाराष्ट्र (1 केंद्र) और पश्चिम बंगाल (1 केंद्र), पर वित्तीय साक्षरता केंद्रों के माध्यम से क्षमता निर्माण की पहल की है । चेन्नै, दिल्ली और मुंबई में बैंक की वित्तीय समावेशन पहलों की दिशा में प्रवासी श्रमिकों तथा झोपड़पट्टियों के निवासियों के हित के लिए शहरी वित्तीय साक्षरता केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अब तक इन 42 एफएलसी के माध्यम से कुल मिलाकर 6.49 लाख व्यक्तियों को वित्तीय परामर्श दिए गए हैं। इंडियन बैंक ने ''इंडियन बैंक स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान'' (आईएनडीएसईटीआई) के नाम पर 37 केन्द्रों यथा – तमिलनाडु (14 केंद्र), उत्तर प्रदेश (15 केंद्र), झारखंड (3 केंद्र), पश्चिम बंगाल (2 केंद्र), आंध्र प्रदेश (1 केंद्र), मध्य प्रदेश (1 केंद्र), और पुदुच्चेरी (1 केंद्र) पर आरएसईटीआई की स्थापना की है। अब तक, इन इंडसेटियों द्वारा 2997 सत्रों में 82781 अभ्यर्थियों को स्वनियोजन प्रशिक्षण दिया गया। 2020–21 के दौरान, 555 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 15155 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैंक देशभर में समाज की बैंकिंग सुविधाओं से वंचित वर्गों के लिए बुनियादी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के दृष्टिकोण के साथ वित्तीय समावेशन योजना को कार्यान्वित कर रहा है। वित्तीय समावेशन के अंतर्गत आने वाले गांवों में 179.26 लाख ग्राहकों के लिए बुनियादी बचत बैंक जमा खाते / पीएमजेडीवाई खाते खोले गए हैं और खाताधारकों को 28.83 करोड़ रुपये की ओवरड्राफ्ट सुविधा भी दी गई है।
2. क्या इन–हाउस टीम/स्वयं के संस्थान /बाह्य एनजीओ/ सरकारी सरंचनाओं/ अन्य संगठनों द्वारा कार्यक्रम/ परियोजनाएं शुरू की गई हैं?	बैंक ने गरीब एवं दलित लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए 'ग्रामीण विकास हेतु इंडियन बैंक ट्रस्ट' (आईबीटीआरडी) के नाम से एक ट्रस्ट स्थापित किया एवं इनके द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
3. क्या आपने अपनी पहल के प्रभाव का कोई निर्धारण किया है ?	इंडसेटियों का असर तथा प्रभावशीलता को मानिटर करने हेतु आरसेटियों के लिए मानिटरिंग सेल द्वारा वार्षिक ग्रेडिंग के आधार पर मानिटर किया जाता है ताकि उचित प्रतिक्रिया मिलें और आगे इंडसेटियों को सुदृढ़ बनाने के किए कदम उठाये जा सके। वर्ष 2019–20 के दौरान जिन 33 आरएसईटीआई के लिए ग्रेडिंग की गई थी, उनमें से 31 संस्थानों ने एए ग्रेड, एक एबी ग्रेड और एक बीए ग्रेड प्राप्त किया है। 2020–21 के लिए अभी ग्रेडिंग की जानी बाकी है।
4. आपकी कंपनी का समुदाय विकास परियोजना में प्रत्यक्ष रूप से क्या योगदान है। भारतीय मुद्रा में राशि और चलाई जा रही परियोजनाओ के विवरण दें।	वर्ष 2020–21 के दौरान ट्रस्ट (आईबीटीआरडी) ने इंडसेटियों और एफएलसी के माध्यम से क्षमता निर्माण गतिविधियों के जरिए समुदाय विकास के लिए कुल 2.00 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है।
5. क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं हैं कि समुदायों द्वारा आपके प्रयासों को सफलतापूर्वक अपनाया गया है? अगर ऐसा है तो कृपया 50 शब्दों में बताएं।	प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को स्व–रोजगार गतिविधियाँ अपनाने की सुविधा प्रदान करने के लिए बैंक की इंडसेटियों द्वारा व्यवस्थित फॉलो–अप एवं काउन्सेलिंग सेवाएं चलाई जा रही हैं। अभ्यर्थियों को अपने पैरों पर खड़े होने में सक्षम बनाने के लिए पास की बैंक शाखाओं के साथ प्रशिक्षुओं की ऋण सहबद्धता हेतु विशिष्ट प्रयास किए जाते हैं।

6. क्या कंपनी द्वारा वंचित, कमजोर और हाशिए के हितधारकों का सहयोग करने के लिए कोई विशेष पहल की गई है। यदि हां, तो उसका विवरण लगभग 50 शब्दों में दें।	स्थापना के बाद से 42 एफएलसी के माध्यम से 6.49 लाख लोगों को परामर्श दिया गया है। 2020–21 के दौरान 1.36 लाख लोगों की काउंसलिंग की जा चुकी है। स्थापना के बाद से अब तक 37 इंडसेटियों द्वारा 2997 सत्रों में 82781 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। 2020–21 के दौरान, 555 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 15155 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अनुषंगियाँ

- **बैंक की दो अनुषंगियाँ हैं। इनके नाम इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लि. और इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड है।**

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

- बैंक के तीन प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, यथा सप्तगिरि ग्रामीण बैंक जिसका मुख्यालय चित्तूर (आंध्र प्रदेश) में है, तमिलनाडु ग्रामा बैंक जिसका मुख्यालय सेलम (तमिलनाडु) में है और पुदुवै भारतियार ग्राम बैंक जिसका मुख्यालय पुदुच्चेरी (पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र) में है।
- वर्ष के दौरान 11 शाखाओं के खोले जाने से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का शाखा तंत्र मार्च 2020 की 898 शाखाओं के सापेक्ष मार्च 2021 में बढ़कर 909 हो गया।
- तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल कारोबार मार्च 2020 को रु. 38943.27 करोड़ के सापेक्ष मार्च 2021 को रु. 47754.41 करोड़ रहा।
- 225 शाखाओं के साथ सप्तगिरि ग्रामीण बैंक का कुल कारोबार रु. 15436.45 करोड़ रहा। (जमाएँ रु. 8028.04 करोड़ और अग्रिम रु. 7408.41 करोड)।
- 640 शाखाओं के साथ तमिलनाडु ग्रामा बैंक का कुल कारोबार रु. 30586.59 करोड़ रहा। (जमाएँ रु. 14858.82 करोड़ और अग्रिम रु. 15727.77 करोड)।
- 44 शाखाओं के साथ पुदुवै भारतियार ग्रामा बैंक का कुल कारोबार रु. 1731.37 करोड़ रहा। (जमाएँ रु. 895.28 करोड़ और अग्रिम रु. 836.09 करोड)।
- तमिलनाडु ग्रामा बैंक के पास 12.34 सीआरएआर, सप्तगिरि ग्रामीण बैंक के पास 13.55 सीआरएआर और पुदुवै भारतियार ग्राम बैंक के पास 12.06 सीआरएआर है ।
- तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लाभ कमा रहे हैं।
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सक्रिय रूप से भारत सरकार के पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई कार्यक्रमों में भाग ले रहें हैं। तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पीएमजेडीवाई के अंतर्गत 1210 एसएसए गाँवों को कवर कर रहे हैं और उन्होंने इस योजना के अंतर्गत 9.72 लाख खाते खोले हैं। तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने पीएमएसबीवाई के अंतर्गत 8.14 लाख लाभार्थियों को, पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत 3.78 लाख लाभार्थियों को और एपीवाई के अंतर्गत 23283 लाभार्थियों को कवर किया है।

सिद्धांत 9 : कारोबारों द्वारा अपने ग्राहकों एवं उपभोक्ताओं को जिम्मेदारीपूर्वक मूल्यवर्धन के साथ सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए।

1. वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित शिकायतें/ ग्राहक मामलों का प्रतिशत कितना है?	3.5 प्रतिशत
2. क्या कंपनी के द्वारा स्थानीय कानून के तहत उत्पाद के लेबल पर उत्पाद की जानकारी लिखी होती हैं? हाँ / नहीं / लागू नहीं / टिप्पणी (अतिरिक्त जानकारी)	लागू नहीं
3. गत पांच वर्षों में अनुचित व्यापार पद्धतियों के प्रयोग, गैर जिम्मेदार विज्ञापनों और/या गैर प्रतिस्पर्धी व्यवहार के लिए, क्या किसी स्टेक धारक ने कंपनी के विरुद्ध कोई वाद दायर किया है जोकि वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित है! यदि हाँ, तो उसके विवरण दें।	वर्ष के दौरान किसी भी शेयरधारक ने बैंक के खिलाफ कोई भी मुकदमा दायर नहीं किया है।
4. क्या आपकी कंपनी द्वारा ग्राहक सर्वेक्षण/ग्राहक संतुष्टि रुझान कार्यक्रम चलाए जाते हैं ?	हाँ

कॉर्पोरेट अभिशासन 2020–21 पर रिपोर्ट

कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट में शामिल करने हेतु आवश्यक विवरण

1. कॉर्पोरेट अभिशासनः

कॉर्पोरेट अभिशासन अपने आप में एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके जरिए उपक्रमों को नियंत्रित एवं मार्गदर्शित किया जाता है ताकि नैतिक ढंग से उनकी धन–सृजन की क्षमता को बढाया जा सके। यह प्रबंधन, उसके बोर्ड, शेयरधारक और अन्य स्टेकधारकों के बीच उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है ताकि संगठन के निर्धारित उद्देश्य हासिल किए जा सकें और साथ ही निष्पादन पर निगरानी रखने के अलावा शेयरधारकों के धन को धारणीय तरीके से अधिकाधिक बनाने के अंतिम लक्ष्य के साथ उस क्षेत्र के कानूनों का अनुपालन करते हुए अपने दैनंदिन के कारोबार को अत्यंत सक्षम, पारदर्शी एवं नैतिक रूप से संचालित किया जा सके। यह एक ऐसी प्रक्रिया का प्रवर्तन है जिससे मूल्य, सिद्धान्त, नीतियां और प्रक्रियाएँ अत्यधिक प्रभावकारी ढंग से सिस्टम में अंतर्निहित एवं प्रकट कराए जाते हैं।

श्रेष्ठता हासिल करने के लिए बैंक, कॉर्पोरेट अभिशासन के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने के लिए प्रयासरत है और अपने उत्तरदायित्व, जो सभी स्टेकधारकों के लिए मूल्य को आपसी संवाद, आदर, स्पष्ट लक्ष्य और निर्णयात्मक नेतृत्व के जरिए बढाने के लिए प्रयत्न करते समय नैतिक व्यवहार के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित है, के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक स्वयं को सभी स्टेकधारकों का न्यासी मानता है और सुदृढ कॉर्पोरेट रणनीतियों, सक्रिय कारोबार योजनाओं, नीतियों एवं कार्यप्रणालियों के माध्यम से प्राप्त कि उनके धन का सृजन एवं रक्षण कर नीतिपरक एवं विधिक जिम्मेदारियों के प्रति अपने उत्तरदायित्व को अभिस्वीकृत करता है। अभिशासन मानकों के अनुपालन के लिए उच्चस्तरीय प्रकटीकरण नीति के साथ लाभकर संवृद्धि सृजित करने हेतु बैंक के कॉर्पोरेट अभिशासन सिद्धांत सुदृढ रूप से कटिबद्ध हैं।

2. निदेशक मंडल

2.1. निदेशक मंडल का गठन बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 तथा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं प्रकीर्ण प्रावधान) योजना 1970 द्वारा शासित होता है। निदेशकगण बोर्ड को निपुणता की वैविध्यता तथा विस्तृत अनुभव प्रदान करते हैं जिससे बैंक को दक्ष एवं निष्पक्ष निदेश प्राप्त होता है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं तीन कार्यपालक निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त पूर्णकालिक निदेशक हैं। निदेशक मण्डल का गठन बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9 (3) के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 के अनुसार निदेशक, शेयरधारक निदेशक (जिसका 1 मामला हमारे बैंक में भी है) के इतर, को भारत सरकार द्वारा नामांकित/नियुक्त किया जाता है।

2.2. बोर्ड की समितियाँ :

बोर्ड ने निम्नानुसार विभिन्न समितियों का गठन किया है जो कि बैंक के मामलों में समुचित दिशानिर्देश कारगर मानिटरिंग और नियंत्रण हेतु बैंक के कुछ महत्वपूर्ण कार्यात्मक क्षेत्रों में विशेष एवं संकेन्द्रित गवर्नेंस प्रदान करती हैं :

- बोर्ड की प्रबंधन समिति (एमसीबी)
- बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)
- जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी)
- आईटी रणनीति समिति (आईटीसमिति)
- ग्राहक सेवा समिति (सीएससी)
- निदेशकों की समिति सतर्कता (सीओडी/विज)
- विशेष समिति (बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों को मॉनीटर करने हेतु) (एससीएमएलवीएफ)
- शेयर अंतरण समिति (एसटीसी)
- स्टेकधारक संपर्क समिति (एसआरसी)
- एचआर समिति (एचआर समिति)
- वसूली की मॉनिटरिंग हेतु समिति (सीएमआर)
- अनुशासनात्मक मामलों संबंधी बोर्ड स्तरीय अपील समिति (बीएसीडीसी)
- इरादतन चूककर्ताओं हेतु समीक्षा समिति (आरसीडब्ल्यूयूडी)
- गैर–सहयोगी उधारकर्ताओं हेतु समीक्षा समिति
- ऋण अनुमोदन समिति (सीएसी)
- नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)
- कार्यनिष्पादन मूल्यांकन संबंधी बोर्ड स्तरीय समिति

2.3. बोर्ड के दायित्वों में नीतियों का निर्धारण, कॉर्पोरेट रणनीति, नई पहल, कार्यनिष्पादन समीक्षा तथा नियंत्रण एवं बैंक के विभिन्न कार्याधिकारियों को प्रत्यायोजित अधिकारों के बाहर पड़ने वाले मामलों की संस्वीकृति शामिल है। बोर्ड ने विभिन्न समितियों का गठन किया है तथा विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में अधिकारों का प्रत्यायोजन किया है।

2.4. बोर्ड तथा उसकी समितियाँ आवधिक अंतरालों पर बैठकें करती हैं और बैंक को इसके उद्देश्यों को विवेकपूर्ण एवं कारगर ढंग से प्राप्त करने हेतु मागदर्शन देती हैं जिससे नैतिक परिपाटियों और व्यावसायिक प्रबंधन के माध्यम से कार्यनिष्पादन का उच्च मानक सुनिश्चित किया जा सके।

2.5. 31.03.2021 को यथास्थिति निदेशक मंडल का गठन निम्नवत है ::

क्रम सं.	नाम	पदनाम	नियुक्ति/ नामांकन की तिथि	बैंक की बोर्ड स्तरीय समितियों में सदस्यता	अन्य बोर्ड व समितियों में सदस्यता	धारित शेयर की संख्या
1	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	21.09.2018	1. बोर्ड की प्रबंधन समिति 2. ग्राहक सेवा समिति 3. जोखिम प्रबंधन समिति 4. निदेशकों की समिति (सतर्कता) 5. विशेष समिति (बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों को मॉनीटर करने हेतु) 6. आईटी रणनीति समिति 7. एचआर समिति 8. वसूली की मॉनिटरिंग हेतु समिति 9. इरादतन चूककर्ताओं की समीक्षा समिति 10. गैर–सहयोगी उधारकर्ताओं हेतु समीक्षा समिति 11. ऋण अनुमोदन समिति	भारतीय जीवन बीमा निगम बोर्ड के सदस्य यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्युरेंस कंपनी लिमिटेड में नामित निदेशक/ गैर–कार्यपालक अध्यक्ष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बैंक मैनेजमेंट के शासी मण्डल में कमर्शियल बैंक के प्रतिनिधि सदस्य	5000
2	श्री वी वी शेणॉय	कार्यपालक निदेशक	01.12.2018	1. बोर्ड की प्रबंधन समिति 2. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति 3. ग्राहक सेवा समिति 4. जोखिम प्रबंधन समिति 5. निदेशकों की समिति (सतर्कता) 6. विशेष समिति (बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों को मॉनीटर करने हेतु) 7. आईटी रणनीति समिति 8. स्टेकधारक संपर्क समिति 9. शेयर अंतरण समिति (अध्यक्ष) 10. एचआर समिति 11. वसूली निगरानी की समिति 12. ऋण अनुमोदन समिति	यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्यूरेंस कंपनी लिमिटेड में निदेशक	5000
3	श्री के रामचन्द्रन	कार्यपालक निदेशक	01.04.2020	1. बोर्ड की प्रबंधन समिति 2. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति(आमंत्रित) 3. ग्राहक सेवा समिति 4. जोखिम प्रबंधन समिति 5. निदेशकों की समिति (सतर्कता) 6. विशेष समिति (बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों को मॉनीटर करने हेतु) 7. आईटी रणनीति समिति 8. स्टेकधारक संपर्क समिति 9. शेयर अंतरण समिति 10. एचआर समिति 11. वसूली की मॉनिटरिंग हेतु समिति 12. ऋण अनुमोदन समिति	इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड एवं इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सेवाएं लिमिटेड के निदेशक	शून्य

क्रम सं.	नाम	पदनाम	नियुक्ति/ नामांकन की तिथि	बैंक की बोर्ड स्तरीय समितियों में सदस्यता	अन्य बोर्ड व समितियों में सदस्यता	धारित शेयर की संख्या
4	श्री इमरान अमीन सिद्दीकी	कार्यपालक निदेशक	10.03.2021	1. बोर्ड की प्रबंधन समिति 2. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (आमंत्रित) 3. ग्राहक सेवा समिति 4. जोखिम प्रबंधन समिति 5. निदेशकों की समिति (सतर्कता) 6. विशेष समिति (बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों को मॉनीटर करने हेतु) 7. आईटी रणनीति समिति 8. स्टेकधारक संपर्क समिति 9. शेयर अंतरण समिति 10. एचआर समिति 11. वसूली की मॉनिटरिंग हेतु समिति 12. ऋण अनुमोदन समिति	भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के बोर्ड हेतु नामांकित	695
5	श्री संजीव कौशिक	सरकार द्वारा नामित निदेशक	24.01.2020	1. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति 2. निदेशकों की समिति (सतर्कता) 3. एचआर समिति 4. वसूली की मॉनिटरिंग हेतु समिति 5. आईटी रणनीति समिति 6. कार्यनिष्पादन मूल्यांकन संबंधी बोर्ड स्तरीय समिति 7. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति 8. विशेष समिति (बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों को मॉनीटर करने हेतु) 9. अनुशासनात्मक मामलों के लिए बोर्ड स्तरीय अपीलीय समिति		शून्य
6	श्री एस के पाणिग्राही	आरबीआई द्वारा नामित निदेशक	26.04.2019	1. बोर्ड की प्रबंधन समिति 2. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति 3. निदेशकों की समिति (सतर्कता)		शून्य
7	डॉ. भरत कृष्ण शंकर	शेयरधारक निदेशक	07.02.2021	1. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति 2. एचआर समिति 3. आईटी रणनीति समिति(अध्यक्ष) 4. शेयर अंतरण समिति 5. अनुशासनात्मक मामलों हेतु बोर्ड स्तरीय अपील समिति 6. कार्यनिष्पादन मूल्यांकन संबंधी बोर्ड स्तरीय समिति (अध्यक्ष) 7. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति 8. स्टेकधारक संपर्क समिति(अध्यक्ष) 10. विशेष समिति (बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों को मॉनीटर करने हेतु) 9. जोखिम प्रबंधन समिति 10. ग्राहक सेवा समिति 11. इरादतन चूककर्ताओं हेतु समीक्षा समिति 12. गैर–सहयोगी उधारकर्ताओं हेतु समीक्षा समिति	अपराजिता कॉपोरेट सर्विसेज प्रा. लि. के अध्यक्ष 1. दिनराम होल्डिंग्स प्रा. लि. 2. दासा कन्सल्टिंग प्रा.लि. 3. अपराजिता डायनमिक सिनर्जीज प्रा. लि. 4. अपराजिता प्रॉपर्टी शेल्टर प्रा. लि. 5. अपराजिता पार्टनरिंग प्राग्रेज प्रा. लि. 6. अपराजिता टोटल सोल्यूशन प्रा. लि. 7. अपराजिता साफ्टवेयर सर्विसेज प्रा. लि. 8. एडसिक्स ब्रेनलैब प्रा. लि. 9. जोखिम प्रबंधन समिति 10. ग्राहक सेवा समिति 11. इरादतन चूककर्ताओं हेतु समीक्षा समिति 12. गैर–सहयोगी उधारकर्ताओं हेतु समीक्षा समिति	300

नोट :

(I) बोर्ड का कोई भी निदेशक 10 से अधिक समितियों अर्थात लेखापरीक्षा समिति और स्टेकधारक संपर्क समिति के सदस्य नहीं है अथवा उन समस्त कंपनियों में, जिनके वे निदेशक हैं, में 5 से अधिक समितियों अर्थात लेखापरीक्षा समिति और स्टेकधारक संपर्क समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य नहीं करते हैं।

(II) निदेशकों के बीच कोई परस्पर संबंध नहीं है।

(III) निदेशक मंडल वित्तीय वर्ष 2020–21 में बैंक के व्यवसाय और समग्र कार्यकलापों के लिए उत्तरदायी और सूचीबद्ध संस्था की औपचारिक और अनौपचारिक रिर्पोटिंग संरचना इसके अनुरूप ही है।

(IV) बोर्ड की राय में स्वतंत्र निदेशक सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में विनिर्दिष्ट शर्तो को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं।

(V) वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान किसी भी स्वतंत्र निदेशक द्वारा त्यागपत्र देने के मामले नहीं हैं।

(VI) डॉ. भरत कृष्ण शंकर, शेयरधारक निदेशक का प्रथम कार्यकाल दिनांक 20.12.2020 को समाप्त हुआ एवं शेयरधारक निदेशक के तौर पर उनका पुनःचयन दिनांक 07.02.2021 को किया गया।

2.6 वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान बैंक के बोर्ड में नियुक्त/नामांकित किए गए और पद ग्रहण करने वाले निदेशकों के प्रोफाइल निम्नलिखित है :–

2.6.1 के. रामचन्द्रन, कार्यपालक निदेशक :

इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक में समामेलन के बाद, श्री के रामचन्द्रन ने 1 अप्रैल, 2020 को इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने 26 दिसंबर 2018 से इलाहाबाद बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला था। वे कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के साथ विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। वे मई 1985 में कॉर्पोरेशन बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में शामिल हुए और उन्होंने शाखाओं, कॉर्पोरेट कार्यालय और अन्य नियंत्रण कार्यालयों में काम किया। वे कॉर्पोरेशन बैंक की संपूर्ण शाखा स्वचालन, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन के डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन में शामिल कोर टीम के सदस्य थे। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के सहायक महाप्रबंधक के रूप में उन्होंने व्यापार प्रतिनिधियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वॉयस इनेबल्ड प्वाइंट ऑफ ट्रांजेक्शन, हैंड हेल्ड टर्मिनलों को लागू किया था। श्री रामचन्द्रन ने वैकल्पिक चैनलों, क्रेडिट मॉनिटरिंग वर्टिकल का स्वतंत्र प्रभार संभाला और कॉर्पोरेशन बैंक के ठाणे क्षेत्र का नेतृत्व किया। महाप्रबंधक संवर्ग के रूप में पदोन्नत होने पर, वे अप्रैल 2016 से कॉर्पोरेशन बैंक के चेन्नै सर्कल के प्रमुख थे।

2.6.2 डॉ भरत कृष्ण शंकर, शेयरधारक निदेशक

3.	**लेखापरीक्षा करने के लिए पर्याप्त उपयुक्त वैकल्पिक लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं** जब अप्रैल 2021 और मई 2021 के महीने में कोविड–19 महामारी चरम पर थी, विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा घोषित लॉकडाउन के कारण हमारी लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान भौतिक आवाजाही पर प्रतिबंध रहे। भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशों के अनुसार, जहां कहीं भौतिक पहुंच संभव नहीं थी, दूरस्थ रूप से लेखापरीक्षा करने की सुविधा के लिए, हमने दूरस्थ स्थान से वैकल्पिक उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं का उपयोग करके बैंक की शाखाओं, अंचल कार्यालयों और कॉर्पोरेट कार्यालय की लेखापरीक्षा की, जिसमें बैंक के प्रबंधन द्वारा हमें सभी जानकारी ऑनलाइन मोड में उपलब्ध कराई गई थी। चूंकि बैंक की लेखापरीक्षा के लिए विभिन्न उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं की गई थीं, लेखापरीक्षा जोखिम को स्वीकार्य निम्न स्तर तक सुनिश्चित करने और कम करने के लिए लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने का रूप भी अलग प्रकार से बनाया गया था तथा इस प्रकार हम उचित निष्कर्ष निकालने और स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर राय बनाने में सक्षम हुए हैं। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, हम वैकल्पिक लेखापरीक्षा प्रक्रिया के प्रयोग को एक प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य मानते हैं।	इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षा मानकों और कोविड 19 पर विभिन्न लेखापरीक्षा दिशानिर्देशों की आवश्यकतों के अनुरूप विभिन्न लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं द्वारा लेखापरीक्षा करने के लिए हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण को उपयुक्त रूप से संशोधित किया गया था। नियंत्रण परीक्षण और मूल परीक्षण के लिए संशोधित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं : • जहां कहीं भी लेखा परीक्षकों की भौतिक आवाजाही पर प्रतिबंध था, वहाँ बैंक की कुछ शाखाओं, क्षेत्रों व कॉर्पोरेट एवं अन्य कार्यालयों के संबंध में रिमोट एक्सेस और ईमेल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से आवश्यक रिकॉर्ड / दस्तावेज / सीबीएस और अन्य एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का सत्यापन • बैंक के संबंधित अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियों, विलेखों, प्रमाण पत्रों और संबंधित अभिलेखों का सत्यापन ईमेल के माध्यम से और बैंक के सुरक्षित नेटवर्क पर रिमोट एक्सेस के माध्यम से किया गया। प्रबंधन ने निर्धारित किया है कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से हमें प्रदान की गई जानकारी और दस्तावेज सही, पूर्ण, विश्वसनीय और सीधे बैंक के लेखा सिस्टम से निकाले गए हैं एवं इनमें मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। • फोन पर बातचीत, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ई–मेल, कॉन्फ्रेंस कॉल आदि के माध्यम से पूछताछ करना और पर्याप्त उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य एकत्र करना। • औपचारिक चैनलों के माध्यम से हमारी लेखापरीक्षा टिप्पणियों का समाधान अर्थात संबंधित दस्तावेजों और अभिलेखों द्वारा समर्थित मेल।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों एवं लेखापरीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य सूचना

8. अन्य सूचना के लिए बैंक का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। अन्य सूचना में कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट शामिल होती है जिसे हमने इस रिपोर्ट के साथ जारी किया है (किंतु इसमें स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण एवं हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट शामिल नहीं होते)। वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों सहित, यदि कोई हो, निदेशकों की रिपोर्ट को हमें इस लेखापरीक्षक रिपोर्ट की दिनांक के पश्चात् उपलब्ध करवाया जाना अपेक्षित है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य सूचना एवं बेसल III के तहत पिल्लर 3 के प्रकटीकरणों को कवर नहीं करती है तथा उस पर हमारे द्वारा किसी भी प्रकार का आश्वासन व्यक्त नहीं किया जाता और ना ही ऐसा किया जाएगा।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना एवं ऐसा करते हुए यह विचार करना है कि क्या अन्य सूचना स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा के दौरान निर्मित हुई हमारी समझ से भौतिक तौर पर असंगत है या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है।

जब हम बैंक के निदेशकों की रिपोर्ट को वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों के साथ, यदि कोई हो, पढ़ते हैं, यदि हम यह निर्णय देते हैं कि उक्त में भौतिक असंगतता है, तो हमारे द्वारा यह तथ्य अभिशासन प्रभारी को बताया जाना अपेक्षित है

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण के लिए प्रबंधन व अभिशासन प्रभारी का उत्तरदायित्व :

9. बैंक के निदेशक मंडल, भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान सहित भारत में आमतौर पर स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय–समय पर जारी किए गए परिपत्र व दिशानिर्देशों के अनुसार इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं जो वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य–निष्पादन और बैंक में नकदी प्रवाह को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं। इस उत्तरदायित्व में, अधिनियम के प्रावधान के अनुपालन में बैंक की आस्तियों को सुरक्षित रखने तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने एवं रोकने; उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उन्हें लागू करने; उचित और विवेकपूर्ण निर्णय एवं आंकलन के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड को बनाए रखने और लेखांकन रेकॉर्ड की सटीकता व संपूर्णता को सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी तौर पर परिचालित पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को निर्मित करना, लागू करना एवं बनाए रखना शामिल है जोकि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के निर्माण, प्रस्तुतीकरण हेतु प्रासंगिक है जो सत्य और निष्पक्षता दर्शाते हैं और किसी प्रकार के महत्वपूर्ण मिथ्याकथन, चाहे वह कपट अथवा त्रुटिवश हो, से मुक्त हैं, शामिल हैं।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण को तैयार करने में प्रबंधन का यह दायित्व होता है कि वह बैंक के कार्यशील संस्था के रूप में कार्य जारी करने की योग्यता का मूल्यांकन करें,कार्यशील संस्था से संबन्धित मामलों में यथाप्रयोज्य प्रकटन करें, लेखांकन का कार्यशील संस्था आधार पर प्रयोग करें जब तक कि प्रबंधन का इरादा बैंक के परिसमापन अथवा परिचालनों को बंद करने का न हो या ऐसा करने का कोई व्यावहारिक विकल्प न हो।

निदेशक मंडल बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी उत्तरदायी हैं ।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

10. हमारा लक्ष्य उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि वार्षिक स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरण भौतिक त्रुटियों से पूर्णतः मुक्त हो चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण ही हों तथा हमारी राय सहित लेखापरीक्षक की रिपोर्ट प्रदान करना है। उचित आश्वासन उच्चकोटि का आश्वासन है लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुपालन में की गई लेखापरीक्षा त्रुटि उत्पन्न होने पर हमेशा ही इन्हें पहचान सकेगी। धोखाधड़ी या गलतियों से मिथ्याकथन आ सकते हैं तथा एकल या सकल रूप में उपयोगकर्ताओं द्वारा इन वार्षिक स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं।

एसए के अनुपालन में हम पेशेवर निर्णय देते हैं तथा लेखापरीक्षा करते समय पेशेवर संशयात्मकता बनाए रखते हैं। हम यह भी :

- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण की भौतिक त्रुटियों, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या किसी भूलवश, के जोखिम का आंकलन तथा पहचान करना और संरचना एवं इन जोखिमों के उत्तरदायित्व के लिए लेखापरीक्षण करना तथा हमारी राय प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित लेखासाक्ष्य प्राप्त करना। भौतिक त्रुटियों में धोखाधड़ी के कारण हुई गलती की पहचान न हो पाना, भूलवश हुई त्रुटि से बड़ा जोखिम है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, साभिप्राय चूक, मिथ्या निरूपण या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकती है।

- परिस्थिति के अनुसार उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करें। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या बैंक के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता है।

- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों के औचित्य एवं लेखांकन अनुमानों व प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटीकरण की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।

- लेखा एवं प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर प्रबंधन, कार्यशील संस्था के उपयोग के औचित्य पर निष्कर्ष निकालना कि क्या घटनाओं या स्थितियों में भौतिक अनिश्चितता है जो समूह तथा इसके सहयोगियों को कार्यशील संस्था बने रहने में संदेह उत्पन्न करती हैं। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अनिश्चितता है, तो यह हमारे लिए आवश्यक है कि स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण के संबंध में अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करें अथवा यदि प्रकटीकरण अपर्याप्त हो तो अपनी राय में परिवर्तन करें। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर होते हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाएँ एवं स्थितियाँ बैंक को कार्यशील संस्था बने रहने से रोक सकती हैं।

- प्रकटीकरण सहित स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों की संरचना, सामग्री तथा सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना और इसका भी जायजा लेना कि क्या स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों में अंतर्निहित लेन–देन एवं घटनाएँ उचित प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करती है।

हमने अभिशासकों को, अन्य मामलों के मध्य, लेखापरीक्षा का योजनाबद्ध ढांचा व समय एवं लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में हमारे द्वारा पाई गई किसी महत्वपूर्ण कमी सहित लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों का विवरण प्रदान किया है।

हमने अभिशासकों को ऐसा विवरण भी प्रदान किया है कि हमने स्वतंत्रता संबंधी नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है तथा हम उन्हें ऐसे संबंध एवं अन्य मामले भी सूचित करते हैं, जो हमारी स्वतंत्रता से संबन्धित होते हैं और सुरक्षा के संबंध में लागू होते हैं।

अभिशासकों को संप्रेषित किए गए मामलों में से हम उन मामलों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपनी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन मामलों के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता नहीं है या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि मामले को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से होने वाले प्रतिकूल परिणामों से इस तरह के संचार के सार्वजनिक हित के लाभों से अधिक होने की उम्मीद की जाएगी।

अन्य मामले

11. हमने बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों/सूचना में शामिल उन 3112 शाखाओं के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी 31 मार्च, 2021 को रु. 2,67,211.78 करोड़ की कुल संपत्ति एवं 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए रु. 18,607.38 करोड़ का कुल राजस्व, जोकि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण में माना गया है, दर्शाते हैं। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/सूचना की लेखा परीक्षा शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है, और जहां तक इन शाखाओं से संबंधित राशि और प्रकटीकरण की बात है तो हमारी राय पूरी तरह से ऐसी शाखाओ की लेखा परीक्षा करने वाले लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

12. 31 मार्च, 2020 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संयुक्त लेखा परीक्षकों द्वारा की गई, जिनमें से दो पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा फर्म हैं और उन्होंने ऐसे वित्तीय परिणामों पर अपरिवर्तित राय व्यक्त की थी।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

13. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तुलन–पत्र और लाभ एवं हानि लेखा बनाए गए हैं।

14. उपरोक्त 8 से 11 तक पैराग्राफों में संकेतित लेखापरीक्षा सीमाओं के अध्यधीन और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की अपेक्षानुसार और उसमें अपेक्षित प्रकटीकरण की सीमाओं के अध्यधीन, हम रिपोर्ट करते हैं कि

(ए) हमने सभी जानकारी व स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जोकि हमारी श्रेष्ठतम जानकारी व विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया।

(बी) बैंक के लेन–देन जोकि हमारे समक्ष आए हैं, बैंक के अधिकारों के भीतर ही हैं और

(सी) कार्यालयों एवं शाखाओं तथा बैंक के कार्यालयों से प्राप्त विवरणियाँ हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ पर्याप्त पाए गए हैं।

15. आरबीआई के पत्र सं. डीओएस.एआरजी.सं.6270/08.91.001/2019–20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित), की अपेक्षानुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि

(ए) वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के **अनुबंध ए** में दी गई है। हमारी रिपोर्ट 31 मार्च, 2021 को वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक अपरिवर्तित अभिमत व्यक्त करती है।

(बी) 31 मार्च, 2021 को निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन और निदेशक मंडल द्वारा रिकॉर्ड में लिए जाने के आधार पर, 31 मार्च, 2021 तक किसी भी निदेशक को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप–धारा (2) के संदर्भ में निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है।.

(सी) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई अवलोकन या टिप्पणी नहीं है जिसका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(डी) खातों के रखरखाव और उससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित कोई प्रतिबन्ध, छिपाव या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

16. हम आगे रिपोर्ट करना चाहते है कि,

(ए) हमारी राय में, विधि द्वारा अपेक्षित खाते की उचित बही बैंक द्वारा रखी गई हैं जहां तक यह उन बाहियों की हमारे द्वारा की गई जांच से प्रकट होता है और हमारे लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त विवरणियाँ हमारे द्वारा दौरा न कि गई शाखाओं से प्राप्त की गई हैं।

(बी) इस रिपोर्ट में प्रदर्शित तुलन पत्र तथा लाभ एवं हानि लेखे और नकदी प्रवाह के विवरण बही खातों और शाखाओं द्वारा प्राप्त विवरणियाँ जहां हमने दौरा नहीं किया है, के अनुसार हैं।

(सी) बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 के अधीन शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा शाखा कार्यालयों के खातों की रिपोर्ट जो लेखा परीक्षित किये हैं, हमें भेजी गई हैं और हमने इस रिपोर्ट को तैयार करते समय इनकी उचित रूप से जाँच की है ; और

(डी) हमारी राय में तुलन पत्र, लाभ व हानि लेखा तथा नकदी प्रवाह विवरण प्रयोज्य लेखाकरण मानकों का अनुपालन इस हद तक करते हैं कि वे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

कृते के सी मेहता एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 106237W

साझेदार चिराग बख्शी
(एम.नं. 047164)
यूडीआईएन : 21047164AAAAEM9291

कृते श्रीराममूर्ति एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 003032S

साझेदार डोंदेती तेजा सागर
(एम.नं. 227878)
यूडीआईएन : 21227878AAAADO6339

कृते रवि राजन एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 009073N/N500320

साझेदार जयंत ए.
(एम.नं. 231549)
यूडीआईएन : 21231549AAAACP5550

मेसर्स पी.के.एफ. श्रीधर एंड संथानम एलएलपी
एफआर सं. 003990S/S200018

साझेदार वी.कोदंडरमन
(एम.नं. 25973)
यूडीआईएन : 21025973AAAAAZ4107

मेसर्स जी. नटेसन एंड कंपनी
एफआर सं. 002424S

साझेदार के. मुरली
(एम.नं. 024842)
यूडीआईएन : 21024842AAAABJ5112

हस्ताक्षर का स्थान : चेन्नै
रिपोर्ट की तारीख : 28 मई, 2021

अनुलग्नक "ए" स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के लिए

(सम तिथि की हमारी रिपोर्ट के 'अन्य विधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' अनुभाग के तहत पैराग्राफ 15 (ए) में संदर्भित)

भारतीय रिजर्व बैंक ("आरबीआई") के पत्र डीओएस. एआरजी.सं.6270/08.91.001/2019–20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (संशोधित) द्वारा अपेक्षित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट (संशोधित) ("आरबीआई द्वारा सूचित")

हमने, 31 मार्च, 2021 तक इंडियन बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है जो उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के साथ है, जिसमें बैंक की शाखाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शामिल हैं।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

बैंक के प्रबंधन संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा के मार्गदर्शन नोट में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। इन जिम्मेदारियों में बैंक की नीतियों के अनुपालन में अपनी संपत्ति की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अनुसार अपेक्षित, व लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता एवं विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी भी शामिल है।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना है। हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट ("मार्गदर्शन नोट") तथा आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागू आईसीएआई द्वारा जारी ऑडिटिंग (एसएएस) पर मानकों के अनुपालन में लेखा परीक्षा की है । उन मानकों और मार्गदर्शन नोट की अपे{ा होती है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और लेखा परीक्षा करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किया और बनाए रखा गया था और क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और उनके परिचालन की प्रभावशीलता के बारे में लेखा परीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्य–निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि क्या भौतिक कमी मौजूद है, और मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के डिजाइन और परिचालन की प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें मानक वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिमों का आकलन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है और शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य, नीचे दिए गए अन्य मामलों के पैराग्राफ में संदर्भित उनकी रिपोर्ट के अनुसार, बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर हमारी लेखा परीक्षा राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) उन अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित है, जो उचित विवरण में, बैंक की परिसंपत्तियों के लेन–देन और स्वभाव को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं; (2) उचित आश्वासन प्रदान करें कि लेन–देन को आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने के लिए आवश्यक रूप से दर्ज किया गया है, और बैंक की प्राप्तियां और व्यय केवल बैंक के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरणों के अनुसार किए जा रहे हैं; तथा (3) बैंक की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसका स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं

मिलीभगत की संभावना या प्रबंधन द्वारा नियंत्रणों का अनुचित ढंग से अधिरोहण शामिल हैं, त्रुटि या धोखाधड़ी सहित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण विवरण गलत हो सकते हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, भविष्य की किसी भी अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन का अनुमान जोखिम के अधीन हैं जोकि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में बदलाव के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की स्थिति बिगड़ सकती है।

अभिमत

हमारी राय में, और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और नीचे दिए गए अन्य मामलों के पैराग्राफ में संदर्भित शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार के आधार पर, सभी प्रत्यक्ष मामलों में बैंक के पास वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण उपलब्ध हैं तथा वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2021 तक प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, जिन्हें बैंक द्वारा आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों को शामिल करते हुए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शन नोट के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के मानदंडों के आधार पर स्थापित किया गया था ।

अन्य मामले

हमारी पूर्वोक्त रिपोर्ट जोकि 3112 शाखाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के परिचालन की प्रभावशीलता से संबंधित है, उन शाखाओं के संबंधित शाखा लेखा परीक्षकों की संबंधित रिपोर्टों पर आधारित है।

इस मामले में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

कृते के सी मेहता एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 106237W

साझेदार चिराग बख्शी
(एम.नं. 047164)
यूडीआईएन : 21047164AAAAEM9291

कृते श्रीराममूर्ति एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 003032S

साझेदार डोंदेती तेजा सागर
(एम.नं. 227878)
यूडीआईएन : 21227878AAAADO6339

कृते रवि राजन एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 009073N/N500320

साझेदार जयंत ए.
(एम.नं. 231549)
यूडीआईएन : 21231549AAAACP5550

मेसर्स पी.के.एफ. श्रीधर एंड संथानम एलएलपी
एफआर सं. 003990S/S200018

साझेदार वी.कोदंडरमन
(एम.नं. 25973)
यूडीआईएन : 21025973AAAAAZ4107

मेसर्स जी. नटेसन एंड कंपनी
एफआर सं. 002424S

साझेदार के. मुरली
(एम.नं. 024842)
यूडीआईएन : 21024842AAAABJ5112

हस्ताक्षर का स्थान : चेन्नै
रिपोर्ट की तारीख : 28 मई, 2021

समेकित तुलन पत्र
लाभ एवं हानि लेखा और अनुसूचियाँ

यथास्थिति 31.03.2021 को समेकित तुलन–पत्र

(₹ करोड़ में)

विवरण	अनुसूची	31.03.2021 को (लेखापरीक्षित)	31.03.2020* को (लेखापरीक्षित)
पूंजी और देयताएं			
पूंजी	1	1129.37	608.80
आरक्षितियां और अधिशेष	2	38328.70	22158.78
अल्पसंख्यक हित	2A	22.60	21.17
जमाएं	3	538029.80	260184.40
उधार	4	26203.04	20830.31
अन्य देयताएं और प्रावधान	5	24400.02	6337.50
कुल		**628113.53**	**310140.96**
आस्तियां			
भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ नकदी और शेष	6	27545.18	5736.12
बैंकों के साथ शेष और मांग पर तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशियाँ	7	26554.38	8200.35
निवेश	8	178292.44	81871.16
अग्रिम	9	364010.24	197887.01
अचल आस्तियां	10	7392.56	3899.08
अन्य आस्तियां	11	24318.73	12547.24
कुल		**628113.53**	**310140.96**
आकस्मिक देयताएं	12	**293606.77**	**42601.71**
वसूली के लिए बिल	-	**12620.73**	**5994.97**

*31.03.2020 के आंकड़े समामेलन से पूर्व इंडियन बैंक के वित्त से संबंधित है, अतः इसकी तुलना समामेलन पश्चात के 31.03.2021 के आंकड़ों से न किया जाए।

पद्मजा चुन्डूरू
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

इमरान अमीन सिद्दीकी
कार्यपालक निदेशक

के रामचन्द्रन
कार्यपालक निदेशक

वी वी शेणॉय
कार्यपालक निदेशक

निदेशकगण

संजीव कौशिक
सरकार द्वारा नामित निदेशक

भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

एस के पाणिग्राही
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षक

कृते मैसर्स के सी मेहता एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 106237डब्ल्यू

कृते मैसर्स श्रीराममूर्ति एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 003032एस

कृते मैसर्स रवि राजन एण्ड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 009073एन / एन500320

चिराग बक्शी
साझेदार
(एम. संख्या 047164)

डोंदेती तेजा सागर
साझेदार
(एम. संख्या 227878)

जयंत ए
साझेदार
(एम. संख्या 231549)

कृते मैसर्स पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 003990एस/एस200018

कृते मैसर्स जी नटेसन एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 002424एस

वी कोदंडरामन
साझेदार
(एम. संख्या 25973)

के मुरली
साझेदार
(एम. संख्या 024842)

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 28.05.2021

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित लाभ व हानि लेखा

(₹ करोड़ में)

विवरण	अनुसूची सं.	31.03.2021 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)	31.03.2020 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)
I. आय :			
अर्जित ब्याज	13	39108.07	21401.28
अन्य आय	14	6540.47	3325.50
कुल		**45648.54**	**24726.78**
II. व्यय			
व्यय किया गया ब्याज	15	23438.80	13797.51
परिचालनगत व्यय	16	10789.28	4432.70
प्रावधान एवं आकस्मिकतायें		8404.74	5738.49
कुल		42632.82	23968.70
III. समूह से संबद्ध अवधि हेतु समेकित लाभ/ (हानि)		**3015.72**	**758.08**
सहयोगियों से आय का अंश		134.86	103.95
अल्प संख्यक ब्याज घटाने से पूर्व अवधि के लिए समेकित लाभ/ (हानि)		3150.58	862.03
घटाएं : अल्प संख्यक ब्याज		1.43	0.69
समूह से संबद्ध अवधि हेतु समेकित लाभ/ (हानि)		3149.15	861.34
अग्रानीत लाभ/(हानि)		556.71	448.73
जोड़ें: शेयर प्रीमियम के सापेक्ष समायोजन / सेट ऑफ		41.30	0.00
तुलनपत्र में अग्रानीत शेष		3747.16	1310.07
IV. विनियोजन			
निम्न को अंतरित			
सांविधिक आरक्षित निधि		751.17	188.34
पूँजी रिज़र्व – अन्य		47.71	152.16
निवेश उतार चढ़ाव रिज़र्व		464.91	389.99
राजस्व रिज़र्व		1387.34	0.00
स्टाफ़ कल्याण निधि		25.00	15.00
निवेश रिज़र्व		0.00	7.87
प्रस्तावित ईक्विटी लाभांश		225.87	0.00
समेकित तुलनपत्र में अग्रानीत शेष		845.15	556.71
कुल विनियोजन		**3747.16**	**1310.07**
''प्रति शेयर अर्जन (मूल एवं कम किया गया) वार्षिक नहीं''	**18**	**27.88**	**16.38**

*31.03.2020 के आंकड़े समामेलन से पूर्व इंडियन बैंक के वित्त से संबंधित है, अतः इसकी तुलना समामेलन पश्चात के 31.03.2021 के आंकड़ों से न किया जाए।

पद्मजा चुन्डूरू
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

इमरान अमीन सिद्दीकी
कार्यपालक निदेशक

के रामचन्द्रन
कार्यपालक निदेशक

वी वी शेणॉय
कार्यपालक निदेशक

निदेशकगण

संजीव कौशिक
सरकार द्वारा नामित निदेशक

भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

एस के पाणिग्राही
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षक

कृते मैसर्स के सी मेहता एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 106237डब्ल्यू

कृते मैसर्स श्रीराममूर्ति एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 003032एस

कृते मैसर्स रवि राजन एण्ड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 009073एन / एन500320

चिराग बक्शी
साझेदार
(एम. संख्या 047164)

डोंदेती तेजा सागर
साझेदार
(एम. संख्या 227878)

जयंत ए
साझेदार
(एम. संख्या 231549)

कृते मैसर्स पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 003990एस/एस200018

कृते मैसर्स जी नटेसन एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 002424एस

वी कोदंडरामन
साझेदार
(एम. संख्या 25973)

के मुरली
साझेदार
(एम. संख्या 024842)

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 28.05.2021

अनुसूची 1 – पूँजी

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. प्राधिकृत पूँजी		
प्रत्येक 10/– रुपए के 300,00,00,000 ईक्विटी शेयर	3000.00	3000.00
II. जारी, अभिदत्त और अदा की गई पूँजी		
ए. भारत सरकार द्वारा रखे गए प्रत्येक रुपए 10/– के 99,45,49,600 ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष – रुपए 10/– प्रत्येक के 50,80,80,023 ईक्विटी शेयर शामिल हैं)	994.55	508.08
बी. जनता द्वारा रखे गए प्रत्येक रुपए 10/– के 13,48,16,970 ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष – रुपए 10/– प्रत्येक के 10,07,20,557 ईक्विटी शेयर शामिल हैं)	134.82	100.72
कुल	**1,129.37**	**608.80**

अनुसूची 2 – प्रारक्षित निधि व अधिशेष

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
सांविधिक आरक्षित निधियां	8649.75	4694.20
पूँजीगत आरक्षित निधियां – पुनर्मूल्यांकन	5754.97	2987.84
पूँजीगत आरक्षित निधियां – अन्य	962.79	388.55
शेयर प्रीमियम	857.62	4026.65
निवेश उतार–चढ़ाव रिज़र्व	1031.90	566.99
निवेश रिज़र्व	186.38	47.80
राजस्व और अन्य आरक्षितियां	13369.84	7669.06
आयकर अधिनियम 36(1) (viii) के अंतर्गत विशेष रिजर्व	2181.35	725.52
आयकर अधिनियम 36(1) (viii) (ए) के अंतर्गत विशेष रिजर्व	58.20	58.20
विदेशी मुद्रा लेनदेन रिजर्व	421.93	437.26
आईआरएस रिजर्व	1.91	0.00
समामेलन रिजर्व	4006.91	0.00
लाभ एवं हानि खाता	845.15	556.71
कुल	**38328.70**	**22158.78**

अनुसूची 2ए – अल्पांश ब्याज

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
मूल उद्यम – अनुषंगी का संबंध उद्भव होने की तारीख पर अल्पांश ब्याज	3.27	3.27
परवर्ती वृद्धि / घटाव	19.33	17.90
तुलन पत्र की तारीख पर अल्पांश ब्याज	22.60	21.17

अनुसूची 3 – जमाएँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
(ए) I. मांग जमाराशियां		
(i) बैंकों से	289.29	211.11
(ii) अन्यों से	32053.15	13334.92
II. बचत बैंक जमाराशियाँ	195250.29	76609.11
III. सावधि जमाराशियाँ		
(i) बैंकों से	5323.10	4111.94
(ii) अन्य से	305113.97	165917.32
कुल ए (I,II & III)	**538029.80**	**260184.40**
(i) भारत में शाखाओं की जमाएं	529222.92	252750.76
(ii) भारत के बाहर शाखाओं की जमाएं	8806.88	7433.64
कुल बी (i & ii)	**538029.80**	**260184.40**

अनुसूची 4 – उधार

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. भारत में उधार		
(i) भारतीय रिज़र्व बैंक	5032.04	11529.90
(ii) अन्य बैंक	4.95	0.11
(iii) अन्य संस्थाएं और अभिकरण	14948.82	6418.86
II.भारत के बाहर उधार	6217.23	2881.44
कुल (I & II)	**26203.04**	**20830.31**
ऊपर I और II में शामिल प्रतिभूत उधार	**5032.04**	**11529.90**

अनुसूची 5 – अन्य देयताएँ और प्रावधान

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. देय बिल	2822.91	494.00
II. अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	6228.15	0.00
III. उपचित ब्याज	1041.93	845.33
IV. अन्य (प्रावधान सहित)	14307.03	4998.17
कुल	**24400.02**	**6337.50**

अनुसूची 6 – भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ नकदी और शेष

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. हाथ में नकदी (विदेशी मुद्रा नोटों सहित)	1658.38	1006.08
II.भारतीय रिज़र्व बैंक में शेष –		
(i) चालू खाते में	25886.80	4730.04
(ii) अन्य खातों में	0.00	0.00
कुल (I & II)	**27545.18**	**5736.12**

अनुसूची 7 – बैंकों में अधिशेष और माँग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. भारत में		
(i) बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	116.03	8.86
(बी) अन्य जमा खातों में	2065.07	721.65
(ii) माँग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि		
(ए) बैंकों में	8900.00	2100.00
(बी) अन्य संस्थाओं के साथ	0.00	0.00
कुल I (i & ii)	**11081.10**	**2830.51**
II. भारत के बाहर		
(i) चालू खाते में	1577.68	530.93
(ii) अन्य जमा खातों में	13866.23	4830.26
(iii) माँग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	29.37	8.65
कुल II (i, ii & iii)	**15473.28**	**5369.84**
कुल योग (I & II)	**26554.38**	**8200.35**

अनुसूची 8 – निवेश

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. भारत में निवेश		
सकल निवेश	181348.95	80991.01
घटाएँ : मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान	5382.93	1290.84
निवल निवेश	**175966.02**	**79700.17**
i) सरकारी प्रतिभूतियां	157952.46	67537.87
ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	9.14	2.99
iii) शेयर	996.38	352.07
iv) डिबेंचर और बाँड	13653.87	6715.55
v) सहयोगी संस्थाओं में निवेश	861.55	730.43
vi) अन्य	2492.62	4361.26
कुल	**175966.02**	**79700.17**
II. भारत के बाहर निम्न में निवेश		
सकल निवेश	2420.90	2268.27
घटाएँ : मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान	94.48	97.28
निवल निवेश	**2326.42**	**2170.99**
i) सरकारी प्रतिभूतियां (स्थानीय प्राधिकारियों सहित)	2304.10	2149.37
ii) सहयोगी संस्थाओं में निवेश	0.00	0.00
iii) अन्य निवेश (विनिर्दिष्ट करना है)	0.00	0.00
(ए) शेयर	0.60	0.44
(बी) ऋण प्रतिभूतियाँ	21.72	21.18
कुल	**2326.42**	**2170.99**
कुल योग (I & II)	**178292.44**	**81871.16**

अनुसूची 9 – अग्रिम

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
ए.(I) क्रय किए गए एवं बट्टाकृत बिल	2131.69	1453.59
(ii) नकद उधार, ओवर ड्राफ़्ट और मांग पर प्रतिदेय उधार	221263.43	99136.75
(iii) सावधि ऋण	140615.12	97296.67
(iv) अन्य	0.00	0.00
कुल (ए)	**364010.24**	**197887.01**
बी. (i) मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत (इसमें बही ऋणों पर अग्रिम शामिल हैं)	320789.57	161337.54
(ii) बैंक / सरकार गारंटियों द्वारा संरक्षित	22887.66	4056.49
(iii) अरक्षित	20333.01	32492.98
कुल (बी)	**364010.24**	**197887.01**
सी. I. भारत में अग्रिम		
(I) प्राथमिकता क्षेत्र	157623.43	90415.79
(ii) सार्वजनिक क्षेत्र	64398.78	17991.68
(iii) बैंक	169.24	772.91
(iv) अन्य	131534.31	80515.68
कुल (सी – I)	**353725.76**	**189696.06**
सी. II. भारत के बाहर अग्रिम		
(I) बैंकों से देय	4475.58	2254.60
(ii) अन्यों से देय		
(क) क्रय किए गए और भुनाये गए बिल	771.51	970.27
(ख) सामूहिक ऋण	3526.55	3355.59
(ग) अन्य	1510.84	1610.49
कुल (सी – II)	**10284.48**	**8190.95**
कुल योग (सी I + सी II)	**364010.24**	**197887.01**

अनुसूची 10 – अचल आस्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. परिसर		
पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन–पत्रानुसार लागत /पुनर्मूल्यांकन पर (*)	6862.57	3767.79
वर्ष के दौरान जोड/समायोजन	4.00	3.63
वर्ष के दौरान घटाव	0.00	0.06
उक्त तारीख तक मूल्यह्रास (*)	1246.78	834.04
निवल मूल्य	**5619.79**	**2937.38**
Iए.निर्माणाधीन परिसर	1.07	0.78
II. अन्य अचल आस्तियां (फ़र्निचर / फ़िक्सचर सहित)		
पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार लागत पर (*)	4158.17	2060.62
वर्ष के दौरान जोड़	556.66	255.51
वर्ष के दौरान घटाव	47.87	51.78
उक्त तारीख तक मूल्यह्रास (*)	3383.29	1543.89
निवल मूल्य	**1283.67**	**720.46**
IIए. पट्टाकृत आस्तियाँ		
पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार लागत पर (*)	552.43	262.37
वर्ष के दौरान जोड	0.00	0.00
प्रावधान को सम्मिलित करते हुए वर्ष के दौरान घटाव	0.33	0.00
उक्त तारीख तक मूल्यह्रास (*)	64.50	21.91
निवल मूल्य	**487.60**	**240.46**
III. पूंजी – निर्माणाधीन कार्य (पट्टाकृत आस्तियाँ)– प्रावधानों का निवल	0.43	0.00
कुल (I,Iए,II व IIए)	**7392.56**	**3899.08**

(*) समामेलन के परिणामस्वरूप ग्रहण की गई आस्तियों सहित लागत / पुनर्मूल्यांकन एवं मूल्यह्रास का अद्यतन प्रारम्भिक शेष

अनुसूची 11 – अन्य आस्तियाँ

(₹ करोड़ों में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	0.00	2044.29
II. उपचित ब्याज	2801.64	1284.83
III. अग्रिम रूप से प्रदत्त कर / स्रोत पर काटा गया कर	6655.17	4374.34
IV. लेखन सामग्री एवं स्टांप	46.44	17.62
V. दावों की पूर्ति से प्राप्त की गयी ग़ैर बैंककारी आस्तियाँ	51.38	20.26
VI. आस्थगित कर आस्तियाँ (निवल)	2851.41	748.07
VII.अन्य	11912.69	4057.83
कुल	**24318.73**	**12547.24**

अनुसूची 12 – आकस्मिक देयताएँ

(₹ करोड़ों में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. बैंक के विरुद्ध दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है (निवल)	953.37	651.27
II. अंशतः प्रदत्त निवेशों के लिए दायित्व	373.82	400.33
III. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के बाबत दायित्व	254856.84	20382.57
IV. संघटकों की ओर से दी गई गारंटियां		
क. भारत में	17792.78	8930.02
ख. भारत के बाहर	379.99	382.63
V. स्वीकृतियां, पृष्ठांकन और अन्य दायित्व	9394.29	6401.34
VI.अन्य मदें जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है	9855.68	5453.55
कुल	**293606.77**	**42601.71**

अनुसूची 13 – अर्जित ब्याज

(₹ करोड़ों में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. अग्रिमों / बिलों पर ब्याज /बट्टा	27454.67	15933.12
II. निवेशों पर आय	11170.34	5275.06
III. भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य अंतर बैंक निधियों के पास अतिशेष पर ब्याज	425.71	177.43
IV. अन्य	57.35	15.67
कुल	**39108.07**	**21401.28**

अनुसूची 14 – अन्य आय

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. कमीशन, विनिमय और दलाली	1117.90	338.67
II. निवेशों के विक्रय पर लाभ (निवल)	2125.53	879.73
III निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ (निवल)	0.00	0.00
IV. भूमि, भवन और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ(निवल)	-0.42	0.73
V. विनिमय संव्यवहारों पर लाभ (निवल)	406.22	202.06
VI. (ए) पट्टा–वित्त / किराया खरीद से आय	0.04	0.07
(बी) विदेश / भारत में अनुषंगियों / कंपनियों तथा / या सह उद्यमों से लाभांश आदि के ज़रिए अर्जित आय	12.45	12.69
VII. विविध आय	2878.75	1891.55
कुल	**6540.47**	**3325.50**

अनुसूची 15 – व्यय किया गया ब्याज

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. जमाओं पर ब्याज	22218.39	12993.56
II. भारतीय रिज़र्व बैंक / अंतर बैंक उधारों पर ब्याज	1048.65	757.95
III. अन्य	171.76	46.00
कुल	**23438.80**	**13797.51**

अनुसूची 16 – परिचालनगत व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2021 को	31.03.2020 को
I. कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान	6411.62	2478.34
II. किराया, कर और बिजली व्यवस्था	611.77	318.12
III. मुद्रण और लेखन सामग्री	58.53	30.62
IV. विज्ञापन और प्रचार	13.03	8.88
V. ए) पट्टाकृत आस्तियों के अलावा बैंक की संपत्तियों पर मूल्यह्रास	633.17	313.94
बी) पट्टाकृत आस्तियों पर मूल्यह्रास	3.73	0.07
VI. निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय	0.77	0.94
VII. लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय सहित)	63.29	34.29
VIII. विधि प्रभार	23.66	8.62
IX. डाक, तार और टेलीफोन आदि	118.93	51.78
X. मरम्मत और अनुरक्षण	201.76	93.96
XI. बीमा	682.42	286.91
XII. अन्य व्यय	1966.60	806.23
कुल	**10789.28**	**4432.70**

अनुसूची –17

मुख्य लेखांकन नीतियाँ

(समेकित लेखे–2020)

1. लेखांकन प्रथा

जब तक अन्यथा न कहा जाए वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक लागत परिपाटी पर चल रहे प्रथाओं का अनुपालन करते हुए तैयार किया जाता है। यह भारत में प्रचलित सांविधिक सिद्धांतों के अनुरूप है जिसमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक/भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानकों/मार्गदर्शन नोट्स और भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित प्रथाएं शामिल हैं। विदेशी शाखाओं के संबंध में संबंधित देशों में प्रचलित सांविधिक प्रावधानों के अनुरूप है।

2. प्राक्कलन का प्रयोग

वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए, रिपोर्टिंग अवधि हेतु वित्तीय विवरणियों की तारीख पर दर्ज आस्तियों एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा आय एवं व्यय पर विचार करने हेतु प्रबंधन को प्राक्कलन तैयार करने और पूर्वानुमान करने की आवश्यकता होती है। प्रबंधन, यह विश्वास रखता है कि वित्तीय विवरणियों की तैयारी में इस्तेमाल किये गये प्राक्कलन विवेकी और उचित हैं।

3. समेकन की प्रक्रिया :

ए. बैंक की (मूल संस्था एवं उसकी अनुषंगियां, इसके संयुक्त उद्यम) समेकित वित्तीय विवरणियाँ, इंडियन बैंक (मूल संस्था) और उसकी अनुषंगियों, यथा (1) इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड (2) इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लिमिटेड, इसके संयुक्त उद्यमों यथा (1) यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्युरेंस को. लि. (2) एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड की लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणियों के आधार पर तैयार की गई जोकि अंतर समूह लेनदेनों को एवं प्राप्त न किए गए लाभ /हानियों को छोड़ने के बाद यथावश्यक समायोजन करके जहां भी अन्यथा उल्लिखित न हो आईसीएआई द्वारा जारी लेख मानक 27 ''फाइनेंशियल रेपोर्टिंग ऑफ इंटरेस्ट इन जाइंट वैंचर'' के अनुरूप है। मूल संस्था की रिपोर्टिंग तारीख तक अनुषंगियों की वित्तीय विवरणियाँ भी बनाई गई हैं।

बी. अनुषंगियां, संयुक्त उद्यम और सहयोगी संस्थाएं, संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित एवं सांविधिक अपेक्षाओं के अनुसार लेखाकरण नीतियों का अनुपालन करती हैं। अनुपालनार्थ अपेक्षित ऐसी विभिन्न लेखाकरण नीतियों के मद्देनजर, अधिदेश/सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप संबंधित लेखाकरण नीतियों को अपनाते हुए समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं।

सी. मूल संस्था को आनुषंगिक संस्था में निवेश के लिए हुई लागत और अर्जन की तारीख को अनुषंगी संस्था में मूल संस्था की ईक्विटी में अंतर को वित्तीय विवरण में पूंजी रिज़र्व/गुडविल के रूप में लिया जाता है। अर्जन के बाद के लाभ/हानियों में मूल संस्था के शेयर का समायोजन, राजस्व रिज़र्व के साथ किया जाता है ।

डी. परिचालन के निवल परिणाम और अनुषंगी संस्था की संपत्ति में अल्प संख्यक के हक से लाभ एवं निवल संपत्तियों का वह अंश द्योतित है जो अल्पसंख्यकों को देय है।

ई. एसोसियेटस में निवेश का हिसाब, एसोसियेटस के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर आईसीएआई द्वारा जारी लेखाकरण मानक–23 (एएस–23) समेकित वित्तीय विवरणों में एसोसियेटस में निवेश के लिए लेखांकन के अनुसार ईक्विटी पद्धति के तहत किया जाता है।

4. विदेशी विनिमय से संबंधित लेनदेन

मूल संस्था

4.1 भारतीय परिचालनों और गैर समाकलित विदेशी परिचालन के विदेशी मुद्रा लेनदेनों का लेखांकन, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखाकरण मानक – 11 (एएस – 11) के अनुसार किया जाता है।

4.2 भारतीय परिचालनों के मामले में परिवर्तन

ए) विदेशी मुद्रा डीलर असोसिएशन आफ इंडिया (फेडाय) द्वारा अधिसूचित साप्ताहिक औसत दर (डबल्यूएआर) पर विदेशी विनिमय लेनदेन दर्ज किए जाते हैं।

बी) विदेशी मुद्रा में आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन, वर्षांत पर फेडाय द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर किया जाता है।

सी) विदेशी मुद्रा में स्वीकृतियां, पृष्ठांकन और अन्य बाध्यताएं और गारंटियों को वर्षांत पर फेडाय द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर रखा जाता है।

डी) वित्तीय वर्ष के अंत में विदेशी मुद्रा में रखी गयी आस्तियों एवं देयताओं के निपटान एवं परिवर्तन से उठनेवाले विनिमय अंतर को, उस वर्ष में ही आय या व्यय के रूप में पहचाना जाता है ।

ई) बकाया वायदा विनिमय दरों का प्रकटीकरण संविदागत दरों से किया जाता है तथा फेडाय की समापन दरों पर उनका पुनर्मूल्यांकन किया जाता है एवं उसके परिणाम की पहचान, लाभ व हानि लेखे के जरिए की जाती है।

4.3 गैर– समाकलित विदेशी परिचालनों के संबंध में परिवर्तन

विदेशी शाखाओं का वर्गीकरण, गैर समाकलित विदेशी परिचालन के रूप में किया गया है और वित्तीय विवरणों का परिवर्तन निम्नप्रकार किया जाता है :

1. आकस्मिक देयताएं सहित आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन फेडाय द्वारा वर्षांत में अधिसूचित दरों पर किया जाता है।

2. आय एवं व्यय का परिवर्तन फेडाय द्वारा संबंधित तिमाही के अंत पर अधिसूचित तिमाही औसत समापन दर पर किया जाता है।

3. निवल निवेशों के निपटान तक उठनेवाले सभी विनिमय अंतर को ''विनिमय उतार–चढ़ाव निधि'' (एफसीटीआर) नामक पृथक निधि में उपचित रखा जाता है।

5. **निवेश**

मूल संस्था

5.1.1 बैंक के निवेश संविभाग को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नलिखित तीन प्रवर्गों में वर्गीकृत किया गया है :

- परिपक्वता तक रखे गए (एचटीएम)
- बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस)
- व्यापार के लिए रखे गए (एचएफटी)

परिपक्वता तक रोक रखने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को **''एचटीएम''** प्रवर्ग के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। अल्पावधि के मूल्य/ब्याज दर में उतार–चढ़ाव से लाभ उठाकर व्यापार करने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को **''एचएफटी''** प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है। अन्य सभी प्रतिभूतियाँ जो उपर्युक्त दोनों प्रवर्गों में नहीं आती हैं, उन्हें, **''एएफएस''** प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है।

एक निवेश को उसकी खरीद/अर्जन के समय पर ही, परिपक्वता तक धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध अथवा व्यापार के लिए उपलब्ध के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और तदनन्तर नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप उनका अंतरण किया जाता है। एक वर्ग से दूसरे वर्ग को शेयरों का अंतरण, यदि कोई है, अंतरण की तारीख पर अर्जन लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य में से न्यूनतम मूल्य पर किया जाता है, और ऐसे अंतरण के लिए मूल्यहास हेतु पूर्ण प्रावधान किया जाता है।

अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और एसोसिएट्स में निवेश को परिपक्वता तक धारित के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

एचटीएम प्रवर्ग में रखी गयी प्रतिभूतियों की बिक्री पर प्राप्त लाभ को पहले लाभ व हानि लेखे में लिया जाता है और बाद में पूंजी प्रारक्षिती लेखे (कर चुकाने के बाद की राशि तथा सांविधिक रिजर्व को अंतरित की जानेवाली वांछित राशि) में विनियोजित किया जाता है तथा हानि, यदि हो, को लाभ व हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है:

5.1.2. भारत में निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के समनुरूप निम्नानुसार किया जाता है :

ए) **''एचटीएम''** प्रवर्ग में प्रतिभूति का मूल्यांकन अर्जन की लागत पर किया जाता है सिवाय उन मामलों में जहां अंकित मूल्य से अर्जन लागत अधिक होती हो, वैसे मामलों में, अंकित मूल्य पर अर्जन लागत की ऐसी अधिकता को परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित किया जाता है। अनुषंगियों /संयुक्त उद्यमों/ एसोसिएट्स में, जिन्हें एचटीएम प्रवर्ग में शामिल किया गया है, निवेशों के मूल्य में, अस्थाई प्रकृति के अलावा किसी अन्य ह्रास की पहचान की गई है और प्रावधान किया गया है। ऐसे ह्रास का निर्धारण और इसके लिए प्रावधान प्रत्येक निवेश हेतु अलग से किया जाता है। दिनांक 23.08.2006 के बाद जोखिम पूँजी निधियों के यूनिटों (वीसीएफ)/वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) में किये गये निवेश, प्रारंभिक 3 वर्ष की अवधि के लिए एचटीएम वर्ग के अधीन वर्गीकृत किये जाते हैं तथा उनका मूल्यांकन, लागत पर किया जाता है।

बी) अनुषंगी संस्थाओं, संयुक्त उपक्रमों और सहयोगी संस्थाओं में निवेश का मूल्यांकन, परंपरागत लागत पर किया जाता है। प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश का मूल्यांकन, वहन लागत (अर्थात् बही मूल्य) पर किया जाता है।

सी) **''एएफस''** प्रवर्ग में निवेशों का मूल्यांकन, बाजार मूल्य पर, तिमाही अंतराल पर स्क्रिपवार तथा वर्गीकरणवार किया जाता है। यदि कोई निवल मूल्यह्रास हो, तो उसे लाभ–हानि लेखे में शामिल किया जाता है, जबकि किसी निवल मूल्यवृद्धि होने पर उसकी उपेक्षा कर दी जाती हे। इस प्रवर्ग में बाजार को अंकित करने के बाद वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं किया जाता है।

डी) **''एचएफटी''** प्रवर्ग में रखी गई वैयक्तिक प्रतिभूतियों को दैनिक अंतराल पर बाजार को अंकित किया जाता है। निवल मूल्यह्रास, यदि कोई हो, तो लाभ व हानि लेखे में उसका प्रावधान किया जाता है जबकि निवल मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, उस पर ध्यान नहीं दिया जाता है। इस प्रवर्ग में वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

''एएफएस'' एवं ''एचएफटी'' प्रवर्गों में प्रतिभूतियों का मूल्यांकन निम्नवत् किया गया है:

i. प्राइमेरी डीलर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (पीडीएआई) और फिक्स्ड इन्कम मनी मार्केट और डिराइवेटिव्स एसोसिएशन आफ इंडिया (एफआईएमएमडीए) / फाइनेंसियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किए गए अनुसार केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, मूल्य पर / वाईटीएम दरों पर किया जाता है।

ii. राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, वाईटीएम पद्धति को लागू करते हुए और पीडीएआई / एफआईएमएमडीए / एफबीआईएल द्वारा रखी गई समतुल्य परिपक्वता की केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों के प्रतिफल से 25 बेसिस प्वाइंट बढ़ाते हुए आवधिक रूप से किया जाता है।

iii. कोट होने पर ईक्विटी शेयरों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है। कोट न होनेवाले ईक्विटी शेयरों को उनके ब्रेक–अप मूल्य पर (पूनर्मूल्यन आरक्षित निधियां, यदि हो, उस पर ध्यान दिए बिना), कंपनी के नवीनतम तुलनपत्र (मूल्यन की तारीख से एक वर्ष के पहले का न हो), के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है। अन्यथा शेयरों का मूल्यांकन प्रति कंपनी एक रुपया के अनुसार किया जाता है।

iv. कोट होने पर अधिमान्य शेयरों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है; अन्यथा समुचित वाईटीएम दरों अथवा पुनः शोधन मूल्य के आधार पर निर्धारित मूल्य, दोनों में से जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है।

v. अग्रिमों के रूप में रहे डिबेंचरों तथा बांडों के अलावा, सभी डिबेंचरों तथा बांडों का मूल्यांकन वाईटीएम आधार पर किया जाता है।

vi. राजकोष बिलों, जमा प्रमाण पत्रों तथा वाणिज्यिक कागजातों का मूल्यांकन उनकी रखाव लागत पर किया जाता है।

vii. कोट होने पर म्यूचुअल फंडों की यूनिटों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है; अन्यथा पुनः खरीद मूल्य अथवा निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) दोनों में जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है। यदि निधियां लॉक–इन अवधि में हैं, जहां पुनःखरीदी मूल्य/बाजार कोट उपलब्ध नहीं हो तो, यूनिटों का मूल्यांकन एनएवी पर अथवा लॉक–इन अवधि की समाप्ति तक की लागत पर किया जाता है।

viii. 23.08.2006 के बाद किये गये जोखिम पूंजी निधियों (वीसीएफ) / वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) के यूनिटों में निवेश, 3 सालों की प्रारंभिक अवधि के लिए एचटीएम श्रेणी में वर्गीकृत होते है एवं इनका लागत पर मूल्यांकन किया जाता है। संवितरण की तारीख से 3 सालों के समय के बाद, यह एएफएस में परिवर्तित किया जाएगा और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बाजार के लिए अंकित किया जाएगा।

5.1.3. विदेशी शाखाओं के निवेश के संबंध में, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश या मेजबानी देश के दिशानिर्देश, जो भी ज्यादा कठोर हैं, का पालन किया जाएगा। ऐसे देशों में स्थित शाखाओं के मामले में, जहाँ कोई दिशानिर्देश विनिर्दिष्ट नहीं किए गए हैं, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

5.1.4. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार अनर्जक निवेश (एनपीआई) की पहचान निम्नलिखित रूप में किया गया है:

ए) प्रतिभूतियाँ/असंचयी अधिमानी शेयर जिनमें ब्याज/नियत लाभांश/किस्त (परिपक्वता राशि को मिलाकर) देय है तथा 90 दिन की अवधि से अधिक समय तक उसका भुगतान नहीं किया गया है।

बी) अगर बैंक से जारीकर्ता द्वारा प्राप्त कोई ऋण सुविधा को गैर–निष्पादित अग्रिम माना गया है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई किसी भी प्रतिभूति जिसमें अधिमानी शेयर शामिल है, में निवेश को एनपीआई के रूप में माना जाएगा और इसके विपरीत। हालांकि, अगर केवल अधिमानी शेयरों को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई अन्य निष्पादित प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीआई के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उस उधारकर्ता को दी गई किसी भी निष्पादित ऋण सुविधाओं को एनपीए के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

सी) इक्विटी निवेश, एनपीआई के रूप में वर्गीकृत, शेयरों को बाजार मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता हैं। अगर उद्धृत किया गया है और यदि इसे उद्धृत नहीं किया गया है के मामले में, तो शेयरों का मूल्य प्रति कंपनी रु 1/– होता है।

डी) केन्द्रीय सरकार की गारंटी प्राप्त निवेशों के अतिदेय होने पर भी उन्हें तभी एनपीए माना जाएगा जब गारंटी लागू की जाने पर सरकार उसका निराकरण करती है।

ई) यदि ब्याज/मूल किस्त (परिपक्वता संप्राप्तियों को शामिल करते हुए) अथवा बैंक को देय अन्य कोई राशि, 90 दिनों से अधिक के लिए अदत्त बनी रहती हो, तो राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूत प्रतिभूतियों में निवेश को, जोकि ''माने गए अग्रिमों' के रूप में हैं, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण मानदंडों के अध्यधीन रखा जाता है।

5.1.5 प्रतिभूतियों की लागत में से दलाली/कमीशन/अंशदानों पर प्राप्त प्रोत्साहन को घटा दिया जाता है। प्रतिभूतियों के अर्जन के संबंध में अदा की गयी दलाली/कमीशन/स्टांप शुल्क को राजस्व व्यय माना जाता है।

5.1.6 व्यापार के लिए ब्याज दर स्वैप लेनदेनों को तिमाही आधार पर बाजार को अंकित किए जाते हैं। कुल अदला–बदलियों के उचित मूल्य का आकलन, तुलन–पत्र की तारीख पर अदला–बदली करारों को समाप्त किए जाने पर प्राप्त/प्राप्य या प्रदत्त/प्रदेय राशि के आधार पर किया जाएगा। इससे होनेवाली हानियों के लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है, जबकि लाभ यदि हो, पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

5.1.7 एक्सचेंज कारोबार विदेशी विनिमय डेरिवेटिव यानी मुद्रा वायदे का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा निर्धारित मूल्यों पर किया जाता है और परिणामी लाभ और हानि की पहचान लाभ और हानि लेखे में की जाती हैं।

5.1.8 एफसीएनआर (बी) डॉलर जमाओं के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के विनिमय स्वैप की सुविधा की शुरुआत में उत्पन्न होनेवाले प्रीमियम / ब्याज, स्वैप अनुबंध की अवधि के दौरान खर्च के रूप में परिशोधित किया जाता है।

5.1.9 निवेश की कीमत के निर्धारण प्रत्येक वर्ग में भारित औसत कीमत पद्धति के आधार पर किया जाता है। एचटीएम के अंतर्गत वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत कीमत पद्धति के तहत प्राप्त अधिग्रहण कीमत के आधार पर ले लिया गया है तथा भारित औसत कीमत के अंकित मूल्य से अधिक होने की स्थिति में प्रीमियम को केवल शेष परिपक्वता अवधि हेतु परिशोधित कर दिया जाता है।

5.10 रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों के लिए लेखाकरण :

भारिबैंक के दिशानिर्देशानुसार तरलता समायोजन सुविधाएं (एलएएफ), परिवर्तनीय दर अवधि प्रचालन तथा एमएसएफ एवं मार्केट रेपों लेन–देनों को शामिल करते हुए भारिबैंक के साथ सभी प्रकार के रेपो / रिवर्स रेपो लेनदेनों का हिसाब रखा जाता है।

रेपो/रिवर्स रेपो के तहत बेची गई और खरीदी गई प्रतिभूतियों को त्रिपक्षीय रेपो के रूप में लिया जाता हैं जिसमें, प्रतिभूतियों को सामान्य एकमुश्त बिक्री / खरीद लेनदेनों के मामले में अंतरित किए जाते हैं और इस प्रकार के प्रतिभूति के उतार –चढ़ाव, रेपो/रिवर्स रेपो खातों और प्रति–प्रविष्टियों के प्रयोग से परिलक्षित होता है। उपरोक्त प्रविष्टियाँ परिपक्वता की तारीख पर प्रतिवर्तित हो जाती है। मामले के आधार पर लागत एवं राजस्व को ब्याज व्यय/आय के रूप में लिया जाएगा। रेपो खाते में शेष, अनुसूची 4 (उधार) के तहत वर्गीकृत है और रिवर्स रेपो खाते में शेष, अनुसूची 7 (बैंकों में शेष एवं मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि) के तहत वर्गीकृत है।

अनुषंगी कंपनियाँ :

5.2 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लिमिटेड

कंपनी के पास रखे सभी निवेश दीर्घकालिक निवेश हैं। अस्थायी प्रकृति के निवेशों के अलावा दीर्घकालिक निवेशों को ह्रास के लिए प्रावधान घटाकर, लागत पर लाया गया है । कंपनी ने कोट किए गए शेयरों के बाज़ार मूल्य पर भरोसा करते हुए शेयरों/डिबेंचरों के मूल्य में ह्रास को स्थायी प्रकृति के रूप में माना है तथा कोट न किए गए शेयरों के मामले में बही मूल्य/उचित मूल्य, दोनों में जो भी अधिक हो, को माना गया है।

5.3 इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड

निवेशों को चालू निवेशों और दीर्घकालिक निवेशों में वर्गीकृत किया गया है। राष्ट्रीय आवास बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार निवेशों का मूल्यांकन प्रत्येक निवेश के लिए अलग–अलग रूप से, उनकी लागत अथवा बाज़ार मूल्य में से निम्नतर दरों पर किया गया है।

6. प्रतिभूतीकरण कंपनियों (एससी) /पुनर्निमाण कंपनियों (आरसी) को बेची गई वित्तीय आस्तियां

मूल संस्था :

6.1 प्रतिभूतिकरण कंपनियों / पुनर्निमाण कंपनियों द्वारा, उन्हें बेची गई वित्तीय आस्तियों के संबंध में जारी की गई प्रतिभूति रसीदों को उनके प्रतिदेय मूल्य और वित्तीय आस्तियों के निवल बही मूल्य, से कम स्तर पर मूल्यांकित किया जाता है। प्रतिभूतिकरण रसीद को निम्न पर मूल्यांकित किया जाता है

(ए) दिनांक 01.04.2017 से पहले एसआर/आरसी जारी किए गए प्रतिभूति रसीद को परिसम्पत्ति पुनर्निमाण कंपनी द्वारा तुलन पत्र के दिनांक पर घोषित निवल परिसंपत्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और मूल्यह्रास होने पर उसके लिए प्रावधान किया जाता है तथा मूल्यवृद्धि होने पर उसपर ध्यान नहीं दिया जाता।

(बी) 01 अप्रैल 2017 के प्रभाव से आरबीआई द्वारा जारी किए गए संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार एसआर पर प्रावधान की आवश्यकता निम्न बिन्दुओं से अधिक होगी।

(i) एससी/आरसी द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के संदर्भ में प्रावधान दर

(ii) अंतर्निहित ऋण पर लागू होने वाली प्रावधान दर, यह मानते हुए कि ऋण बैंक की बही में निरंतर जारी रहा है

6.2 आरसी को बेची गयी वित्तीय आस्तियों के मामले में उनका मूल्यांकन और आय की पहचान, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। अगर बिक्री मूल्य, निवल बही मूल्य (एनबीवी) से कम है (यथा, बही मूल्य से रखे गये प्रावधान घटाने के बाद का मूल्य) तो भारतीय रिजर्व बैंक के विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार उससे होनेवाली कमी को लाभ व हानि खाते में नामे डाला जाएगा या रखी गयी अस्थायी प्रावधान का प्रयोग करते हुए इसका समंजन किया जाएगा।

6.3 यदि प्राप्त नकदी (आरंभिक प्रतिफल और/या प्रतिभूति रसीदों के मोचन के जरिए) आरसी को बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है तो अतिरिक्त प्रावधान को लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किया जाता है। लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किए गए अतिरिक्त प्रावधान की प्रमात्रा उस सीमा तक सीमित है जिस सीमा तक प्राप्त नकदी बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है।

7. अग्रिम

मूल संस्था

7.1.1 भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विवेकपूर्ण मानदण्डों के अनुसार भारत में अग्रिमों को उधारकर्ता–वार मानक, अव–मानक, संदिग्ध और हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

7.1.2 गैर निष्पादक अग्रिमों के लिए निम्नानुसार प्रावधान किए गए हैं –

ए) अवमानक :

i) कुल बकाया पर 15 प्रतिशत का सामान्य प्रावधान

ii) प्रकटीकरण हेतु 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रावधान जो प्रारम्भ से ही अरक्षित हैं। (अर्थात, जहां प्रतिभूतियों का वास्तविक मूल्य प्रारम्भ से ही 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है)

बी) संदिग्ध संवर्ग – 1 :

i) सुरक्षित भाग के लिए 25 प्रतिशत

ii) अरक्षित भाग के लिए 100 प्रतिशत

सी) संदिग्ध संवर्ग – 2 :

i) सुरक्षित भाग के लिए 40 प्रतिशत

ii) अरक्षित भाग के लिए 100 प्रतिशत

डी) संदिग्ध वर्ग– 3 एवं हानि अग्रिम – 100 प्रतिशत

7.1.3 पुनर्गठित / पुनर्संरचित मानक अग्रिम सहित मानक अग्रिमों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशों के अनुसार प्रावधान किया जाता है।

7.1.4 विदेशी शाखाओं के मामले में ऋण हानियों के लिए आय–निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधान, स्थानीय आवश्यकताओं अथवा भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों में से जो भी अधिक सख्त हो, के अनुसार किया जाता है।

आगे, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये गये विनियमों के संबंध में अगर कोई आस्ति को बैंक के समुद्रपार बही में किसी भी समय गैर–निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाना है तो बैंक द्वारा ऋणकर्ता को प्रदान की गई सभी सुविधाओं तथा ऋणकर्ता द्वारा जारी की गयी सभी प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीए/एनपीआई के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

तथापि मेजबान विनियामकों द्वारा खातों को वसूली से अन्य कारणवश गैर निष्पादित/बाधित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो भारत में वित्तीय विवरणियों के समेकन करते समयए उन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार प्रावधान किया जाएगा, जबकि उसी प्रतिपक्षकारों को अन्य क्षेत्राधिकार में (भारत को सम्मिलत कर) प्रदत्त अन्य ऋण एक्स्पोजर के संबंध में आस्ति वर्गीकरण, संबंधित क्षेत्राधिकार में विद्यमान दिशानिर्देशों से अधिशासित होगा।

7.1.5 प्रकट किये गए अग्रिम, गैर–निष्पादित आस्तियों, डीआईसीजीसी/ईसीजीसी/सीजीटीएमएसई से प्राप्त तथा समायोजन हेतु लंबित रखे गए दावों, विविध खाते में प्राप्त और रखी गई चुकौतियों, सहभागिता प्रमाण–पत्रों एवं पुनः भुनाये गये मियादी बिलों के लिए किए गए प्रावधानों और मानक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत पुर्नगठित खातों के उचित मूल्य में अधित्याग के बदले प्रावधान के बाद निवल हैं।

8 अचल आस्तियां/ मूल्यह्रास

8.1 मूल संस्था :

8.1.1 अचल संपत्तियों को लागत/पुनर्मूल्यांकन राशि घटाकर संचित मूल्यह्रास/परिशोधन किया जाता है।

8.1.2 लागत में खरीद की लागत और सभी व्यय जैसे साइट की तैयारी, स्थापना लागत और परिसंपत्ति का उपयोग करने से पूर्व उनपर व्यय किए गए वृत्तिक शुल्क शामिल है। उपयोग में आने वाली परिसम्पत्तियों पर किए गए बाद के व्यय का पूंजीकरण तभी किया जाता है जब यह ऐसी परिसंपत्तियां उनकी कार्य क्षमता पर भविष्य के आर्थिक लाभ को बढ़ाती है।

8.1.3 भारत में इमारतों का मूल्यह्रास (जमीन की लागत सहित जहां अविभाज्य/अलग नहीं है) और अन्य अचल संपत्तियों को स्ट्रेट लाइन पद्धति से दरों / उपयोग की गयी समय–सीमा के आधार पर किया जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है :

क्रं. सं.	अचल आस्तियाँ का मूल्यह्रास	मूल्यह्रास की दर / उपयोग की गयी समय–सीमा
1.	कंप्यूटर	33.33% प्रतिवर्ष
2.	ऐसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का एक अभिन्न अंग हैं ।	33.33% प्रतिवर्ष
3.	ऐसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की लागत का एक अभिन्न अंग नहीं हैं ।	33.33% प्रतिवर्ष
4.	ऑटोमेटेड टेलर मशीन / कैश डिपॉजिट मशीन / क्वाइन वेंडिंग मशीन	20.00% प्रतिवर्ष
5.	सर्वर	33.33% प्रतिवर्ष
6.	नेटवर्क उपकरण	20.00% प्रतिवर्ष
7.	अन्य अचल आस्तियां	आस्तियों के प्रमुख समूह का उपयोग करने की अनुमानित समय–सीमा निम्नानुसार है: परिसर : 60 वर्ष तिजोरियां/ लॉकर/दरवाजे (स्टील) : 20 वर्ष वाहन : 5 वर्ष फर्नीचर एवं फिक्स्चर : 10 वर्ष मोबाइल फोन : 1 वर्ष

8.1.4 वर्ष के दौरान बेची गई / अर्जित की गई संपत्तियों के संबंध में, वर्ष के दौरान पूंजीकरण की तारीख से / संपत्ति के उपयोग की गयी समय–सीमा के लिए आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास किया जाएगा।

8.1.5 रुपए 5000/– तक की संपत्ति का पूरी तरह से मूल्यह्रास उसी वर्ष किया जाएगा जिस वर्ष उसे खरीदा गया हो।

8.1.6 पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकित की गई परिसंपत्ति को उसके उपयोग हेतु शेष समय–सीमा के आधार पर मूल्यह्रास किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन के कारण परिसंपत्ति के शुद्ध बही मूल्य में वृद्धि को लाभ और हानि खाते के माध्यम से रूट किए बिना पुनर्मूल्यांकन हेतु रिजर्व खाते में जमा किया जाएगा। आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित एएस 10 के अनुसार, पुनर्मूल्यांकन घटक से संबंधित मूल्यह्रास को राजस्व व्यय के तहत प्रभारित किया जाएगा और एक समतुल्य राशि सीधे पुनर्मूल्यांकन रिजर्व के विरुद्ध प्रभारित किया जाएगा तथा आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित एएस 10 के अनुसार राजस्व रिजर्व में जमा किया जाएगा।

8.1.7 उन आस्तियों के मामले में जहां सरकार से सब्सिडी प्राप्त होता है, उसको तत्संबंधित आस्ति खाता में जमा किया जाता है और तदनुसार मूल्यह्रास प्रभारित किया जाता है।

8.1.8 पट्टेवाली भूमि पर प्रीमियम, अधिग्रहण के वर्ष में पूंजीकृत किया जाता है और पट्टे की अवधि पर परिशोधित किया जाता है।

8.1.9 विदेशी शाखाओं की अचल आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास की व्यवस्था उन देशों में प्रचलित पद्धतियों के अनुसार की जाती है।

8.1.10 गैर–बैंकिंग आस्तियों (एनपीए) के संबंध में कोई मूल्यह्रास प्रभारित नहीं किया जाता है।

अनुषंगी कंपनियाँ :

8.2 **इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लिमिटेड :**

अचल आस्तियों को परम्परागत लागत पर, संचित मूल्यह्रास और क्षति के लिए प्रावधान (यदि कोई हो) को घटा कर बताया जाता है। पट्टे पर ली गई आस्तियों (दिसंबर 1997 के पहले संविदाकृत) को पट्टा समायोजन खाते में शेष के लिए आगे समायोजित किया जाता है।

मूल्यह्रास

ए) पट्टे पर दी गई आस्तियों को छोड़कर अन्य आस्तियों पर

पट्टे पर दी गई आस्तियों को छोड़कर अन्य आस्तियों पर कंपनी, सीधी कटौती प्रणाली (एसएलएम) यथानुपात आधार पर, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्धारित दरों पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है । साफ़्टवेयर लागतों को, उनके अर्जन के वर्ष से तीन वर्षों की अवधि के लिए परिशोधित किया जाता है।

बी) बन्द परिचालनों के अंतर्गत प्रदत्त पट्टेदारी आस्तियों पर :–

परिचालन बन्द करने के तहत पट्टेदारी आस्तियों पर कंपनी घटते मूल्य पद्धति पर यथानुपात आधार पर, मूल्यह्रास का प्रावधान करती है तथा जिस महीने में आस्ति संस्थापित की गयी है, उसे पूर्ण महीना माना जाता है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी पट्टों का लेखाकरण पर मार्गदर्शन नोट (संशोधित) के अनुसार पट्टा आस्तियों की लागत को पट्टे की अवधि के दौरान पूर्णतः परिशोधित किया जाता है। सांविधिक मूल्यह्रास और वार्षिक पट्टा प्रभार में अंतर का समायोजन, पट्टा समकरण के ज़रिए किया जाता है, जिसका समायोजन पट्टा आय के साथ किया जाता है।

इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड :

8.3 अचल संपत्तियों को लागत पर पूंजीकृत किया जाता है और लागत से मूल्यह्रास घटाकर दर्शाया गया है। मूल्यह्रास का परिकलन कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में दी गई दरों पर मूल्यह्रासित पद्धति से किया जाता है।

9- राजस्व अभिज्ञान

मूल संस्था

9.1.1 आय और व्यय को, जब तक अन्यथा नहीं कहा जाए, सामान्यतः संचयी आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

9.1.2 गैर–निष्पादक आस्तियों, सरकार द्वारा गारंटीकृत आस्तियों (जो 90 दिनों से ज्यादा अतिदेय हैं) लाभांश आय, बीमा दावे, जारी किये गये साख–पत्रों / गारंटियों पर कमीशन (परियोजना वित्त से इतर), बैंक एश्यूरेन्स उत्पादों पर आय, धन प्रबंधन पर आय, खरीदे गए बिलों पर अतिरिक्त ब्याज/अतिदेय प्रभार, क्रेडिट कार्डों पर वित्तीय प्रभार, पुनः क्षतिपूरित करने के बैंक के अधिकार पर व्यय, डेबिट कार्डों पर एएमसी प्रभार आदि को उनकी वसूली होने पर हिसाब में लिया गया है और प्राप्त किए गए लॉकर किराया उपचय आधार पर लेखांकित किया जाता है।

9.1.3 अतिदेय विदेशी बिलों के मामले में, ब्याज और अन्य प्रभारों को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई) के दिशानिर्देशों के अनुसार किस्ट्रलीकरण की तारीख तक माना गया है।

अनुषंगी कंपनियाँ :

9.2. इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लिमिटेड

ए) इश्यू प्रबंधन शुल्क और अन्य प्रबंधकीय सेवाओं के लिए शुल्क – समनुदेशन पूरा होने की तारीख को मान लिया जाता है।

बी) वित्तीय उत्पादों के वितरण पर हामीदारी कमीशन और दलाली – अंशदान ब्यौरे प्राप्त होने पर मान लिया जाता है।

सी) स्टॉक ब्रोकिंग परिचालनों के अधीन दलाली को संविदा के पूरा करने पर लेखांकित किया जाता है।

डी) अतिदेय पट्टा किराये पर और किराया खरीद किस्तों पर ब्याज पावती आधार पर लेखांकित किया जाता है। चूँकि बही खातों में बकाया राशि के लिए पूर्णतः प्रावधान रखा गया है, प्राप्त राशि को बकाए मूलधन राशि के तहत तथा शेष, ब्याज के तहत कुछ हों तो समायोजित किया जाता है।

इ) लाभांश आय का अभिज्ञान तब किया जाता है, जब प्राप्त करने का अधिकार स्थापित किया जाता है।

एफ) वार्षिक रखरखाव तथा लेनदेन प्रभार को डिपाजिटरी प्रतिभागी परिचालनों के अधीन क्रमशः वार्षिक रूप में और लेनदेन समाप्ति पर लिया जाता है।

9.3. इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड :

ए) आय की पहचान और गैर निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान नेशनल हाउसिंग बैंक के विवेकी मानदंडों का पालन किया जाता है।

बी) आवास ऋणों की पुनरदायगी, समीकृत मासिक किस्तों (ईएमआई) के जरिए, की जाती है, जिसमें मूलधन और ब्याज राशि शामिल हैं। संबंधित अर्ध–वर्ष/वर्ष के आरंभिक शेष पर प्रत्येक अर्ध–वर्ष पर ब्याज का परिकलन किया जाता है। पूरे ऋण के वितरण के बाद ईएमआई आरंभ होती हैं। ईएमआई के प्रारंभ होने के समय तक, ईएमआई–पूर्व ब्याज देय है तथा मासिक आधार पर इसका अभिज्ञान किया जाता है।

10. क्रेडिट कार्ड पुरस्कार पाइंट

कार्ड सुविधा के उपयोग पर कार्ड सदस्यों द्वारा अर्जित पुरस्कार प्वाइंटों को इस प्रकार के उपयोग के कारण व्यय के रूप में पहचाना जाता है।

11 निवल लाभ/हानि

निम्नलिखित पर विचार करने के पश्चात लाभ व हानि लेखे में दर्शाया गया परिणाम :

- गैर निष्पादक अग्रिमों और / अथवा निवेशों के लिए प्रावधान
- मानक अग्रिमों पर सामान्य प्रावधान
- पुनः संरचित अग्रिमों हेतु प्रावधान
- अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- निवेशों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- आकस्मिकता निधि को / से अंतरण
- प्रत्यक्ष करों के लिए प्रावधान
- अरक्षित विदेषी मुद्रा एक्सपोजर के लिए प्रावधान
- सामान्य अथवा /और अन्य आवश्यक प्रावधान

12. स्टाफ सेवानिवृत्ति लाभ

मूल संस्था

12.1.1 भविष्य निधि

भविष्य निधि एक वैधानिक दायित्व है और अंशदायी भविष्य निधि का विकल्प चुननेवालों के मामले में बैंक पूर्वनिर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान अदा करता है। ऐसे निश्चित अंशदान की राशि तक ही बैंक का दायित्व सीमित है। इन अंशदानों को लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है। निधि का प्रबंध इंडियन बैंक स्टाफ भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है।

12.1.2 उपदान

इंडियन बैंक कर्मचारी उपदान निधि नियमों एवं विनियमनों के अनुसार उपदान देयता एक वैधानिक दायित्व है और वित्तीय वर्ष के अंत में किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर इसके लिए प्रावधान किया जाता है। बैंक द्वारा उपदान देयता का निधीयन किया जाता है और इसका प्रबंध इंडियन बैंक कर्मचारी उपदान निधि न्यास द्वारा किया जाता है।

12.1.3. पेंशन

ए) इंडियन बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियमन 1995 के तहत पेंशन देयता एक परिभाषित लाभकारी दायित्व है तथा 31.03.2010 तक बैंक में भर्ती हुए और पेंशन का विकल्प देनेवाले कर्मचारियों को यह बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान की जाती है।

बी) नई पेंशन योजना (एनपीएस) जो उन कर्मचारियों पर लागू होती है, जिनकी भर्ती बैंक में 01.04.2010 के बाद हुई है और यह एक परिभाषित अंशदान योजना है। एनपीएस के अंतर्गत बैंक पूर्व निर्धारित दर पर एक निश्चित अंशदान अदा करता है और बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है। इस अंशदान को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है।

12.1.4. क्षतिपूर्ति अनुपस्थितियाँ

संचित क्षतिपूरित अनुपस्थितियाँ, जैसे विशेषाधिकार अवकाश और चिकित्सा अवकाश, के लिए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है।

12.1.5. अन्य कर्मचारी लाभ

अन्य कर्मचारी सुविधाएँ जैसे छुट्टी यात्रा रियायत और सेवानिवृत्ति पर अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ, बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उपलब्ध करवाए जाते हैं। समुद्रपारीय शाखाओं एवं कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति के अलावा कार्यरत कर्मचारियों से संबन्धित लाभ तत्संबंधी कार्याधिकार क्षेत्रों के कानून के तहत मूल्यांकित एवं लेखाबद्ध किए जाते हैं।

अनुषंगी कंपनियाँ

इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सेवाएं लि.

12.2 अल्प कालिक कर्मचारी हितों /बाध्यताओं का प्राक्कलन कर प्रावधान किया गया ।

ग्रेच्युटि – ग्रेच्युटि, जोकि अर्ह कर्मचारियों को कवर करनेवाली एक परिभाषित सेवानिवृत्ति लाभ योजना है, के प्रति अनुषंगी का दायित्व है। योजना में सेवानिवृत्ति, नियोजन में रहते मृत्यु अथवा नियोजन समापन पर निहित कर्मचारियों को समाप्त प्रत्येक वर्ष के लिए 15 दिनों के वेतन के बराबर की राशि देने का प्रावधान है। पांच वर्षों की सेवा की समाप्ति पर वेस्टिंग शुरू होती है। न्यास के रूप में स्थापित ग्रेच्युटि निधि को अनुषंगी भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ समूह ग्रैच्युटि पॉलिसी के ज़रिए वार्षिक अंशदान देती है। ग्रेच्युटि के प्रति अनुषंगी की देयता का

बीमांकिक निर्धारण तुलन पत्र की तारीख पर प्रक्षेपित यूनिट जमा (पीयूसी) पद्धति का प्रयोग करते हुए किया जाता है। बीमांकिक लाभ व हानि का राजस्व में अभिज्ञान किया जाता है।

भविष्य निधि – अनुषंगी के अर्ह कर्मचारी, भविष्य निधि जोकि एक परिभाषित अंशदान योजना है के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु हक़दार हैं जिसमें कवर किए गए कर्मचारी के वेतन के एक निर्दिष्ट प्रतिशत पर दोनों कर्मचारी एवं अनुषंगी मासिक अंशदान देते हैं, विधि के तहत यथा निर्दिष्ट अंशदान भविष्य निधि को और भविष्य निधि प्राधिकारियों के साथ रखी गयी पेंशन निधि को अदा किए जाते हैं।

छुट्टी की भुनाई : इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्त स्टाफ़ से अन्य कर्मचारियों की छुट्टी की भुनाई की देयता के लिए, प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख पर न ली गई छुट्टी के दिनों के आधार पर बीमांकिक आधार पर प्रावधान किया जाता है।

इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर रहे स्टाफ की सेवानिवृत्ति लाभ देयता, योग्य भविष्य निधि अंशदान के अलावा इंडियन बैंक द्वारा वहन की जाती है।

इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड :

12.3. भविष्य निधि में अंशदान, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पास किए जाते हैं।

ग्रूप ग्रेच्युटि योजना के अन्तर्गत गठित न्यास द्वारा ग्रेच्युटि देयता कवर किया जाता है। न्यास ने भारतीय जीवन बीमा निगम से समूह ग्रेच्युटि पॉलिसी खरीदी है और वार्षिक प्रीमियम, न्यास के ज़रिए अदा किया जाता है।

छुट्टी की भुनाई की देयता के लिए बीमांकिक आधार पर प्रावधान किया जाता है।

13. पट्टे हेतु लेखांकन

परिचालनगत पट्टों पर ली गई आस्तियों हेतु पट्टा भुगतानों को कीमत वृद्धि सहित पट्टा अवधि या आस्ति की अवधि, भी जो कम होए के दौरान लाभ व हानि खाते में अभिज्ञात किये जाते हैं।

14. आकस्मिक देयताएँ और प्रावधान : विगत घटनाएं, जिनसे वर्तमान या संभावित बाध्यताएं हो सकती हैं, को आकस्मिक देयता के रूप में माना जाता है।

14.1 आकस्मिक देयताएं : निम्नलिखित मामलों के अतिरिक्त, जहाँ

(ए) ऐसी बाध्यताओं के मौजूद रहने की बात पुष्टिकृत नहीं की गई है

(बी) ऐसी बाध्यताओं को निपटाने के लिए संसाधन का बहिर्गमन आवश्यक नहीं है

(सी) बाध्यताओं की राशि के लिए कोई विश्वसनीय अनुमान नहीं किया जा सकता

(डी) ऐसी राशियां भौतिक नहीं हैं,

14.2 (ए) वर्तमान बाध्यताओं के संबंध में तब प्रावधान को माना जाता है, जब विश्वसनीय आकलन किया जा सकता है और / या संसाधनों का बहिर्गमन संभावित है, जिनमें बहुत छोटे दावों को छोडकर शेष मामलों में आर्थिक लाभों को त्यागना पड़ सकें।

(बी) बाजार जोखिम, देश जोखिम आदि के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान अनुदेशों के अनुसार किये जाते हैं।

(सी) बैंक प्रबन्धन द्वारा अभिज्ञात किये अनुसार फ्लोटिंग प्रावधान किया जाता है।

भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार फ्लोटिंग प्रावधान का प्रयोग निम्नलिखित हेतु किया जा सकता है

(i) गैर–निष्पादक आस्तियों हेतु विशेष प्रावधान करना

(ii) गैर–निष्पादक आस्तियों की बिक्री में किसी कमी की पूर्ति करना

15. आस्तियों का अनर्जक होना :

अचल आस्तियों (पुनर्मूल्यांकित आस्तियों सहित) के संबंध में आस्तियों की हानि यदि कोई हो, लेखा मानक 28 "आस्तियों का अनर्जक होना" के अनुरूप पहचानी जाती है और उन्हें लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है। तथापि, पुनर्मूल्यांकित आस्ति पर अनर्जक हानि को उस आस्ति के लिए रखी गयी पुनर्मूल्यांकित अधिशेष राशि के तहत अभिज्ञानित किया जाता है जबतक उसी आस्ति के लिए पुनर्मूल्यांकित अधिशेष राशि में रखी गयी राशि अनर्जक आस्ति से अधिक न हो।

16. आय पर कर :

16.1 वर्तमान कर एवं आस्थगित कर दोनों के लिए कर हेतु प्रावधान किया जाता है।

16.2 वर्तमान कर का मापन, कर प्राधिकारियों को अदा की जानेवाली प्रत्याशित राशि के अनुसार लागू कर दरों, कर कानूनों एवं अनुकूल न्यायिक फैसलों / विधिक राय का प्रयोग करते हुए किया जाता है।

16.3 समय में अंतर के कारण उत्पन्न होनेवाली आस्थगित कर आस्तियां एवं देयताएं, जोकि आनेवाली अवधियों में रिवर्सल की क्षमता रखती हो, की पहचान, तुलन–पत्र की तिथि तक लागू कर दर या बाद में लागू किए गए कर दरों का प्रयोग करते हुए की जाती है। आस्थगित कर आस्तियों की पहचान शेष असंगत मूल्यह्रास तथा कर घाटे पर की जाती है, यदि केवल "वर्चुअल निश्चितता" है तथा अन्यों के संबंध में, यदि पर्याप्त भविष्य कर योग्य आय उपलब्ध होगी, जिससे ऐसी आस्थगित कर आस्तियाँ उगाही जाएंगी।

17. परिचालनों को बन्द करना : अनुषंगियाँ

इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेस लि. के संबंध में परिचालनों को बन्द करने के लिए अपनायी जानेवाली लेखांकन नीतियाँ, परिचालनों को जारी रखने के लिए अपनायी जानेवाली लेखांकन नीतियों के समनुरूप हैं।

अनुसूची–18
समेकित वित्तीय विवरणियों के लिए लेखों पर टिप्पणियां(2020–21)

1. अनुषंगियां :

क्रम सं.	अनुषंगी का नाम	संस्थापना का देश	स्वामित्व का अनुपात
ए	इंडबैंक हाउसिंग लि.	भारत	51.00%
बी	इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लि.	भारत	64.84%

2. सहयोगी:

क्रम सं.	सहयोगियों का नाम	शेयरधारिता का ढांचा
ए	तमिलनाडु ग्राम बैंक	35%
बी	सप्तगिरि ग्रामीण बैंक	35%
सी	पुदुवई भारतियार ग्राम बैंक	35%

3. संयुक्त उद्यमों में निवेश के लिए लेखांकन (एएस 27)

संस्था का नाम	देश/निवास	संबंध	स्वामित्वहित	शेयरधारिता की राशि (रु. करोड़ में))
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	संयुक्त उद्यम	28.52%	105.00
एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड	भारत	संयुक्त उद्यम	38.26%	37.50

लेखा समाधान एवं समायोजन

मूल संस्था:

अंतर शाखा लेखों का लेखा समाधान 31.03.2021 तक पूरा किया जा चुका है। बैंक ने विभिन्न कारगर उपायों के द्वारा आईबीजीए में पुरानी बकाया प्रविष्टियों के स्तर में कमी लाई है। शेष बकाया प्रविष्टियों के समायोजन का कार्य प्रगति पर है। प्रबन्धन के अनुसार 5747 आईबीजीए जमा प्रविष्टियाँ कुल रू 4.86 करोड राशि की हैं जोकि 01.03.2009 के पूर्व की अवधि से संबंधित हैं।

31.03.2021 तक अंतर शाखा लेखों में 6 महीनों से अधिक के लिए बकाया असमाशोधित प्रविष्टियों के संबंध में निवल जमा स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रावधान की कोई आवश्यकता नहीं है।

देय ड्राफ़्ट, समाशोधन समायोजन, विविध प्राप्य राशियाँ, विविध जमा खाते आदि में और भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य बैंकों से संबंधित बैंक समाधान में पुरानी बकाया प्रविष्टियों के समुचित समायोजन के लिए नियमित पुनरीक्षा की जाती है।

कुछ शाखाओं में अनुषंगी बहियों/रजिस्टरों का तुलन और सामान्य बहियों के साथ लेखा समाधान प्रगति पर है। प्रबंधन की राय में खातों पर उपर्युक्त विषयों का परिणामी वित्तीय प्रभाव बहुत ज्यादा नहीं होगा।

4. अचल आस्तियां

मूल संस्था:

4.1 बैंक के परिसर में भूमि शामिल है तथा इसे पूनर्मूल्यांकित राशि पर लिया गया है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए अपने परिसर का पुनर्मूल्यांकन अनुमोदति बाह्य मूल्यांककों द्वारा उचित बाज़ार मूल्य पर किया है। परिसर के पुनर्मूल्यांकन की राशि में रु.983.38 करोड़ की वृद्धि हुई है, जिसे ''पूनर्मूल्यांकन आरक्षित खाते'' में जमा किया गया। वर्ष 2020–21 के लिए व्यय के तहत ₹114.43 करोड़ की राशि (पिछले वर्ष –₹110.49 करोड़) मूल्यह्रास हेतु प्रभारित किया गया तथा और ₹142.87 करोड़ की राशि (पिछले वर्ष ₹107.20 करोड़) की पुनर्मूल्यांकित अंश पर मूल्यह्रास को ''पूनर्मूल्यांकन आरक्षित खाते'' में समायोजित किया गया।

एएस10 मानक के अनुसार, वर्ष 2020–21 के लिए व्यय के तहत ₹142.87 करोड़ रुपये की पुनर्मूल्यांकित आस्तियों पर मूल्यह्रास हेतु भी प्रभार लगाया गया। इसे राजस्व आरक्षित खाते में क्रेडिट कर पुनर्मूल्यांकन आरक्षित के विरुद्ध समायोजित किया गया।

अचल परिसंपत्तियों के उपयोग की अनुमानित समय–सीमा में परिवर्तन आया है। परिवर्तन के प्रभाव स्वरूप मूल्यह्रास में वृद्धि हुयी है और 31.03.2021 को समाप्त वर्ष के लिए निवल लाभ में ₹ 82.38 करोड़ की कमी आयी है।

4.2 आईबी परिसर :

परिसर में ₹3.59 करोड़ (विगत वर्ष ₹3.59 करोड़ मूल्य की 4 संपत्तियाँ) मूल्य की 4 संपत्तियाँ हैं जिनकी मूल/पुनर्मूल्यांकन बुक वैल्यू 45.59 करोड़ रुपये (विगत वर्ष – 48.04 करोड़ रुपये), निवल मूल्यह्रास 1.17 करोड़ रुपये (विगत साल 1.17 करोड़ रुपये) है, जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया लंबित है।

ई– एबी परिसर :

परिसर में ₹ 4.79 करोड़ (विगत वर्ष ₹ 4.79 करोड़ मूल्य की 5 (3+2*) संपत्तियाँ) मूल्य की 5 (3+2*) संपत्तियाँ हैं जिनकी मूल / पुनर्मूल्यांकन बुक वैल्यू 14.15 करोड़ रुपये (विगत वर्ष – 14.32 करोड़ रुपये), निवल मूल्यह्रास 0.23 करोड़ रुपये (विगत वर्ष 0.23 करोड़ रुपये) है, जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया लंबित है।

*रुपये 1.61 करोड़ की लागत की हैदराबाद में संपत्ति, जहां यूएलसी प्राधिकरण के समक्ष मंजूरी लंबित है और चेन्नै में रुपये 2.32 करोड़ रुपये की लागत की सम्पत्ति है, जहां डीआरएटी ने अंतरिम रोक लगायी है।

संयुक्त इकाई:

परिसर में ₹ 8.38 करोड़ (विगत वर्ष ₹ 8.38 करोड़ मूल्य की 9 (7+2*) संपत्तियाँ) मूल्य की 9 (7+2*) संपत्तियाँ हैं जिनकी मूल/पुनर्मूल्यांकन बुक वैल्यू 59.74 करोड़ रुपये (विगत वर्ष – 62.36 करोड़ रुपये), निवल मूल्यह्रास 1.40 करोड़ रुपये (विगत साल 1.40 करोड़ रुपये) है, जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया लंबित है।

4.3 आरक्षितियों में कमी : (₹ करोड़ में)

क्रम सं.	आरक्षितियां	आहरित राशि		उद्देश्य
1.	पुनर्मूल्यन आरक्षित निधियां	2020-21	2019-20	
		142.87	107.20	परिसर के पुनर्मूल्यांकित भाग पर मूल्यह्रास*

* वित्तीय वर्ष **2019–20** के लिए एएस–10 मानकों के प्रावधानों के अनुसार राशि को राजस्व रिज़र्व खाते में जमा किया गया।

5. कोविड–9 उपाय

5.1. दुनिया भर में कोविड–19 के प्रसार के परिणामस्वरूप आर्थिक गतिविधियों में गिरावट आई और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई। हालांकि सरकार द्वारा लॉकडाउन को सुविचारित रूप से धीरे–धीरे खत्म करने से आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू किया गया, कोविड–19 महामारी की वर्तमान दूसरी लहर के परिणामस्वरूप देश के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय / क्षेत्रीय लॉकडाउन लागू किया गया है। इस स्थिति में, हमें लगातार चुनौतियां मिल रही हैं और बैंक सभी मोर्चों पर उनका चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है तथा स्थिति का निरंतर मूल्यांकन कर रहा है। कोविड –19 महामारी, बैंक के परिणामों को किस हद तक प्रभावित करेगी, यह भविष्य में विकसित होने वाले कारोबारी माहौल पर निर्भर करेगा। नियामक कार्रवाइयों को ध्यान में रखते हुए, आर्थिक सुधारों हेतु किये जाने वाले सरकारी प्रयासों से, बैंक को उम्मीद है कि संपत्ति के वसूली योग्य मूल्य पर बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

5.2 कोविड –19 नियामक पैकेज से संबंधित 27 मार्च, 2020, 17 अप्रैल, 2020 और 23 मई 2020 के आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार और भारतीय बैंक संघ के माध्यम से आरबीआई द्वारा दिनांक 6 मई, 2020 को जारी स्पष्टीकरण द्वारा बैंक ने मानक के रूप में वर्गीकृत पात्र उधारकर्ताओं को 1 मार्च, 2020 और 31 अगस्त, 2020 ('स्थगन अवधि') के बीच देय किश्तों और / या ब्याज, जैसा लागू हो, के भुगतान पर स्थगन प्रदान किया है, भले ही वे खाते 29 फरवरी, 2020 को पुनर्गठन किये बिना अतिदेय हो। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, अधिस्थगन अवधि, जहां भी अनुमत है, को बैंक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की आय निर्धारण और संपत्ति वर्गीकरण मानदंडों के तहत परिसंपत्ति वर्गीकरण के उद्देश्य से पिछले दिनों की संख्या से बाहर रखा गया है। एक निश्चित समय तक उपलब्ध सूचना के आधार पर बैंक ने कोविड–19 के संभावित प्रभाव से बचने के लिए 31 मार्च 2021 तक प्रावधान रखे हैं। ऐसे खातों और बैंक द्वारा किए गए प्रावधानों का विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	विवरण	यथा 31 मार्च, 2021
1	एसएमए/अतिदेय श्रेणियों में बकाया अग्रिम, जहां कोविड–19 नियामक पैकेज (कुल बकाया) के अनुसार स्थगन/ स्थगन अवधि को बढ़ाया गया था	शून्य
2	बकाया अग्रिम, जहां परिसंपत्ति वर्गीकरण लाभ प्रदान किया गया है (कुल बकाया)	शून्य
3	वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान किए गए प्रावधान	1517.53
4	वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान समायोजित प्रावधान	1517.53
5	31.03.2021 तक धारित कुल प्रावधान	शून्य

5.3 भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने गजेंद्र शर्मा बनाम भारत संघ व एएनआर के जनहित याचिका मामले में 3 सितंबर, 2020 के अपने अंतरिम आदेश में बैंकों को निदेश दिये है कि जिन खातों को 31 अगस्त, 2020 तक एनपीए के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया था, सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश तक इसे वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए। आदेश के अनुसार, आय निर्धारण, संपत्ति वर्गीकरण प्रावधान और अन्य संबंधित मामलों पर आरबीआई के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार बैंक ने किसी भी घरेलू उधार खातों जो कि 31 अगस्त, 2020 तक एनपीए के रूप में वर्गीकृत नहीं थे, को 31 अगस्त, 2020 के बाद भी एनपीए के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है। हालांकि, बैंक ने विवेकानुसार 31.12.2020 तक ₹1517.53 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया है।

उपरोक्त के मद्देनजर, और सुप्रीम कोर्ट के 23 मार्च, 2021 के अंतिम आदेश के अनुसार और इस संबंध में आरबीआई द्वारा दिनांक 07.04.2021 को जारी परिपत्र के निर्देशों के अनुसार, बैंक ने इन उधारकर्ताओं के खातों को मौजूदा 01.09.2020 से लागू आईरेक मानदंडों के अनुसार वर्गीकृत किया है एवं इन खातों पर प्रावधान करने के लिए उपरोक्त प्रावधानों का उपयोग किया है।

5.4 'कोविड 19 नियामक पैकेज की समाप्ति के बाद परिसंपत्ति वर्गीकरण और आय निर्धारण" पर दिनांक 07.04.2021 के आरबीआई परिपत्र के निर्देशों के अनुसार, अधिस्थगन अवधि अर्थात 01.03.2020 से 31.08.2020 के दौरान कार्यशील पूंजी सुविधाओं का लाभ उठाने वाले उधारकर्ताओं सहित, सभी उधारकर्ताओं पर प्रभारित 'ब्याज पर ब्याज' को बैंक वापस / समायोजित करेंगें, भले ही उपरोक्त ने अधिस्थगन का पूर्ण या आंशिक रूप से लाभ उठाया हो या नहीं। इन निदेशों के अनुसरण में, विभिन्न सुविधाओं के लिए वापस की जाने वाली / समायोजित की जाने वाली राशि की गणना करने की कार्यप्रणाली, आरबीआई की अधिसूचना की अपेक्षा के अनुसार भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा परिचालित की गई है। तदनुसार बैंक ने ब्याज राहत के लिए ₹ 230 करोड़ की अनुमानित देयता सृजित की है। बैंक ने इसे ब्याज आय से वापस कर दिया है।

6. कराधान

6.1 मूल संस्था :

वर्ष के दौरान आयकर हेतु प्रावधान :

(₹ करोड़ में)

	2020-21	2019-20
कराधान के लिए प्रावधान (आस्थिगत कर सहित आयकर)	-99.10	619.37

31.03.2021 को विवादित आयकर मांग रू 3953.36 करोड़ (पिछले वर्ष रू 4129.14 करोड़) है, आकस्मिक देयताएँ के तहत भी शामिल किया गया जिसमें से 31.03.2021 तक विवादित आयकर का भुगतान रू 7584.17 करोड़ (पिछले वर्ष रू 4396.00 करोड़) है। न्यायिक उद्घोषणाओं तथा बैंकों स्वयं के मामले में अनुकूल निर्णयों के कारण कथित विवादित मांगों पर कोई प्रावधान करना आवश्यक नहीं समझा गया।

6.2 अनुषंगी कंपनियां :

6.2.1 इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि

ए. इस वर्ष में कर के लिए रु. 12.54 लाख का प्रावधान किया गया है।

बी. विषयों पर न्यायिक निर्णयों और/या विधिक राय को ध्यान में रखते हुए आयकर की विवादित मांगों के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है।

सी. इस वर्ष के लिए आस्थगित कर (निवल) हेतु रु. 70.49 लाख का प्रावधान है (पिछले वर्ष– रु. 34.15 लाख) तथा इसे लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया गया है।

डी. पूर्व अवधि के कर : शून्य

6.2.2 इंडबैंक हाऊसिंग लिमिटेड

ए. भ्रामक अनिश्चितता के आधार पर अनवशोषित मूल्यह्रास और भावीकर–योग्य आय के विरुद्ध समंजन के लिए अगलेलाभ से घाटा–पूर्ति को आस्थगितकर आस्ति के रूप में नहीं माना गया है।

बी. आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 1999–2000 के लिए ब्याज सहित रू 4.32 करोड के लिए एक मांग नोटिस भेजा है। यह मांग उपचय आधार पर गैर निष्पादक आस्तियों पर आय को ध्यान में लेते हुए भेजी गई है जिसे एनएचबी के दिशानिर्देशों के अनुसार आय के रूप में पहचाना नहीं जा सकता है। कंपनी ने इस मांग के विरुद्ध विवाद करते हुए माननीय मद्रास हाईकोर्ट के समक्ष अपील दायर की है जहाँ यह मामला अभी लंबित है।

7. लेखा मानकों के संबंध में प्रकटीकरण

मार्च 31, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरण

	समाप्त वर्ष	
	31.03.2021 (रू करोड़ में)	**31.03.2020** (रू करोड़ में)
लाभ व हानि खाते के अनुसार निवल लाभ	**3150.58**	**862.02**
निम्नलिखित हेतु समायोजन :		
अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान	7318.39	4335.84
निवेश के लिए प्रावधान	427.68	391.30
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	469.40	142.94
कर के लिए प्रावधान	(90.38)	620.22
अन्य प्रावधान और आकस्मिकताएं	279.65	248.18
अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास	636.90	314.00
पूंजी लिखत पर ब्याज	643.98	277.68
भूमि और भवनों की बिक्री पर हानि/(लाभ)	0.42	(0.73)
आयकर का भुगतान	(19.72)	(790.00)
कार्यशील पूँजी परिवर्तनों के पूर्व परिचालनगत लाभ	**12816.90**	**6401.45**
परिचालनगत आस्तियों में वृद्धि / कमी		
निवेशों में (वृद्धि) / कमी	(15380.42)	(16640.54)
अग्रिमों में (वृद्धि) / कमी	(30252.79)	(20913.19)
अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी	(2994.25)	(1895.00)
	(48627.46)	**(39448.73)**
परिचालनगत देयताओं में वृद्धि / कमी		
जमाओं में वृद्धि /(कमी)	49525.72	18143.60
उधार में वृद्धि / (कमी) (पूंजीगत लिखत के अलावा)	(7267.38)	8692.77
अन्य देयताओं में वृद्धि/(कमी)	10616.77	(2185.26)
	52875.11	**24651.11**
परिचालन (ए) से सृजित निवल नकदी	**17064.55**	**(8396.17)**
निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
अचल आस्तियों की खरीद	(560.44)	(259.16)
अचल आस्तियों की बिक्री	15.56	11.79
निवेश गतिविधियों से सृजित निवल नकदी (बी)	**(544.88)**	**(247.37)**
वित्तपोषण गतिविधियों से कुल नकदी प्रवाह		
लाभांश का भुगतान	-	-
वितरण कर का भुगतान	-	-
एटी–1 बांड जारी करना	2000.00	-
टियर – 2 बांड जारी करना	2000.00	-

	समाप्त वर्ष	
	31.03.2021 (रू करोड़ में)	**31.03.2020** (रू करोड़ में)
एटी 1 बांड का मोचन	(500.00)	-
टियर 2 बांडों का मोचन	(1000.00)	-
पूंजी लिखत पर ब्याज	(631.94)	(277.07)
शेयर की ओर प्राप्त पूंजी	-	2829.49
ई–एबी शेयरधारक को भुगतान की गई राशि (अंश भाग के लिए)	(2.51)	-
वित्तपोषण गतिविधियों से सृजित निवल नकदी (सी)	**1865.55**	**2552.42**
समामेलन के कारण प्राप्त नकदी एवं नकदी समकरण/तुल्य (डी)	**21777.86**	**-**
नकदी और नकदी समकरणों में निवल वृद्धि/(कमी) (ए) + (बी) + (सी) + (डी)	**40163.08**	**(6091.12)**
वर्ष के प्रारंभ में नकदी व नकदी तुल्य		
हाथ में नकदी (विदेशी मुद्रा नोट सहित)	1006.09	1030.76
भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चालू खाते में शेष	4730.04	10671.11
बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	8.86	4.34
(बी) अन्य जमा खातों में	721.65	717.14
बैंकों में मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशियां	2100.00	2200.00
भारत के बाहर बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	530.93	203.66
(बी) अन्य जमा खातों में	4830.26	5168.47
मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशियां	8.65	32.12
	13936.48	**20027.60**
वर्ष के अंत में नकदी व नकदी तुल्य		
हाथ में नकदी (विदेशी मुद्रा नोट सहित)	1658.38	1006.09
भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चालू खाते में शेष	25886.80	4730.04
बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	116.03	8.86
(बी) अन्य जमा खातों में	2065.07	721.65
बैंकों में मांग एवं अल्प सूचना पर राशियां	8900.00	2100.00
भारत के बाहर बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	1577.68	530.93
(बी) अन्य जमा खातों में	13866.23	4830.26
मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशियां	29.37	8.65
	54099.56	**13936.48**
नकद और नकद समकक्ष प्रारम्भ और अंत में अंतर	40163.08	(6091.12)

टिप्पणः

- पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि वर्गीकरण के अनुरूप आवश्यक समझे जाने पर पुनः समूहित किया गया है।
- दिनांक 31.03.2020 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन पत्र में समामेलन के प्रभाव के बाद, 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए नकदी प्रवाह विवरण को परोक्ष पद्धति द्वारा तैयार किया गया है

8. परिसंपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर (एएस – 10)

लेखा मानक (एएस–10) में हुए परिवर्तन के अनुपालन में वर्ष के दौरान अचल आस्तियों के पुनर्मूल्यांकित अंश पर मूल्यह्रास को लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया गया है जबकि विगत वित्तीय वर्षों के दौरान इन्हें पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि के विरुद्ध किया गया था। इसके परिणामस्वरूप व्यय में रुपए 142.87 करोड़ की वृद्धि हुई और निवल लाभ में रुपए 142.87 करोड़ की कमी आई है।

9. स्टाफ को प्रदत्त लाभ (एएस 15)

9.1. मूल संस्था

9.1.1 **परिभाषित अंशदान योजनाएँ :**

भविष्य निधि एक वैधानिक दायित्व है और अंशदायी भविष्य निधि का विकल्प चुननेवालों के मामले में बैंक पूर्वनिर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान अदा करता है। ऐसे निश्चित अंशदान की राशि तक ही बैंक का दायित्व सीमित है। इन अंशदानों को लाभ एवं हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है। निधि का प्रबंध इंडियन बैंक स्टाफ भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान बैंक ने ₹1.07 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 0.56 करोड़) का अंशदान दिया है।

नई पेंशन योजना (एनपीएस) उन कर्मचारियों पर लागू होती है, जिनकी बैंक में भर्ती 01.04.2010 के बाद हुई है और यह एक परिभाषित अंशदान योजना है। एनपीएस के अंतर्गत बैंक पूर्व–निर्धारित दर पर एक निश्चित अंशदान अदा करता है और बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है। इस अंशदान को लाभ एवं हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, बैंक ने ₹153.31 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 58.41 करोड़) का अंशदान दिया है।

9.1.2 **परिभाषित लाभ योजनाएं :**

लेखा मानक–15 (संशोधित) के अनुसरण में अपेक्षित लाभ एवं हानि लेखा और तुलन पत्र में मान्यता दिए गए नियोजनोत्तर लाभ और दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों की संक्षेप में स्थिति निम्नानुसार है :

निम्न तालिका बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकक द्वारा बीमांकिक मूल्याकंन के अनुसार परिभाषित लाभ पेंशन योजना और उपदान योजना का आधार निर्धारित करता है।

I. मूल बीमांकक अनुमान (भारित औसतों के रूप में व्यक्त)	**31/03/2021**	**31/03/2020**
बट्टे की दर –जी –सेक रेट	पेंशन के लिए 6.87% – 15 वर्ष जी–सेक पेपर उपदान के लिए 6.44%– 10 वर्ष जी–सेक पेपर	पेंशन के लिए 6.89% – 15 वर्ष जी–सेक पेपर उपदान के लिए 6.82%– 10 वर्ष जी–सेक पेपर
वेतन बढोत्तरी की दर	6.00% (वेतन संशोधन हेतु 0.50% सहित)	6.00% (वेतन संशोधन हेतु 0.50% सहित)
पदत्याग की दर	पेन्शन के लिए 1.00% और सेवारत कर्मचारियों के लिए 2.00%	पेन्शन के लिए 1.00% और सेवारत कर्मचारियों के लिए 2.00%
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल की दर*	6.89% पेंशन के लिए और 6.86% उपदान के लिए	8.05%पेंशन के लिए और 7.74% उपदान के लिए
प्रयुक्त तरीका	परियोजना इकाई जमा (पीयूसी) बीमांकिक तरीका	

* योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल की दर, छुट्टी भुनाई पर लागू नहीं होगी।

भविष्य में होनेवाली वेतन बढोत्तरी का आकलन, मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति और नियोजन बाज़ार में आपूर्ति और मांग जैसे संगत तत्वों को हिसाब में लेते हुए और आईबीए द्वारा संसूचित अधिवर्षिता योजनाओं के निधीयन के दिशानिर्देश के अनुरूप किया जाता है। इस तरह के अनुमान बहुत दीर्घकालिक हैं और सीमित अतीत के अनुभव / तत्काल भविष्य पर आधारित नहीं हैं। अनुभवजन्य साक्ष्य यह भी बताते हैं कि बहुत लंबे समय में, लगातार उच्च वेतन वृद्धि दर संभव नहीं है।

मृत्यु दर तालिका : भारतीय बीमित जीवन मृत्यु दर (2012–14) अंतिम

छुट्टी भुनाई की देयताएँ गैर–निधिक होती हैं।

(₹ करोड़ में)

II. बाध्यता के वर्तमान मूल्य (पीवीओ) में परिवर्तन – प्रारंभिक शेष एवं अंतशेष का लेखा समाधान	**पेंशन निधि**		**उपदान निधि**		**छुट्टी भुनाई**	
	2020-21	**2019-20**	**2020-21**	**2019-20**	**2020-21**	**2019-20**
वर्ष के आरंभ में पीवीओ	**13995.78**	**6520.32**	**1868.46**	**923.85**	**826.09**	**188.20**
याज लागत	914.67	425.49	120.53	62.84	53.97	13.93
वर्तमान सेवा लागत	229.80	96.47	105.33	46.31	174.38	20.03
विगत सेवा लागत – पहचानी गई / निहित लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
विगत सेवा लागत – न पहचानी गई /अनिहित लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
प्रदत्त लाभ	-1363.65	-689.59	-223.04	-165.24	-69.4	-17.77
बाध्यता पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	1542.88	-449.26	-23.06	61.23	-7.62	-5.90
वर्ष की समाप्ति पर पीवीओ	**15319.48**	**6801.95**	**1848.22**	**928.98**	**977.42**	**210.29**

(₹ करोड़ में)

III. योजना आस्तियों के उचित मूल्य में परिवर्तन – प्रारंभिक शेष एवं अंतशेष का लेखा समाधान	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
वर्ष के आरंभ में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	13918.80	6418.93	1929.03	923.85	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	1104.42	508.32	126.42	65.44	0.00	0.00
अंशदान	1495.93	446.42	50.7	69.64	215.94	17.77
प्रदत्त लाभ	-1363.65	-689.59	-223.04	-165.24	-215.94	-17.77
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	-193.89	13.33	14.15	2.71	0.00	0.00
वर्ष की समाप्ति पर योजना आस्तियों का उचित मूल्य	**14961.61**	**6697.41**	**1897.26**	**896.40**	**0.00**	**0.00**

*आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं

(₹ करोड़ में)

IV. योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
योजना आस्तियों पर अपेक्षित **प्रतिफल**	1104.42	508.32	126.42	65.44	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ/(हानि)	-193.39	13.33	14.15	2.71	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	910.53	521.65	140.57	68.15	0.00	0.00

(₹ करोड़ में)

V. पहचाना गया बीमांकिक लाभ/हानि	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि) – बाध्यता	-1542.88	-449.25	+23.06	-24.74	7.62	5.90
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि) – डीबीओ में वित्तीय धारणा में बदलाव के कारण	0	0.00	0	-36.48	0	0.00
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि)–योजना आस्तियां	-193.89	13.33	+14.15	2.71	0	0.00
वर्ष के लिए कुल लाभ/(हानि)	-1736.77	-435.92	+37.21	-58.51	7.62	5.90
वर्ष के दौरान पहचाने गए बीमांकिक लाभ/(हानि)	**-1736.77**	**-435.92**	**+37.21**	**-58.51**	**7.62**	**5.90**
वर्ष के अंत में न पहचाने गए बीमांकिक लाभ/(हानि)	0	0.00	0	0.00	0	0.00
बाध्यता पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	-1736.77	-435.92	+37.21	-58.51	7.62	5.90

(₹ करोड़ में)

VI. तुलन पत्र में पहचानी गयी राशियां और संबंधित विश्लेषण	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	15319.48	6801.96	1848.22	928.98	977.42	210.29
योजना आस्तियों का उचित मूल्य	14961.61	6697.41	1897.26	896.40	0	0
अन्तर- निवल (देयता) / तुलन पत्र में पहचानी गई आस्ति	-357.87	-104.55	49.04	-32.58	977.42	-210.29
पहचान न की गयी संक्रमणकालीन देयता	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
पहचान न की गयी विगत सेवा लागत	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
तुलन पत्र में पहचानी गयी देयता	**-357.87**	**-104.55**	**49.04**	**-32.58**	**977.42**	**210.29**

(₹ करोड़ में)

VII. लाभ एवं हानि लेखे में पहचाने गये व्यय	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
वर्तमान सेवा लागत	229.79	96.47	105.33	46.31	174.38	20.03
ब्याज लागत	914.67	425.49	120.53	62.84	53.97	13.93
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	-1104.42	-508.32	-126.42	-65.44	0.00	0.00
निवल बीमांकिक (लाभ)/ हानि जो इस वर्ष में पहचानी गयी है	1736.77	435.93	-37.21	58.51	7.62	5.90
इस वर्ष में पहचानी गयी संक्रमणकालीन देयता	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
विगत सेवा लागत – पहचानी गई	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
लाभ एवं हानि लेखे में पहचाने गये व्यय	**1776.82**	**449.57**	**62.23**	**102.22**	**220.73**	**39.86**

(₹ करोड़ में)

VIII. तुलन पत्र में पहचानी गयी देयताओं में परिवर्तन	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
		आईबी		आईबी		आईबी
निवल देयता का आरंभिक शेष	-76.98	-101.39	60.57	-13.19	-826.09	-188.21
उपर्युक्तानुसार व्यय	-1776.82	-449.58	-62.23	-89.02	-220.73	-39.86
प्रदत्त अंशदान	1495.93	446.42	50.7	69.64	69.4	17.77
निवल देयता का अंत शेष	**-357.87**	**-104.55**	**49.04**	**-32.58**	**977.42**	**-210.30**

(₹ करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (ii) पिछले वर्ष 2016–21 पेंशन	.....को समाप्त वर्ष					
	31-03-2016	31.03.2017	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	5608.14	5925.15	6245.89	6520.32	6801.96	15319.48
योजना आस्तियां	5508.95	5841.36	6146.80	6418.93	6697.41	14961.61
अधिशेष (घाटा)	-99.19	-83.79	-99.09	-101.39	-104.55	357.87
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-384.40	-626.82	-704.39	-335.65	-449.25	1542.88
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-7.61	27.73	10.93	-8.58	13.32	193.89

(₹ करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (iii) पिछले वर्ष 2016–21 – उपदान	.....को समाप्त वर्ष					
	31-03-2016	31.03.2017	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	831.94	900.90	964.99	923.85	928.98	1848.22
योजना आस्तियां	829.38	876.81	932.55	910.66	896.4	1897.26
अधिशेष (घाटा)	-2.56	-24.09	-32.44	-13.19	-32.58	49.04
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-24.2	-87.34	-36.2	-2.11	-61.22	23.06
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-1.66	-1.36	22.12	-0.38	2.71	14.15

(₹ करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (iii) पिछले वर्ष 2016–21 छुट्टी भुनाई	.....को समाप्त वर्ष					
	31-03-2016	31.03.2017	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	161.63	171.21	179.51	188.21	210.29	977.42
योजना आस्तियां	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अधिशेष (घाटा)	-161.63	-171.21	-179.51	-188.21	-210.29	977.42
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-100.37	-3.01	10.18	7.58	17.71	7.62
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00

X. योजना आस्तियों के मुख्य संवर्ग (कुल योजना आस्तियों के प्रतिशत में)	2020-2021		2019-2020	
	पेंशन निधि	उपदान निधि	पेंशन निधि	उपदान निधि
भारत सरकार प्रतिभूतियाँ और राज्य सरकार प्रतिभूतियाँ	36.76%	28.00%	55.00%	0.00%
उच्च गुणवत्तावाले कार्पोरेट बांड/पीएसयू बांड	15.64%	12.98%	40.00%	0.00%
विशेष जमा योजना	0.06%	0.00%	1.00%	-
बीमाकर्ता द्वारा प्रबंधित निधियाँ	47.21%	58.60%	4.00%	100.00%
निजी क्षेत्र के बॉण्ड	0.33%	0.42%	-	-
मनी मार्केट	-	-	-	-
कुल	**100.00%**	**100.00%**	**100.00%**	**100.00%**

(₹ करोड़ में)

XI. अगले वर्ष के दौरान अंशदान**	पेंशन निधि	उपदान निधि	अर्जित छुट्टी
अगलेवर्ष के दौरान अंशदान पर उद्यम का सर्वोच्च अनुमान	1400	50	240

9.1.3 अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ

बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकक द्वारा बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों के लिए ₹50.12 करोड़ की राशि (गत वर्ष ₹ 3.71 करोड़) का प्रावधान किया गया है तथा इसे लाभ एवं हानि लेखे में "कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान" शीर्ष के तहत शामिल किया गया है।

वर्ष के दौरान विभिन्न दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों हेतु बनाए गए प्रावधान / (अवलिखित) अतिरिक्त प्रावधानों का विवरणः

(रु. करोड़ में)

क्रम सं.	दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ	31/03/2021	31/03/2020
1	बीमारी छुट्टी	15.28	1.44
2	आकस्मिक छुट्टी	0.16	0.12
3	छुट्टी यात्रा रियायत	34.68	2.15
	कुल	**50.12**	**3.71**

क्रम सं.	दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ	01.04.2020* को प्रारंभिक शेष	2020-21 का व्यय	2020-21 में वृद्धि	31.03.2021 को अंतिम शेष
1	बीमारी छुट्टी	7.38	0	15.28	22.66
2	आकस्मिक छुट्टी	0.71	0	0.16	0.87
3	छुट्टी यात्रा रियायत	53.80	18.56	34.68	69.62
कुल		**61.89**	**18.56**	**50.12**	**93.45**

नोटः शामिल प्रकटीकरण, बीमांकक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना की सीमा तक सीमित है।

9.2 अनुषंगी कंपनियां

(अनुषंगी कंपनियों के लेखापरीक्षित विवरणों के अनुसार पुनर्निमित)

9.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड

परिभाषित अंशदान योजना

परिभाषित अंशदान योजना हेतु अंशदान जिसे वर्ष के लिए व्यय माना गया, निम्न प्रकार प्रस्तुत है :

₹

विवरण	2020-21	2019-20
भविष्य निधि को नियोक्ता का अंशदान	4503279	3956245

परिभाषित लाभ योजना

I) परिभाषित लाभ बाध्यता के प्रारंभिक शेष और अंतिम शेष का लेखा समाधान

₹

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी भुनाई (गैर–निधिक)	
	2020-21	**2019-20**	**2020-21**	**2019-20**
वर्ष के आरंभ में परिभाषित लाभ बाध्यता	14477169	10424236	9175621	7487157
वर्तमान सेवा लागत	1245412	875494	418454	346222
ब्याज लागत	915972	781818	588067	535448
बीमांकिक (लाभ)/ हानि	(104445)	1161862	(64441)	1559387
प्रदत्त लाभ	(1239594)	(702125)	(557996)	(752593)
निपटान लागत	-	-	-	-
वर्ष के अंत में परिभाषित लाभ बाध्यता	15294514	12541285	9559705	9175621

II) योजना आस्तियों के अथशेष व इतिशेष के उचितमूल्य का लेखा समाधान

₹

विवरण	उपदान (निधिक)	
	2020-21	**2019-20**
वर्ष के आरंभ में योजना आस्तियों का उचितमूल्य	11607029	11550311
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिफल	867210	758843
अंशदान	4264874	-
बीमांकिक (लाभ)/ हानि	98528	-
प्रदत्त लाभ	(1239594)	(702125)
निपटान लागत	-	-
वर्ष के अंत में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	15598048	11607029
योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	(202973)	1161862

III) आस्तियों व बाध्यताओं के उचित मूल्य का लेखा समाधान

₹

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी भुनाई (गैर–निधिक)	
	2020-21	**2019-20**	**2020-21**	**2019-20**
योजना आस्तियों का उचितमूल्य	15598048	11607029	-	-
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	15294514	12541285	9559705	9175621
तुलन–पत्र में अभिज्ञात राशि	303534	(934256)	(9559705)	(9175621)

IV) वर्ष के दौरान अभिज्ञात व्यय

₹

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी भुनाई (गैर–निधिक)	
	2020-21	**2019-20**	**2020-21**	**2019-20**
वर्तमान सेवा लागत	1245412	875494	418454	346222
ब्याज लागत	915972	781818	588067	535448
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	867210	758843	-	-
बीमांकक**(लाभ)** /**हानि**	(202973)	1161862	(64441)	1559387
निवल लागत	1091201	2060331	9559705	2441057

V) बीमांकक अनुमान

₹

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी भुनाई (गैर–निधिक)	
	2020-21	**2019-20**	**2020-21**	**2019-20**
मृत्यु संख्या सारणी (एलआईसी)	2012-14 (अंतिम)	1994- 96 (अंतिम)	2012-14 (अंतिम)	1994-96 (अंतिम)
बट्टादर (प्रतिवर्ष)	6.83%	7.25%	6.83%	6.61%
प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर (प्रतिवर्ष)	6.61%	8.00%	-	-
वेतनवृद्धि दर (प्रतिवर्ष)	5.00%	5.00%	5.00%	5.00%
सेवात्याग दर	7.00%	1% to 3%	7.00%	7.00%

मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं नियोजन बाजार में आपूर्ति और माँग सहित अन्य संबंधित घटकों को ध्यान में रखते हुए बीमांकक मूल्यांकन में वेतन में वृद्धि की दर का अनुमान लगाया गया है। प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर कतिपय लागू घटकों, मुख्यतः धारित योजना आस्तियों का सम्मिश्रण, निर्धारित जोखिमों, योजना आस्तियों पर प्रतिलाभ के ऐतिहासिक परिणाम और योजना आस्तियों हेतु कंपनी की नीति को ध्यान में रखकर निर्धारित की गई है। इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्त स्टाफ के संबंध में सेवानिवृत्ति लाभ देयता का वहन इंडियन बैंक द्वारा किया जाएगा।

कंपनी ने वर्ष 2020–21 में उपदान देयता की ओर रू 23.53 लाख (पिछले वर्ष 20.36 लाख) का अंशदान दिया है।

9.2.2 इंडबैंक हाउसिंग लि.

उपदान निधि की ओर कंपनी की बाध्यता एवं बीमांकक मूल्यांकन के ब्यौरे:

₹

		2020-21	2019-20
1	कुल विगत सेवा उपदान	शून्य	664113
2	विगत सेवा उपदान बीमांकक मूल्य	शून्य	686909
3	जीवन बीमा निगम के साथ उपदान निधि	शून्य	670525
4	जीवन बीमा निगम को देय अंशदान	शून्य	16384
5	वर्ष के दौरान प्रदत्त अंशदान	शून्य	शून्य
6	शेष देय	शून्य	16752
7	प्रदत्त जोखिम प्रीमियम एवं सेवाकर	शून्य	368
8	अनुमान बट्टा दर वेतन में वृद्धि का पूर्वानुमान	**अप्रयोज्य**	7.25% प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि 7.50% प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि

10. सेगमेंट रिपोर्टिंग(समेकित) (एएस 17)

1. सेगमेंट की पहचान

I. प्राथमिक (कारोबार खंड)

बैंक के प्राथमिक खंड निम्नलिखित हैं :–

- राजकोष
- कॉर्पोरेट / थोक बैंकिंग
- खुदरा बैंकिंग
- अन्य बैंकिंग व्यवसाय

बैंक की वर्तमान लेखा और सूचना प्रणाली उपरोक्त खंडों के संबंध में अलग–अलग से डेटा प्राप्त करने और निकालने का समर्थन नहीं करती है। हालाँकि, वर्तमान आंतरिक, संगठनात्मक और प्रबंधन रिपोर्टिंग संरचना और उनके जोखिम और विवरणियों की प्रकृति के आधार पर, प्राथमिक खंडों के डेटा की गणना निम्नानुसार की गई है:

i. राजकोष –

राजकोष खंड में संपूर्ण संविभाग निवेश और विदेशी मुद्रा संविदाओं और व्युत्पन्न संविदाओं में व्यापार शामिल है। राजकोष खंड के राजस्व में मुख्यतः संविभाग निवेश पर व्यापार संचालन और ब्याज आय से शुल्क और लाभ या हानि शामिल होती है।

ii. कॉर्पोरेट / थोक बैंकिंग

कॉरपोरेट/थोक बैंकिंग खंड में कॉर्पोरेट खाता समूह, वाणिज्यिक ग्राहक समूह और दबावग्रस्त आस्तियां संकल्प समूह की उधार गतिविधियां शामिल हैं। इनमें कॉर्पोरेट और संस्थागत ग्राहकों को ऋण और लेनदेन सेवाएं प्रदान करना शामिल है और इसके अलावा विदेशी कार्यालयों के गैर–कोषागार संचालन शामिल हैं।

iii. खुदरा बैंकिंग

खुदरा बैंकिंग खंड में खुदरा शाखाएँ, जिसमें मुख्य रूप से बैंकिंग संबंध रखने वाले कॉर्पोरेट ग्राहकों के साथ उधार गतिविधियों सहित व्यक्तिगत बैंकिंग गतिविधियाँ की जाती हैं, शामिल हैं। इस खंड में एजेंसी व्यवसाय और एटीएम भी शामिल हैं।

iv. अन्य बैंकिंग व्यवसाय

उपरोक्त (i) से (iii) के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं किए गए खंडों को इस प्राथमिक खंड के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

II. द्वितीयक (भौगोलिक खण्ड)

i. देशी परिचालन – भारत में संचालन करने वाली शाखाएँ / कार्यालय

ii. विदेशी परिचालन – भारत के बाहर संचालन करने वाली शाखाएं/कार्यालय और भारत में संचालन करने वाली ऑफशोर बैंकिंग इकाइयां

III. व्यय, आस्ति और देयताओं का आबंटन

कॉर्पोरेट केंद्र के प्रतिष्ठानों पर किए गए व्यय सीधे कॉर्पोरेट / थोक और खुदरा बैंकिंग संचालन या राजकोष संचालन खंड के लिए स्त्रोतजन्य हैं, तदनुसार आबंटित किए जाते हैं। व्यय, सीधे तौर पर स्त्रोतजन्य नहीं है, उन्हें प्रत्येक खंड में खंड आस्ति के अनुपात के आधार पर या सीधे तौर पर स्त्रोतजन्य व्यय में आबंटित किया जाता है। बैंक के पास कुछ सामान्य आस्तियां और देयताएं हैं, जिन्हें किसी भी खंड के लिए स्त्रोतजनक नहीं ठहराया जा सकता है, और उन्हें असंबद्ध माना जाता है।

(₹ करोड़ में)

भाग ए व्यापार खण्ड	ट्रेजरी		कार्पोरेट/ थोकबैंकिंग		खुदरा बैंकिंग		अन्य बैंकिंग परिचालन		कुल	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
राजस्व	14002.34	6360.25	17708.42	8257.78	13021.62	9532.64	916.16	280.46	45648.54	24431.13
परिणाम	6204.56	2092.05	2843.03	1824.77	2084.26	2072.26	288.61	211.83	11420.46	6200.91
अनाबंटित व्यय									8495.13	5118.27
परिचालनगत लाभ									2925.33	1082.64
अल्पसंख्यक हित									1.43	0.69
अन्य अनाबंटनीय आय									134.86	399.60
आय कर									-90.38	620.22
अपवाद स्वरूप मद									0.00	0.00
निवल लाभ									3149.14	861.33
अन्य जानकारी										
खण्डीय आस्तियां	216026.72	91370.17	248990.98	104502.35	182696.29	117426.74	2071.69	650.81	649785.68	305018.55
अनाबंटित आस्तियां									-21672.15	5122.41
कुल आस्तियां									628113.53	310140.96
खण्डीय देयताएं	182491.24	82590.87	229897.04	91493.87	168782.65	103057.81	1062.39	-5.53	582233.32	277137.02
अनाबंटित देयताएं									6422.14	10236.36
आरक्षित पूंजी व अधिशेष									39458.07	22767.58
कुल देयताएं									628113.53	310140.96

भाग बी–भौगोलिक खण्ड						
	देशी		अंतर्राष्ट्रीय		कुल	
	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20
राजस्व	45321.29	24278.48	327.25	448.30	45648.54	24726.78
आस्तिया	613695.69	300546.96	14417.84	9594.00	628113.53	310140.96

जहां प्रत्यक्ष आबंटन संभव नहीं है, खण्डीय राजस्व और व्ययों को खण्डीय आस्तियों के आधार पर प्रभाजित किया गया है।

जहाँ भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष के आँकडों को पुनःसमूहित किया गया है।

11. संबंधित पार्टी प्रकटीकरण (ए एस 18)

11.1 मूलसंस्था

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक :

सुश्री पद्मजा चुन्डूरू	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (21.09.2018 के प्रभाव से)
श्री एम के भट्टाचार्य	कार्यपालक निदेशक (18.02.2017 के प्रभाव से 30.11.2020 तक)
श्री शेणॉय विश्वनाथ वी	कार्यपालक निदेशक (01.12.2018 के प्रभाव से)
श्री के रामचंद्रन	कार्यपालक निदेशक (01.04.2020 के प्रभाव से)
श्री इमरान अमीन सिद्दीकी	कार्यपालक निदेशक (10.03.2021 के प्रभाव से)

गैर–कार्यकारी निदेशकों की शेयरधारिता :

क्रं.सं.	गैर–कार्यकारी निदेशक का नाम	धारित शेयर की संख्या
1	श्री भरत कृष्ण शंकर	300
	कुल	**300**

संबंधित पार्टी लेनदेन निम्नानुसार हैं :

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को वर्ष के दौरान रुपये 102.52 लाख पारिश्रमिक के रूप में भुगतान किए गए हैं (गत वर्ष रुपए 98.16 लाख)

	2020-2021	2019-20
श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2017 से 03.04.2017)	-	6.00 लाख
सुश्री पद्मजा चुन्डूरू, एमडी एवं सीईओ प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2020 से 31.03.2021)	30.46 लाख	31.70 लाख
श्री सुब्रमण्य कुमार प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक	-	2.00 लाख
श्री ए एस राजीव, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2018 से 30.11.2018)	-	2.66 लाख
श्री एम के भट्टाचार्य, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2020 से 30.11.2020)	18.16 लाख	28.52 लाख
श्री शेणॉय विश्वनाथ वी, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2020 से 31.03.2021)	26.22 लाख	27.28 लाख
श्री के रामचन्द्रन, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2020 से 31.03.2021)	26.21 लाख	-
श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (10.03.2021 से 31.03.2021)	1.47 लाख	

पार्टियां, जिनके साथ वर्ष के दौरान लेनदेन दर्ज किए गए थे

संबंधित पक्षों के संबंध में किसी भी प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं है, जो लेखांकन मानक (एएस) 18 के अनुच्छेद 9 के अनुसार ''राज्य–नियंत्रित उद्यम'' हैं। इसके अलावा, एएस 18 के अनुच्छेद 5 के संदर्भ में, लेन–देन बैंकर–ग्राहक संबंध का प्रकटीकरण न तो प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ और न ही उनके रिश्तेदारों के साथ किया गया है।

11.2 अनुषंगी कंपनी:

11.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि.

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक :

प्रबंधकीय पारिश्रमिक :

(राशि लाख में)

नाम	पदनाम		2020-21	2019-20
श्री शेषसाई पी एल वी के	अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक (27.06.2020 तक)	वेतन	3.96	16.72
		भविष्य निधि को अंशदान	0.20	0.83
श्री ए राजारामन	अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक (03.09.2020 तक)	वेतन	10.60	
		भविष्य निधि को अंशदान	0.73	
श्री यू राजकुमार	अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक	वेतन	10.40	3.82
		भविष्य निधि को अंशदान	0.79	0.30
श्री वी बालामुरुगन	कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी का वेतन	वेतन	6.62	7.32
		भविष्य निधि को अंशदान	0.81	0.76
गैर–पूर्णकालिक स्वतंत्र निदेशकों को बैठक शुल्क का भुगतान किया गया			2.74	2.20

कंपनी के अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है तथा उन्हें उपर्युक्त बैंक के सेवानियम के अनुसार व कंपनी के शेयरधारकों द्वारा ''पूर्णकालिक निदेशक'' के रूप में नियुक्ति की शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है।

कंपनी के उपाध्यक्ष और सीएफओ इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर हैं और उन्हें उपर्युक्त बैंक के सेवानियमों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है।

कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी को सीधे कंपनी द्वारा भर्ती किया गया है और उन्हें कंपनी द्वारा दिए गए रोजगार की पेशकश की शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है।

11.2.2 इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड

कंपनी के प्रबंध निदेशक इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है तथा वह अपना पारिश्रमिक उस कंपनी के अध्यक्ष के रूप में इंडबैंक मर्चेन्ट बैंकिंग सर्विस लिमिटेड से प्राप्त करते है। अतः इस कंपनी द्वारा पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है।

11.3 अन्य संबंधित पार्टियाँ सरकार नियंत्रित उद्यम हैं और इस कारण एएस–18 के पैराग्राफ 9 के अनुसार कोई प्रकटीकरण अपेक्षित नहीं है। आगे, एएस–18 के पेराग्राफ 5 के अनुसार बैंकर–ग्राहक संबंध के लेनदेनों को प्रकट करना अपेक्षित नहीं है।

12. पट्टे (एएस 19)

12.1 मूलसंस्था

ए. पट्टे / किराए आधार पर ली गई परिसंपत्तियों के संबंध में, बैंक के विकल्प के अनुसार उन्हें नवीकृत / रद्द किया जा सकता है।

बी. बैंक द्वारा किए गए पट्टे करार, आपस में सहमत अवधि के लिए हैं जिसमें लिखित रूप से सहमत कैलण्डर महीनों की नोटिस देने के जरिए पट्टे की अवधि के दौरान भी उसे समाप्त किया जा सकता है।

सी. परिचालनगत पट्टों के लिए प्रदत्त पट्टा किराए को, जिस वर्ष से संबन्धित है, उसी वर्ष में लाभ एवं हानि लेखे में व्यय के रूप में पहचाना जाता है। वर्तमान वर्ष के दौरान पहचाना गया पट्टा किराया रुपए 441.04 करोड़ हैं। (विगत वर्ष – 225.85 करोड़ रुपए)।

डी. वित्त पट्टा

वित्त पट्टे पर प्राप्त आस्ति में भूमि और भवन शामिल हैं। पट्टों की एक प्राथमिक अवधि होती है, जो निश्चित और गैर–रद्द होती है। बैंक के पास द्वितीयक अवधि के लिए पट्टे को नवीनीकृत करने का विकल्प है।

वित्त पट्टा के तहत आवश्यक आस्तियों के संबंध में न्यूनतम पट्टे के किराये और न्यूनतम पट्टे के भुगतान का वर्तमान मूल्य निम्नानुसार हैं:

विवरण	न्यूनतम पट्टे का भुगतान		न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य	
	31 मार्च 2021 को	31 मार्च 2020 को	31 मार्च 2021 को	31 मार्च 2020 को
1 वर्ष के पूर्व देय	0	0	0	0
1 वर्ष के बाद एवं 5 वर्षों के पूर्व देय	0	0	0	0
5 वर्षों के बाद देय	0	0	0	0
कुल	0	0	0	0
कम : भविष्य के वित्तीय प्रभार				
न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य	0	0	0	0

13. प्रति शेयर अर्जन (एएस 20)

विवरण		2020-21	2019-20
ईक्विटी शेयर धारकों हेतु उपलब्ध कर के पश्चात निवल लाभ (रुपए करोड़ में)		3149.15	861.34
ईक्विटी शेयरों की संख्या		1129366570	608800580
ईक्विटी शेयरों की भारित संख्या		1129366570	525852645
प्रति शेयर मूल अर्जन	₹	27.88	16.38
कम की गई आय प्रति शेयर आय	₹	27.88	16.38
प्रति ईक्विटी शेयर अंकित मूल्य	₹	10.00	10.00

14. समेकित वित्तीय विवरण (एएस 21)

समेकित वित्तीय विवरण लेखा मानक (एएस 21) को भारतीय सनदी लेखाकार संस्था (आईसीएआई) द्वारा जारी समेकित वित्तीय विवरणों और ''समेकित वित्तीय विवरण'' को तैयार करने पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के समनुरूप तैयार किए गए हैं।

समेकित वित्तीय विवरण, इंडियन बैंक (मूलसंस्था) के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और उनकी अनुषंगियों जैसे (1) इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड और (2) इंडबैंक मर्चेट बैंकिंग सर्विसेज लि. के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण पर आधारित है।

31.03.2021 को समेकित आंकड़ों में तीन सहयोगियों यथा मेसर्स तमिलनाडु ग्राम बैंक, मेसर्स सप्तगिरी ग्रामीण बैंक और पुदुवै भारतियार ग्रामबैंक के 134.86 करोड़ रुपये का अलेखापरीक्षित लाभ शामिल है और रु. 7.15 करोड़ दो संयुक्त उद्यमों अर्थात 1) यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और 2) एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड के अलेखा परीक्षित लाभ में हिस्सा है।

15. आय पर करों के लिए लेखांकन (एएस 22)

15.1 मूलसंस्था

15.1.1 वर्तमान कर-

चालू वर्ष के दौरान, पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के संचित घाटे को देखते हुए, बैंक ने देशी परिचालन के लिए आयकर का प्रावधान नहीं किया है। चालू वर्ष के दौरान विदेशी शाखाओं में रुपये 10.56 करोड़ के आयकर का प्रावधान किया गया है। देशी परिचालन के लिए वर्तमान कर की गणना आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अनुसार की गई है।

15.1.2 आस्थगित कर

बैंक के पास ₹2844.49 करोड़ का निवल आस्थगित कर आस्ति है (विगत वर्ष ₹744.20 करोड़ का निवल आस्थगित कर आस्ति), जिसमें 'अन्य देयताओं और प्रावधानों' के तहत शामिल ₹949.89 करोड़ की आस्थगित कर देयताएं (डीटीएल) (विगत वर्ष ₹584.06 करोड़) शामिल हैं और आस्थगित कर आस्तियां (डीटीए) ₹3794.38 करोड़ (विगत वर्ष 1328.26 करोड़) के तहत शामिल है।

डीटीए (अस्थगित कर आस्तियाँ) / डीटीएल (अस्थगित कर देयताएँ) के मुख्य संघटक निम्न प्रकार हैं : (राशि ₹ करोड़ में)

		31.03.2021	31.03.2020
आस्थगित कर आस्तियां			
1	भुगतान/क्रिस्टलाइजेशन पर अनुमेय देयताओं का प्रावधान	208.53	67.70
2	विदेशी मुद्रा लेनदेन रिजर्व (एफ़सीटीआर)	105.29	109.15
3	उपदान के लिए प्रावधान	0.09	0.12
4	अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान	3076.11	1006.58
5	पुनर्रचित आस्तियों, एक्युआर, एस4ए, दबावग्रस्त आस्तियों के लिए प्रावधान	328.67	70.66
6	स्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास	75.69	73.87
7	कार्यालय व्यय के लिए प्रावधान	0.00	0.18
	कुल–डीटीए	**3794.38**	**1328.26**
आस्थगितकर देयताएं			
1	स्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास	44.41	38.51
2	बट्टे खाते लिखे गये खातों हेतु प्रावधान	363.15	363.15
3	स्टाफ कल्याण प्रतिपूर्ति	4.11	4.11
4	आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(i)(viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षण	538.22	178.29
	कुल – डीटीएल	**949.89**	**584.07**
	निवल डीटीए /(डीटीएल)	**2844.49**	**744.20**

15.2 अनुषंगी कंपनियां :

15.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विस लि.

आस्थगित कर आस्ति/देयता के मुख्य घटक निम्न प्रकार हैं। (राशि ₹ करोड़ में)

	आस्थगित कर			
	31.03.2021 को		31.03.2020 को	
	आस्ति	देयताएं	आस्ति	देयताएं
i) मूल्यह्रास–योग्य आस्तियों में समय का अंतर		1.48		2.60
ii) अशोध्य ऋणों व एनपीए के लिए प्रावधान	4.40		6.16	
iii) अन्य	0.24		0.31	
कुल	**4.64**	**1.48**	**6.47**	**2.60**
निवल डीटीए / (डीटीएल)	**3.16**		**3.87**	

16. एएस 24 के अन्तर्गत प्रकटीकरण अपेक्षाएं– परिचालन बंद

16.1 अनुषंगी कंपनियां:

16.1.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विस लि.

कंपनी ने दिसंबर 1997 से लागू हुए सेबी विनियमन के फलस्वरूप निधि आधारित क्रियाकलापों को बंद किया था और केवल शुल्क आधारित क्रियाकलापों को लेने का निर्णय लिया था। दिसंबर 1997 तक विद्यमान निधि आधारित एकस्पोज़र उनकी संविदाकृत अवधि समाप्त होने तक जारी रखे गए हैं। स्थायी जमाओं की पुनः अदायगी और दावा न की गई सावधि जमाओं को आईईपीएफ़ में अंतरण करने के बाद कंपनी ने भारतीय रिज़र्व बैंक से एनबीएफसी के रूप में अपना पंजीकरण रद्द किये जाने की अनुमति प्राप्त की है। अब कंपनी केवल सेबी विनियमनों द्वारा नियंत्रित है।

संसाधन आवंटन के प्रयोजनों और सेगमेंट निष्पादन के आकलन हेतु मुख्य संचालन निर्णय निर्माता (सीओडीएम –निदेशक मंडल) को रिपोर्ट की गई सूचना पूरी तरह से कंपनी पर केंद्रित है। इसलिए, प्रबंधन ने निष्कर्ष निकाला है कि कंपनी के पास केवल एक सेगमेंट है।

कंपनी ने दिसंबर 1997 से लागू हुए सेबी विनियमन के फलस्वरूप निधि आधारित क्रियाकलापों को बंद किया था और केवल शुल्क आधारित क्रियाकलापों को लेने का निर्णय लिया था। दिसंबर 1997 तक विद्यमान निधि आधारित एक्स्पोज़र उनकी संविदाकृत अवधि समाप्त होने तक जारी रखे गए हैं। स्थायी जमाओं की पुनः अदायगी और दावा न की गई सावधि जमाओं को आईईपीएफ़ में अंतरण करने के बाद कंपनी ने भारतीय रिज़र्व बैंक से एनबीएफसी के रूप में अपना पंजीकरण रद्द किये जाने की अनुमति प्राप्त की है। अब कंपनी केवल सेबी विनियमनों द्वारा नियंत्रित है।

17. अनुषंगी कंपनियां:

17.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विस लि.

इंडियन बैंक, मूल बैंक ने ₹ 897.48 लाख की राशि की चुकौती के लिए 3 साल की अधिस्थगन अवधि सितंबर 2013 से सितंबर 2016 तक को मुआविज़ा का अधिकार खंड के तहत 31.03.2017 को समाप्त होने वाले वर्ष से शुरू होने वाली प्रति छमाही ₹ 75 लाख की चुकौती को अधिस्थगन/चुकौती अवधि के लिए बिना किसी ब्याज प्रभार के अनुमोदित कर दिया है। तदनुसार मूलसंस्था बैंक द्वारा अनुमोदित शर्तों के अनुसार 31.03.2021 का समाप्त अर्धवर्ष हेतु कंपनी ने इंडियन बैंक को ₹ 675 लाख चुकौती की है।

18. बैंक एश्यूरेन्स कारोबार

मूल संस्था

बैंक एश्योरेंस उत्पादों पर प्राप्त कमीशन का लेखांकन अब तक उगाही के आधार पर किया जाता था और इस वित्तीय वर्ष 2020–21 से यह लेखांकन उपचय आधार पर किया गया।

बैंक द्वारा विभिन्न बैंक एश्युरेंस/म्युच्युअल फंड उत्पादों की बिक्री/विपणन पर पिछले वर्ष प्राप्त ₹ 20.44 करोड़ की आय के सापेक्ष वर्तमान वर्ष में अनर्जित कमीशन आय ₹ 63.97 करोड़ है।

लेखांकन नीति में बदलाव के कारण कमीशन की आय ₹ 5.69 करोड़ अधिक है।

(₹ करोड़ में)

क्रमांक	आय की प्रकृति	2020-21	2019-20
1	जीवन बीमा पालिसी की बिक्री के लिए	38.43	8.88
2	गैर जीवन बीमा पालिसी की बिक्री के लिए	18.53	11.43
3	स्वास्थय बीमा पालिसी की बिक्री के लिए	6.33	0.00
4	अन्य – म्यूचुअल फंड उत्पादों की बिक्री के लिए	0.98	0.15
	कुल	**63.97**	**20.44**

19. अतिरिक्त प्रकटीकरण

मूलसंस्था :

19.1 बैंक के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बैंक द्वारा पहचान की गई एमएसएमई इकाइयों को बैंक से कोई बकाया देय नहीं है, जोकि एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के तहत निर्धारित समय सीमा के बाहर है और लंबित है और वर्ष के दौरान ऐसी पार्टियों के लिए मूलराशि की स्वीकृत देयताओं के विलंबित भुगतान अथवा उन पर ब्याज के कोई मामले दर्ज नहीं किए गए।

19.2 समूह संस्थाओं के बीच अंतर–बैंक/कंपनी की शेष राशि का समाधान निरंतर आधार पर किया जा रहा है। इस तरह के समाधान का चालू वर्ष के लाभ और हानि खाते पर कोई भौतिक प्रभाव अपेक्षित नहीं है।

19.3 इंडियन बैंक के साथ पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक का समामेलन

19.3.1. भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श के बाद बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार (जीओआई) ने समामेलन की योजना अधिसूचित की है। 4 मार्च, 2020 के भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचना के अनुसार, यह योजना 1 अप्रैल, 2020 को लागू हुई। योजना के प्रारंभ होने पर, हस्तांतरणकर्ता बैंक के उपक्रमों को हस्तांतरिती बैंक में हस्तांतरित और अधिकृत किया जाएगा।

19.3.2 अंतरणकर्ता बैंक के उपक्रम को हस्तांतरित और अधिकृत करने के क्रम में, प्रत्येक पूरी तरह से चुकता ₹10 के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर (हर प्रकार से समान होंगे और इसे इस योजना के शुरू होने पर या उसके बाद अंतरिती बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के समान अधिकार हैं, जिसमें लाभांश के संबंध में, यदि कोई हो, जिसे अंतरिती बैंक द्वारा घोषित किया जा सकता है) हस्तांतरिती बैंक में उन शेयरधारकों को जारी किया गया था जिनके नाम अंतरिती बैंक द्वारा इस उद्देश्य से निर्धारित अभिलेख तिथि को हस्तांतरणकर्ता बैंक की सदस्य पंजिका में दर्ज था।

अंतरणकर्ता बैंक का नाम	शेयर विनिमय अनुपात
इलाहाबाद बैंक	प्रत्येक पूरी तरह से चुकता ₹10 के अंकित मूल्य के इलाहाबाद बैंक के प्रत्येक 1000 इक्विटी शेयरों के लिए प्रत्येक पूरी तरह से चुकता ₹10 के अंकित मूल्य के इंडियन बैंक के 115 इक्विटी शेयर।

इसके अलावा, अंतरिती बैंक ने निर्धारित किए गए इक्विटी शेयरों के अंश के लिए हकदारी के संबंध में नकद भुगतान किया है।

19.3.3. एएस 14 के पैरा 24 के अनुसार प्रकटीकरण – ''समामेलन के लिए लेखांकन'' निम्नानुसार है:

i) समामेलित होनेवाली कंपनी यानी इलाहाबाद बैंक के कारोबार की सामान्य प्रकृति इंडियन बैंक के बैंकिंग कारोबार के समान है।

ii) समामेलन का लेखा 'ब्याज आपूरण' पद्धति के तहत किया जाता है जैसा कि एएस –14 ''समामेलन के लिए लेखांकन'' में निर्धारित है। अंतरणकर्ता बैंक की सभी आस्तियां और देयताएं (आकस्मिक देयताओं सहित), कर्तव्यों और दायित्वों को एएस–14 के तहत अपेक्षित लेखांकन नीतियों में एकरूपता लाने के लिए अंतरिती बैंक के लेखा बहियों में समायोजन को छोड़कर उनकी मौजूदा वहन राशि और यथास्थिति 01 अप्रैल, 2020 को उसी रूप में दर्ज करने का प्रस्ताव है। योजना के लागू होने की तारीख के बाद देयताओं/आस्तियों (लेखा मानकों में परिवर्तन के परिणामस्वरूप सहित) में किए जाने वाले आवश्यक परिवर्तनों को अंतरिती बैंक की लेखा बहियों में दर्षाया गया है।

iii) अंतरिती बैंक द्वारा जारी शेयर पूंजी की राशि रु.520.57 करोड़ (प्रत्येक सममूल्य पर जारी किए गए अंकित मूल्य ₹10 के 52,05,65,990 इक्विटी शेयर) को अंतरणकर्ता बैंक की संबंधित शेयर पूंजी के सापेक्ष समायोजित किया गया है और ₹4006.91 करोड़ शेष राशि को समामेलन रिजर्व में समायोजित किया गया है। शेयरों की आंशिक हकदारी के सापेक्ष नकद ₹2.51 करोड़ का भुगतान किया गया।

iv) योजना की शर्तों के अनुसार हस्तांतरित आस्तियों और देयताओं के मूल्य का सार निम्नानुसार हैं:

(रुपये करोड़ में)

विवरण	पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक
संपत्ति का अधिग्रहण	
आरबीआई के पास नकद और शेष राशि	7366.61
बैंकों तथा मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	14383.82
निवेश	80666.58
अग्रिम	142964.78
अचल परिसंपत्तियां	3510.42
अन्य परिसंपत्तियां	9109.91
कुल आस्तियां (ए)	258002.12
देयताओं का अधिग्रहण	
आरक्षित और अधिशेष	8135.29
जमाएं	228608.51
उधार	9102.57
अन्य देयताएं और प्रावधान	7628.27
कुल देयताएं (बी)	253474.64
निवल आस्ति सी=(ए–बी)	4527.48

वर्ष के दौरान इंडियन बैंक और इलाहाबाद बैंक का समामेलन हुआ है। हालांकि इंडियन बैंक और पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के पास समान आईटी अवसंरचना थी लेकिन नीतियों और मानदंड में भिन्नता के कारण एकीकरण के दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वर्ष के अंत के दौरान एकीकरण की परिचालन कठिनाइयों और आंकड़ों में अंतर का सामना भी करना पड़ा। प्रबंधन माइग्रेशन लेखापरीक्षा करने की प्रक्रिया में है। यदि कोई त्रुटि है तो एकीकरण पूरा होने के बाद उसे ठीक किया जाएगा। प्रबंधन के आंकलन अनुसार वित्तीय विवरण पर इसका प्रभाव प्रदर्शित होने की संभावना नहीं है।

19.4. वर्तमान आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार, समेकित वित्तीय विवरणियों को तैयार करने में आईसीएआई द्वारा जारी सामान्य स्पष्टीकरण पर विचार किया गया है। तदनुसार, मूल संस्था और उसकी सहायक कंपनियों की अलग–अलग वित्तीय विवरणियों में प्रकट की गई अतिरिक्त वैधानिक जानकारी का समेकित वित्तीय विवरणों के सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण पर कोई असर नहीं पड़ता है और साथ ही आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक व्याख्या के मद्देनजर समेकित वित्तीय विवरणियों में उन मदों से संबंधित जानकारी का प्रकटीकरण नहीं किया गया है जो महत्वपूर्ण नहीं हैं।

19.5 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के परिणामों में पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के संचालन शामिल हैं। इसलिए चालू वित्तीय वर्ष के वार्षिक परिणाम, आस्तियां, देयताएँ और नकदी प्रवाह पिछले वित्तीय वर्ष के संगत आंकड़ों के साथ तुलनीय नहीं हैं।

20. जहां भी आवश्यक हो, चालू वर्ष के आंकडों के अनुरूप बनाने के लिए पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः वर्गीकृत किया गया है।

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,
इंडियन बैंक के सदस्यगण
समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट।

अभिमत

1. हमने **इंडियन बैंक ("मूल संस्था/बैंक" के रूप में संदर्भित)** एवं 31 मार्च, 2021 के समेकित तुलन–पत्र में समाहित इसके सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों के अर्जन की हिस्सेदारी सहित इसकी अनुषंगियों, इसी वर्ष की समाप्ति पर समेकित लाभ और हानि लेखों के विवरण व समेकित नकदी प्रवाह विवरण एवं मुख्य लेखांकन नीतियों के सार सहित समेकित वित्तीय विवरणों पर लेखों एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना जिसमें निम्नलिखित शामिल है :

   ए) हमारे द्वारा समीक्षा किए गए बैंक के लेखापरीक्षित विवरण ;

   बी) अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित 2 अनुषंगियों के लेखापरीक्षित विवरण ; एवं

   सी) 2 संयुक्त उद्यमों के अलेखापरीक्षित विवरण ;

   डी) 3 सहयोगियों के अलेखापरीक्षित विवरण ;

   उपरोक्त ए), बी) व सी) संस्थाओं को एक साथ समूह के रूप में संदर्भित किया जाता है, का लेखा–जोखा किया है।

   हमारी राय में एवं हमारी श्रेष्ठतम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और अनुषंगियों के अलग–अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और संयुक्त उद्यम और सहयोगियों के अलेखापरीक्षित अलग वित्तीय विवरणों और अन्य वित्तीय जानकारी पर हमारे विचार के आधार पर जैसा कि प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत किया गया है, पूर्वोक्त समेकित वित्तीय विवरण :

   क) भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सही और निष्पक्ष एवं समेकित तुलन पत्र, संलग्न टिप्पणियों सहित पठित, एक पूर्ण और निष्पक्ष समेकित तुलन पत्र हैं जिसमें सभी आवश्यक विवरण होते हैं जो 31 मार्च, 2021 को बैंक और अनुषंगियों की स्थिति के बारे में सही और निष्पक्ष जानकारी दर्शाने हेतु उचित रूप से तैयार किए गए हैं

   ख) समेकित हानि व लाभ विवरण, टिप्पणियों सहित पठित, सही हानि शेष दर्शाते हैं और

   ग) समेकित नकदी प्रवाह विवरण इस तिथि पर समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दर्शाते हैं

अभिमत का आधार

2. हमने अपनी लेखा परीक्षा आईसीएआई द्वारा जारी ऑडिटिंग पर मानकों (एसए) के अनुसार संचालित की है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियों अनुभाग में आगे वर्णित किया गया है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी नैतिक आचार संहिता व साथ ही नैतिक अपेक्षाएं जो समेकित वित्तीय विवरणों के हमारे ऑडिट के लिए प्रासंगिक हैं के अनुसार हम बैंक से स्वतंत्र हैं और हमने अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार पूरा किया है। हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

मामले का महत्व

हम निम्नलिखित पर ध्यान आकर्षित करते हैं

3. समेकित वित्तीय परिणाम की नोट सं. 5 जिसमें भविष्य के व्यापार और वित्तीय परिणामों पर कोविड–19 (COVID19) की वजह से उत्पन्न अनिश्चितताओं के प्रभाव तथा मौजूदा स्थिति में उसके प्रबंधन के मूल्यांकन, मौजूदा अनिश्चितताओं से उत्पन्न चुनौतियों के संदर्भ में प्रबंधन इन अनिश्चितताओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है।

4. समेकित वित्तीय परिणाम की नोट सं. 19.5 जिसमें 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के आंकड़ों में बैंक के साथ समामेलित इलाहाबाद बैंक के आंकड़े शामिल हैं, जबकि 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के आंकड़े पूर्व–समामेलन इंडियन बैंक के आंकड़े हैं इसलिए वह तुलनीय नहीं हैं।

5. संख्या 19.3.3 जोकि वर्ष के दौरान किए गए इंडियन बैंक और तत्कालीन इलाहाबाद बैंक के बीच डेटा के विलय से संबन्धित है तथा डेटा माइग्रेशन ऑडिट प्रगति पर है।

   उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य

6. प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य वे तथ्य हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन तथ्यों पर समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में और उस पर अपनी राय बनाने में समग्र रूप से चर्चा की गई थी, इसलिए इन तथ्यों पर हम अलग से राय प्रदान नहीं करते हैं।

हमने नीचे वर्णित तथ्यों को अपनी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जानेवाले प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य के रूप में निर्धारित किया है:

क्र. सं.	प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य	लेखापरीक्षा में मुख्य लेखापरीक्षा तथ्य को किस रूप में स्वीकार किया गया था
	बैंक के संदर्भ में	
1.	**अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की पहचान, अनर्जक अग्रिमों की पहचान और प्रावधान** समूह एवं इसके सहयोगियों का निवल अग्रिम कुल संपत्ति का 57.95% है, जो समेकित वित्तीय विवरणों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आय की पहचान और आस्ति वर्गीकरण ("आईआरएसी") संबंधी भारतीय रिजर्व बैंक के ("आरबीआई") दिशानिर्देशों में अनर्जक आस्तियों ("एनपीए") की पहचान और वर्गीकरण के लिए विवेकपूर्ण मानदंड और ऐसी आस्तियों के लिए आवश्यक न्यूनतम प्रावधान निर्धारित किए जाते हैं। अर्जक और अनर्जक अग्रिमों की पहचान में उचित पद्धतियां शामिल हैं। बैंक के अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेन का ब्यौरा उसकी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों (आईटी सिस्टम) में है जो अग्रिम के अर्जक या अनर्जक होने की स्थिति को चिह्नित, उसके एनपीए वर्गीकरण और प्रावधान की गणना भी करती है। इन अग्रिमों का वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) भौतिक रूप से गलत बताया जा सकता है, यदि व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, आईआरएसी मानदंडों का ठीक से पालन नहीं किया जाता है। लेन–देन की प्रकृति, विनियामक अपेक्षाएँ, मौजूदा कारोबारी माहौल, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन में शामिल अनुमान/निर्णय को ध्यान में रखते हुए, यह समेकित वित्तीय विवरणों के इच्छित उपयोगकर्ताओं के लिए उच्च महत्व का मामला है इसलिए हमने एनपीए की पहचान और प्रावधान को एक प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य के रूप में सुनिश्चित किया है।	**नियंत्रण के परीक्षण** ऋणों की स्वीकृति, अभिलेख और निगरानी, अतिदेय ऋणों की निगरानी प्रक्रिया, प्रावधानों की गणना, एनपीए खातों की पहचान और प्रत्यावर्तन आय से संबंधित प्रमुख आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और संचालन प्रभावशीलता का आकलन, तथा प्रबंधन सूचना (अतिदेय रिपोर्ट सहित) की विश्वसनीयता का आकलन। **वस्तुपरक परीक्षण** ऋण खातों का नमूना जिसमें बड़े/दबावग्रस्त अग्रिम शामिल थे और हमें आवंटित शीर्ष शाखाओं से नमूना आधार पर कुछ अन्य अग्रिम लिए गए थे, तथा ऐसे नमूनों में हमने निम्नलिखित जांच की: • आय की पहचान के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता और अर्जक या अनर्जक अग्रिम के रूप में पहचान। • चयनित अर्जक अग्रिमों का वर्गीकरण सही ढंग से किया गया था या नहीं यह जानने के लिए स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन किया गया। • इन पार्टियों के बारे में उपलब्ध समेकित वित्तीय विवरणों, संपार्श्विक मूल्यांकन और अन्य गुणात्मक जानकारी की समीक्षा की गई। • आईआरएसी मानदंडों के अनुरूप एनपीए प्रावधानों और आय के प्रत्यावर्तन की गणना के विवरण का परीक्षण। • आरबीआई के दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा निर्धारित उधारकर्तावार एनपीए पहचान की जाँच की गई। • आरबीआई के मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के ऋणों के लिए मानक अग्रिमों के प्रावधानों की जाँच की गई। • एनपीए की निगरानी और समय पर रिपोर्टिंग में आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, सिस्टम लेखापरीक्षा आदि जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता। • अन्य सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर भी भरोसा किया जाता है, जिनकी हमने जांच की है और प्रासंगिक टिप्पणियों पर विचार किया है।
2.	**निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों की पहचान और प्रावधान** • निवेश में बैंक द्वारा विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचर, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा परिपक्वता तक धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध और व्यापार के लिए धारित श्रेणियों के तहत वर्गीकृत अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां शामिल हैं। निवेश बैंक की कुल संपत्ति का 28.39 प्रतिशत है। ये भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा शासित होते हैं।	आरबीआई के परिपत्रों/निर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन, परिचालन प्रभावशीलता तथा अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में स्वतंत्र लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा और परीक्षण शामिल थे। विशेष रूप से, 1) हमने अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण और पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में आरबीआई दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया और समझा।

क्र. सं.	प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य	लेखापरीक्षा में मुख्य लेखापरीक्षा तथ्य को किस रूप में स्वीकार किया गया था
	आरबीआई के इन निर्देशों में अन्य बातों के साथ–साथ निवेश का मूल्यांकन, निवेश का वर्गीकरण, अनर्जक निवेश की पहचान, आय की संबंधित गैर–मान्यता और उसके सापेक्ष प्रावधान शामिल हैं। • पूर्वोक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन आरबीआई द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाना है जिसमें विभिन्न स्रोतों से डेटा/ सूचना का संग्रह शामिल है, जैसे कि एफआईएमएमडीए दरें, बीएसई/एनएसई पर उद्धृत दरें, गैर–सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि। मूल्यांकन, लेन–देन की मात्रा, निवेश और नियामक फोकस की मात्रा में शामिल निर्णय की जटिलताओं और सीमा को ध्यान में रखते हुए, इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया गया है। तदनुसार, हमारी लेखापरीक्षा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेशों की पहचान और निवेश से संबंधित प्रावधानीकरण पर केंद्रित थी।	2) हमने इन निवेशों के उचित मूल्य के निर्धारण हेतू विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का आकलन और मूल्यांकन किया। 3) निवेश के चयनित नमूने के लिए, हमने प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी का पुनर्मूल्यांकन कर आरबीआई मास्टर परिपत्रों और निर्देशों की सटीकता एवं अनुपालन का परीक्षण किया। नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया था कि निवेश की सभी श्रेणियाँ (प्रतिभूति की प्रकृति के आधार पर) नमूने में शामिल हैं। 4) हमने एनपीआई की पहचान की प्रक्रिया व आय के संबंधित प्रत्यावर्तन एवं और प्रावधान के निर्माणों का निर्धारण और मूल्यांकन किया; 5) हमने भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों के अनुसार अनुरक्षित प्रावधान और प्रदान किए जाने वाले मूल्यह्रास को स्वतंत्र रूप से पुनर्गणना करने के लिए वास्तविक लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं कीं । तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई के लिए परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक परिपत्र के अनुसार अनुरक्षित प्रावधान की पुनर्गणना की; 6) उक्त भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र / निदेशों के अनुसार प्रस्तुतिकरण और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, हमने निवेश एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर और वित्तीय विवरण तैयार करने वाले सॉफ़्टवेयर के बीच निवेश की मैपिंग का परीक्षण किया।
3.	**लेखापरीक्षा करने के लिए पर्याप्त उपयुक्त वैकल्पिक लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं** जब अप्रैल 2021 और मई 2021 के महीने में कोविड–19 महामारी चरम पर थी, विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा घोषित लॉकडाउन के कारण हमारी लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान भौतिक आवाजाही पर प्रतिबंध रहे। भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशों के अनुसार, जहां कहीं भौतिक पहुंच संभव नहीं थी, दूरस्थ रूप से लेखापरीक्षा करने की सुविधा के लिए, हमने दूरस्थ स्थान से वैकल्पिक उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं का उपयोग करके बैंक की शाखाओं, अंचल कार्यालयों और कॉर्पोरेट कार्यालय की लेखापरीक्षा की, जिसमें बैंक के प्रबंधन द्वारा हमें सभी जानकारी ऑनलाइन मोड में उपलब्ध कराई गई थी। चूंकि बैंक की लेखापरीक्षा के लिए विभिन्न उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं की गई थीं, लेखापरीक्षा जोखिम को स्वीकार्य निम्न स्तर तक सुनिश्चित करने और कम करने के लिए लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने का रूप भी अलग प्रकार से बनाया गया था तथा इस प्रकार हम उचित निष्कर्ष निकालने और स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर राय बनाने में सक्षम हुए हैं।	इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षा मानकों और कोविड 19 पर विभिन्न लेखापरीक्षा दिशानिर्देशों की आवश्यकतों के अनुरूप विभिन्न लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं द्वारा लेखापरीक्षा करने के लिए हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण को उपयुक्त रूप से संशोधित किया गया था। नियंत्रण परीक्षण और मूल परीक्षण के लिए संशोधित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं : • जहां कहीं भी लेखा परीक्षकों की भौतिक आवाजाही पर प्रतिबंध था, वहाँ बैंक की कुछ शाखाओं, क्षेत्रों व कॉर्पोरेट एवं अन्य कार्यालयों के संबंध में रिमोट एक्सेस और ईमेल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से आवश्यक रिकॉर्ड / दस्तावेज / सीबीएस और अन्य एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का सत्यापन • बैंक के संबंधित अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियों, विलेखों, प्रमाण पत्रों और संबंधित अभिलेखों का सत्यापन ईमेल के माध्यम से और बैंक के सुरक्षित नेटवर्क पर रिमोट एक्सेस के माध्यम से किया गया। प्रबंधन ने निर्धारित किया है कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से हमें प्रदान की गई जानकारी और दस्तावेज सही, पूर्ण, विश्वसनीय और सीधे बैंक के लेखा सिस्टम से निकाले गए हैं एवं इनमें मानवीय हस्तक्षेप नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरणों एवं लेखापरीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य सूचना

7. अन्य सूचना के लिए बैंक का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। अन्य सूचना में कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट शामिल होती है जिसे हमने इस रिपोर्ट के साथ जारी किया है (किंतु इसमें समेकित वित्तीय विवरण एवं हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट शामिल नहीं होते)। वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों सहित, यदि कोई हो, निदेशकों की रिपोर्ट को हमें इस लेखापरीक्षक रिपोर्ट की दिनांक के पश्चात् उपलब्ध करवाया जाना अपेक्षित है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य सूचना एवं बेसल III के तहत पिल्लर 3 के प्रकटीकरणों को कवर नहीं करती है तथा उस पर हमारे द्वारा किसी भी प्रकार का आश्वासन व्यक्त नहीं किया जाता और ना ही ऐसा किया जाएगा।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना एवं ऐसा करते हुए यह विचार करना है कि क्या अन्य सूचना समेकित वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा के दौरान निर्मित हुई हमारी समझ से भौतिक तौर पर असंगत है या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है।

जब हम बैंक के निदेशकों की रिपोर्ट को वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों के साथ, यदि कोई हो, पढ़ते हैं, यदि हम यह निर्णय देते हैं कि उक्त में भौतिक असंगतता है, तो हमारे द्वारा यह तथ्य अभिशासन प्रभारी को बताया जाना अपेक्षित है

समेकित वित्तीय विवरण के लिए प्रबंधन व अभिशासन प्रभारी का उत्तरदायित्व :

8. बैंक के निदेशक मंडल, भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान सहित भारत में आमतौर पर स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय–समय पर जारी किए गए परिपत्र व दिशानिर्देशों के अनुसार इन समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं जो समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय कार्य–निष्पादन और सामूहिक संस्थाओं व सहयोगियों के समेकित नकदी प्रवाह को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं। इस उत्तरदायित्व में, अधिनियम के प्रावधान के अनुपालन में बैंक की आस्तियों को सुरक्षित रखने तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने एवं रोकने; उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उन्हें लागू करने; उचित और विवेकपूर्ण निर्णय एवं आंकलन के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड को बनाए रखने और लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता व संपूर्णता को सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी तौर पर परिचालित पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को निर्मित करना, लागू करना एवं बनाए रखना शामिल है जोकि समेकित वित्तीय विवरणों के निर्माण, प्रस्तुतीकरण हेतु प्रासंगिक है जो सत्य और निष्पक्षता दर्शाते हैं और किसी प्रकार के महत्वपूर्ण मिथ्याकथन, चाहे वह कपट अथवा त्रुटिवश हो, से मुक्त हैं, शामिल हैं।

समेकित वित्तीय विवरण को तैयार करने में सामूहिक संस्थाओं व सहयोगियों से संबंधित निदेशक मंडल का यह दायित्व होता है कि वह संबंधित संस्था के कार्यशील संस्था के रूप में कार्य जारी करने की योग्यता का मूल्यांकन करें, कार्यशील संस्था से संबन्धित मामलों में यथाप्रयोज्य प्रकटन करें, लेखांकन का कार्यशील संस्था आधार पर प्रयोग करें जब तक कि प्रबंधन का इरादा सामूहिक संस्था के परिसमापन अथवा परिचालनों को बंद करने का न हो या ऐसा करने का कोई व्यावहारिक विकल्प न हो।

सामूहिक संस्थाओं व सहयोगियों से संबंधित निदेशक मंडल सामूहिक संस्था की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी उत्तरदायी हैं।

समेकित वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

9. हमारा लक्ष्य उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि वार्षिक समेकित वित्तीय विवरण भौतिक त्रुटियों से पूर्णतः मुक्त हो चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण ही हों तथा हमारी राय सहित लेखापरीक्षक की रिपोर्ट प्रदान करना है। उचित आश्वासन उच्चकोटि का आश्वासन है लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुपालन में की गई लेखापरीक्षा त्रुटि उत्पन्न होने पर हमेशा ही इन्हें पहचान सकेगी। धोखाधड़ी या गलतियों से मिथ्याकथन आ सकते हैं तथा एकल या सकल रूप में उपयोगकर्ताओं द्वारा इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं।

एसए के अनुपालन में हम पेशेवर निर्णय देते हैं तथा लेखापरीक्षा करते समय पेशेवर संशयात्मकता बनाए रखते हैं। हम यह भी :

- समेकित वित्तीय विवरण की भौतिक त्रुटियों, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या किसी भूलवश, के जोखिम का आंकलन तथा पहचान करना और संरचना एवं इन जोखिमों के उत्तरदायित्व के लिए लेखापरीक्षण करना तथा हमारी राय प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित लेखासाक्ष्य प्राप्त करना। भौतिक त्रुटियों में धोखाधड़ी के कारण हुई गलती की पहचान न हो पाना, भूलवश हुई त्रुटि से बड़ा जोखिम है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, साभिप्राय चूक, मिथ्या निरूपण या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकती है।

- परिस्थिति के अनुसार उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करें। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या बैंक के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता है।

- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों के औचित्य एवं लेखांकन अनुमानों व प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटीकरण की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।

- लेखा एवं प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर प्रबंधन, कार्यशील संस्था के उपयोग के औचित्य पर निष्कर्ष निकालना कि क्या घटनाओं या स्थितियों में भौतिक अनिश्चितता है जो सामूहिक संस्था तथा इसके सहयोगियों को कार्यशील संस्था बने रहने में संदेह उत्पन्न करती हैं। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अनिश्चितता है, तो यह हमारे लिए आवश्यक है कि समेकित वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण के संबंध में अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करें अथवा यदि प्रकटीकरण अपर्याप्त हो तो अपनी राय में परिवर्तन करें। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर होते हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाएँ एवं स्थितियाँ सामूहिक संस्था तथा इसके सहयोगियों को कार्यशील संस्था बने रहने से रोक सकती हैं।

- प्रकटीकरण सहित समेकित वित्तीय विवरणों की संरचना, सामग्री तथा सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना और इसका भी जायजा लेना कि क्या समेकित वित्तीय विवरणों में अंतर्निहित लेन–देन एवं घटनाएँ उचित प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करती है।

समूह और सहयोगियों के भीतर ऐसी संस्थाओं या व्यावसायिक गतिविधियों की वित्तीय जानकारी के संबंध में पर्याप्त उपयुक्त ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करना एवं समेकित वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करना। हम समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल ऐसी संस्थाओं की वित्तीय जानकारी की लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए जिम्मेदार हैं, जिनके लिए हम स्वतंत्र लेखापरीक्षक हैं। समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल अन्य संस्थाओं के लिए, जिनकी अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा–परीक्षा की गई है, ऐसे अन्य लेखापरीक्षक उनके द्वारा की गई लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए जिम्मेदार हैं। हम अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए पूरी तरह उत्तरदायी हैं।

हमने बैंक अभिशासकों को तथा समेकित वित्तीय विवरणों में समाहित उन संस्थाओं को जिनके लिए हम स्वतंत्र लेखापरीक्षक हैं, अन्य मामलों के मध्य, लेखापरीक्षा का योजनाबद्ध ढांचा व समय एवं लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में हमारे द्वारा पाई गई किसी महत्वपूर्ण कमी सहित लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों का विवरण प्रदान किया है।

हमने अभिशासकों को ऐसा विवरण भी प्रदान किया है कि हमने स्वतंत्रता संबंधी नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है तथा हम उन्हें ऐसे संबंध एवं अन्य मामले भी सूचित करते हैं, जो हमारी स्वतंत्रता से संबन्धित होते हैं और सुरक्षा के संबंध में लागू होते हैं।

अभिशासकों को संप्रेषित किए गए मामलों में से हम उन मामलों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपनी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन मामलों के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता नहीं है या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि मामले को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से होने वाले प्रतिकूल परिणामों से इस तरह के संचार के सार्वजनिक हित के लाभों से अधिक होने की उम्मीद की जाएगी।

अन्य मामले

10. हमने उन दो (2) अनुषंगियों के वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचना की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी 31 मार्च, 2021 को रु. 94.87 करोड़ की कुल संपत्ति एवं इस दिनांक को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए रु. 15.47 करोड़ का कुल राजस्व, जोकि समेकित वित्तीय विवरण में माना गया है, दर्शाते हैं। इन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत की गई है, और जहां तक इन अनुषंगियों से संबंधित राशि और प्रकटीकरण की बात है तो समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय एवं उक्त अनुषंगियों के संबंध में हमारी रिपोर्ट पूरी तरह से अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

11. हमने उन दो (2) संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण 31 मार्च, 2021 को रु. 4844.64 करोड़ की कुल संपत्ति, रु. 1584.32 करोड़ का कुल राजस्व एवं इस दिनांक को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए रु. 7.15 करोड़ के निवल लाभ में समूह की हिस्सेदारी, जोकि समेकित वित्तीय विवरण में माना गया है, दर्शाते हैं। 31मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए उन तीन अनुषंगियों, जिनके वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हमारे द्वारा नहीं की गई है, से संबंधित समूह के रु. 134.86 करोड़ के निवल लाभ, जोकि समेकित वित्तीय विवरण में माना गया है, की हिस्सेदारी को भी समेकित वित्तीय विवरणों में जोड़ा गया है। ये वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं और प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत किए गए हैं, जहां तक इन संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटीकरण की बात है, वहाँ समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय पूरी तरह से उक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित है। हमारी राय में और प्रबंधन द्वारा हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, ये वित्तीय विवरण समूह के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं।

    उपरोक्त मामलों, किए गए कार्य व अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्टों की विश्वसनीयता एवं प्रबंधन द्वारा प्रमाणित अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचनाओं के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

12. 31 मार्च, 2020 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संयुक्त लेखा परीक्षकों द्वारा की गई, जिनमें से दो पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा फर्म हैं और उन्होंने ऐसे समेकित वित्तीय परिणामों पर अपरिवर्तित राय व्यक्त की थी।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

13. समेकित तुलन–पत्र और समेकित लाभ एवं हानि लेखा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार बनाए गए हैं।

14. उपरोक्त 7 से 9 तक पैराग्राफों में संकेतित लेखापरीक्षा सीमाओं के अध्यधीन और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की अपेक्षानुसार और उसमें अपेक्षित प्रकटीकरण की सीमाओं के अध्यधीन, हम रिपोर्ट करते हैं कि

    (ए) हमने सभी जानकारी व स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जोकि हमारी श्रेष्ठतम जानकारी व विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया।

    (बी) बैंक के लेन–देन जोकि हमारे समक्ष आए हैं, बैंक के अधिकारों के भीतर ही हैं और

    (सी) कार्यालयों एवं शाखाओं तथा बैंक के कार्यालयों से प्राप्त विवरणियाँ हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ पर्याप्त पाए गए हैं।

15. आरबीआई के पत्र सं. डीओएस.एआरजी.सं.6270/08.91.001/2019–20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित), की अपेक्षानुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि

    (ए) निदेशकों की अयोग्यता से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 बैंकों पर लागू नहीं होती है। अनुषंगियों हेतु सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, 31 मार्च, 2021 तक किसी भी अनुषंगी के निदेशकों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप–धारा (2) के संदर्भ में अनुषंगियों के निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

(बी) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई अवलोकन या टिप्पणी नहीं है जिसका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(सी) खातों के रखरखाव और उससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित कोई प्रतिबन्ध, छिपाव या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

(डी) आईसीएआई द्वारा जारी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मामले में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर तकनीकी गाइड के अनुच्छेद 1.14 के अनुसार, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में आरबीआई द्वारा बताई गई रिपोर्टिंग आवश्यकता सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के केवल स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर ही लागू होगी एवं पीएसबी के समेकित वित्तीय विवरणों पर यह लागू नहीं होती। तदनुसार, 31 मार्च, 2021 को समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर समूह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्टिंग नहीं की जाती है।

16. हम आगे रिपोर्ट करना चाहते है कि,

(ए) हमारी राय में, विधि द्वारा अपेक्षित खाते की उचित बही बैंक द्वारा रखी गई हैं जहां तक यह उन बाहियों की हमारे द्वारा की गई जांच से प्रकट होता है और हमारे लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त विवरणियाँ हमारे द्वारा दौरा न कि गई शाखाओं से प्राप्त की गई हैं।

(बी) इस रिपोर्ट में प्रदर्शित समेकित तुलन पत्र तथा समेकित लाभ एवं हानि लेखे और समेकित नकदी प्रवाह के विवरण बही खातों और शाखाओं द्वारा प्राप्त विवरणियाँ जहां हमने दौरा नहीं किया है, के अनुसार हैं।

(सी) बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 के अधीन शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा शाखा कार्यालयों के खातों की रिपोर्ट जो लेखा परीक्षित किये हैं, हमें भेजी गई हैं और हमने इस रिपोर्ट को तैयार करते समय इनकी उचित रूप से जाँच की है ; और

(डी) हमारी राय में समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ व हानि लेखा तथा समेकित नकदी प्रवाह विवरण प्रयोज्य लेखाकरण मानकों का अनुपालन इस हद तक करते हैं कि वे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

कृते के सी मेहता एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 106237W

साझेदार चिराग बख्शी
(एम.नं. 047164)
यूडीआईएन : 21047164AAAAEN5045

कृते श्रीराममूर्ति एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 003032S

साझेदार डोंदेती तेजा सागर
(एम.नं. 227878)
यूडीआईएन : 21227878AAAADP6730

कृते रवि राजन एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 009073N/N500320

साझेदार जयंत ए.
(एम.नं. 231549)
यूडीआईएन : 21231549AAAACQ9519

मेसर्स पी.के.एफ. श्रीधर एंड संथानम एलएलपी
एफआर सं. 003990S/S200018

साझेदार वी.कोदंडरमन
(एम.नं. 25973)
यूडीआईएन : 21025973AAAABA7815

मेसर्स जी. नटेसन एंड कंपनी
एफआर सं. 002424S

साझेदार के. मुरली
(एम.नं. 024842)
यूडीआईएन : 21024842AAAABK8607

हस्ताक्षर का स्थान : चेन्नै
रिपोर्ट की तारीख : 28 मई, 2021

बेसल III-पिल्लर III प्रकटीकरण

मार्च 31, 2021

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित किए अनुसार बेसल अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए अतिरिक्त प्रकटीकरण

सारणी डी एफ – 1

अनुप्रयोग का क्षेत्राधिकार

बैंकिंग ग्रूप के प्रमुख का नाम, जिसपर यह ढाँचा लागू होता है : इंडियन बैंक

(I) गुणात्मक प्रकटीकरण :

ए. समेकन के लिए जिन ग्रूप उपक्रमों की सूची पर विचार किया जाता है

उपक्रम का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है	क्या उपक्रम को लेखाकरण के समेकन के क्षेत्राधिकार में शामिल किया गया है? (हाँ/नहीं)	समेकन के तरीके को स्पष्ट करें	क्या उपक्रम को समेकन के विनियामक क्षेत्राधिकार में शामिल किया गया है? (हाँ/नहीं)	समेकन के तरीके को स्पष्ट करें	समेकन के तरीकों में अंतर के कारणों को स्पष्ट करें	यदि क्षेत्राधिकारों की पहुंच में से किसी एक के अधीन ही समेकन किया गया है तो उसके कारणों को स्पष्ट करें
इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि. (अनुषंगी)	**हाँ**	लेखाकरण मानक 21 – समेकित वित्तीय विवरण के अनुरूप समेकित	**हाँ**	लेखाकरण मानक 21 – समेकित वित्तीय विवरण के अनुरूप समेकित	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**
इंडबैंक हाउसिंग लि. (अनुषंगी)	**हाँ**	लेखाकरण मानक 21 – समेकित वित्तीय विवरण के अनुरूप समेकित	**हाँ**	लेखाकरण मानक 21 – समेकित वित्तीय विवरण के अनुरूप समेकित	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**
एएसआरईसी (इंडिया) लि. (संयुक्त उद्यम)	**हाँ**	लेखाकरण मानक 27 – संयुक्त उद्यमों में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग	**हाँ**	लेखाकरण मानक 23–समेकित वित्तीय विवरण में एसोसिट्स में किए गए निवेश हेतु लेखांकन के अनुरूप आनुपातिक समेकन विधि के अनुसार समेकित	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. (संयुक्त उद्यम)	**हाँ**	लेखाकरण मानक 27 – संयुक्त उद्यमों में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग	**नहीं**	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**	**विनियामक दिशानिर्देश**
तमिलनाडु ग्रामा बैंक (एसोसिएट्स)	**हाँ**	लेखाकरण मानक 23–समेकित वित्तीय विवरण में एसोसिट्स में किए गए निवेश हेतु लेखांकन ईक्विटी पद्धति के अंतर्गत समेकित	**नहीं**	**लागू नहीं**	**एसोसिएट्स माना गया है**	पूँजी पर्याप्तता के प्रयोजनों के लिए जोखिम भारित
सप्तगिरि ग्रामीण बैंक (एसोसिएट्स)	**हाँ**	लेखाकरण मानक 23– समेकित वित्तीय विवरण में एसोसिट्स में किए गए निवेश हेतु लेखांकन के अंतर्गत समेकित	**नहीं**	**लागू नहीं**	**एसोसिएट्स माना गया है**	पूँजी पर्याप्तता के प्रयोजनों के लिए जोखिम भारित

पुदुवै भारतियार ग्राम बैंक (एसोसिएट्स)	**हाँ**	लेखाकरण मानक 23– समेकित वित्तीय विवरण में	**नहीं**	**लागू नहीं**	**एसोसिएट्स माना गया है**	पूँजी पर्याप्तता के प्रयोजनों के लिए जोखिम भारित

बी. ग्रूप उपक्रमों की सूची जिन पर दोनों लेखाकरण और विनियामक मानक के क्षेत्राधिकर के अधीन समेकन के लिए विचार नहीं किया गया है :

उपक्रम का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है	उपक्रम का मुख्य कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)	कुल ईक्विटी में बैंक की धारिता का %	उपक्रम की पूँजीगत लिखतों में बैंक के निवेशों का विनियामक व्यवहार	कुल तुलन पत्र की आस्तियां (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)
शून्य					

(ii) मात्रात्मक प्रकटीकरण :

सी) समेकन के लिए जिन ग्रूप उपक्रमों पर विचार किया गया है :

(₹ मिलियन में)

उपक्रम का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है (ऊपर (i) ए में दिखाए अनुसार)	उपक्रम के मुख्य कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)	कुल तुलन पत्र की आस्तियां (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)
इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लि. (भारत)	मर्चेंट बैंकिंग सेवाएं	443.78	841.86
इंडबैंक हाउसिंग लि. (भारत)	आवास वित्त	100.00	105.31
एएसआरईसी (इंडिया) लि. (भारत)	आस्ति वसूली कंपनी	980.00	2902.61
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. (भारत)	सामान्य बीमा कंपनी	3681.81	45543.98

डी. सभी अनुषंगियों में पूँजीगत कमियों की कुल राशि, जिन्हें समेकन के विनियामक दायरे में नहीं लाया गया है, अर्थात, जिनकी कटौती की गई है :

उपक्रमों का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है	उपक्रम का मुख्य कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)	कुल ईक्विटी में बैंक की धारिता का प्रतिशत	पूँजी कमियाँ
शून्य				

ई. बीमा उपक्रमों में बैंक के कुल हितों की समग्र राशि (चालू बही मूल्य), जो जोखिम भारित हैं :

बीमा उपक्रमों का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है	उपक्रम का मुख्य कार्यकलाप	कुल तुलन प्त्र ईक्विटी (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)	कुल ईक्विटी में बैंक की धारिता का % / मतदान अधिकार का अनुपात	पूर्ण कटौती पद्धति की तुलना में जोखिम भारित पद्धति के प्रयोग से विनियामक पूंजी पर मात्रात्मक प्रभाव
शून्य				

एफ. बैंकिंग समूह के अंदर ही निधि या विनियामक पूंजी के अंतरण पर कोई प्रतिबंध या बाधाएं :

बैंकिंग समूह के अंदर निधि या विनियामक पूंजी के अंतरण पर कोई प्रतिबंध या बाधाएं नहीं हैं।

सारणी डीएफ – 2 : पूँजी पर्याप्तता

पूँजी पर्याप्तता का निर्धारण :

(ए) बैंक अप्रत्याशित हानियों के लिए पूंजी रखती है ताकि जमाकर्ताओं के हित, सामान्य ऋणदाताओं तथा अन्य पण्यधारकों को किसी भी अप्रत्याशित हानि से बचाया जा सके।

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंकों को 7.375 प्रतिशत (जिसमें 1.875 प्रतिशत की पूंजी संरक्षण बफर शामिल है) न्यूनतम सामान्य ईक्विटी टियर– I (सीईटी I) तथा न्यूनतम 10.875 प्रतिशत सीआरएआर रखना है। बैंक 11.27 प्रतिशत (एकल), 11.59 प्रतिशत (समेकित) सामान्य ईक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) और 15.71 प्रतिशत (एकल), 16.02 प्रतिशत (समेकित) सीआरएआर रख रहा है।

(बी) भारतीय रिज़र्व बैंकक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने पूँजी पर्याप्तता का निर्धारण करने हेतु निम्नलिखित जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण को अपनाया है।

- **ऋण जोखिम** : माननीकृत दृष्टिकोण
- **बाज़ार जोखिम** : माननीकृत अवधि दृष्टिकोण
- **परिचालन जोखिम** : आधारभूत सूचक दृष्टिकोण

(सी) बैंक, व्यापार प्रक्षेपणों, नीतिगत दिशानिर्देशों, मैक्रो अर्थशास्त्र परिदृश्य तथा जोखिम प्रोफाइल के आधार पर अगले पाँच वित्तीय वर्षों के लिए पूँजी का पूर्वानुमान लगाता है।

(डी) पिल्लर प्प के अधीन बैंक पूँजी का मूल्यांकन / योजना बनाते समय निम्नलिखित जोखिम पर विचार करता है :

➢ ऋण केन्द्रीकरण जोखिम	➢ मानकीकरण दृष्टिकोण के अधीन ऋण जोखिम का कम मूल्यांकन
➢ बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम	➢ पेंशन बाध्यता जोखिम
➢ तरलता जोखिम	➢ तुलन पत्र से बाहर एक्सपोजर जोखिम
➢ निपटान जोखिम	➢ प्रौद्योगिकी जोखिम
➢ अनुपालन जोखिम	➢ आउटसोर्सिंग जोखिम
➢ साख जोखिम	➢ मानव संसाधन जोखिम
➢ मॉडल जोखिम	➢ अवशिष्ट जोखिम
➢ देश विशेष जोखिम	➢ रणनीतिगत जोखिम
➢ मुआवजा जोखिम	➢ अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर जोखिम
➢ विधिक जोखिम	
➢ समूह जोखिम	

(ई) बैंक अपनी लाभप्रदता तथा पूँजी पर्याप्तता पर आस्ति गुणवत्ता, तरलता, ब्याज दर, डेरीवेटिव तथा फॉरेक्स की तनावग्रस्त स्थिति या तनावग्रस्त परिस्थितियों में विभिन्न जोखिम क्षेत्रों का तनाव परीक्षण आवधिक तौर पर करता है।

व्यापक तनाव परीक्षण ढाँचा बनाकर रखा गया है। बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित स्थितियों के आधार पर तथा बैंक की विभिन्न परिस्थितियों के आधार पर त्रैमासिक अवधि तनाव परीक्षण में करता हैं। महामारी के दौरान बैंक के तुलन पत्र पर संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए बैंक ने कोविड 19 महामारी के तहत भी तनाव परीक्षण किया है। उसी का परिणाम ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी)/जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) / बोर्ड को प्रस्तुत किया जाता है।

मात्रात्मक प्रकटीकरण (बेसल III दिशानिर्देशों के अनुसार)

(ए) ऋण जोखिम हेतु पूँजी आवश्यकताएं : (₹ मिलियन में)

विवरण	एकल (सार्वभौमिक)	समेकित
मानकीकृत दृष्टिकोण के अध्यधीन संविभाग	2,75,278.55	2,75,350.42
प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर	--	--

बी) बाज़ार जोखिम हेतु पूँजी आवश्यकताएं

मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण (₹ मिलियन में)

विवरण	एकल (सार्वभौमिक)	समेकित
ब्याज दर जोखिम	8,700.50	8,700.50
विदेशी विनिमय जोखिम (स्वर्ण सहित)	90.00	90.00
ईक्विटी जोखिम	3,464.95	3,598.44
कुल	**12,255.45**	**12,388.94**

(सी) परिचालनगत जोखिम हेतु पूंजीगत आवश्यकताएं (₹ मिलियन में)

विवरण	एकल (सार्वभौमिक)	समेकित
मूल संकेतक दृष्टिकोण	23,718.06	23,771.48

(डी) सामान्य ईक्विटी टियर 1 (सीईटी 1), टियर 1 तथा कुल पूंजी अनुपात बेसल III दिशानिर्देशों के अनुसार :

विवरण	एकल (सार्वभौमिक)	समेकित
सामान्य ईक्विटी टियर 1 (सीईटी 1)	11.27%	11.59%
टियर 1 पूंजी पर्याप्तता अनुपात	11.93%	12.25%
कुल पूँजी पर्याप्तता अनुपात	15.71%	16.02%

संगठन की संरचना :



जोखिम प्रबंधन संरचना :

बैंक का जोखिम प्रबंधन ढाँचा, विभिन्न जोखिमों को स्पष्ट रूप से समझने, अनुशासित जोखिम मूल्यांकन और प्रक्रियाएं और निरन्तर अनुप्रवर्तन पर आधारित है। स्वतंत्र जोखिम प्रबंधन विभाग प्रभावोत्पादक उद्यम–वार जोखिम प्रबंधन के लिए कार्यरत एवं पूरे बैंक में जोखिम एक्सपोजरों के मूल्यांकन, अनुप्रवर्तन और रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है। निम्नलिखित तीन शीर्ष स्तरीय समितियों के जरिए बैंक के सभी जोखिमों का प्रबंधन किया जाता है :

(i) आस्ति देयता समिति (आलको)

(ii) ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी)

(iii) परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी)

ये समितियां बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों और समग्र दिशानिर्देशों के अंतर्गत काम करती हैं।

जोखिमों के प्रबन्धन के लिए बैंक ने विभिन्न नीतियाँ निर्धारित की हैं। उद्यम–वार जोखिम का विश्लेषण करने तथा सभी जोखिमों को एकीकृत करने की दृष्टि से, एक एकीकृत जोखिम प्रबन्धन नीति (प्रकटीकरण, प्रतिष्ठा और रणनीतिक जोखिम प्रबंधन सहित) भी बनायी गयी है। महत्वपूर्ण जोखिम नीतियों में ऋण जोखिम प्रबंधन नीति (ऋण नीति का एक भाग), आस्ति देयता प्रबन्धन नीति, बाजार जोखिम प्रबंधन पर नीति, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति शामिल है।

जोखिम प्रबन्धन समिति (आरएमसी)/बोर्ड द्वारा सभी नीतियां वार्षिक आधार पर पुनरीक्षित की जाती हैं। जोखिम प्रबंधन संकल्पनाओं की जानकारी देने और क्षेत्र स्तर के कार्यकर्ताओं को इनके प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से सभी संबंधित नीतियां शाखाओं के बीच में परिचालित की जाती है तथा इसके अलावा बैंक के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

ऋण जोखिम :

प्रारंभिक चरण पर ही जोखिमों को पहचानकर उनका विश्लेषण करने एवं जोखिम माहौल का सामना करने के लिए अन्य सुधारात्मक कदम उठाने के साथ ही विवेकपूर्ण सीमाओं को निर्धारित कर व जांच कर उनका प्रबंधन करने के लिए जोखिम प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है।

सीमा ढांचा :

ऋण जोखिम तथा संकीर्ण जोखिम की मात्रा को कम करने की दृष्टि से निम्नलिखित प्रकार के एक्सपोज़र के लिए सीमा ढाँचा रखा गया है :

- एकल और ग्रूप ऋणकर्ता एक्सपोज़र
- संवेदनशील क्षेत्र एक्सपोज़र
- अप्रतिभूत एक्सपोज़र
- देश–वार एक्सपोज़र
- आंतरिक रेटिंग–वार एक्सपोज़र
- मियादी ऋण एक्सपोज़र
- उद्योग–वार एक्सपोजर
- अंतर बैंक एक्सपोज़र

इन एक्सपोज़र सीमाओं को नियमित तौर पर मानिटर किया जाता है और बोर्ड की विभिन्न शीर्षस्थ स्तरीय समितियों को प्रस्तुत किया जाता है।

रेटिंग मॉडल रू ऋण संबंधी निर्णयों के समर्थन और ऋण संविभाग प्रबंधन, मूल्य निर्धारण व जोखिम आधारित पूंजी मापन हेतु जोखिम प्रबंधन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सभी ऋण प्रस्तावों पर तीव्र ऋण जोखिम रेटिंग/स्कोरिंग प्रक्रिया लागू की जाती है।

ऋण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए साफ़्टवेयर आधारित रेटिंग तंत्र (मेकानिज़्म) स्थापित किया गया है। रेटिंग मॉडल के परिणाम का प्रयोग, निर्णय करने, अर्थात् ऋण संविभाग में मंजूरी प्रदान करने, मूल्य निर्धारण और अनुप्रवर्तन में किया जाता है। रेटिंग मॉडल के खरेपन की जाँच के लिए यह बाहरी अभिकरण द्वारा प्रदत्त वैधता के अधीन हैं।

स्कोरिंग मॉडलःरू बैंक में संरचित ऋण उत्पादों और अन्य ऋणों, जो रेटिंग मॉडल के अधीन नहीं हैं, के तहत आने वाली सभी नई मंजूरियों के लिए प्रवेश स्तर के स्कोरिंग मॉडल हैं ।

उच्च मूल्य के खातों की आवधिक समीक्षा/लेखा परीक्षा के लिए ऋण पुनरीक्षण तंत्र एवं ऋण लेखा–परीक्षा प्रणाली निर्धारित की गई है जिससे बैंक में ऋण प्रशासन में गुणात्मक सुधार लाए जा सके। इसके अलावा मानक आस्ति

अनुप्रवर्तन समिति, विशेष उल्लेख खातों की समीक्षा करती है ताकि मानक आस्तियों का गैर–निष्पादक आस्ति के रूप में रिसन को रोका जा सके। अनुप्रवर्तन मेकानिज़्म के अंश के रूप में, जिन खातों का निवेश संवर्ग से कोटि कम कराया जाता है, उनकी पहचान कर, उनपर निकट निगरानी रखी जाती है।

खातों की रेटिंग का माइग्रेशन विश्लेषण त्रैमासिक आधार पर किया जाता है। साथ ही बैंक के पोर्टफोलियों पर आधारित उद्यमों की भारित औसत रेटिंग, त्रैमासिक आधार पर की जाती है। अग्रिमों के रेटिंग वार संवितरण का विश्लेषण त्रैमासिक आधार पर किया जाता है।

उत्तम जोखिम प्रबन्धन प्रथाओं को अपनाते हुए, कॉर्पोरेट कार्यालय के स्तर पर आनेवाले ऋण प्रस्तावों (योजनाबद्ध ऋण प्रस्तावों को छोड़कर) को जोखिम ऋण प्रबन्धन विभाग द्वारा संवीक्षा की जाती है।

आस्ति देयता प्रबंधन :

आस्ति देयता प्रबंधन ढांचा, बैंक को अपने तुलनपत्र में तरलता जोखिम तथा ब्याज दर जोखिम के माप, मानिटर और नियंत्रण हेतु सुविधा प्रदान करता है। यह आस्ति देयता प्रबंधन हेतु उपयुक्त रणनीतियाँ उपलब्ध करवाता है। आस्ति देयता प्रबंधन ढाँचे में निम्नलिखित प्रमुख घटक हैं :

- तरलता जोखिम प्रबंधन
- ब्याज दर जोखिम प्रबंधन
- तुलनपत्र तथा बेसल ।।। तरलता अुनपात
- तनाव परीक्षण तथा स्थिति विश्लेषण
- आकस्मिकता निधि योजना

नीचे सूचीबद्ध दो मुख्य उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए बैंक ने एएलएम नीति निर्धारित की हैः–

अल्पावधि उद्देश्यः–

- बैंक के निवल ब्याज मार्जिन को अनुकूलतम बनाना
- पर्याप्त चलनिधि प्रदान करना
- पुनः मूल्य निर्धारण जोखिम का प्रबंधन करना

दीर्घावधि उद्देश्यः

- शेयरधारकों की संपत्ति बढ़ाना

आस्ति देयता प्रबंधन का कार्य आस्ति देयता समिति (आलको) संभालती है। यह बोर्ड और/या एएलएम तथा जोखिम प्रबंधन पर बोर्ड की उप–समिति के दिशानिर्देश तथा पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करती है। यह ब्याज दर स्थिति, एमसीएलआर और आधार दर की समीक्षा, चलनिधि स्थिति, जमाओं और अग्रिमों दोनों के उत्पाद क्रय, आस्ति तथा देयताओं की परिवक्ता प्रोफाइलों, बैंक निधियों की माँग, बैंक के नकदी प्रवाह तथा संपूर्ण तुलनपत्र प्रबंधन की समीक्षा करने हेतु नियमित तौर पर बैठक का आयोजन करती है।

चलनिधि जोखिम दो दृष्टिकोण यथा फ्लो दृष्टिकोण तथा स्टॉक दृष्टिकोण के ज़रिए मापकर मानिटर किया जाता है। फ्लो दृष्टिकोण में नकद प्रवाह की विसंगतियों की संपूर्ण जाँच होती है तथा यह दैनंदिन आधार पर संरचित तरलता विवरणी की तैयारी से की जाती है। विभिन्न समय अंतरालों में विसंगतियों के लिए उपर्युक्त सहनशक्ति स्तर /प्रुडेंशियल सीमा का निर्धारण किया गया है। स्टॉक दृष्टिकोण के अधीन उपर्युक्त सीमाओं के साथ विभिन्न तुलनपत्र अनुपात निर्धारित किये गये हैं। निर्धारित सीमाओं में अनुपातों का अनुपालन यह सुनिश्चित करता है कि बैंक ने विविधिकरण के माध्यम से अपनी तरलता का प्रबंधन किया है जोकि धारणीय सीमाओं के अंतर्गत है।

ब्याज दर जोखिम को मुद्रावार मापने तथा मानिटर करने हेतु पारंपरिक गैप दृष्टिकोण तथा गौण दृष्टिकोण दोनों का प्रयोग किया जाता है। एनआईएम पर ब्याज दर परिवर्तन के अल्प–कालीन असर का आकलन ''जोखिम पर अर्जन'' दृष्टिकोण के ज़रिए किया जाता है जिसमें प्रतिलाभ वक्र जोखिम, आधार जोखिम तथा एंबेडेड विकल्प जोखिम को ध्यान में लिया जाता है। ईक्विटी के बाज़ार मूल्य पर ब्याज दर परिवर्तन के दीर्घ–कालीन का असर आकलन अवधि गौण दृष्टिकोण के जरिए किया जाता है। आलको द्वारा मासिक ब्याज दर संवेदनशीलता विवरणी की संवीक्षा की जाती है तथा आरएमसी द्वारा त्रैमासिक ब्याज दर संवेदनशीलता की संवीक्षा की जाती है ।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा परिभाषित तथा आंतरिक रूप से परिभाषित स्ट्रेस परिदृश्यों के अनुसार चलनिधि जोखिम और ब्याज दर जोखिम के लिए नियमित अंतरालों पर स्ट्रेस परीक्षण किया जाता है। आंतरिक चलनिधि स्ट्रेस परीक्षण से प्राप्त परिणामों का प्रयोग आकस्मिकता आयोजन निधि योजना का सृजन, विभिन्न चलनिधि स्ट्रेस परिदृश्यों में करने के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

उपर्युक्त के अलावा बैंक, हाल ही में जारी किए गए विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार चलनिधि कवरेज अनुपात का दैनिक आधार पर परिकलन कर रहा है तथा चलनिधि जोखिम का आकलन करने के लिए इसका उपयोग कर रहा है। मासिक आधार पर आलको द्वारा एलसीआर विवरण की पुनरीक्षा की जाती है ।

बाजार जोखिम प्रबंधनः–

बाजार में प्रतिकूल गतिविधियों से होनेवाली हानि की संभावना, को बाजार जोखिम कहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक (बीआईएस) की परिभाषा के अनुसार ''बाजार जोखिम वह जोखिम है जहाँ ईक्विटी और ब्याज दरों पर बाजार, मुद्रा विनिमय दरें और पण्य के मूल्य में उतार–चढ़ाव से ''ऑन'' या ''ऑफ'' तुलन पत्र स्थिति के मूल्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अतः बाजार जोखिम, बैंक की कमाई और पूंजी को होनेवाला जोखिम है जोकि ब्याज दरों के बाजार स्तर या प्रतिभूतियों के मूल्यों , विदेशी विनिमय और ईक्विटी की कीमत में परिवर्तन तथा ऐसे परिवर्तनों में अस्थिरता से हो सकता है। बाजार जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य, व्यापारिक इकाइयों को जोखिम एक्सपोज़र, एवं तुलनीय बेंचमार्क की तुलना में बाजार जोखिम एक्सपोजर, संविभाग निष्पादन के संबंध में विश्लेषिकी से चालित निविष्टियां प्रदान करते हुए जोखिम–समायोजित प्रतिफल की दरों को अधिक से अधिक बनाने में सहायता देना होता है। बाजार जाखिम के अन्तर्गत निम्नलिखित जोखिमों का प्रबंधन किया जाता हैः–

- ब्याज दर जोखिम
- विनिमय दर जोखिम
- ईक्विटी कीमत जोखिम

बाज़ार जोखिम, पण की कीमत तथा उतार–चढ़ाव में होनेवाले परिवर्तनों के कारण हो सकती है। तथापि, बैंक को पण्य संबंधित बाज़ार में कोई एक्सपोज़र नहीं है।

बैंक का बाजार जोखिम प्रबंधन (एमआरएम) ढांचा निम्नानुसार हैः–

ए) जोखिम की पहचान : बाजार जोखिम का पता लगाने, मूल्यांकन एवं प्रबंधन करने के लिए एक तंत्र बनाया गया है ताकि प्रत्येक कारोबार क्रियाकलाप में जोखिम पहचान व मान्यता के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्टता मिल सके।

बी) जोखिम मापन और परिसीमाएं : बैंक इस बात को स्पष्टतया मानता है कि बाजार जोखिम के सभी पहलुओं को कोई एक जोखिम – सांख्यिकी प्रतिबिंबित नहीं कर सकती। अतः बाजार जोखिम में जोखिम मापन की सुदृढता को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सांख्यिकीय एवं गैर–सांख्यिकीय जोखिम उपायों का प्रयोग किया जाता है । क्योंकि इनका अवलोकन एक साथ करने पर जोखिम के ये कदम, किसी एकल कदम की तुलना में बाजार जोखिम एक्सपोजर की सम्यक दृष्टि प्रदान करता है। बाजार जोखिम का प्रबंधन, विभिन्न मापने के साधनों, यथा, जोखिम पर रहे मूल्य (वीएआर), जोखिम पर रहे अर्जन (ईएआर), आशोधित अवधि (एमडी), पीवी 01 सीमाएं, निवल ओवरनाइट खुली स्थिति सीमाएं (एनओओपीएल), वैयक्तिक गैप सीमा (आईजीएल) तथा संकलित गैप सीमा (एजीएल) के जरिए मुद्रा–वार और सूक्ष्मग्रहिता विश्लेषण के जरिये भी किया जाता है। अतितीव्र, परन्तु मुमकिन आघातों की परिस्थितियों में बैंक की असुरक्षा की स्थिति को मानिटर करने के लिए नियमित आधार पर तनाव परीक्षण भी किया जाता है।

सी) जोखिम मानिटरिंग : ट्रेडिंग बही के लिए विभिन्न आंतरिक और विनियामक जोखिम सीमाओं के प्रयोग से, जोकि आर्थिक परिदृश्य, व्यापार रणनीति, प्रबंधन का अनुभव और बैंक की जोखिम ग्राह्यता पर आधारित हैं, बैंक अपने जोखिम को मानिटर एवं नियंत्रित करता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि रेट स्कैन, लेनदेन मौजूदा बाजार दरों पर किया जा रहा है।

डी) जोखिम रिपोर्टिंग : मिड–ऑफिस द्वारा दैनंदिन तौर पर ट्रेशरी परिचालनों का मानीटर किया जाता है। मुख्य जोखिम अधिकारी को दैनंदिन रिपोर्ट व साप्ताहिक सार नोट और आल्को को मासिक आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। तनाव परीक्षण नीति में निर्धारित धारणाओं का अनुपालन करते हुए बाजार जोखिम के निर्धारण के लिए तनाव परीक्षण किया जाता है और तिमाही आधार पर आलको को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है।

बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक बाजार जोखिम प्रबंधन नीति और तनाव परीक्षण नीति द्वारा बाजार जोखिम प्रबंधन अनुशासित है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजार जोखिम से युक्त विभिन्न कार्यकलापों में फैला हुआ जोखिम, बैंक की जोखिम ग्राह्यता के अन्दर ही है। उद्योग में व्याप्त उत्तम व्यवहार और भारतीय

रिज़र्व बैंक के विनियमनों से सारी नीतियां बेंचमार्क की गई हैं। बैंक के जोखिम रिपोर्टिंग तंत्र में प्रकटीकरण और विभिन्न शीर्ष स्तर समितियों को रिपोर्ट करना शामिल है।

परिचालनगत जोखिमः–

वर्तमान में उद्योग के प्रतिभागियों, विनियामकों और अन्य स्टेकधारकों के बीच परिचालनगत जोखिम तीव्र अभिरुचि का केन्द्र बन गया है। प्रभावोत्पादक अभिशासन, जोखिम कैप्चर और मूल्यांकन और परिचालनगत जोखिम के मात्रात्मक निर्धारण को सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढाँचा (ओआरएमएफ) और परिचालनगत जोखिम प्रबंधन तंत्र (ओआरएमएस) बनाया है। दैनंदिन की प्रबन्धन प्रक्रियाओं में उपयुक्त गुणात्मक एवं मात्रात्मक प्रणालियों और विभिन्न जोखिम शमन नीतियों तथा सुस्थापित आंतरिक नियंत्रण तंत्रों का प्रयोग करते हुए और विभिन्न जोखिम शमन नीतियों को अपनाते हुए परिचालनगत जोखिम का प्रबंधन सुगम रूप से किया जाता है। विभिन्न उत्पादों/प्रक्रियाओं में जोखिम बोध का समीक्षात्मक विश्लेषण किया जाता है और यथावश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं।

बैंक ने अपने परिचालनगत जोखिम को कैप्चर करने, मापने, मानीटर करने और व्यवस्थित करने के लिए वेब–आधारित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन प्रणाली कार्यान्वित की है।

सारणी डीएफ –3

ऋण जोखिम : सभी बैंकों हेतु सामान्य प्रकटीकरण

गुणवत्ता प्रकटीकरण :

(ए) ऋण जोखिम प्रबंधन :

ऋण जोखिम को यों परिभाषित किया गया है कि ऋणकर्ताओं या प्रतिपक्षकारों की ऋण गुणता में कमी के कारण होनेवाली हानि की संभाव्यता।

संरचना :

विभिन्न दिशानिर्देशों तथा प्रमुख उद्योग प्रथाओं के अनुपालन में, बैंक ने ऋण जोखिम प्रबंधन के लिए एक सुव्यवस्थत अभिशासन संरचना बनाई है ताकि पर्याप्त निरीक्षण, मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग हो सके। यह ढाँचा, निदेशकों के मंडल की जिम्मेदारी को स्थापित करती है।

बैंक ने जोखिम प्रबंधन प्रणाली पर भारतीय रिज़र्व बैंकक के दिशानिर्देश नोट के अनुसार बोर्ड स्तरीय उप–समिति की स्थापना की है जिसे ''जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी)'' कहा जाता है।

जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) :

आरएमसी, बैंक द्वारा सामना किये जानेवाले संपूर्ण जोखिम का मूल्यांकन करती है तथा यह जोखिम को पहचानने, मापने तथा नियंत्रित करने में सहायक प्रभावी प्रणाली की स्थापना के लिए जिम्मेवार है और इसे बोर्ड अनुमोदन, स्पष्ट नीति, रणनीति, जोखिम वहन क्षमता एवं ऋण मानदण्डों हेतु संस्तुति करती है।

बोर्ड ने ऋण जोखिम के संबंध में जिम्मेदारी लेने के लिए आरएमसी को अधिकार प्रत्यायोजित किया है।

समिति, ऋण जोखिम प्रबंधन का पर्यवेक्षण करती है तथा यह सुनिश्चित करती है कि बैंक द्वारा सामना किये जानेवाले प्रमुख ऋण जोखिम को उचित रूप से पहचाना जाता है तथा उसका उचित रूप से प्रबंधन हो। समिति, संपूर्ण जोखिम वहन क्षमता तथा ऋण जोखिम प्रबंधन रण्नीति का अनुमोदन करती है एवं इसकी आवधिक समीक्षा करती है। समिति, जोखिम प्रबंधन नीतियों, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित जोखिम प्रबंधन दिशानिर्देशों से संबंधित बैंक के अनुपालन की समीक्षा करती है।

जोखिम समिति, ऋण जोखिम प्रोफाइल तथा अन्य प्रमुख विकास यथा आंतरिक तथा बाह्य और संविभाग तथा बैंक पर समग्र रूप उनके असर की समीक्षा करती है।

ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी)

आरएमसी, ऋण नीति तथा प्रक्रियाओं के संबंध में मुद्दों तथा बैंकव्यापी आधार पर ऋण जोखिम का विश्लेषण, प्रबंधन तथा नियंत्रण करती है।

ऋण समीक्षा प्रबंधन समिति (एलआरएमसी)

ऋण जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया के रूप में, कॉर्पोरेट कार्यालय में ऋण समीक्षा प्रबंधन समिति (एलआरएमसी) का गठन किया गया है ताकि कॉ.काः की विभिन्न समितियों तथा अंचल ऋण समितियों द्वारा मंजूर किये गये ऋण खातों की समीक्षा की जा सकें।

अतिदेय तथा क्षतिग्रस्त की परिभाषा (लेखांकन प्रयोग हेतु)

बैंक ने आय पहचान तथा आस्ति वर्गीकरण मानदंडों हेतु आरबीआई द्वारा परिभाषित किये अनुसार अतिदेय तथा क्षतिग्रस्त के लिए परिभाषाओं को अपनाया है। इसके अलावा, आरबीआई के दिशा–निर्देशों के अनुरूप, अधिस्थगन अवधि, जहां भी दी गई है, आस्ति वर्गीकरण हेतु शामिल की गई है।

बैंक की ऋण आस्तियों को वर्गीकृत करने के लिए बैंक की नीति निम्नप्रकार है :

गैर–निष्पादित आस्ति (एनपीए) : गैर–निष्पादित आस्ति (एनपीए), एक ऋण या अग्रिम है जहाँ

- मियादी ऋण के संदर्भ में मूलधन पर ब्याज और /या किस्त 90 दिन से अधिक समय तक बकाया रहता है,
- जब खाता ''ओवर ड्राफ़्ट / नकद ऋण (ओडी / सीसी) के संबंध में ''नियमित नहीं है''
- जब बिल, क्रय किये गये बिल तथा भुनाये गये बिल के मामले में 90 दिन से अधिक समय के लिए अतिदेय है
- मूलधन या ब्याज की किस्त अल्प अवधि फसलों के लिए दो फसल मौसम के लिए अतिदेय रहती है
- मूलधन या ब्याज की किस्त दीर्घकालिन फसलों के लिए एक फसल मौसम के लिए अतिदेय रहता है

एक ओडी / सीसी खाते को तब ''अनियमित'' माना जाता है जब अतिदेय राशि मंजूरीकृत सीमा / आहरित सीमा से 90 दिन से अधिक समय के लिए लगातार आधिक्य रहता है। जब मूल परिचालन खाते में अतिदेय राशि मंजूरीकृत सीमा / आहरित सीमा से कम है, परंतु तुलन पत्र की तारीख पर लगातार 90 दिनों के दौरान कोई जमा नहीं है या उसी अवधि में नामे डाले गये ब्याज को कवर करने के लिए जमा पर्याप्त पहीं है तो इन खातों को ''अनियमित'' माने जाएँगे।

बैंक की गैर–निष्पादित आस्तियों को आगे तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है :

➢ **अवमानक आस्तियाँ :**

अवमानक आस्ति वह है जोकि 12 महीने की समान अवधि या उससे कम अवधि के लिए एनपीए के रूप में रही हो।

➢ **संदिग्ध आस्तियाँ**

आस्ति को संदिग्ध आस्ति के रूप में वर्गीकृत तब किया जाएगा जब आस्ति 12 महीनों के लिए अवमनाक वर्ग में रहती है।

➢ **हानिकारक आस्ति**

हानिकार आस्ति वह है जब बैंक द्वारा या आंतरिक या बाह्य लेखाकारों या भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण के समय पर हानि को पहचाना जाता है।

ऋण जोखिम प्रबंधन नीति : बैंक ने ऋण जोखिम प्रबंधन नीति (ऋण नीति का भाग) बनायी है और इसे बैंक के इंट्रानेट पर पोर्ट किया गया है। नीति का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परिचालन प्रबंधन की प्रत्याशा के अनुरूप हैं तथा उच्च प्रबंधन की रणनीतियों को परिचालन स्तर पर सार्थक निदेशों के रूप में पहुँचाया गया है। यह नीति बृहत ऋण एक्सपोज़र, ऋण संपार्श्विक हेतु मानक, पोर्टफोलियो प्रबंधन, ऋण समीक्षा तंत्र, जोखिम सकेंद्रीकरण, जोखिम निगरानी तथा मूल्यांकन, प्रावधानीकरण तथा विनियामक/विधिक अनुपालन पर विवेकपूर्ण सीमाओं को निर्धारित करती है।

बैंक उन जोखिमों की पहचान करता है जो उनको प्रभावित करते हैं तथा इन जोखिमों के माप, निगरानी तथा नियंत्रण के लिए उचित तकनीकी का प्रयोग करता है।

जबकि बोर्ड / बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति नीति तैयार करती है तथा विभिन्न ऋण जोखिमों को निर्धारित करती है, ऋण जोखिम प्रबंधन समिति बोर्ड/आरएमसी द्वारा अनुमोदित इन नीतियों एवं रणनीतियों को कार्यान्वित करती है, समिति ऋण जोखिम की निगरानी बैंक व्यापक आधार पर करती है तथा जोखिम सीमाओं का अनुपालन सुनिश्चित करती है।

बैंक किसी भी उधारकर्ता से संबंधित ऋण जोखिम का माप करने के लिए उधार खाते की रेटिंग को एक महत्वपूर्ण उपकरण मानता है और तदनुसार साफ्टवेयर चालित रेटिंग/स्कोरिंग मॉडल कार्यान्वित किए गए है।

(बी) कुल सकल ऋण जोखिम, निधि आधारित एवं गैर–निधि आधारित अलग अलग से : (₹ मिलियन में)

विवरण	एकल (सार्वभौमिक)	समेकित
सकल ऋण जोखिम एक्सपोज़र		
निधि आधारित		
ऋण एवं अग्रिम	39,03,169.56	39,03,169.56
निवेश	12,87,933.17	12,87,941.21
अन्य आस्तियां	8,54,578.13	8,55,254.49
कुल निधि आधारित	**60,45,680.86**	**60,46,365.27**
गैर निधि आधारित जिस में आकस्मिक क्रेडिट, संविदाएं तथा व्युत्पन्न शामिल हैं*	39,66,299.72	39,66,547.02
कुल ऋण जोखिम एक्सपोज़र	**1,00,11,980.58**	**1,00,12,912.29**

*इसमें व्युत्पन्न एक्सपोज़र की अनुमानित मूल राशि, गैर लाभित निधि सीमा, एलसी, स्वीकृतियां, गारंटी शामिल है।

(सी) ऋण जोखिम एक्सपोज़र, निधि आधारित एवं गैर–निधि आधारित (एकल) का पृथक का भौगोलिक वितरण : (₹ मिलियन में)

भौगोलिक क्षेत्र	निधि आधारित	आकस्मिक ऋण, संविदाएं तथा व्युत्पन्न सहित गैर–निधि आधारित	कुल
ओवरसीज़	1,34,049.73	55,060.29	1,89,110.02
देशी	59,11,631.13	39,1 1,239.43	98,22,870.56
कुल	**60,45,680.86**	**39,66,299.72**	**1,00,11,980.58**

(डी) 31 03 2021 तक एक्सपोज़र का उद्योगवार वितरण (एकल)

(₹ मिलियन में)

क्र.सं	प्रमुख उद्योग /क्षेत्र	निधि आधारित शेष	निधि आधारित शेष	वैश्विक प्रतिबद्ध एक्सपोज़र
1	**रसायन एवं रसायन उत्पाद**			
1.1	औषधि एवं औषधीय	13868.91	2374.75	16243.66
1.2	उर्वरक	12154.24	927.90	13082.14
1.3	अन्य रसायन एवं रसायन उत्पाद	17853.25	7589.06	25442.31
2	**इंजीनियरिंग**			
2.1	सामान्य इंजीनियरिंग मशीनरी और माल	43722.04	72805.70	116527.74
2.2	इलेक्ट्रिकल मशीनरी और माल	10210.92	9725.92	19936.84
2.3	इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी, माल और सॉफ्टवेयर	14657.59	7094.59	21752.19
3	**खाद्य पदार्थ निर्माण एवं संसाधन**			
3.1	खाद्य तेल एवं वनस्पति	9648.65	15581.96	25230.60
3.2	राइस मिल्स, आटा मिल्स और दाल मिल्स	27986.85	4917.33	32904.18
3.3	चीनी	18762.86	129.58	18892.44
3.4	चाय एवं काफी	5062.36	32.31	5094.67
3.5	अन्य खाद्य पदार्थ निर्माण एवं संसाधन	51116.29	6061.79	57178.08
4	**आधारिक संरचना**			
4.1	**बिजली**			
4.1.1	विद्युत उत्पादन	155852.81	27577.44	183430.25
4.1.2	विद्युत प्रसारण एवं वितरण	91175.08	6114.03	97289.10
4.1.3	नवीकरणीय ऊर्जा	4378.78	385.99	4764.77
4.2	**परिवहन**			
4.2.1	पोर्ट एवं सडक	135676.77	990.75	136667.52
4.2.2	शिपिंग	6094.78	8395.93	14490.71
4.2.3	लाजिस्टीक्स	18077.74	6028.76	24106.50
4.3	दूरसंचार	6553.50	54129.47	60682.97
4.4	शैक्षिक संस्था	47688.08	5641.47	53329.56
4.5	अस्पताल	22969.50	1109.99	24079.49
4.6	होटल (तीन स्टार एवं उससे अधिक)	11867.61	177.07	12044.68
4.7	अन्य आधारिक संरचना	282330.07	7709.00	290039.06
5	**वस्त्र**			
5.1	सूती वस्त्र	28538.24	2281.69	30819.93
5.2	प्राकृतिक फाइबर वस्त्र	2109.14	122.83	2231.97
5.3	हथकरघा वस्त्र और खादी	3426.69	87.40	3514.10
5.4	अन्य वस्त्र	57572.52	3743.50	61316.02
6	**एनबीएफसी / एचएफसी /एमएफआई**			
6.1	गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी)	314001.57	1074.62	315076.18
6.2	सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफ़आई)	30941.33	0.00	30941.33
6.3	हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां (एचएफसी)	237292.17	0.00	237292.17
7	**धातु और धातु उत्पाद**			
7.1	लोहा और इस्पात	110140.81	36945.40	147086.22
7.2	अन्य धातु और धातु उत्पाद	31042.82	16208.16	47250.98
8	**व्यापार**			
8.1	थोक व्यापार	349572.34	35832.73	385405.06

(₹ मिलियन में)

क्र.सं	प्रमुख उद्योग /क्षेत्र	निधि आधारित शेष	निधि आधारित शेष	वैश्विक प्रतिबद्ध एक्सपोज़र
8.2	खुदरा व्यापार	177849.00	6324.69	184173.69
9	ऑटोमोबाइल	20838.81	1607.73	22446.55
10	विमानन	2253.62	3.67	2257.29
11	पेय पदार्थ एवं तम्बाकू	8016.95	202.16	8219.11
12	सीमेंट और सीमेंट उत्पाद	31790.83	5683.96	37474.80
13	कैपिटल मार्केट एक्सपोजर (सीएमई)	21277.75	1215.00	22492.75
14	वाणिज्यिक रियल एस्टेट (सीआरई)	76317.64	3010.79	79328.43
15	कंस्ट्रक्शन कान्ट्राक्टर्स	90609.83	156130.74	246740.57
16	रत्न और जेवर	7217.41	2335.76	9553.17
17	ग्लास और ग्लास वेयर	3689.74	3065.82	6755.56
18	चमड़ा और चमड़ा उत्पाद	3482.28	231.26	3713.55
19	मीडिया और मनोरंजन	5691.12	4125.52	9816.64
20	खनन और उत्खनन	26804.11	815.82	27619.93
21	कागज और कागज उत्पाद	19589.10	4553.48	24142.58
22	पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद	137247.76	38293.10	175540.86
23	मुद्रण और प्रकाशन	8107.58	2350.46	10458.04
24	रबर, प्लास्टिक और उनके उत्पाद	29840.78	12090.46	41931.24
25	लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद	6310.78	1960.91	8271.69
26	अन्य उद्योग	223745.90	15726.71	239472.61

31 मार्च 2021 को निम्नलिखित उद्योगों में बैंक का एक्सपोज़र के कुल सकल ऋण एक्सपोज़र के 5 प्रतिशत से अधिक था।

क्र.सं	उद्योग का वर्गीकरण	कुल सकल ऋण एक्स्पोजर का प्रतिशत
1	आधारिक संरचना	16.38%
2	एनबीएफसी / एचएफसी /एमएफआई	10.61%

(ई) अग्रिमों एवं निवेशों के अवशिष्ट संविदागत परिपक्वता के अलग अलग आंकडे

(₹ मिलियन में)

	निवेश*	अग्रिम
1 दिन	540124.10	63341.80
2-7 दिन	28571.40	51024.49
8 -14 दिन	12305.00	157681.61
15 - 30 दिन	34003.30	58608.40
31 दिन – 2 माह	12818.90	127460.00
2 माह से 3 माह तक	14570.80	93651.80
3 माह से अधिक 6 माह तक	72066.10	248660.49
6 माह से अधिक 1 वर्ष तक	130264.00	406843.34
1 वर्ष से अधिक 3 वर्ष तक	158004.40	1373660.35
3 वर्ष से अधिक 5 वर्ष तक	58488.20	543426.84
5 वर्ष से अधिक	699809.17	515743.29
कुल	**1761025.37**	**3640102.41**

* इसमें ₹4344.29 मिलियन की सूचीबद्ध इक्विटियों का 50 प्रतिशत शामिल नहीं है

(₹ मिलियन में)

(एफ)	एनपीए की राशि (सकल) – (एकल सार्वभौमिक)	
	➢ अवमानक	73699.53
	➢ संदिग्ध 1	66789.93
	➢ संदिग्ध 2	103756.07
	➢ संदिग्ध 3	76033.31
	➢ हानि	64274.63
	सकल एनपीए (एकल सार्वभौमिक)	384553.46
(जी)	निवल एनपीए	**122711.26**
(एच)	एनपीए अनुपात	
	➢ सकल अग्रिम के प्रति सकल एनपीए	9.85%
	➢ निवल अग्रिम के प्रति निवल एनपीए	3.37%
(I)	एनपीए का आवागमन (सकल)	
	➢ प्रारंभिक शेष (01.04.2020)	419977.07
	➢ जोड	94295.48
	➢ घटाव	129719.09
	➢ **अंतशेष (31.03.2021)**	**384553.46**
(j)	एनपीए के प्रावधान का आवागमन	
	➢ प्रारंभिक शेष (01.04.2020)	272742.64
	➢ वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	66637.70
	➢ बट्टेखाते डाली गई राशि ध्अधिक प्रावधानों का प्रतिलेख	82978.50
	➢ **अंतशेष (31.03.2021)**	**256401.84**
(k)	गैर निष्पादक निवेशों की राशि	16987.31
(l)	गैर निष्पादक निवेश हेतु धारित प्रावधान राशि	7974.54
(m)	निवेशों पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधानों का आवागमन	
	➢ प्रारंभिक शेष (01.04.2020)	18508.44
	➢ वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	9171.91
	➢ बट्टेखाते डाली गई राशि	0.00
	➢ अतिरिक्त प्रावधानों का प्रतिलेखन	1279.05
	➢ **अंतशेष (31.03.2021)**	**26401.30**

सीधे आय विवरण में प्रविष्ट बट्टाकृत राशियाँ और वसूलियाँ: (₹ मिलियन में)

उगाही के अधीन रहे खातों में वसूलियां	6036.50
ब्याज ज्ञापन विधिक प्रभार ध्बट्टाकृत खातों में वसूलियां	163.10

प्रमुख उद्योग के प्रकार–वार एनपीए राशि (₹ मिलियन में)

उद्योग	सकल एनपीए	प्रावधान	निवल एनपीए
मूल धातु तथा धातु उत्पाद	35981.98	26799.36	9182.62
बिजली को सम्मिलित कर मूलभूत संरचना	61014.80	46718.66	14296.14
वस्त्र	13587.40	7383.92	6203.48
सभी इंजीनियरिंग	9829.01	6869.41	2959.60
कोयला एवं खनन	631.10	263.45	367.65

31.03.2021 को समाप्त तिमाही के दौरान तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाली गई राशि – सार्वभौमिक : ₹ 25008.80 मिलियन

भौगोलिक फैलाव–वार एनपीए (₹ मिलियन में)

	देशी	ओवरसीज	वैश्विक
एनपीए की राशि (सकल)			
➢ अव–मानक	70954.43	2745.10	73699.53
➢ संदिग्ध 1	63584.20	3205.73	66789.93
➢ संदिग्ध 2	103684.39	71.68	103756.07
➢ संदिग्ध 3	75473.38	559.93	76033.31
➢ हानि	62872.36	1402.27	64274.63
कुल	**376568.75**	**7984.71**	**384553.46**

पिछले देय ऋणों की परिपक्वता का विश्लेषण (₹ मिलियन में)

विवरण	सकल एनपीए
1 वर्ष से कम (अवमानक)	73699.53
1 से 2 वर्ष (डी 1)	66789.93
2 से 3 वर्ष (डी 2 प्रथम वर्ष)	74217.39
3 से 4 वर्ष (डी 2 दूसरे वर्ष)	29538.68
4 वर्ष से अधिक	140307.94

सारणी डीएफ –4

ऋण जोखिम : मानकीकृत दृष्टिकोण के अध्यधीन संविभागों हेतु प्रकटीकरण

गुणवत्ता प्रकटीकरण :

(ए) बेसल III ढांचे के अनुसार अर्ह एक्सपोज़रों जैसे कार्पोरेट, सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम, और पूंजी बाज़ार एक्सपोज़र इत्यादि के लिए बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित सात दर निर्धारण अभिकरणों यथा ए) क्रिसिल बी) इक्रा सी) केयर और डी) इंडिया रेटिंग्स ई) ब्रिकवर्क्स एफ) एक्यूट एवं जी) इन्फोमेरिक्स द्वारा निर्दिष्ट रेटिंग का प्रयोग करता है। ओवरसीज़ ऋण एक्सपोज़र के लिए, बैंक स्टैण्डर्ड एण्ड पुअर, फिच – मूडीज़ की रेटिंग को स्वीकार करता है।

सभी पात्र एक्सपोज़र, तुलन पत्र और तुलन पत्र से बाहर दोनों ही, चाहे वह अल्पावधि हो या दीर्घावधि, के लिए बैंक उपरोक्त अनुमोदित क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा निर्दिष्ट केवल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध अनुरोधित रेटिंग का उपयोग करता है, जैसा कि बेसल III पूंजी विनियमों पर आरबीआई के दिशानिर्देशों में अनुमत है।

बैंक के संविभाग में आनेवाली आस्तियों, जिनकी संविदागत परिपक्वता एक वर्ष से कम है, को चयनित ऋण रेटिंग अभिकरणों द्वारा दी गई लघु कालीन रेटिंग प्रासंगिक मानी जाती है। बैंक के संविभाग में आनेवाली आस्तियों, जिनकी संविदागत परिपक्वता एक वर्ष से अधिक है, को चयनित ऋण रेटिंग अभिकरणों द्वारा दी गई दीर्घकालीन रेटिंग प्रासंगिक मानी जाती है।

चयनित देशी ऋण अभिकरणों द्वारा जारी दीर्घ कालीन/अल्प कालीन रेटिंग बेसल III पूँजी विनियमनों के अधीन मानकीकृत दृष्टिकोण के अनुसार प्रयोज्य उचित जोखिम भारिता के साथ मैप की गई है।

बहुल रेटिंग मूल्यांकन का प्रयोग:

➢ अगर चयनित ऋण रेटिंग अभिकरणों द्वारा दो रेटिंग उपलब्ध की जाती हैं जिससे विभिन्न जोखिम भार का मैपिंग होता है तो उच्च जोखिम भार को लिया जाता है।

➢ अगर चयनित ऋण रेटिंग अभिकरणों द्वारा विभिन्न जोखिम भारिता के साथ तीन या अधिक रेटिंग दी जाती हैं तो दो निम्न जोखिम भार के संबंध में रेटिंग को संदर्भित करना चाहिए तथा इनमें से अधिक वाले दो जोखिम भार को लागू किया जाना चाहिए यथा दूसरा निम्नतम जोखिम भार।

मात्रात्मक प्रकटीकरणरू

बी) मानकीकृत दृष्टिकोण के तहत ऋण जोखिम निवारण के बाद विभाजित कुल ऋण जोखिम एक्सपोज़र एकल (सार्वभौमिक) निम्नानुसार है :

(₹ मिलियन में)

एकल (सार्वभौमिक)	बही मूल्य	जोखिम भारित कीमत/मूल्य
100% से कम जोखिम भार	57,57,347.67	11,03,349.89
100% जोखिम भार	32,95,870.64	5,35,343.90
100% से अधिक जोखिम भार	9,58,762.26	8,92,603.24
कुल	**1,00,11,980.58**	**25,31,297.03**

मानकीकृत अभिगम के तहत ऋण जोखिम निवारण के बाद विभाजित कुल ऋण जोखिम एक्स्पोसर(समेकित) निम्नानुसार है :

(₹ मिलियन में)

समेकित	बही मूल्य	जोखिम भारित कीमत/मूल्य
100% से कम जोखिम भार	57,57,762.51	11,03,394.79
100% जोखिम भार	32,96,321.43	5,35,794.69
100% से अधिक जोखिम भार	9,58,828.34	8,92,768.45
कुल	**1,00,12,912.29**	**25,31,957.93**

सारणी डीएफ–5 : ऋण जोखिम निवारण–मानकीकृत दृष्टिकोणों हेतु प्रकटीकरण

गुणात्मक प्रकटीकरण

बैंक ने (क) ऋण जोखिम निवारण तथा बेसेल ।।।/भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों की भावना को ध्यान मे रखते हुए उचित संपार्श्विक की पहचान पर जागरुकता बढ़ाने तथा (ख) बेसेल।।।/ भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों में निर्धारित दृष्टिकोण के अनुसार पूँजी प्रभार के परिकलन में ऋण जोखिम निवारण लाभ को इष्टतम बनाने के उद्देश्य से ऋण जोखिम निवारण तथा संपार्श्विक प्रबंधन नीति (ऋण नीति का भाग) लागू की है।

बैंक साधारणतः ऋण सहभागिता, एक्सपोज़र की उच्चतम सीमा, एस्क्रो तंत्र, वायदा कवर, उच्चतर मार्जिन, ऋण प्रसंविदाओं, संपार्श्विक तथा बीमा कवर जैसे ऋण निवारण तकनीकों पर भरोसा करता है।

ऋण जोखिम प्रबंधन नीति (ऋण नीति का भाग) में मूल्यांकन पद्धतियों को विस्तृत रूप से बताया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, पूँजी प्रभार के अभिकलन हेतु पात्र संपार्श्विक जिसके लिए सीआरएम लाभ लिया गया है :

पूँजी प्रभार के अभिकलन के लिए सीआरएम लाभ की उपलब्धता हेतु निम्नलिखित संपार्श्विकों को पहचाना जाता है:

I) बैंक के साथ जमाओं पर नकदी (जमा प्रमाणपत्रों अथवा तुलनात्मक लिखतों के साथ साथ ऋणदाता बैंक द्वारा जारी की गई सावधि जमा की रसीदों को मिलाकर) जिन पर काऊँटर पार्टी एक्पोसर को प्रदान कर रहा है।

ii) सोनाः सोना, सोना–चाँदी तथा जेवर को सम्मिलत करेगा। यद्यपि संपार्श्विक जेवर की कीमत 99.99 शुद्धता के लिए बेंचमार्क होनी चाहिए।

iii) केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा ज़ारी प्रतिभूतियाँ।

iv) किसान विकास पत्र और राष्ट्रीय बचत प्रमाण–पत्र जिनमें कोई अवरुद्धता अवधि क्रियाशील नहीं है और उन्हें धारण अवधि के अंदर भुनाया जा सकता है।

v) एक बीमा कंपनी जो कि बीमा क्षेत्र नियामक द्वारा विनियमित की जाती है, की घोषित सरेंडर कीमत के साथ बीमा पॉलिसियाँ।

vi) कम से कम बीबीबी(–)/पीआर3/पी3/एफ़3/ए3 रेटिंग वाली कर्ज प्रतिभूतियां

vii) म्यूचुअल फंड की इकाइयां

गारंटर काऊंटर पार्टी के मुख्य प्रकार और उनकी उधार पात्रता

प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट, अचल और अप्रतिबंधित/शर्त रहित गारंटियों के संबंध में बैंक ऋण सुरक्षा पर विचार करता है। पूँजी आवश्यकता के अभिकलन के दौरान बैंक इन सभी ऋण सुरक्षाओं को ध्यान में रखता है।

काऊंटरपार्टी की तुलना में निम्नतम जोखिम भार के सहित उपक्रमों द्वारा जारी गारंटियां ही पूँजी प्रभार को कम करने में मुख्य भूमिका निभायेगीं। क्योंकि काऊंटरपार्टी एक्सपोज़रका सुरक्षित हिस्सा गारंटर के जोखिम भार को निर्दिष्ट करता है, जबकि अरक्षित हिस्सा उसमें शामिल काऊँटर पार्टी के ऋण भार को बनाये रखता है।

निम्नलिखित उपक्रमों द्वारा दी गई ऋण सुरक्षा काऊंटरपार्टी के रूप में पहचानी जाती है :

(i) शासन (केन्द्र और राज्य सरकार)

(ii) सरकारी उपक्रम (ईसीजीसी, एनसीजीटीसी और सीजीटीएमएसई सहित)

(iii) काउंटरपार्टी की तुलना में निम्नतम ऋण भारित बैंक

निवारण योग्य सभी प्रकार की प्रतिभूतियां आसानी से वसूली योग्य वित्तीय प्रतिभूतियां हैं। इस कारण से, बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त ऋण जोखिम निवारकों में ऋण संकेंद्रीकरण को हटाने के लिए वर्तमान में कोई सीमा / उच्चतम सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

पूँजी मूल्यांकन में बैंक व्यापक दृष्टिकोण का प्रयोग करता है। व्यापक दृष्टिकोण में संपार्श्विक को लेते समय, बैंक पूँजी पर्याप्तता प्रयोग के लिए संपार्श्विक के असर को समयोजित करते हुए काउंटर पार्टी को समयोजित एक्सपोज़र की गणना करता है। बैंक कोई भी संपार्श्विक के मूल्य को समायोजन करने के लिए संभाव्य भावी उतार–चढ़ाव को ध्यान में रखकर बाज़ार में होनेवाले परिवर्तन में प्रतिभूति के मूल्य को कवर करता है।

मात्रात्मक प्रकटीकरण

प्रत्येक प्रकटित अलग ऋण जोखिम संविभाग हेतु, (एकल–सार्वभौमिक / समेकित) कुल ऋण (यथा लागू तुलन–पत्र में या उसके बाहर नेटिंग के बाद) जोकि मार्जिन लागू करने के बाद योग्य वित्तीय संपार्श्विक द्वारा कवर किया जाता है :

(₹ मिलियन में)

ऋण (एक्सपोज़र) का प्रकार	अर्ह वित्तीय संपार्श्विक	गारंटियां
सकल ऋण जोखिम एक्सपोज़र		
निधि आधारित		
ऋण और अग्रिम	5,31,186.32	4,75,555.84
निवेश	0.00	0.00
अन्य आस्तियां	0.00	0.00
कुल निधि आधारित	**5,31,186.32**	**4,75,555.84**
गैर निधि आधारित जिसमें आकस्मिक क्रेडिट, संविदाएं और व्युत्पन्न शामिल हैं	44,517.84	0.00
कुल	**5,75,704.16**	**4,75,555.84**

सारणी डीएफ–6

प्रतिभूतिकरण : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटीकरण

गुणवत्ता प्रकटीकरण	:	बैंक ने कोई प्रतिभूतिकरण क्रियाकलाप नहीं किया है।
मात्रात्मक प्रकटीकरण	:	शून्य

सारणी डीएफ – 7

व्यापार बही (ट्रेडिंग बुक) में बाज़ार जोखिम

बाज़ार जोखिम :

बाजार के परिवर्ती तथ्यों में परिवर्तन के कारण होनेवाली हानि की संभावना बाजार जोखिम है। अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (बीआईएस) की परिभाषा के अनुसार बाजार जोखिम ''वह जोखिम है जिससे ईक्विटी और ब्याज दर बाजारों, मुद्रा विनिमय दरों और पण्यों के मूल्यों में उतार–चढ़ाव के कारण ''ऑन'' और ''ऑफ'' तुलन पत्र की स्थिति प्रतिकूल ढंग से प्रभावित हो जाती है। ''अतः ब्याज दरों का बाजार स्तर या प्रतिभूतियों के मूल्य, विदेशी विनिमय और ईक्विटी में परिवर्तन तथा साथ ही इन परिवर्तनों की अस्थिरता के कारण बैंक की पूंजी और अर्जन को होनेवाला जोखिम, बाज़ार जोखिम होता है। बाजार जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य है, व्यापारिक इकाइयों को बाजार जोखिम एक्सपोजर के संबंध में विश्लेषकों से चालित निविष्टियां प्रदान करना, जोखिम एक्सपोज़र की तुलना में संविभाग निष्पादन और तुलनीय बेंचमार्क देने के जरिये जोखिम समायोजित प्रतिफल की दर को अधिक से अधिक करने में उनको सहायता प्रदान करना। बाजार जोखिम के अंतर्गत निम्नलिखित जोखिमों का प्रबंधन किया जाता है :

- ब्याज दर जोखिम
- विनिमय दर जोखिम
- ईक्विटी कीमत जोखिम

पण्यों के मूल्यों में परिवर्तन एवं उतार चढ़ाव से भी बाजार जोखिम हो सकती है, यद्यपि बैंक के पण्य सम्बन्धी बाजारों में कोई निवेश नहीं है।

बैंक के बाजार जोखिम प्रबंधन (एमआरएम) का फ्रेमवर्क निम्नानुसार है :

ए) जोखिम की पहचानः– बाजार जोखिम का पता लगाने, मूल्यांकन एवं प्रबंधन करने के लिए एक तंत्र बनाया गया है ताकि प्रत्येक कारोबार क्रियाकलाप में जोखिम पहचान व मान्यता के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्टता मिल सके।

बी) जोखिम मापन और परिसीमाएंः– बैंक इस बात को स्पष्टतया मानता है कि बाजार जोखिम के सभी पहलुओं को कोई एक जोखिम – सांख्यिकी प्रतिबिंबित नहीं कर सकती। अतः बाजार जोखिम में जोखिम मापन की सुदृढता को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सांख्यिकीय एवं गैर–सांख्यिकीय जोखिम उपायों का प्रयोग किया जाता है । बाजार जोखिम का प्रबंधन, विभिन्न मापने के साधनों, यथा, जोखिम पर रहे मूल्य (वीएआर), जोखिम पर रहे अर्जन, आशोधित अवधि, पीवी 01 सीमाएं, निवल ओवरनाइट खुली स्थिति सीमाएं (एनओओपीएल), वैयक्तिक गैप सीमा (आईजीएल तथा संकलित गैप सीमा (एजीएल) के जरिए मुद्रा–वार और सूक्ष्मग्रहिता विश्लेषण के जरिये भी किया जाता है। अतितीव्र, परन्तु मुमकिन आघातों की परिस्थितियों में बैंक की असुरक्षा की स्थिति को मानिटर करने के लिए नियमित आधार पर तनाव परीक्षण भी किया जाता है।

सी) जोखिम मानिटरिंगः– ट्रेडिंग बही के लिए विभिन्न आंतरिक और विनियामक जोखिम सीमाओं के प्रयोग से, जोकि आर्थिक परिदृश्य, व्यापार रणनीति, प्रबंधन का अनुभव और बैंक की जोखिम ग्राह्यता पर आधारित हैं, बैंक अपने जाखिम को मानिटर एवं नियंत्रित करता है। रेट स्कैन, यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि लेनदेनों का निष्पादन एवं पूनर्मूल्यन, मौजूदा बाजार दरों पर हो ।

डी) जोखिम रिपोर्टिंग : मिड–ऑफिस द्वारा ट्रेशरी परिचालनों को मानीटर किया जाता है और मुख्य जोखिम अधिकारी को दैनिक आधार पर रिपोर्ट और साप्ताहिक सार रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है । बाजार जोखिम के कारण उत्पन्न पूंजी प्रभार को परिकलित कर, उसकी रिपोर्ट मासिक आधार पर आल्को को और तिमाही आधार पर बोर्ड को प्रस्तुत की जाती है। तनाव परीक्षण नीति में निर्धारित धारणाओं का अनुपालन करते हुए बाजार जोखिम के निर्धारण के लिए तनाव परीक्षण किया जाता है और तिमाही आधार पर आलको को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है।

बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, निवेश नीति, तनाव परीक्षण और व्युत्पन्न नीति द्वारा बाजार जोखिम प्रबंधन अनुशासित है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि बाजार जोखिम से युक्त विभिन्न कार्यकलापों में फैला हुआ जोखिम, बैंक की जोखिम ग्राह्यता के अन्दर ही है। उद्योग में व्याप्त उत्तम व्यवहार और भारतीय रिज़र्व बैंक के विनियमनों से सारी नीतियां बेंचमार्क की गई हैं। बैंक के जाखिम रिपोर्टिंग तंत्र में प्रकटीकरण और विभिन्न शीर्ष स्तर की समितियों को रिपोर्ट करना शामिल है।

मात्रात्मक प्रकटीकरण :

निम्न हेतु पूंजी आवश्यकताएं (एकल सार्वभौमिक / समेकित) :

(₹ मिलियन में)

विवरण	एकल (सार्वभौमिक)	समेकित
ब्याज दर जोखिम	8,700.50	8,700.50
विदेशी विनिमय जोखिम	90.00	90.00
ईक्विटी स्थिति जोखिम	3,464.95	3,598.44
कुल	**12,255.45**	**12,388.94**

सारणी डीएफ – 8

परिचालनात्मक जोखिम

गुणात्मक प्रकटीकरण

परिचालनगत जोखिम को यों परिभाषित किया गया है कि अपर्याप्त या असफल आतंरिक प्रक्रिया, व्यक्ति और प्रणाली या बाह्य घटनाओं से होनेवाली हानि के कारण बननेवाली जोखिम। इस परिभाषा में विधिक जोखिम शामिल है परन्तु रणनीतिक तथा प्रतिष्ठा जोखिम शामिल नहीं है।

वर्तमान में उद्योग के प्रतिभागियों, विनियामकों और अन्य स्टेक धारकों के बीच परिचालनगत जोखिम तीव्र अभिरुचि का विषय रहा है। बैंक ने प्रभावोत्पादक अभिशासन, जोखिम कैप्चर और परिचालनगत जोखिम एक्सपोज़र की मात्रा को नापने के लिए परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा (ओआरएमएफ) और परिचालनगत जोखिम प्रबंधन तंत्र (ओआरएमएस) निर्धारित किया है। उपयुक्त गुणात्मक एवं मात्रात्मक तरीकों का प्रयोग तथा दैनंदिन की प्रबंध प्रक्रियाओं में सुस्थापित आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों का प्रयोग तथा दैनंदिन की प्रबंध प्रक्रियाओं में सुस्थापित आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों का प्रयोग और विभिन्न जोखिम शमन नीतियों को अपनाने से परिचालनगत जोखिम का सुगम प्रबंधन किया जाता है। विभिन्न उत्पादों/प्रक्रियाओं में निहित जोखिम बोध का समीक्षात्मक विश्लेषण किया जाता है और आवश्यकता पडने पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

बैंक ने अपने परिचालनगत जोखिम एक्सपोज़र को कैप्चर करने, मानिटर करने, मापने और प्रबंध करने के लिए परिष्कृत वेब–आधारित परिचालनगत जोखिम प्रणाली कार्यान्वित की है। बैंक ने 10 वर्ष से अधिक अवधि के लिए आंतरिक हानि डाटा बेस निर्मित किया है।

परिचालनगत हानि के लिए पूंजी प्रभार, मूल सूचक दृष्टिकोण के अनुसार किया गया।

मात्रात्मक प्रकटीकरण

पूंजी प्रभार के परिकलन के लिए नई पूंजी पर्याप्तता ढांचे पर दिशानिर्देश में परिभाषित रूप से पिछले तीन वर्षों की औसत सकल आय को लिहाज में लिया गया है। आवश्यक पूंजी रुपए 23771.48 मिलियन (समेकित) है।

सारणी डीएफ – 9

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी)

गुणात्मक प्रकटीकरण

आईआरआरबीबी इसे सूचित करता है जोकि ब्याज दरों में होनेवाले परिवर्तन से बैंक की बैंकिंग बही में संभाव्य वित्तीय असर को दर्शाता है।

ब्याज दर जोखिम को दो दृष्टिकोण के जरिए मापकर मानिटर किया जाता है:

(I) जोखिम पर अर्जन (पारंपरिक गैप विश्लेषण) : इस दृष्टिकोण के अधीन बैंक के निवल ब्याज आय पर होनेवाली ब्याज दरों में परिवर्तन के तत्काल असर को विश्लेषण किया जाता है।

(ii) ईक्विटी का आर्थिक मूल्य (अवधि गैप दृष्टिकोण) : आस्ति तथा देयताओं की आशोधित अवधि, ईक्विटी की आशोधित अवधि को अंतिम रूप से परिकलन करने के लिए पृथक तौर पर अभिकलन किया जाता है। इस दृष्टिकोण में प्रतिलाभ में होनेवाले निश्चित परिवर्तन के लिए प्रतिलाभ वक्र समानंतर महत्व मानकर इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का आकलन करता है। ईक्विटी के आर्थिक मूल्य पर असर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 200 बीपीएस शाक के अनुसार किया जाता है। आशोधित अवधि के परिकलन में बाजार से जुडे प्रतिफल का प्रयोग किया जाता है ।

बाज़ार ब्याज दरों में होनेवाले परिवर्तन से बैंक की बही पुस्तक में अर्जन तथा आर्थिक मूल्य में असर पड़ेगा । अतः इस प्रकार जटिलता तथा तुलन पत्र के उत्पाद की सीमा के कारण दोनों अर्जन तथा आर्थिक मूल्य में ब्याज दर के परिणाम को मूल्यांकित करने के लिए आई आर आर माप प्रणाली का प्रयोग किया जाता है। इसके लिए अनुपालन किए जानेवाले तकनीक चालु तूलन पत्र से परे स्थिति के आधार पर साधारण परिपक्वता (स्थिर दर) तथा पुनर्मूल्यांकन (फ्लोटिंग दर) गैप तथा अवधि गैप के प्रयोग से लेकर और उच्च स्तर तकनीक का प्रयोग किया जाता है जिसमें आस्ति देयताओं तथा तुलन पत्र से परे मदों पर अनुमानों को शामिल किया जाता है और ये बेसिस जोखिम, अन्तर्निहित विकल्प जोखिम, प्रतिलाश वक्र जोखिम इत्यादि के एक्सपोज़र की पूर्ण सीमा तक कैप्चर कर सकता है।

बैंकिंग बही बुक (आईआरआरबीबी) में बैंक ब्याज दर जोखिम का विश्लेषण, वैश्विक स्थिति के लिए किया जाता है। इसे मासिक आधार पर विश्लेषण नोट आलको को प्रस्तुत किया जाता है।

मात्रात्मक प्रकटीकरण

ब्याज आधार पर रेट शाक्स हेतु, अर्जन और आर्थिक मूल्य पर प्रभाव नीचे दिए गए हैं।

i) एक वर्ष की समय परिधि के लिए ब्याज दर में 25 बीपीएस की वृद्धि हेतु अर्जन पर जोखिम रुपए (–) ₹ 2099 मिलियन हैं।

ii) इक्विटी के बाज़ार मूल्य में 200 बीपीएस के परिवर्तन से बैंकिंग बुक के ब्याज दर पर असर ₹ 732140 मिलियन (आईआरआरबीबी) हैं ।

डीएफ 10 : प्रतिपक्षकार ऋण जोखिम से संबन्धित एक्सपोज़रों के लिए सामान्य प्रकटीकरण

प्रतिपक्षकार ऋण जोखिम वह है जो लेनदेन की नकद प्रवाह के अंतिम निपटान के पहले व्युत्पन्न लेनदेन के प्रतिपक्षकार द्वारा की जानेवाली चूक है । बैंक ब्युत्पन्नों को मिलाकर दोनों निधि और गैर निधि आधारित सुविधाओं हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नियत एक्सपोज़र के मानदण्डों के अनुसार सीमायें निर्धारित करता है। सीमायें पूँजी निधियों के प्रतिशत के रूप में निर्धारित की जाती हैं और नियमित आधार पर निगरानी की जाती है । कार्पोरेटों के लिए व्युत्पन्नों का मूल्यांकन किया जाता है तथा नियमित मूल्यांकन के एक अंश के रूप में नियमित ऋण सीमा के साथ मंजूरी की जाती है ।के अपने प्रतिपक्ष ऋण एक्सपोज़र हेतु आर्थिक पूंजी को निर्धारित नहीं करता है।

प्रतिपक्षी के साथ किये गये सभी व्युत्पन्न लेन–देन बैंक की बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्युत्पन्न पॉलिसी के माध्यम से मूल्यांकित किये जाते हैं।

व्युत्पन्न एक्सपोज़र की वर्तमान एक्सपोज़र पद्धति (सीईएम) का प्रयोग करते हुए गणना की जाती है और 31.03.2021 को बकाया शेष निम्नांकित है।

(₹ मिलियन में)

व्युत्पन्न	आनुमानिक सिद्धांत	वर्तमान ऋण एक्सपोजर (सकारात्मक एमटीएम)	वर्तमान ऋण
वायदा संविदाएं	25,48,568.44	15,665.65	63,788.53
ब्याज दर अदला बदली	0.00	0.00	0.00

	डी एफ–11 : पूंजी की संरचना		(₹ मिलियन में)
			संदर्भ संख्या। (डीएफ–12 के संबंध में, चरण 2)
	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी : लिखत और आरक्षित निधियां		
1	सीधे जारी की गई अर्हता प्राप्त सामान्य शेयर पूंजी और संबंधित स्टॉक अधिशेष (शेयर प्रीमियम)	19,869.86	**ए1+बी1**
2	प्रतिधारित आय	7,084.94	बी 6
3	संचित अन्य व्यापक आय तथा (अन्य आरक्षितियाँ)	3,20,872.30	बी2+बी3+बी4+बी5+ बी7+बी8(i)+बी10(i)
4	सीईटी 1 से धीरे–धीरे समाप्त होने के अधीन सीधे जारी की गई पूंजी (केवल गैर–संयुक्त स्टॉक कंपनियों के लिए लागू)	0.00	
	सार्वजनिक क्षेत्र में पूंजी डालने को 1 जनवरी 2018 तक पुराने नियम के अनुसार मान्य करना	**0.00**	
5	सहायक इकाइयों द्वारा जारी की गई और तीसरे पक्ष (सीईटी 1 समूह में अनुमत राशि) द्वारा धारित सामान्य शेयर पूंजी	0.00	
6	**विनियामक समायोजनों से पहले सामान्य ईक्विटी टियर 1 पूंजी**	3,47,827.10	
	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी : विनियामक समायोजन		
7	विवेकपूर्ण मूल्यांकन समायोजन	0.00	
8	गुडविल (सम्बंधित कर देयता का निवल)	0.00	
9	मॉर्टगेज–सर्विसिंग अधिकार के अलावा अमूर्त आस्तियां (सम्बंधित कर देयता का निवल)	0.00	
10	आस्थिगत कर संपत्ति	0.00	
11	नकदी–प्रवाह बचाव रिजर्व	0.00	
12	अपेक्षित हानि के लिए प्रावधानों की कमी	0.00	
13	विक्रय पर प्रतिभूतिकरण लाभ	0.00	
14	उचित मूल्य देयताओं पर निजी ऋण जोखिम में परिवर्तन के कारण लाभ और हानि	0.00	
15	परिभाषित–लाभ पेंशन कोष निवल संपत्ति	0.00	
16	निजी शेयर में निवेश (रिपोर्ट किए गए तुलनपत्र में यदि पहले से ही प्रदत्त पूंजी का समायोजन न किया गया हो)	0.00	
17	सामान्य इक्विटी में परस्पर क्रॉस–होल्डिंग	892.00	
18	बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं, जो विनियामक समेकन पात्र शॉर्ट पोजिशन निवल के दायरे से बाहर हैं, की पूंजी में निवेश, जहां बैंक की जारी शेयर पूंजी 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है (10 प्रतिशत की प्रारंभिक सीमा से अधिक की राशि)	0.00	
19	बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं, जो विनियामक समेकन पात्र शॉर्ट पोजिशन निवल के दायरे से बाहर हैं, के सामान्य शेयर में महत्वपूर्ण निवेश, जहां बैंक की जारी शेयर पूंजी 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है (10 प्रतिशत की प्रारंभिक सीमा से अधिक की राशि)	1,050.00	
20	मोर्टगेज सर्विसिंग अधिकार (10 प्रतिशत की प्रारंभिक सीमा से अधिक की राशि)	0.00	
21	अस्थायी भिन्नता से उत्पन्न आस्थिगत कर आस्ति (10 प्रतिशत की प्रारंभिक सीमा से अधिक की राशि, सम्बंधित कर देयता का निवल)	0.00	
22	15 प्रतिशत की प्रारंभिक सीमा से अधिक राशि	0.00	
23	जिनमें से : वित्तीय संस्थाओं के सामान्य शेयर में महत्वपूर्ण निवेश	0.00	

	डी एफ–11 : पूंजी की संरचना		(₹ मिलियन में)
			संदर्भ संख्या। (डीएफ–12 के संबंध में, चरण 2)
24	जिनमें से : मॉर्टगेज सर्विसिंग अधिकार	0.00	
25	जिनमें से : अस्थायी भिन्नता से उत्पन्न होने वाली आस्थिगत कर आस्तियां	0.00	
26	राष्ट्रीय विशिष्ट विनियामक समायोजन (26क + 26ख + 26ग + 26घ)		
26क	जिसमें से : असमेकित बीमा अनुषंगियों की ईक्विटी पूंजी में निवेश	0.00	
26ख	जिसमें से : असमेकित गैर–वित्तीय अनुषंगियों की ईक्विटी पूंजी में निवेश	0.00	
26ग	जिसमें से : बैंक के साथ असमेकित प्रमुख निजी वित्तीय संस्थाओं की ईक्विटी पूंजी में कमी	0.00	
26घ	जिसमें से : अपरिशोधित पेंशन निधि व्यय	0.00	
	बेसल III पूर्व पद्धति के ट्रीटमेंट के अधीन राशि के सम्बंध में सामान्य ईक्विटी टियर 1 पर लागू विनियामक समायोजन	0.00	
	जिनमें से : अन्य वित्तीय कंपनियों में कुल इक्विटी निवेश	0.00	
27	अपर्याप्त अतिरिक्त टियर 1 और टियर 2 कटौती को कवर करने के लिए सामान्य ईक्विटी टियर 1 पर लागू विनियामक समायोजन	0.00	
28	**समान्य ईक्विटी टियर 1 में कुल विनियामक समायोजन**	**1,942.90**	
29	**सामान्य ईक्विटी टियर 1 में पूंजी (सीईटी 1)**	**3,45,884.20**	
	अतिरिक्त टियर 1 पूंजी : लिखत		
30	सीधे जारी किए गए पात्र अतिरिक्त टियर 1 लिखत और सम्बंधित स्टॉक अधिशेष (31 + 32)	20,000.00	
31	जिसमें से :लागू लेखांकन मानकों के अंतर्गत देयता के रूप में वर्गीकृत (सतत गैर–संचयी अधिमानी शेयर)	0.00	
32	जिसमें से : लागू लेखांकन मानकों के अंतर्गत देयता के रूप में वर्गीकृत (सतत ऋण लिखत)	20,000.00	D8
33	अतिरिक्त टियर 1 पूंजी से चरणबद्ध रूप से बाहर (फेज आउट) होने के अधीन सीधे जारी किए गए पूंजी लिखत	0.00	
34	अनुषंगियों द्वारा जारी तथा तीसरे पक्ष द्वारा (एटी 1 समूह में अनुमत राशि तक) धारित अतिरिक्त टियर 1 लिखत (और 5वीं पंक्ति में शामिल नहीं किए गए सीईटी 1 लिखत)	0.00	
35	जिसमें से : चरणबद्ध रूप से बाहर (फेज आउट) होने के अधीन अनुषंगियों द्वारा जारी किए गए लिखत	0.00	
36	**विनियामक समायोजन करने से पूर्व अतिरिक्त टियर पूंजी 1**	**20,000.00**	
	अतिरिक्त टियर पूंजी 1 : विनियामक समायोजन		
37	निजी अतिरिक्त टियर 1 लिखत में निवेश	0.00	
38	अतिरिक्त टियर 1 लिखतों में पारस्परिक क्रॉस–होल्डिंग्स	200.00	
39	बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं, जो विनियामक समेकन पात्र शॉर्ट पोजिशन निवल के दायरे से बाहर हैं, की पूंजी में निवेश, जहां बैंक की जारी शेयर पूंजी 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है (10 प्रतिशत की प्रारंभिक सीमा से अधिक की राशि)	0.00	

	डी एफ–11 : पूंजी की संरचना		(₹ मिलियन में)
			संदर्भ संख्या। (डीएफ–12 के संबंध में, चरण 2)
40	बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं, जो विनियामक समेकन के दायरे से बाहर हैं, की पूंजी में महत्वपूर्ण निवेश, (पात्र शॉर्ट पोजिशन का निवल)	0.00	
41	राष्ट्रीय विशिष्ट विनियामक समायोजन (41 क + 41 ख)	0.00	
41क	गैर–समेकित बीमा अनुषंगियों की अतिरिक्त टियर 1 पूंजी में निवेश	0.00	
41ख	बहुमत के स्वामित्व वाली वित्तीय संस्थाओं जिनको बैंक के साथ समेकित नहीं किया गया है, की अतिरिक्त टियर 1 पूंजी में कमी ।	0.00	
	बेसल III पूर्व पद्धति के ट्रीटमेंट के अधीन राशियों के सम्बंध में अतिरिक्त टियर 1 पर लागू किए गए विनियामक समायोजन	0.00	
	जिसमें से :एटीआई से फेस आउट किये गये	0.00	
	जिसमें से : विद्यमान समायोजन, जिनकी टियर 1 में से 50 प्रतिशत पर कटौती की गई है	0.00	
	जिसमें से : डीटीए	0.00	
42	अपर्याप्त टियर 2 के कारण कटौती को कवर करने के लिए अतिरिक्त टियर 1 पर लागू विनियामक समायोजन	0.00	
43	**अतिरिक्त टियर 1 में कुल विनियामक समायोजन**	**2,00.00**	
44	**अतिरिक्त टियर 1 पूंजी (एटी 1)**	**19,800.00**	
44क	**पूंजी पर्याप्तता की गणना में प्रयुक्त अतिरिक्त टियर 1 पूंजी**	**19,800.00**	
45	**टियर 1 पूंजी (टी 1 = सीईटी 1 + एटी 1) (29 + 44 क)**	**3,65,684.20**	
	टियर 2 पूंजी : लिखत एवं प्रावधान		
46	सीधे जारी किए गए पात्र टियर 2 लिखत और सम्बंधित स्टॉक अधिशेष	76,000.00	डी7
47	टियर 2 से चरणबद्ध रूप से बाहर (फेज आउट) होने के अधीन सीधे जारी किए गए पूंजी लिखत	0.00	डी+डी6
48	अनुषंगियों द्वारा जारी किए गए एवं तृतीय पक्षों द्वारा धारित (राशि समूह टियर 2 में अनुमत) टियर 2 लिखत (तथा पंक्तियों 5 और 34 में शामिल नहीं किये गये सीईटी 1 और एटी 1 लिखत)	0.00	
49	जिनमें से : चरणबद्ध रूप से बाहर (फेज आउट) होने के अधीन सहायक कंपनियों द्वारा जारी किए गए लिखत	0.00	
50	प्रावधान (आईएफआर सहित)	40,558.71	B9+E1
51	**विनियामक समायोजनों से पूर्व टियर 2 पूंजी**	**1,16,558.71**	
	टियर 2 पूंजी : विनियामक समायोजन		
52	निजी टियर 2 लिखत में निवेश	0.00	
53	टियर 2 लिखतों में पारस्परिक क्रॉस–होल्डिंग्स	0.00	
54	बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं, जो विनियामक समेकन पात्र शॉर्ट पोजिशन निवल के दायरे से बाहर हैं, की पूंजी में निवेश, जहां बैंक की जारी शेयर पूंजी 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है (10 प्रतिशत की प्रारंभिक सीमा से अधिक की राशि)	0.00	
55	बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं, जो विनियामक समेकन के दायरे से बाहर हैं, की पूंजी में महत्वपूर्ण निवेश, (पात्र शॉर्ट पोजिशन का निवल)	0.00	

	डी एफ–11 : पूंजी की संरचना		(₹ मिलियन में)
			संदर्भ संख्या। (डीएफ़–12 के संबंध में, चरण 2)
56	राष्ट्रीय विशिष्ट विनियामक समायोजन (56 क + 56 ख)	0.00	
56क	जिसमें से : गैर–समेकित अनुषंगियों की टियर 2 पूंजी में निवेश	0.00	
56ख	जिसमें से : बहुमत के स्वामित्व वाली वित्तीय संस्थाओं जिनको बैंक के साथ समेकित नहीं किया गया, की टियर 2 पूंजी में कमी	0.00	
	बेसल ष्ष् पूर्व पद्धति के ट्रीटमेंट के अधीन राशि के सम्बंध में टियर 2 पर लागू विनियामक समायोजन	0.00	
	जिसमें से : टियर 2 बॉण्ड से हटाए गए	4,000.00	
57	**टियर 2 पूंजी में कुल विनियामक समायोजन**	**4,000.00**	
58	**टियर 2 पूंजी (टी – 2)**	1,12,558.71	
58क	**पूंजी पर्याप्तता की गणना में प्रयुक्त टियर 2 पूंजी**	**1,12,558.71**	
58ख	**टियर 2 पूंजी के रूप में मान्य एक्सेस अतिरिक्त टियर 1 पूंजी**	0.00	
58ग	**पूंजी पर्याप्तता के लिए स्वीकार्य कुल टियर 2 पूंजी (58क +58ख)**	1,12,558.71	
59	**कुल पूंजी (टीसी = टी1+टी2) (45+58ग)**	**4,78,242.91**	
60	**कुल जोखिम भारित आस्तियां (60क+60ख+60ग)**	**29,83,963.17**	
60क	जिसमें से : कुल ऋण जोखिम भारित आस्तियां	25,31,957.93	
60ख	जिसमें से : कुल बाजार जोखिम भारित आस्तियां	1,54,861.75	
60ग	जिसमें से : कुल परिचालनगत जोखिम भारित आस्तियां	2,97,143.50	
	पूंजी अनुपात		
61	सामान्य ईक्विटी टियर 1 (जोखिम भारित आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)	11.59%	
62	टियर 1 (जोखिम भारित आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)	12.25%	
63	कुल पूंजी (जोखिम भारित आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)	16.02%	
64	संस्था विशिष्ट बफर आवश्यकता (न्यूनतम सीईटी 1 आवश्यकता व पूंजी संरक्षण और प्रतिचक्रीय बफर आवश्यकताएं, जोखिम भारित आस्तियों के प्रतिशत के रूप में व्यक्त)	7.375%	
65	जिसमें सेः पूंजी संरक्षण बफर आवश्यकता	1.875%	
66	जिसमें सेः बैंक विशिष्ट प्रतिचक्रीय बफ़र आवश्यकता	0.00%	
67	जिसमें से जी–एसआईबी बफ़र आवश्यकता	0.00%	
68	बफर्स को पूरा करने के लिए उपलब्ध सामान्य ईक्विटी टियर 1 (जोखिम भारित आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)	6.09%	
	राष्ट्रीय न्यूनतम (यदि बेसल ।।। से पृथक है)		
69	राष्ट्रीय सामान्य ईक्विटी टियर 1 न्यूनतम अनुपात (यदि बेसल ।।। न्यूनतम से अलग है)	7.38%	
70	राष्ट्रीय टियर 1 न्यूनतम अनुपात (यदि बेसल ।।। के न्यूनतम से अलग है) सीसीबी सहित	8.88%	

	डी एफ–11 : पूंजी की संरचना		(₹ मिलियन में)
			संदर्भ संख्या। (डीएफ–12 के संबंध में, चरण 2)
71	कुल राष्ट्रीय पूंजी न्यूनतम अनुपात (यदि बेसल ।।। के न्यूनतम से अलग है)	10.88%	
	सीमा से कम मात्रा में कटौती के लिए राशियाँ (जोखिम भार से पहले)		
72	अन्य वित्तीय संस्थाओं की पूंजी में गैर महत्वपूर्ण निवेश	0.00	
73	वित्तीय संस्थाओं के सामान्य स्टॉक में महत्वपूर्ण निवेश	273.79	
74	बंधक सर्विसिंग अधिकार (संबंधित कर देयता का निवल)	0.00	
75	अस्थायी अन्तर से उत्पन्न होने वाली आस्थगित कर आस्तियां (संबंधित कर देयता का निवल)	28,510.95	
	टियर 2 में प्रावधानों को शामिल किए जाने पर लागू कैप्स		
76	मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन प्रदत्त ऋणों के संबंध में टियर 2 में शामिल किए जाने के लिए पात्र प्रावधान (कैप को लागू करने के पहले)	28,375.94	ई 1
77	मानकीकृत दृष्टिकोण के तहत टियर 2 में प्रावधानों के समावेश (ऋण जोखिम आरडबल्यूए के 1.25:) पर कैप	31,649.47	
78	आंतरिक मूल्यांकन आधारित दृष्टिकोण के अधीन जोखिम के संबंध में टियर 2 में शामिल किए जाने के लिए पात्र प्रावधान (कैप को लागू करने के पहले)	लागू नहीं	
79	आंतरिक मूल्यांकन आधारित दृष्टिकोण के तहत टियर 2 में प्रावधानों को शामिल किए जाने के लिए कैप	लागू नहीं	
	फेस–आउट व्यवस्था के अधीन पूंजी लिखतें		
80	फेस–आउट व्यवस्था के तहत सीईटी 1 लिखतों पर वर्तमान कैप	0.00	
81	कैप की वजह से के सीईटी 1 से अपवर्जित राशि (मोचन और परिपक्वता के बाद कैप पर अतिरिक्त)	0.00	
82	फेस–आउट व्यवस्था के तहत एटी 1 लिखतों पर वर्तमान कैप	0.00	
83	कैप के कारण एटी 1 से अपवर्जित राशि (मोचन और परिपक्वता के बाद कैप पर अतिरिक्त)	0.00	
84	फेस–आउट व्यवस्था के तहत टी 2 लिखतों पर वर्तमान कैप	0.00	
85	कैप की वजह से टी 2 से अपवर्जित राशि (मोचन और परिपक्वता के बाद कैप पर अतिरिक्त)	4,000.00	

	टेम्पलेट के लिए टिप्पण	
टेम्पलेट की पंक्ति संख्या	विवरण	(₹ मिलियन में)
10	संचित हानियों के साथ जुड़ी हुई आस्थगित कर आस्तियाँ	0.00
	आस्थगित कर आस्तियाँ (उनको छोड़ कर जो संचित हानियों से जुड़ी हुई हैं) आस्थगित कर देयताओं का निवल	28,510.95
	पंक्ति 10 में वर्णित के अनुसार कुल योग	0.00
19	अगर अनुषंगियों में निवेश पूंजी से पूर्णतः नहीं काटा जाता है और उसके एवज में कटौती हेतु 10 प्रतिशत न्यूनतम सीमा के अंतर्गत लिहाज में लिया जाता है, तो परिणाम स्वरूप बैंक की पूंजी में वृद्धि	0.00
	जिसमें सेः सामान्य ईक्विटी टियर 1 पूंजी में वृद्धि	0.00
	जिसमें सेः अतिरिक्त टियर 1 पूंजी में वृद्धि	0.00
	जिसमें सेः टियर 2 पूंजी में वृद्धि	0.00
26बी	गैर समेकित गैर वित्तीय अनुषंगियों की ईक्विटी पूंजी में निवेश नहीं काटा जाता है और परिणामतः जोखिम भारित किया जाता है, तो	0.00
	(I) सामान्य ईक्विटी टियर 1 पूंजी में वृद्धि	0.00
	(ii) जोखिम भारित आस्तियों में वृद्धि	0.00
44ए	अन्य अतिरिक्त टियर 1 पूंजी, जिसका परिकलन पूंजी पर्याप्तता के लिए नहीं किया गया है (पंक्ति 44 में रिपोर्टित अतिरिक्त टियर 1 पूंजी और पंक्ति 44ए में रिपोर्टित अतिरिक्त अनुमेय टियर 1 पूंजी कें बीच का अंतर)	0.00
	जिसमें सेः अतिरिक्त अन्य टियर 1 पूंजी जिसे पंक्ति 58बी के तहत अब टियर 2 पूंजी माना गया है	0.00
50	टियर 2 पूंजी में शामिल पात्र प्रावधान (आईएफआर सहित)	40,558.71
	टियर 2 पूंजी में शामिल पात्र पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षितियां	0.00
	पंक्ति 50 का कुल योग	40,558.71

	डीएफ 12 : पूंजी की संरचना . मिलान आवश्यकताएं – चरण 1		(₹ मिलियन में)
		वित्तीय विवरणों के अनुसार (समेकित) तुलन पत्र	समेकन के विनियामक दायरे के तहत तुलन पत्र
		31.03.2021 को	31.03.2021 को
ए	**पूंजी और देयताएं**		
I	प्रदत्त पूंजी	11,293.67	11,293.67
	आरक्षितियां एवं अधिशेष	3,83,286.99	3,81,442.41
	कुल पूंजी	**3,94,580.66**	**3,92,736.08**
	अल्पसंख्यक के हित	226.01	226.01
ii	**जमाराशियां**	**53,80,298.04**	**53,80,298.04**
	जिसमें से: बैंकों से जमा	56,123.91	56,123.91
	जिसमें से: ग्राहकों की जमा राशि	53,24,174.13	53,24,174.13
	जिसमें से: अन्य जमा (कृपया दर्शाएँ)	0.00	0.00
iii	**उधार राशियां**	**2,62,030.43**	**2,62,030.43**
	भारतीय रिजर्व बैंक से	50,320.40	50,320.40
	बैंकों से	49.53	49.53
	भारत के बाहर से उधार	62,172.31	62,172.31
	अन्य संस्थाओं एवं अभिकरणों से	1,49,488.19	1,49,488.19
	जिसमें से: पूंजी लिखतें	96,000.00	96,000.00
iv	**अन्य देयताएँ एवं प्रावधान**	**2,44,000.18**	**2,33,905.68**
	कुल देयताएँ	**62,81,135.32**	**62,69,196.23**
बी	**आस्तियां**		
I	भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकदी और शेष	**2,75,451.78**	**2,75,450.86**
	बैंकों में शेष और मांग और अल्पावधि पर प्रतिदेय धनराशि	**2,65,543.77**	**2,65,372.46**
ii	निवेश :	**17,82,924.43**	**17,73,839.34**
	जिसमें से: सरकारी प्रतिभूतियों में	16,02,565.71	15,98,545.00
	जिसमें से: अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	91.41	52.28
	जिसमें से: शेयरों में	9,969.82	9,879.78
	जिसमें से: ऋणपत्र और बांड में	1,36,538.68	1,33,591.51
	जिसमें से: अनुषंगी / संयुक्त उपक्रम / सहयोगियों में	8,615.47	9,665.53
	जिसमें से: अन्य (वाणिज्यिक पत्रों, म्यूचुअल फंडों आदि) में	25,143.34	22,105.24
iii	ऋण और अग्रिम	**36,40,102.41**	**36,40,102.41**
	जिसमें से: बैंकों को ऋण और अग्रिम	46,448.25	46,448.25
	जिसमें से: ग्राहकों को ऋण और अग्रिम	35,93,654.16	35,93,654.16
iv	**अचल आस्तियाँ**	**73,925.60**	**73,835.96**
v	**अन्य आस्तियां**	**2,43,187.35**	**2,40,595.21**
	जिसमें से: गुडविल और अमूर्त आस्तियां	0.00	0.00
	जिसमें से: आस्थगित कर आस्तियाँ	28,514.07	28,510.95
vi	समेकन पर गुडविल	0.00	0.00
vii	लाभ और हानि खाते में नामे शेष	0.00	0.00
	कुल आस्तियां	**62,81,135.32**	**62,69,196.23**

	डीएफ – 12 पूंजी की संरचना – मिलान आवश्यकताएं –चरण 2			(₹ मिलियन में)
		वित्तीय विवरणों के अनुसार तुलन पत्र (समेकित)	समेकन के विनियामक दायरें के अंतर्गत तुलनपत्र	संदर्भ संख्या
		31.03.2021 को	31.03.2021 को	
ए	**पूँजी तथा देयताएँ**			
I	प्रदत्त पूँजी	11,293.67	11,293.67	ए
	जिनमें से : सीईटी 1 के लिए पात्र राशि	11,293.67	11,293.67	ए1
	आरक्षित निधि तथा अधिशेष (1+2+3+4+5+6+7+8+9+10+11)	**3,83,286.99**	**3,81,442.41**	**बी**
	जिनमें से			
	1. शेयर प्रिमियम	8,576.19	8,576.19	बी1
	2.सांविधिक आरक्षितियां	86,497.55	86,497.55	बी2
	3.आरक्षित पूंजी	9,627.94	9,149.89	बी3
	4.विशेष आरक्षितियां	22,395.52	22,395.52	बी4
	जिनमें से कर का निवल विशेष आरक्षितियां	582.00	582.00	बी4(i)
	5.राजस्व आरक्षितियां	1,33,698.37	1,33,698.37	बी5
	6.लाभ एवं हानि खाता	8,451.48	7,084.94	बी6
	7.समामेलन आरक्षित	40,069.16	40,069.16	बी7
	8.पुनर्मूल्यन आरक्षित	57,549.66	57,549.66	बी8
	पुनर्मूल्यन आरक्षित (सीईटी 1 पूंजी के अंश पर 55% छूट)	25,897.35	25,897.35	बी8(i)
	9.आरक्षित निवेश	12,182.78	12,182.78	बी9
	10.फॉरेन करेंसी ट्रांसलेशन रिज़र्व (एफसीटीआर)	4,219.29	4,219.29	बी10
	जिनमें से पूंजी निधि के लिए (25% की छूट) लिया गया	3,164.47	3,164.47	बी10(i)
	11.आईआरएस आरक्षित	19.06	19.06	
	अल्प संख्यक के हित	226.01	226.01	बी11
	जिनमें से पूंजी निधि के लिए लिया गया	0.00	0.00	बी11(i)
	कुल पूंजी	**3,94,806.67**	**3,92,962.09**	
ii	**जमा राशियां**	**53,80,298.04**	**53,80,298.04**	**सी**
	जिनमें से : बैंकों की जमा राशियां	56,123.91	56,123.91	सी(i)
	जिनमें से : ग्राहक जमाएं	53,24,174.13	53,24,174.13	सी(ii)
	जिनमें से : अन्य जमाएं	0.00	0.00	सी(iii)
iii	**उधार**	**2,62,030.43**	**2,62,030.43**	**डी**
	भारतीय रिज़र्व बैंक से	50,320.40	50,320.40	डी1
	बैंकों से	49.53	49.53	डी2
	भारत के बाहर से उधार	62,172.31	62,172.31	डी3
	अन्य संस्थाओं और एजेंसियों से	1,49,488.19	1,49,488.19	डी4
	जिनमें से : पूंजी लिखत	96,000.00	96,000.00	डी4(i)
	अपर टियर II लिखत (गैर बेसल III अनुपालक)	0.00	0.00	डी5
	लोवर टियर II लिखत (गैर बेसल III अनुपालक)	0.00	0.00	डी6
	टियर II लिखत (बेसल III अनुपालक)	76,000.00	76,000.00	डी7
	एटी1 के लिए अर्ह स्थायी ऋण लिखत	20,000.00	20,000.00	डी8
iv	**अन्य देयताएं एवं प्रावधान**	**2,44,000.18**	**2,33,905.68**	**ई**
	सामान्य प्रावधान	28,375.94	28,375.94	ई1
	कुल	**62,81,135.32**	**62,69,196.23**	

	डीएफ – 12 पूंजी की संरचना – मिलान आवश्यकताएं–चरण 2			(₹ मिलियन में)
		वित्तीय विवरणों के अनुसार तुलन पत्र (समेकित)	समेकन के विनियामक दायरें के अंतर्गत तुलनपत्र	संदर्भ संख्या
		31.03.2021 को	31.03.2021 को	
B	आस्तियां			
I.	**भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ नकद एवं शेष**	**2,75,451.78**	**2,75,450.86**	
	बैंकों के पास शेष और मांग अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	**2,65,543.77**	**2,65,372.46**	
